## एक नजर

### एसएसपी ने किया थाने का औचक निरीक्षण

**पाकबड़ा, अमृत विचार :** शनिवार को वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक हेमराज मीना ने थाना पाकबड़ा का औचक निरीक्षण किया। इस दौरान एसएसपी ने थाने में सभी कुछ ठीक पाया गया। इस दौरान अभिलेखों, महिला हेल्प डेस्क, हवालात, सम्पत्ति गृह, भोजनालय, बैरक, थाना कार्यालय, सीसीटीएनएस कार्यालय, निर्माणाधीन कार्य आदि का निरीक्षण किया। साफ-सफाई, अभिलेखों के उचित रख-रखाव के लिए आवश्यक दिशा निर्देश दिए गए। निरीक्षण के दौरान एसएसपी के साथ एएसपी अमरिंदर सिंह भी मौजूद रहे।

### विश्व हिंदू महासंघ 2 मार्च को मनाएगा रविदास जयंती

**मुरादाबाद, अमृत विचार :** विश्व हिंदू महासंघ मुरादाबाद में दो मार्च को संत रविदास जयंती मनाएगा। इसमें भाग लेने प्रदेश अध्यक्ष भी आएंगे। यह जानकारी मंडल प्रभारी प्रदीप शर्मा ने दिल्ली रोड स्थित एक रिजॉर्ट में वार्ता के दौरान दी। उन्होंने बताया कि महासंघ 2 मार्च तक रविदास जयंती के कार्यक्रम आयोजित कर रहा है। इस दौरान रविदास मंदिर की सफाई, सेवा, संत सम्मेलन, संत सम्मान आदि कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। इसी क्रम में मुरादाबाद में यह आयोजन 2 मार्च को होगा। इस दौरान मीडिया प्रभारी महेश शर्मा भी मौजूद रहे।

### माघ पूर्णिमा पर श्रद्धालुओं ने किया स्नान-दान

**मुरादाबाद, अमृत विचार :** शनिवार को माघ माह की पूर्णिमा को स्नान-दान आदि किया गया। इस दिन स्नान और दान का बड़ा महत्व है। लोगों ने सुबह से गंगा में स्नान के लिए बृजघाट जाना शुरू कर दिया। हालांकि कुछ लोग स्थानीय रामगंगा के तट सीएल गुप्ता आई इंस्टीट्यूट के पीछे, लाल बाग और कटघर अटल घाट पर भी पहुंचे। मगर गंदगी के चलते वह वापस लौट गए। उधर, लोगों ने दान दिया। श्रद्धालुओं द्वारा मंदिरों में भी पूजन और कीर्तन किया गया। माता मंदिर लाइनपार, रेलवे कॉलोनी स्थित मनोकामना श्री हनुमान मंदिर और बुधबाजार स्थित श्री दुर्गा भवन मंदिर में महिलाओं ने कीर्तन किया।

### फैशन शो में बच्चों का जलवा

**मुरादाबाद, अमृत विचार :** लाइनपार स्थित द विजड्म किड्स एकेडमी में आयोजित फैशन शो में बच्चों ने जलवा बिखेरा। उत्तर प्रदेश, उत्तराखंड, गुजरात, बंगाल, राजस्थान, असम, पंजाब व महाराष्ट्र की वेशभूषा में बच्चे नजर आए। कार्यक्रम के दौरान बच्चों ने रैंप वॉक की प्रस्तुति भी दी। खुशबू, अदविक, आश्वी, रिया, आदित्य, अविका, सारांश, मनस्वी, जेनीफर, सात्विक, चार्विक, सान्वी, अदिति तथा दिव्यांशी टॉपर रहीं। अंत में प्रधानाचार्य वर्षा त्यागी ने बच्चों को पुरस्कृत किया।

# खेत में किसानों के सामने आया तेंदुआ

संवाददाता, ठाकुरद्वारा

**अमृत विचार :** पशुओं का चारा लाते समय अचानक एक तेंदुआ दहाड़ता हुआ गन्ने के खेत से निकल कर किसानों के सामने आ गया। तेंदुए को देखकर किसानों ने शोर मचाया और वहां से भागकर अपनी जान बचाई। जिसके बाद कई ग्रामीण लाठी-डंडे लेकर मौके पर पहुंचे तब तक तेंदुआ वहां से चला गया था।

शनिवार दोपहर बाद थाना क्षेत्र के गांव गोपालपुर में किसान खेतों से पशुओं का चारा लेकर घरों को लौट रहे थे। इसी दौरान एक तेंदुआ गन्ने के खेत से निकल कर किसानों के सामने आ गया। जिसे देख किसान शोर मचाते हुए गांव की ओर भागने लगे। इसी दौरान शोर सुनकर ग्रामीण व खेतों में काम कर रहे लोग लाठी-डंडे लेकर मौके पर पहुंचे। तब तक तेंदुआ गन्ने के खेतों में चला गया। ग्राम प्रधान ओम प्रकाश ने इसकी सूचना वन विभाग की टीम को दी। जिस पर वन विभाग से शिवांगी, कंचन, मदन सिंह, पीयूष जोशी टीम के साथ गांव पहुंचे और ग्रामीणों के साथ जंगल में तेंदुए की तलाश की। ग्रामीणों का कहना है कि एक सप्ताह से तेंदुआ खेतों में और आबादी के निकट दिखाई दे रहा है। तेंदुआ जानवरों के साथ-साथ कुत्तों, बकरी और अन्य पशुओं को भी निवाला बन चुका है। तेंदुए के डर के चलते ग्रामीण शाम को ही घरों में कैद हो जाते हैं और रात भर अपने पशुओं की रखवाली करते हैं। ग्रामीणों ने वन विभाग की टीम से पिंजरा लगाकर तेंदुए को पकड़वाने की मांग की है।



गोपालपुर में ग्रामीणों के साथ तेंदुए की तलाश करती वन विभाग की टीम।

**दहशत**

- जंगल से चारा लाते समय तेंदुए को देख भागे किसान

### बकाया रुपये मांगने पर युवक को पीटा, रिपोर्ट

**मुरादाबाद, अमृत विचार:** बकाया पैसे मांगने पर दबंग ने अपने दो साथियों के साथ मिलकर युवक को मारपीट कर घायल कर दिया। पुलिस ने घायल की तहरीर पर तीनों आरोपियों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

थाना मझोला क्षेत्र के मनोहरपुर निवासी अंकुश ने बताया कि शुक्रवार सुबह वह फल खरीदने के लिए दिल्ली रोड स्थित 52 कोठी पुलिया के पास गया था। वहां गांव का ही युवक तरुण पहले से मौजूद था। अंकुश के अनुसार तरुण पर उसके कुछ रुपये बकाया हैं। उसेन रुपये मांगे तो तरुण ने अपने दो दोस्तों के साथ मिलकर धारदार हथियार से हमला कर घायल कर दिया। लोगों के आने पर आरोपी धमकी देकर भाग गए। परिजनों ने घायल अंकुश को अस्पताल में भर्ती कराया। जिसके बाद अंकुश ने तहरीर दी। थाना प्रभारी निरीक्षक संजय कुमार पांचाल ने बताया कि आरोपी तरुण और उसके दो अज्ञात साथियों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की गई है।

### गन्ना प्रजाति 0238 में रोग लगने से किसान बुआई से कतरा रहे

# मिल दोगुने दाम पर दे रही गन्ने का बीज

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

**अमृत विचार :** जिले के किसानों के सामने गन्ने की बुआई की समस्या है। गन्ना प्रजाति 0238 में रोग लगने के कारण किसान इसकी बुआई करने से कतरा रहे हैं। इसका लाभ उठाते हुए चीनी मिल नई प्रजाति के गन्ने का बीज किसानों को दोगुने दाम पर बेच रही है। जिससे किसानों को परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है।

इस समय किसान अपने खेतों को जल्द से जल्द खाली करने में लगे हैं। क्योंकि इस समय गन्ने की बुआई शुरू हो जाती है। लेकिन, इस बार गन्ना किसानों को बुआई के लिए बीज मिलना मुश्किल हो रहा है। मोहम्मदपुर निवासी मनोज कश्यप, शीशपाल सिंह, रोहताश ने बताया कि 0238 में रोग होने की वजह के किसानों को भारी नुकसान हुआ है। इसलिए किसान इसका बीज को नहीं बो रहे हैं। किसानों ने बताया कि अगवानपुर चीनी मिल में 18, 201 और 13235 प्रजाति का बीज 650 रुपये प्रति क्विंटल मिल रहा है। इतना महंगा बीज लेकर बुआई करना किसानों के लिए बहुत मुश्किल है। क्योंकि एक बीघा में करीब छह क्विंटल गन्ने का बीज लगता है।



गन्ना मिल किसानों से गन्ना तो सरकार की ओर से तय दामों पर खरीद रहा है। लेकिन, वह किसानों को बीज मनमाने दामों पर दे रहे हैं।
–सतीश विश्नोई



छोटे से छोटा किसान 10 बीघा गन्ना की बुआई करता है। ऐसे में वह 650 रुपये प्रति क्विंटल की बीज डालकर परिवार का पालन पोषण कैसे करेगा।
–यशपाल सिंह



यह समय गन्ना बुआई के लिए बहुत महत्वपूर्ण है। लेकिन, बीज इतना महंगा है कि गन्ना बुआई में परेशानी आ रहा है। लेकिन, मजबूरी में लेना तो पड़ेगा।
–समरपाल सिंह



मैंने पहले सभी गन्ना की बुआई नए बीज से करने की सोची थी। लेकिन, जब दाम देखे तो अब कुछ ही बुआई नए बीज से कराने का निर्णय लिया है।
–मोमिन

# महानगर में निकाली भव्य शोभायात्रा

### श्री संत गुरु रविदास जन्मोत्सव समिति ने किया आयोजन, झांकियों ने मन मोहा

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

**अमृत विचार:** श्री संत गुरु रविदास जन्मोत्सव समिति की ओर से शनिवार को संत गुरु रविदास जयंती पर महानगर में भव्य शोभायात्रा निकाली गई। शोभायात्रा में शामिल झांकियों ने मन मोह लिया।

शोभायात्रा का आरंभ राजकीय इंटर कॉलेज से मुख्य अतिथि भाजपा जिलाध्यक्ष आकाश पाल सिंह ने फीता काटकर किया। इस दौरान शोभायात्रा में डॉ. आंबेडकर, भारत माता, गौतम बुद्ध आदि की झांकियों ने मन मोह लिया। विभिन्न स्थानों पर शोभायात्रा का फूलों की वर्षा कर स्वागत किया गया। इस दौरान समिति के प्रदेश अध्यक्ष डिम्पल सागर, शीशराम सिंह, लल्ला बाबू द्रविड, सुनील आजाद, वीरेंद्र प्रसाद, रोबट चौधरी, नवदीप कुमार, रनवीर सिंह आदि मौजूद रहे। उधर, माघ पूर्णिमा एवं संत रविदास की जयंती पर राष्ट्रीय पुजारी परिषद ने प्राचीन गंगा मंदिर अटल घाट कटघर पर राम गंगा की महाआरती की। सदस्यों ने सामूहिक रूप से हनुमान चालीसा का पाठ भी किया। संत रविदास के चित्र पर माल्यार्पण कर नमन किया। संस्थापक श्याम कृष्ण रस्तोगी सहित प्रणीत गुप्ता, महेंद्र सिंह, राकेश आत्रि, स्वामी दवे नारायण, आचार्य कामेश्वर मिश्र, संदीप त्रिवेदी, विनोद शर्मा, भारत सिसोदिया, बबलू भटनागर, सुनीता शर्मा आदि शामिल रहे।



राजकीय इंटर कॉलेज से शोभायात्रा का फीता काटकर आरंभ करते भाजपा जिलाध्यक्ष आकाश पाल। ● अमृत विचार

### भारतीय वाल्मीकि धर्म समाज ने शोभायात्रा का पुष्प वर्षा से स्वागत किया

**मुरादाबाद, अमृत विचार :** भारतीय वाल्मीकि धर्म समाज के पदाधिकारियों ने जीआईसी पहुंचकर शोभायात्रा में शामिल प्रमुख लोगों को अंगवस्त्र और फूलमाला पहनाकर स्वागत किया। इनमें लल्ला बाबू द्रविड़ सहित अनेक सदस्य मौजूद रहे। फूलमाली समाज ने बर्तन बाजार में स्वागत किया। इस दौरान पुष्पेंद्र श्रीमाली, अशोक माली, नरेश, फूल कुमार आदि शामिल रहे। कोतवाली पर विश्व हिंदू परिषद के विशाल द्रविड़ आदि ने स्वागत किया। गुरहट्टी पर भावाधस के सुनील पारछा, दीपू पारछा, बाबू खत्री ने फूल मालाएं पहनाकर स्वागत किया।

### शब-ए-बरात आज पूरी रात करेंगे इबादत

**मुरादाबाद, अमृत विचार:** रविवार को शब-ए-बरात पर मुसलमान पूरी रात जागकर इबादत करके अल्लाह से अपने गुनाहों की माफी मांगेंगे और कब्रिस्तान जाकर अपनों की कब्र पर फातिहा पढ़ेंगे। जिसके लिए महानगर के सभी कब्रिस्तानों व मस्जिदों में तैयारी पूरी कर ली गई।

मुस्लिम समाज में शब-ए-बरात की रात बड़ी अहम और इबादत की रात मानी जाती हैं। इस रात मुसलमान पूरी रात मस्जिदों में इबादत कर अपने गुनाहों की अल्लाह से माफी मांगते हैं। वहीं कब्रिस्तान जाकर अपने बुजुर्गों की कब्रों पर फातिहा पढ़कर उनके लिए दुआएं मगफिरत करते हैं। शनिवार को महानगर के सभी कब्रिस्तान व मस्जिदों में शब-ए-बरात की तैयारियां की गई। रविवार को मुसलमान मगरिब की नमाज के बाद मस्जिदों की ओर रुख करेंगे। जिसके बाद इशा की नमाज के बाद कब्रिस्तान जाकर अपने बुजुर्गों की कब्र पर फातिहा पढ़ेंगे। वहीं महिलाएं घरों में अल्लाह की इबादत करेंगी। जिसके बाद सोमवार को रोजा रखा जाएगा। नायब शहर इमाम मुफ्ती फहद अली ने सभी मुसलमानों से अपील करते हुए कहा है कि शब-ए-बरात की पूरी रात ज्यादा-ज्यादा से इबादत करे। इस रात अल्लाह की रहमत बरसती है।

# वृद्धा को नशीली कोल्डड्रिंक पिलाकर जेवरात चोरी किए

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

**शिकायत**

- पीड़िता की शिकायत पर युवती के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज
- मोबाइल द्वारा खाते से रुपये ट्रांसफर करने का भी आरोप

**अमृत विचार:** सिविल लाइंस थाना क्षेत्र के अंतर्गत एक युवती ने वृद्धा को नशीली कोल्डड्रिंक पिलाकर उसके घर से जेवरात और नकदी चोरी कर ली। वृद्धा का आरोप है कि युवती ने उसके मोबाइल से एक लाख 20 हजार रुपये की नकदी भी ट्रांसफर कर ली। पीड़िता की शिकायत पर पुलिस ने आरोपी के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की है।

उत्तराखंड के काशीपुर की रहने वाली वृद्धा प्रभा रानी सिविल लाइंस थाना क्षेत्र के चंद्रनगर गली नंबर दो कृष्णा कालोनी में किराये के मकान में रहती हैं। वृद्धा ने बताया कि वह जिस मकान में रहती है, उसी मकान के एक हिस्से में पूजा जोशी नाम की युवती और उसकी मां भी रहती हैं। वृद्धा के अनुसार 14 फरवरी को रात लगभग आठ बजे वह अपने घर में सब्जी बना रही थीं।

उसी समय पूजा जोशी आई और खिड़की से ही कोल्डड्रिंक पीने के लिए दी। जिसे पीने के बाद वृद्धा बेहोश हो गई। आरोप लगाया कि नशीली कोल्डड्रिंक देने के बाद पूजा जोशी उसके घर से एक जोड़ी सोने की अंगूठी, चांदी का सिक्का, मोबाइल फोन और पांच हजार रुपये की नकदी चोरी करके ले गई। इतना ही नहीं उसने वृद्धा के मोबाइल से एक लाख 20 हजार रुपये भी किसी दूसरे अकाउंट में ट्रांसफर कर लिए।

इसके वह घर से ताला लगाकर गायब हो गई। पीड़िता के अनुसार उसने पुलिस चौकी से लेकर थाने तक शिकायत की, लेकिन रिपोर्ट नहीं लिखी।

बाद में वृद्धा ने एसएसपी से गुहार लगाई। एसएसपी के आदेश पर पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज की है। थाना प्रभारी निरीक्षक आरपी शर्मा ने बताया कि तहरीर के आधार पर आरोपी पूजा जोशी के खिलाफ चोरी की रिपोर्ट दर्ज कर उसकी तलाश की जा रही है।

# रेलवे स्टेशन से दो शातिर गिरफ्तार

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

**अमृत विचार:** राजकीय रेलवे पुलिस, रेलवे सुरक्षा बल और अपराध खुफिया शाखा (सीआईबी) की टीम ने संयुक्त प्रयास में दो शातिरों को गिरफ्तार किया है। आरोपी शनिवार को रेलवे स्टेशन पर प्लेटफार्म संख्या 4/5 से पकड़े गए। अपराधियों से पूछताछ कर पुलिस अन्य थानों से विवरण एकत्र करने में जुटी है।

पकड़े गए आरोपियों में शरद सैनी (26) पुत्र ओमप्रकाश निवासी मछरिया, जैलिया मन्दिर थाना कटघर का रहने वाला है। वह महानगर के मानव 399-डी ब्लाक कांशीराम कालोनी थाना मझोला में रहता है जबकि,अरविन्द गौतम पुत्र परवेश कुमार निवासी छात्रावास चौराहा दुर्गा मन्दिर के पीछे मंडी समिति, थाना मझोला का निवासी है। दोनों प्लेटफार्म पर बरेली की तरफ अंतिम छोर के पास सीमेंट की सीट के पास से गिरफ्तार किए गए। तलाशी में आरोपियों के पास से दो चाकू व 9300 रुपये मिले। इसमें 5200 रुपये नगद चोरी एवं 4100 रुपये नगद हाल में दर्ज चोरी के मामले से संबंधित बताया गया। पुलिस ने आरोपियों के विरुद्ध चाकू रखने के आरोप में शस्त्र अधिनियम में मामला पंजीकृत किया है। कार्रवाई के बाद दोनों न्यायालय के सामने पेश किये गये।

रेलवे थाना प्रभारी राजन शर्मा ने बताया कि पूछताछ में दोनों ट्रेनों में मोबाइल, लैपटाप एवं बैग चोरी कर लेते हैं। कार्रवाई में रेलवे पुलिस के उप निरीक्षक सर्वेश कुमार, हेड कांस्टेबल डोरीलाल गंगवार, विवेक पाल, ओमपाल कुमार, रेलवे सुरक्षा बल के एएसआई मुख्तार खान और सीआईबी के रामेश्वर शामिल रहे।





दोनों आरोपियों के साथ रेलवे पुलिस और आरपीएफ के जवान। ● अमृत विचार

### नगर निगम के पार्षदों की टीम ने जीता क्रिकेट मैच

**मुरादाबाद, अमृत विचार:** शनिवार को नगर निगम के पाषदों और कर्मचारियों के बीच मैत्रीपूर्ण क्रिकेट मैच पारकर इंटर कॉलेज के ग्राउंड में खेला गया। जिसमें पार्षदों की टीम ने जीत दर्ज की।

पार्षद दल के कप्तान उपसभापति डॉ. गौरव श्रीवास्तव और कर्मचारियों की टीम के कप्तान मुकेश शर्मा के बीच टॉस उछाला गया। टास जीतकर पार्षद टीम ने पहले बल्लेबाजी का निर्णय लिया। कप्तान गौरव श्रीवास्तव ने नाबाद 38 रन बनाए। पूरी टीम ने निर्धारित 12 ओवर में 114 रन बनाए। जवाब में उतरी कर्मचारियों की टीम 95 रन बनाकर आल आउट हो गई। कर्मचारी टीम की ओर से करण रुहेला ने नाबाद 35 रन बनाए। लेकिन कर्मचारियों की टीम 19 रनों से मैच हार गई। विजेता टीम के गौरव श्रीवास्तव को मैन ऑफ द मैच घोषित किया गया।





पीएचएफ विद्यापीठ स्कूल के बच्चों के साथ इनर व्हील क्लब की पदाधिकारी। ● अमृत विचार

# महिलाओं को स्वास्थ्य की जानकारी दी

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

**अमृत विचार :** इनर व्हील क्लब ऑफ मुरादाबाद एसेंस की ओर से महिला सशक्तिकरण के तहत महिलाओं को स्वास्थ्य और स्वच्छता के बारे में विस्तार से जानकारी दी गई। साथ ही आवश्यक सामग्री वितरित की गई।

संस्था की ओर से पीएचएफ विद्यापीठ स्कूल में पढ़ने वाले छात्रों की मां को स्वच्छता के उद्देश्य से सेनिटरी नैपकिन दी गई। स्त्री रोग विशेषज्ञ डॉ. नीतू रस्तोगी ने महिलाओं के स्वास्थ्य और स्वच्छता के बारे में बताया। साथ ही वहां पढ़ने वाले छात्रों को टूथपेस्ट किट भी प्रदान की। इस दौरान क्लब अध्यक्ष पूजा अग्रवाल, उपाध्यक्ष रुचि सिंघल, संपादक जूही सिंघल और कार्यकारी सदस्य सोनल वाधवा मौजूद रहीं।

### निजीकरण के खिलाफ संघर्ष करेंगे शिक्षक

**मुरादाबाद, अमृत विचार:** एससी/एसटी बेसिक टीचर्स वेलफेयर एसोसिएशन मंडल की बैठक शनिवार को डॉ. आंबेडकर पार्क दिल्ली रोड में हुई। बैठक में मुख्य अतिथि प्रदेश अध्यक्ष दिनेश विद्रोही रहे।

प्रदेश अध्यक्ष ने कहा कि संगठन ने पदोन्नति में आरक्षण के मुद्दे पर न्यायालय से लेकर संसद तक आवाज उठाई है। प्रदेश उपाध्यक्ष विनोद कुमार व प्रदेश कोषाध्यक्ष गजराज सिंह ने संगठन की मजबूती पर जोर दिया। अध्यक्षता मंडल अध्यक्ष प्रकाश सिंह व संचालन जिला मंत्री संजय कुमार ने किया। बैठक में विनोद कुमार, गजराज सिंह, विनोद कुमार गौतम, करतार सिंह, ऋषिराम सिंह, डॉ. पदम सिंह, जगदीश बाबू, सर्वेश कुमार, जितेन्द्र कुमार, शीश पाल सिंह ,बलवंत सिंह, पवन कुमार, सुधीर कुमार, योगेश कुमार, अमरजीत सिंह आदि ने विचार रखे।

### महानगर की रंजीता बदायूं में सम्मानित

**मुरादाबाद, अमृत विचार:** शैक्षिक नवाचार एसोसिएशन उत्तर प्रदेश के द्वारा 24 फरवरी को बदायूं जिले में राज्य स्तरीय शैक्षिक नवाचार कार्यशाला का आयोजन किया गया। जिसमें सभी जिलों से स्काउट एवं गाइड के क्षेत्र में कार्य कर रहे शिक्षकों के नवाचारों को एक-दूसरे के साथ साझा किया गया। उत्कृष्ट शिक्षकों को सम्मानित किया गया। मुरादाबाद से डॉ. रंजीता चौहान पूर्व माध्यमिक विद्यालय धारक नगला ब्लॉक डिलारी ने भी प्रतिभाग कर स्काउट एवं गाइड के क्षेत्र में किए गए अपने कार्यों का पीपीटी के माध्यम से प्रेजेंटेशन दिया। ब्लॉक गाइड कैप्टन के पद पर कार्यरत डॉ. रंजीता चौहान को उनके स्काउट गाइड के क्षेत्र में किए गए कार्यों के लिए सम्मानित किया गया।



कानून गोयान स्थित मंदिर में आरती करते श्रद्धालु। ● अमृत विचार

# भागवत ही सभी ग्रंथों का मूल है

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

**अमृत विचार :** कानून गोयान स्थित सावनदास गंगा मंदिर में चल रही कथा में शनिवार को कथा व्यास आचार्य पं. विनीत कुमार शर्मा ने कहा कि भागवत ही सब ग्रंथों का मूल है। भागवत कथा सुनने से मनुष्य की सात पीढ़ियों को मोक्ष प्राप्त होता है। उन्होंने कहा कि भागवत में भगवान विष्णु के सभी अवतारों का वर्णन किया गया है और जो मनुष्य भगवान विष्णु के अवतारों का वर्णन सुनता है उसके पापों का नाश होता है। उन्होंने कहा कि भक्तों को सामूहिक कीर्तन करना चाहिए जिसका सैकड़ों गुना अधिक फल प्राप्त होता है। इसीलिए कथाओं का आयोजन होता है जिससे सभी भक्त भजन और कीर्तन कर सके और अपने पापों का नाश करें। कथा में यजमान दीपक अग्रवाल, रश्मि अग्रवाल, पं. दिनेश शर्मा, पं. सुबोध सैमवाल, श्याम कृष्ण रस्तोगी, रीना रस्तोगी, सच्चिदानंद भटनागर, खुशबू भटनागर, राधा शर्मा, अशोक अग्रवाल, सुरेश गुप्ता आदि मौजूद रहे।

### विवेकानंद सरस्वती की जयंती पर भजन-कीर्तन

**मुरादाबाद, अमृत विचार:** लाल बाग स्थित स्वामी नारदानंद ऋषि आश्रम में जगदाचार्य स्वामी विवेकानंद सरस्वती की जयंती मनाई गई। महिला मंडली ने भजन-कीर्तन कर माहौल भक्तिमय कर दिया।

इसके बाद आश्रम में स्थापित जगदाचार्य स्वामी विवेकानंद सरस्वती महाराज, स्वामी नारदानंद सरस्वती महाराज एवं स्वामी सर्वदानंद सरस्वती सहित आदि शंकराचार्य की प्रतिमाओं का दूध, दही, शहद और घी आदि से अभिषेक किया गया।

अंत में आरती के बाद भंडारा आरंभ किया गया। संयोजक आरए शर्मा रहे। प्रशांत अग्रवाल, कुलदीप गुप्ता, संजीव आकांक्षी, नत्थूराम कश्यप, मूलचंद्र, राजेंद्र अग्रवाल आदि का व्यवस्था में सहयोग रहा।





पीटीआई शिक्षकों के साथ भाजपा महिला मोर्चा की प्रदेश उपाध्यक्ष प्रिया अग्रवाल व अन्य। ● अमृत विचार

# जिला ओलम्पिक संघ ने किया सम्मान

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

**अमृत विचार :** जिला ओलम्पिक संघ की ओर से आरएसडी अकादमी में शनिवार को विभिन्न स्कूलों के पीटीआई शिक्षकों का सम्मानित किया गया। इसमें मुख्य अतिथि प्रदेश उपाध्यक्ष भाजपा महिला मोर्चा प्रिया अग्रवाल, क्रीड़ा अधिकारी प्रेम कुमार और उप्र ओलम्पिक संघ के संयुक्त सचिव डॉ. अजय पाठक रहे।

मुख्य अतिथि प्रिया अग्रवाल ने कहा कि पीटीआई शिक्षकों के परिश्रम से स्कूली खेलों में एक नई दिशा प्रदान की है। पीटीआई शिक्षकों के सहयोग से कई जिला, राज्य, राष्ट्रीय प्रतियोगिताओं को मुरादाबाद में सफलतापूर्वक आयोजित कराया है। जिससे मुरादाबाद का गौरव बढ़ा है। खेल के क्षेत्र में इनका सहयोग उत्कृष्ट एवं सराहनीय रहा है। यह अपनी खेल योग्यता से खेल जगत में खिलाडियों के कल्याण उत्थान व प्रोत्साहित करने में योगदान देते रहेंगे। इस अवसर पर विशाल दीक्षित, विवेक शर्मा ने समस्त पीटीआई शिक्षकों को माला पहनाकर व स्मृति चिह्न प्रदान कर सम्मानित किया। इस मौके पर क्रिकेट प्रशिक्षक यश शुक्ला, राहुल मैसी, सीएल वर्मा, प्रदीप सक्सैना, अंकित अग्रवाल आदि मौजूद रहे।

## एक नजर

### सपा विधायकों ने यात्रा से बनाई दूरी

**मुरादाबाद, अमृत विचार :** गठबंधन के बाद कांग्रेस की भारत जोड़ो न्याय यात्रा में समाजवादी पार्टी के कई नेता शामिल हुए। जामा मस्जिद चौराहे पर यात्रा शुरू हुई तो सपा जिलाध्यक्ष डीपी यादव टीम के साथ सपा के झंडे लेकर यात्रा में शामिल हुए। लेकिन सपा के विधायकों ने यात्रा से दूरी बनाई। राहुल गांधी की यात्रा में सपा के ठाकुरद्वारा विधायक नवाब जान खान, बिलारी विधायक मोहम्मद फहीम, कुंदरकी विधायक जियाउल रहमान बर्क व देहात विधायक हाजी नासिर कुरैशी कही भी नजर नहीं आए। कांठ विधायक कमाल अख्तर भी यात्रा में कहीं दिखाई नहीं दिए।

### कई लोग हुए चोटिल

**मुरादाबाद, अमृत विचार :** भारत जोड़ो न्याय यात्रा के दौरान भीड़ की वजह से तमाम वाहन गिर गए। जो लोग यात्रा के इंतजार में खड़े थे वो धक्का लगने से नालियों में गिर गए। इस दौरान दो लोग नाले में भी गिरे। हालांकि सुरक्षाकर्मी प्रयास कर रहे थे कि कोई हादसा न हो। इसके बाद भी भीड़ बेकाबू दिखाई दी।

# पराली प्रबंधन यंत्र खरीद के लिए सरकार देगी 50 प्रतिशत अनुदान

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

- ऑनलाइन आवेदक का चयन ई-लाटरी से होगा
- चयन न होने पर खरीद के लिए जमा जमानत राशि वापस होगी

**अमृत विचार :** पराली न जलाने को लेकर दिए निर्देश के बाद भी जलाई जा रही पराली के प्रबंधन यंत्र को खरीदने के लिए सरकार ने योजना का आरंभ किया है। विभागीय दर्शन पोर्टल पर जारी वेबसाइट पर योजना के लाभार्थी किसानों को 28 फरवरी की दोपहर तक ऑनलाइन आवेदन करना होगा। सरकार ने प्रमोशन ऑफ एग्रीकल्चर मैकेनाइजेशन फॉर इन सीटू मैनेजमेंट ऑफ क्राप रेज्ड्यू सीआर एम योजना के तहत 2024-25 में लाभार्थियों के फसल अवशेष प्रबंधन वाले यंत्र को खरीदने के निर्धारित धनराशि में अनुदान देने की घोषणा की है।

शनिवार को उप कृषि निदेशक संतोष कुमार द्विवेदी ने बताया कि सरकार ने किसानों के खेत से निकलने वाली पराली के प्रबंधन के लिए योजना शुरू की है। इसके अंतर्गत पराली प्रबंधन यंत्र को खरीदने पर सरकार 50 प्रतिशत का अनुदान दे रही है। योजना के अंतर्गत कृषक और एफपीओ आवेदन कर लाभ ले सकेंगे। यंत्र के लिए विभाग की ओर से जारी वेबसाइट www.agriculture.up.gov.in पर आवेदन करने वाले किसान को जमानत राशि ऑनलाइन जमा करनी होगी। लक्ष्य के अवशेष न रहने एवं ई लाटरी से चयन न होने पर जमानत राशि वापस कर दी जाएगी। चयनित आवेदकों को यंत्र खरीद के बाद यंत्र की खरीद की रसीद की फोटो व संबंधित अभिलेख 10 दिन में विभागीय पोर्टल पर अपलोड करने होंगे। इसमें योजना के लाभ के लिए ई लाटरी की व्यवस्था की गई है। जिसमें ई लाटरी के लिए कार्यक्रम स्थल समय एवं तिथि की जानकारी उप कृषि निदेशक के द्वारा समाचार पत्रों के माध्यम से जानकारी दी जाएगी। लक्ष्य से अधिक आवेदन आने की दशा में जिलाधिकारी मानवेंद्र सिंह की अध्यक्षता गठित की गई कमेटी के समक्ष ई लाटरी से आवेदक का चयन होगा। इसमें इन सीटू प्रबंधन के भीतर खेत में पराली का निस्तारण करने के लिए निर्देश दिये हैं।

जिसमें यंत्रों से क्रॉप रीपर, रीपर मॉडल, बैलर,एमबी पलाओ ,सुपर सीटर यंत्रों से पराली को खेत में ही नष्ट किया जा सकेगा। इसके अलावा एक्स टू प्रबंधन के तहत पराली को गोशालाओं में दान देने में बेचने आदि का कार्य किया जाएगा।

## पिता ने दर्ज कराई बेटी के अपहरण की रिपोर्ट

**मुरादाबाद, अमृत विचार:** कटघर थाना क्षेत्र में रहने वाले एक व्यक्ति ने दो सगे भाइयों और उनके पिता पर उसकी बेटी का अपहरण करने का आरोप लगाते हुए तीनों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई है।

थाना कटघर क्षेत्र निवासी एक व्यक्ति ने पुलिस को तहरीर देकर बताया कि उसकी बेटी अभी नाबालिग है। आरोप लगाया कि 20 फरवरी की शाम को गांव का युवक अभय उर्फ निक्कू उसकी बेटी को बहला-फुसला कर अपने साथ ले गया। इसमें उसके भाई निशांत और पिता चंद्रभान ने भी उसका साथ दिया।

पीड़ित के अनुसार उसकी बेटी घर से 40 हजार रुपये की नकदी भी लेकर गई है। थाना प्रभारी निरीक्षक तेजवीर सिंह ने बताया कि तहरीर के आधार पर आरोपी युवक और उसके पिता व भाई के खिलाफ अपहरण की रिपोर्ट दर्ज की गई है।

### 10 घंटे तक आपूर्ति न होने से कई मोहल्लों में हुई परेशानी

# बिजली-पानी को तरसे हजारों उपभोक्ता

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

**अमृत विचार :** शनिवार को घोषित बिजली कटौती के निर्धारित समय के बाद भी आपूर्ति नहीं चालू हो सकी। महानगर के दो वितरण खंडों के उपभोक्ता बिजली विभाग के अधिकारियों को फोन मिलाते रहे। बिजली आपूर्ति न होने से दौलतबाग विद्युत केंद्र से जुड़े दो फीडरों के दसवां घाट और नागफनी के 1200 उपभोक्ताओं को परेशानी हुई।

शनिवार को आरडीएसएस योजना में तार बदलने का कार्य में शनिवार सुबह नौ से शाम साढ़े चार बजे तक किया जाना था। लेकिन शाम छह बजे तक कार्यदायी संस्था के कर्मचारी कार्य पूरा नहीं कर सके। जिससे निर्धारित समय से डेढ़ घंटे बाद वितरण खंड द्वितीय के मोहल्ला भोला नाथ कॉलोनी, देहरी गांव, गागन संभल रोड, कानून गोयान की



दौलत बाग मोहल्ले में तार बदलते बिजली कर्मचारी। ● अमृत विचार

बिजली व्यवस्था प्रभावित रही। वहीं वितरण खंड तृतीय के गंज गुरहट्टी, लालबाग, रेती स्ट्रीट, कटरानाज के रहने वाले 1500 से अधिक उपभोक्ताओं को बिजली आपूर्ति शाम छह बजे तक नहीं मिल सकी। क्षेत्र में सुबह 10 बजे से शाम छह बजे तक बिजली व्यवस्था ठप रही। वहां के उपभोक्ता शाम पांच बजे के बाद फोन मिलाते रहे। लेकिन बिजली विभाग के अधिकारी व कर्मचारियों ने फोन नहीं उठाया। लोगों को 12 घंटे बिजली न मिलने से पानी की समस्या से भी जूझना पड़ा।

### नौ मोहल्लों की 10 घंटे बिजली आपूर्ति रहेगी ठप

रविवार को रामगंगा विहार विद्युत केंद्र पर बिजली प्रणाली के सुधार में क्षमता वृद्धि के लिए अधिक क्षमता का ट्रांसफार्मर लगाया जाएगा। जिसके लिए रविवार सुबह सात बजे से शाम सात बजे तक बिजली आपूर्ति बाधित रहेगी। जिसमें दीनदयाल नगर,आशियाना, अवंतिका, रामगंगा विहार,फेस 1,2, स्टेडियम रोड, रंगोली कॉलोनी, वन विभाग कॉलोनी, परंपरा कालोनी सैलटैक्स चौराहा क्षेत्र के नौ हजार उपभोक्ताओं की 10 घंटे बिजली आपूर्ति बाधित रहेगी।

# रेलवे स्टेशन हरथला: यहां है चिराग तले अंधेरा

### प्लेटफार्म के नीचा होने से यात्रियों को परेशानी, 24 घंटे में यात्री व गुड्स समेत कुल 125 ट्रेनों का आवागमन

अमृत विचार लाइव

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद



रेलवे स्टेशन पर बनी बैठने के लिए सीट।



रेलवे स्टेशन पर रेलवे लाइन पार करते लोग।



हरथला रेलवे स्टेशन का प्लेटफार्म। ● अमृत विचार

**अमृत विचार:** जंक्शन से मात्र छह किलोमीटर की दूरी पर है हरथला स्टेशन, यहां दो जोड़ी ट्रेनें रुकती हैं। औसतन 30 यात्री टिकट खरीदते हैं। कुछ सीजन टिकट धारक भी हैं। सहारनपुर, अंबाला, चंडीगढ़ के यात्री होते हैं लेकिन, सुविधा गांव की तरह भी नहीं है। टायलेट में पानी का कनेक्शन तक नहीं है। यात्री प्रतीक्षालय आम रास्ते की तरह है। प्लेटफार्म पर यात्रियों के लिए रखे गए बेंचों पर छत नहीं है।

यह दृश्य है महानगर के रेलवे स्टेशन हरथला का। ऋषिकेश पैसेंजर, सहारनपुर जाने वाली मेमू का ठहराव है। दोनों ओर से ट्रेनों का ठहराव यहां है। मगर पूरा स्टेशन महानगर में गांव जैसा है। सुबह 6:40 बजे ऋषिकेश पैसेंजर यहां रुकती है। इस बीच ग्रामीण क्षेत्र से पैदल चलकर महानगर में दैनिक मजदूर के रूप में काम तलाशने वालों का रेला रेल पटरी से होकर गुजरता है। आरपीएफ के जवान यहां ऐसे दृश्यों के गवाह भर बनते हैं। क्योंकि पूरा स्टेशन क्षेत्र खुला है। बाउंड्री की बात कौन करे? कोई पुल भी नहीं है। गुलाब बाग गांव के लोग और हरथला क्षेत्र के नागरिक इस स्टेशन को टहलने वाले क्षेत्र जैसा समझते हैं। जनवरी में यहां से 966 लोगों ने टिकट खरीदा था, जिससे रेलवे को आमदनी हुई 49,170 रुपये। दिसंबर 2023 में 1220 यात्रियों को टिकट बेचकर विभाग ने 68,440 रुपये की आय की थी।

कर्मचारी बताते हैं कि यहां मानव जीवन को सबसे अधिक खतरा है। प्रतिदिन 24 से 25 गुड्स ट्रेनें एक दिशा से जाती हैं। वापसी में भी संख्या इतनी ही है, यानी कि रोजाना 50 गुड्स ट्रेनें गुजरती हैं। सवारी, मेल और एक्सप्रेस ट्रेनों का रिकार्ड रोजाना 70 तक का है। यह रूट पंजाब को सीधे जोड़ता है। उत्तराखंड यानी हरिद्वार और देहरादून की मुख्य रेल लाइन है। आश्चर्य यह है कि स्टेशन पर कोई शेड नही है। अगर गाड़ी की प्रतीक्षा करनी है तो यहां आकाश तले ही बैठना है। फुटओवर ब्रिज नहीं होने की वजह से हजारों की संख्या में लोग जान जोखिम में डालकर पटरी पार करते हैं। हालांकि रेल पटरी पार करना कानूनन जुर्म है, मगर लोगों की मजबूरी है कि पैदल आने-जाने वाले कैसे आये-जायें।

- 24 घंटें में दोनों ओर से रुकतीं हैं महज चार ट्रेनें
- प्रतिदिन औसतन 30 टिकटों की यहां से होती है बिक्री

यात्री सुविधा हमारी प्राथमिकता है। ट्रेनों के ठहराव के आधार पर सुविधाएं बहाल होती है। स्टेशन का जल्द निरीक्षण होगा और जरूरी सुविधाओं का प्रबंध होगा।
**–राजकुमार सिंह,** मंडल रेल प्रबंधक

### निरीक्षण यान की चपेट में आने से हुई थी मौत

स्टेशन पर घायल होने और पटरी पार करने के दौरान ट्रेन की चपेट में लोगों के आने की बात यहां आम है। पिछले साल 28 जुलाई को इसी तरह की घटना हो गयी थी। स्टेशन से सहारनपुर दिशा की ओर रेल अधिकारी के निरीक्षण यान की चपेट में अधेड़ आ गया था। इस दौरान मौके पर ही उसकी मौत हो गई थी।

## स्पेशल और क्लोन ट्रेनों का मंडल में बुरा हाल

**मुरादाबाद, अमृत विचार :** मौसम बदलने के साथ स्पेशल ट्रेनों की देरी से यात्रियों की धड़कन बढ़ती जा रही है। शनिवार सुबह दिल्ली से मुरादाबाद आने वाली स्पेशल ट्रेन डेढ़ घंटे की देरी से आई।

यही हाल सहारनपुर-मुरादाबाद स्पेशल ट्रेन का रहा, यह ट्रेन भी दो घंटे देरी से चली और तीन घंटे देरी से यहां पहुंची। अमृतसर से धनबाद के लिए चलने वाली क्लोन एक्सप्रेस 4:44 घंटे की देरी से स्टेशन पहुंची। यह ट्रेन देहरादून तक जाती है। कई दिनों से समय की पटरी से उतरी सद्भावना एक्सप्रेस 11 घंटे 49 मिनट विलंब से आई। अप दिशा की सरयू-जमुना 4:46 घंटे और डाउन के यात्रियों को भी 2:10 घंटे प्रतीक्षा करनी पड़ी। जम्मू से चली सियालदह 3:10 घंटे, गरीब नवाज 1:37 घंटे, मुजफ्फरपुर जाने वाली गरीब रथ 2:57 घंटे की देरी से रवाना हुई। शाम को अन्त्योदय एक्सप्रेस के यात्रियों को 2:35 घंटे इंतजार करना पड़ा। हावड़ा से आ रही दून एक्सप्रेस 3:04 घंटे, सुपरफास्ट श्रमजीवी एक्सप्रेस 45 मिनट, गजरौला पैसेंजर, जननायक, जनसाधारण और आनंद विहार साप्ताहिक ट्रेन का यात्रियों को इंतजार करना पड़ा।

# कैडर के मंथन से चुनाव में उम्मीदवार उतारेगी बसपा

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

- पैनल में भेजे गए नाम की रणनीतिकार कर रहे समीक्षा
- 2019 के चुनाव में मंडल की तीन सीटें बसपा ने जीती थी

**अमृत विचार:** आम चुनाव में बहुजन समाज पार्टी की चाल से सभी दल चकित हैं। शनिवार को कांग्रेस की न्याय यात्रा के दूसरे चरण की शुरुआत के बाद चौपाल पर लोकसभा चुनाव को लेकर चर्चा हैं। जबकि, बसपाई रणनीतिकार खांटी उम्मीदवारों की खोज में सेक्टरवार संवाद स्थापित कर रहे हैं। पैनल में भेजे गए नाम की समीक्षा शुरू हो गई है।

2019 के चुनाव में पार्टी सपा और रालोद के साथ मैदान में थी। अब रालोद भाजपा गठबंधन का हिस्सा बनने को तैयार है और सपा ने कांग्रेस के साथ मिलकर साझा चुनाव लड़ने का ऐलान कर दिया है। बीते चुनाव में मंडल की तीन सीटों पर कब्जा जमाने वाले बसपाई खुलकर बोलने से परहेज कर रहे हैं। यह जरूर है कि दबी जुबान में इस बात की चर्चा भी कर रहे हैं कि हम ताकत के साथ चुनाव लड़ेंगे। चुनावी अतीत के पन्ने बताते हैं कि साल 2019 के चुनाव में मंडल की सुरक्षित नगीना सीट पर गिरीश चंद जीते थे।

अमरोहा में कुंवर दानिश अली और बिजनौर सीट पर मलूक नागर विजयी हुए थे। अब अमरोहा के सांसद कुंवर दानिश बसपा से बाहर हैं जबकि, बसपा सेक्टर और बूथ को प्रभावी बनाने का दावा कर रही है। संगठन की राष्ट्रीय अध्यक्ष मायावती के अकेले दम पर चुनाव लड़ने के ऐलान से कार्यकर्ता रोमांचित हैं। मंडल प्रभारी डॉ. रणविजय सिंह कहते हैं कि पार्टी सर्वसमाज के लिए काम करने का संकल्प रखती है। राज्य में चार बार के कार्यकाल इस बात के गवाह हैं। वैसे तो क्षेत्र में तीन से पांच लोगों के नाम का पैनल तैयार किया गया है। अब उसकी समीक्षा हो रही है। कहते हैं कि रणनीति के आधार पर पार्टी की राष्ट्रीय अध्यक्ष ने कैडर को चुनाव मैदान में उतारने का संकेत दिया है। इसके लिए क्षेत्रवार बैठकें जारी हैं। पार्टी पूरी तरह चुनावी मोड में काम कर रही है। सेक्टर सम्मेलन में पुराने और मिशन के असल सदस्यों से बात की जा रही है। उम्मीदवार ऐलान के बाद क्षेत्र में यह बात समझ में आने लगेगी कि बसपा की ताकत क्या है।



रामगंगा विहार में सेल्स टैक्स चौराहे से लेकर किले तक सुस्त रफ्तार से सड़क निर्माण का कार्य चल रहा है। जिसके कारण एक ओर जाम लग जाता है। इससे आने जाने वाले लोगों को धूल का भी सामना करना पड़ता है। ● अमृत विचार

## आईटीआई में कल होगा साक्षात्कार

**मुरादाबाद, अमृत विचार:** राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान मुरादाबाद से संबंधित पदों के लिए साक्षात्कार 26 फरवरी को परिसर में किया जाएगा। इसके लिए प्रधानाचार्य की ओर से जानकारी दी गई है।

शनिवार को राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान के प्रधानाचार्य ने विज्ञप्ति जारी कर निजी कंपनी में विभिन्न पदों के उत्तीर्ण अभ्यर्थियों को राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान कांठ रोड के परिसर में 26 फरवरी को सुबह 10 बजे से साक्षात्कार के लिए बुलाया है।

समस्त शैक्षिक एवं तकनीकी प्रमाण-पत्रों की छाया-प्रति व अपने बायोडाटा के साथ समय से उपस्थित होकर अभ्यर्थी साक्षात्कार में प्रतिभाग कर सकते हैं।




बैठक में उपस्थित ऑल इंडिया गोल्डन लाइनेस क्लब की पदाधिकारी। ● अमृत विचार

# बैठक में रंगारंग कार्यक्रम प्रस्तुत किए

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

**अमृत विचार :** महानगर के आम्रपाली फार्म हाउस में शनिवार को ऑल इंडिया गोल्डन लायनेस क्लब की वार्षिक अधिकारिक व निरीक्षण बैठक हुई। बैठक क्लब की इकाइयों लायनेस प्राचीन, विराट, सम्राट, नवीन एवं आर्यन की संयुक्त रूप से हुई। बैठक में मुख्य अतिथि के बिजनौर की डिस्ट्रिक्ट चेयरपर्सन जीएल खुशबू कर्णवाल रही।

कार्यक्रम का आरंभ दीप प्रज्ज्वलन, लायनेस क्लब गीत, ध्वज वंदना एवं राष्ट्रगान के साथ हुआ। बैठक में पांचों इकाइयों की प्रगति आख्या उनके प्रेसिडेंट ने प्रस्तुत की। पांचों इकाइयों ने अपने क्लबों द्वारा वर्ष भर जो सामाजिक कार्य किए उसका ब्योरा प्रस्तुत किया। पांचों क्लबों ने प्रस्तुति भी दी। जिसमें गीत-संगीत और नृत्य के कार्यक्रम प्रस्तुत किए गए। इस अवसर पर पूजा जैन, सीमा अग्रवाल, निवेदिता कर्णवाल, सुदेश आर्या, उर्मिल नरूला, स्नेहलता, शिखा गुप्ता, शशि शाह, सुमन कौशिक, शीतल चावला, बीना अरोरा और मंजुल शर्मा आदि मौजूद रहे।

## स्वास्थ्य शिविर में दवा दी और चश्मे बांटे गए

**मुरादाबाद, अमृत विचार:** राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ की सहयोगी सेवा भारती ने पैरा की मिलक स्थित विजय निकेतन के प्रांगण में स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया।

शिविर में 479 लोगों को परामर्श व दवा वितरित की एवं 150 लोगों को चश्मे दिए। हेल्पेज इण्डिया के सहयोग से आयोजित इस शिविर में डाक्टरों एवं विशेषज्ञों ने पेट की बीमारी, न्यूरो, सामान्य स्वास्थ्य, महिला, अस्थि, नेत्र, श्वास एवं बाल रोग का उपचार किया गया। महानगर संघचालक डॉ. विनीत गुप्ता ने शिविर का उद्घाटन किया। विभाग सह सेवा प्रमुख यशवीर सिंह ने कहा कि सभी कार्यकर्ता लोगों का उत्साह देखकर उत्साहित हैं। शिविर में रामवीर सिंह, अनिल कुमार, सुभाष शर्मा, हरिगोपाल शर्मा, सुधीर कुमार, नवदीप यादव, रामकिशोर लोधी, सोनू रस्तोगी, विक्की ठाकुर आकाश दिवाकर ने सहयोग किया।

निर्णय — लगातार मिल रहीं शिकायतों व प्रदर्शनों के बाद सरकार ने जारी किया आदेश

# पुलिस भर्ती परीक्षा रद होने से अभ्यर्थियों में खुशी

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

**अमृत विचार:** उत्तर प्रदेश पुलिस भर्ती परीक्षा रद होने के बाद अभ्यर्थियों में खुशी है। पेपर लीक होने पर अभ्यर्थी परीक्षा रद किए जाने की मांग कर रहे थे। इसके लिए अभ्यर्थी विरोध प्रदर्शन भी किए जा रहे थे।

महानगर में भी अभ्यर्थियों ने कलेक्ट्रेट पर परीक्षा दोबारा कराने के लिए ज्ञापन दिया था। अभ्यर्थियों के विरोध को देखते हुए प्रदेश सरकार ने परीक्षा रद करने की घोषणा की। सरकार के इस फैसले से अभ्यर्थियों ने जश्न मनाया। छह महीने के अंदर एक बार फिर से यूपी पुलिस की सिपाही भर्ती परीक्षा आयोजित की जाएगी।



मुझे बहुत अच्छा लगा कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने भर्ती परीक्षा को दोबारा करने का फैसला लिया। जिससे हम सभी को परीक्षा देने का दोबारा अवसर प्राप्त होगा।
**–शिवांशु भारद्वाज**



परीक्षा रद होने से खुश हूं। मेरी परीक्षा अच्छी नहीं हुई थी। जिसे लेकर थोड़ा चिंतित था। लेकिन, अब तैयारी के लिए 6 माह मिलेंगे। उम्मीद है पूरी तैयारी हो जाएगी।
**–विकास**



यूपी सरकार अगर पेपर रद नहीं करती तो हम जैसे छात्र पुलिस की नौकरी से बाहर हो जाते। अब परीक्षा पुनः हो तो पेपर लीक नहीं होना चाहिए, बल्कि पेपर ऑनलाइन हो तो बेहतर होगा।
**–हिमांशु शर्मा**



उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा यूपी पुलिस भर्ती परीक्षा का पेपर रद करने का फैसला सही है। अब मेहनती छात्रों को न्याय मिलेगा। पुनः परीक्षा जल्द हो।
**–लावण्या**

### कुछ अभ्यर्थियों में छाई निराशा

यूपी पुलिस भर्ती परीक्षा रद्द होने से जहां अधिकांश विद्यार्थियों में खुशी देखने को मिली, तो कुछ अभ्यर्थियों में निराशा देखने को मिली। कई अभ्यर्थियों का कहना था कि उन्होंने परीक्षा के लिए कड़ी मेहनत की थी। इस बार परीक्षा में अच्छे नंबर आना तय था। उनको पुलिस वर्दी मिलना लगभग तय था। लेकिन, भर्ती रद्द होने से उनका सपना टूट गया। हालांकि छह माह में परीक्षा दोबारा कराने के तैयारी है। लेकिन, अभ्यर्थियों का कहना है कि अगली बार परीक्षा में नकल नहीं होगी। इसका तो प्रमाण नहीं है। उनका कहना है कि अगली बार क्या पता, जितना अच्छा उनका यह पेपर हुआ है। अगला पेपर न हो पाए।

## थाना प्रभारी ने सुनीं लोगों की समस्याएं

**मैनाठेर, अमृत विचार:** शनिवार को थाने में समाधान दिवस में पहुंचे अधिकारियों ने फरियादियों की समस्याए सुनीं और उनका त्वरित निस्तारण कराने के आदेश दिए।

मैनाठेर थाने में समाधान दिवस का आयोजन हुआ। इसमें अपराध और भूमि विवाद से जुड़े मामलों की सुनवाई हुई। जनता की समस्या सुनने के लिए पहुंचे अधिकारी और थाना प्रभारी ने जनता की शिकायत सुनकर उनका निस्तारण कराने के आदेश दिए। जबकि कुछ शिकायतों का त्वरित निस्तारण किया गया। सुनवाई के दौरान सर्वाधिक जमीन से संबंधित मामले पहुंचे। अधिकारियों ने मातहतों को प्राप्त शिकायती पत्रों का निस्तारण करने का निर्देश दिया। इस मौके पर थाना प्रभारी सतेंद्र कुमार, वरिष्ठ उपनिरीक्षक पवन शर्मा, लेखपाल परवेज अली, शरीफ अहमद, मो. फहीम, मोईन अली, कहर सिंह, आदि मौजूद रहे।




एसएनडी स्कूल में कार्यक्रम में सम्मानित छात्राएं व अन्य। ● अमृत विचार

# धूमधाम से मनाया वार्षिक उत्सव

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

**अमृत विचार :** एसएनडी चिल्ड्रन अकादमी गोविंद नगर में शनिवार को वार्षिक उत्सव हर्षोल्लास से मनाया। विद्यालय के बच्चों ने सांस्कृतिक प्रस्तुति देकर मंत्रमुग्ध कर दिया।

कार्यक्रम का आरंभ मां सरस्वती की मूर्ति के समक्ष मुख्य अतिथि विद्यालय प्रबंधक संजय यादव व प्रधानाचार्य सीबी गिरी ने दीप प्रज्वलन कर किया। इसके उपरांत विद्यालय की आख्या प्रबंधक संजय यादव ने प्रस्तुत की। इसके बाद सांस्कृतिक कार्यक्रम शुरू हुए। विद्यालय के बच्चों ने विभिन्न राज्यों के लोकगीतों पर आधारित जैसे राजस्थानी डांस, गुजराती डांस, बंगाली डांस ,उत्तर प्रदेश के लोकगीत पर आधारित डांस, नेपाली नृत्य, भांगड़ा प्रस्तुत किए। बच्चों ने महाभारत थीम पर आधारित नृत्य को प्रस्तुत करके और झांसी की रानी के नाटक को प्रस्तुत करके सबके मन को मोह लिया। कार्यक्रम का संचालन गरिमा मल्होत्रा व अर्शी यादव ने संयुक्त रूप से किया। इस दौरान शबनम रस्तोगी, सुजीत मान, पूजा सिंह, इशिका, विनय, अमित, दुर्गेश प्रजापति, मयंक यादव आदि मौजूद रहे।

## शहर में आज

- नगरीय प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों पर आरोग्य मेला 10 बजे से।
- ब्रह्म कुमारी शिवशक्ति भवन में कार्यक्रम शाम 4 :00 बजे से।
- सीनियर सिटीजन वेलफेयर सोसायटी की मासिक बैठक 11 :00 बजे से।
- डीआरएम कार्यालय में बैठक दोपहर 1 :00 बजे से।

## एक नजर

### लोगों ने अनूठे अंदाज में किया स्वागत

**मुरादाबाद, अमृत विचार** : शनिवार को कांग्रेस की भारत जोड़ो न्याय यात्रा में राहुल-प्रियंका की मौजूदगी ने लोगों में जोश भर दिया। न्याय यात्रा में जुटी भीड़ का यह आलम था कि पूरी यात्रा में शहर के दोनों ओर लोग कतार में खड़े रहे। यात्रा के दौरान कई जगह भाई-बहन का जोरदार स्वागत हुआ। लोगों ने छतों से फूलों की बारिश की। इतना ही नहीं हिन्दू व मुस्लिम ने मिलकर यात्रा का स्वागत किया। जामा मस्जिद चौराहे पर किशोरी सहर और सूफिया ने अपने हाथों से आर्ट बनाकर राहुल और प्रियंका का अनूठे अंदाज में स्वागत किया।

### सपा सांसद के नेतृत्व में किया स्वागत

**मुरादाबाद, अमृत विचार** : कांग्रेस की भारत जोड़ो न्याय यात्रा में कई सपाई भी शामिल हुए। सपा सांसद डॉ. एसटी हसन के नेतृत्व में जामा मस्जिद चौराहे व पूर्व महानगर अध्यक्ष शाने अली शानू की अगुवाई में अंसार इंटर कालेज के पास यात्रा का स्वागत कर पुष्प वर्षा की गई। जामा मस्जिद चौराहे पर सपा सांसद डॉ. एसटी हसन, जिलाध्यक्ष डीपी यादव, महानगर अध्यक्ष इकबाल अंसारी समेत अन्य सपाई शामिल रहे। पूर्व महानगर अध्यक्ष शाने अली शानू के नेतृत्व में बड़ी संख्या ने पार्टी कार्यकर्ताओं ने यात्रा का स्वागत किया। इस दौरान शीरीगुल, कुलदीप तुरैहा, तुंगीश यादव, विजयवीर सिंह यादव, दुर्गा शर्मा, हारून पाशा, वदूद खान, तालिब अंसारी, रजीउद्दीन खान, ताबिश जमाल, अमीर अंसारी, महमूद कमाल, शेरू अंसारी, फुरकान अली, चंद्रपाल सिंह शामिल रहे।

### छतों से की गई पुष्पवर्षा

**मुरादाबाद, अमृत विचार** : मोहल्ला भूड़ा के चौराहे से लेकर डबल फाटक तक छतों और क्रेन से महिलाएं और बच्चे फूल बरसाते दिखाई दिए। वहीं सड़क किनारे दूर तक लोग हाथों में झंडे लेकर खड़े मिले। वहीं एडीएम सिटी ज्योति सिंह और एसीएम द्वितीय प्रीति सिंह व एसपी सिटी अखिलेश भदौरिया यात्रा में आगे चल रहे थे।

# निर्धारित समय से एक घंटा देरी से शुरू हुई न्याय यात्रा

▸▸ 10 के बजाय 11 बजे शुरू हुई भारत जोड़ो न्याय यात्रा

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

**अमृत विचार:** शनिवार को राहुल गांधी ने भारत जोड़ो न्याय यात्रा का दूसरा चरण अपनी बहन प्रियंका गांधी वाड्रा की ससुराल से शुरू किया। वैसे तो महानगर में भारत जोड़ो न्याय यात्रा शुरू होने का समय सुबह 10 बजे से था, लेकिन कुछ कारणवश यात्रा समय से शुरू नहीं हो पाई। राहुल गांधी और प्रियंका गांधी अपने तय समय से एक घंटा देरी से पहुंचे। जिसके बाद 11:00 बजे से यात्रा की शुरूआत जामा मस्जिद से की गई।

यात्रा हाफिज बन्ने की पुलिया होते हुए इंदिरा चौक पर पहुंची। जहां कांग्रेसियों ने फूल बरसाकर यात्रा का स्वागत किया। यहां से यात्रा लगभग 11:20 बजे गलशहीद चौराहे पर पहुंची। यहां भी कांग्रेसियों ने यात्रा का जोरदार स्वागत किया। 11:30 बजे यात्रा भूड़े का चौराहे पर पहुंची। यहां हाजी रिजवान कुरैशी और हाजी इकराम कुरैशी के समर्थकों ने फूल बरसाकर स्वागत किया। भूड़े के चौराहे पर राहुल गांधी ने एक बच्चे को अपने पास बुलाकर उसके साथ फोटो खिंचवाई। यहां से यात्रा ईदगाह के लिए रवाना हुई। इस दौरान कांग्रेसियों समेत आम लोगों की काफी भीड़ थी। 11:45 पर यात्रा ईदगाह चौराहे पर पहुंची। यहां कांग्रेसियों ने क्रेन से बड़ी माला पहनाकर राहुल और प्रियंका गांधी का स्वागत किया। इसके बाद आदर्श नगर में पंजाबी समाज के लोगों ने विनोद गुंबर के नेतृत्व में भांगड़ा नृत्य के साथ यात्रा का स्वागत किया। 12:00 बजे यात्रा डबल फाटक पर पहुंची। जहां पहले प्रियंका और बाद में राहुल ने जनता को संबोधित किया। यहां लगभग 20 मिनट तक प्रियंका और राहुल का संबोधन हुआ। बाद में कोहिनूर तिराहे पर रुकने के बाद यात्रा अमरोहा के लिए रवाना हो गई।

## बीच रास्ते में धरने पर बैठे ग्रामीणों को उप जिलाधिकारी ने समझा-बुझाकर काम शुरू कराया

# पुलिया चौड़ी करने के लिए ग्रामीणों ने रोका रिंग रोड का काम

कार्यालय संवाददाता,मुरादाबाद

**अमृत विचार :** उत्तर प्रदेश से उत्तराखंड को जोड़ने वाले 104 किलोमीटर के रिंग रोड का निर्माण कार्य 15 दिनों में दो बार रोक दिया गया है। भगतपुर रतन व त्रिलोकपुर गांव के पास बनाई जा रही पुलिया को चौड़ा न करने पर ग्रामीण निर्माण कार्य रोककर बीच मार्ग में टैंट लगाकर धरने पर बैठ गए। कार्यदायी संस्था के जिम्मेदारों ने प्रशासन को निर्माण कार्य रोके जाने की सूचना दी। जिस पर एसडीएम सदर ने मौके पर पहुंचकर ग्रामीणों को पुलिया के चौड़ीकरण का आश्वासन देकर धरना खत्म करा कार्य शुरू कराया।

मुरादाबाद ब्लॉक के गांव भगतपुर रतन व त्रिलोकपुर से होकर यूपी से उत्तराखंड के काशीपुर जाने वाले 104 किलोमीटर लंबे रिंग रोड का निर्माण कार्य शुरू होने में पहले से ही काफी देर हो चुकी है। शनिवार सुबह भगतपुर रतन के पास रिंग रोड के मार्ग में बनाई जा रही पुलिया का रास्ता कार्यदायी संस्था छोटा कर निर्माण कर रही थी। जिस पर ग्रामीणों ने निर्माण कार्य रोक दिया। भाकियू के किसान नेता नोशे अली व अवबक्करपुर गांव के प्रधान बंटी सड़क पर टेंट लगाकर धरने पर बैठ गए। धीरे-धीरे दोपहर तक पुलिया से प्रभावित होने वाले आसपास के गांवों में बात फैल गई। जिससे धरना स्थल पर सैकड़ों ग्रामीण एकत्र हो गए। केसीसी कार्यदायी संस्था के एजीएम लाइजिनिंग सुरेश ने जिलाधिकारी को कार्य रोके जाने की सूचना दी। जिस पर जिलाधिकारी मानवेंद्र सिंह ने उप जिलाधिकारी सदर को मौके पर भेजा। जहां एसडीएम सदर ने धरने पर बैठे ग्रामीणों की बात सुनकर कार्यदायी संस्था के एजीएम के वार्ता की। जिस पर उन्होंने बताया कि एनएचएआइ को पत्र लिखा गया है। जिसकी दिल्ली से स्वीकृति मिलनी है। पुलिया का निर्माण चौड़ा कर के ही कराया जाएगा। जिस पर किसानों को एसडीएम ने पुलिया को चौड़ा कर निर्माण कराने का आश्वासन दिया और धरने पर बैठे लोगों से धरना खत्म करने को कहा। जिसके बाद शाम पांच बजे फिर से निर्माण कार्य शुरू हो सका। धरने पर बैठे ग्रामीणों में आकाश सिंह, वीर सिंह, निक्की चौधरी, अशोक कुमार, दीवान सिंह, चंद्रपाल ,सीनू सिंह, विजय पाल सिंह, कुलदीप सिंह, चौधरी जयपाल सिंह मौजूद रहे।



भगतपुर रतन व त्रिलोकपुर गांव में रिंग रोड निर्माण कार्य के बीच धरने पर बैठे ग्रामीण। ● अमृत विचार

# भाजपा के नफरत के बाजार में हमें मोहब्बत की दुकान लगानी है

## भारत जोड़ो न्याय यात्रा में राहुल गांधी ने भारतीय जनता पार्टी पर साधा निशाना, जगह-जगह महिलाओं व बच्चों ने फूल बरसाकर किया स्वागत

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

**अमृत विचार:** भारत जोड़ो न्याय यात्रा में शनिवार को मुरादाबाद पहुंची प्रियंका गांधी वाड्रा और राहुल गांधी ने भाजपा पर हिंदू-मुस्लिम के बीच नफरत की खाई खोदने का आरोप लगाया। यात्रा का जगह-जगह कांग्रेस कार्यकर्ताओं, पदाधिकारियों व लोगों ने फूल बरसाकर स्वागत किया। इस दौरान पंजाबी वेशभूषा में महिलाएं भांगड़ा करती नजर आईं।

यात्रा में गाड़ियों के काफिले के साथ बड़ी संख्या में घुड़सवार भी थे। 11:45 बजे डबल फाटक पर पहुंची यात्रा आधा घंटा रुकी, जहां प्रियंका गांधी ने मुरादाबाद में अपनी ससुराल होने के नाते देवर-भाभी के रिश्ते से अपनी बात की शुरूआत की। उन्होंने जगह-जगह रुककर केंद्र और राज्य सरकार पर निशाना साधा। प्रियंका गांधी ने कहा, 2022 में विधानसभा के चुनाव हुए थे, मैं भी वोट मांगने आई थी। लेकिन तब आपने भाजपा को जिताकर गलती कर दी थी। जिसका नतीजा सामने है। इस बार वो गलती मत करना। इसके बाद राहुल गांधी ने केंद्र की मोदी सरकार पर बरसते हुए कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ध्यान भटकाने का काम करते हैं। उन्होंने उद्योगपति गौतम अडाणी को पीछे से आकर जेब काटने वाला बताया। वहीं तीसरे व्यक्ति अमित शाह को डंडा दिखा कर जनता को धमकाने का काम करने वाला बताया। उन्होंने कहा कि यह भाजपा का सिस्टम है। इससे भी बात नहीं बनती है तो ईडी, एनआरसी की बात कहकर चुनाव में जनता का ध्यान भटकाने का काम करते हैं। और इससे भी बात नहीं बनती तो सर्जिकल स्ट्राइक की बात कहकर लोगों के जज्बातों पर चोट करते हैं। राहुल बोले, भाजपा नफरत का बाजार लगती है। उसमें हमें मोहब्बत की दुकान खोलनी है। देशभक्त देश को तोड़ने का काम नहीं करते, बल्कि देश को जोड़ने का काम करते हैं।



जामा मस्जिद चौराहे के पास समर्थक से हाथ मिलाते राहुल गांधी, साथ में प्रियंका गांधी वाड्रा। ● अमृत विचार



भारत जोड़ो न्याय यात्रा में शामिल घुड़सवार। ● अमृत विचार

### महिलाओं व बच्चों ने मोबाइल में कैद की झलक

**मुरादाबाद, अमृत विचार** : भारत जोड़ो न्याय यात्रा शुरू होने से पहले ही जामा मस्जिद समेत अन्य इलाकों में सुबह से ही भीड़ उमड़ी। जामा मस्जिद से कोहिनूर तिराहे तक सभी घरों की छतों व छज्जों से महिलाएं और बच्चे टकटकी लगाए राहुल और प्रियंका की एक झलक देखने को आतुर दिखे। यात्रा शनिवार सुबह 11 :00 बजे जामा मस्जिद चौराहा से शुरू हुई तो सभी ने अपने मोबाइल कैमरे में एक झलक कैद करना शुरू कर दिया। यात्रा के दौरान बच्चों से लेकर बुजुर्ग तक अपने मोबाइल से राहुल और प्रियंका के फोटो लेने में लगे रहे। वहीं राहुल और प्रियंका ने भी घरों की खिड़की और छतों पर बैठे लोगों का अभिवादन स्वीकार किया।

### जयराम रमेश ने लिया यात्रा मार्ग का जायजा

**मुरादाबाद, अमृत विचार** : राहुल गांधी की भारत जोड़ो न्याय यात्रा शुरू होने से पहले ही राज्यसभा सांसद और पूर्व केंद्रीय मंत्री जयराम रमेश जामा मस्जिद चौराहे पर पहुंच गए। सुबह करीब 9 :00 बजे पहुंचे कांग्रेस नेता ने किसी से बात किए बिना मार्ग का जायजा लेना शुरू कर दिया। जयराम रमेश, कांग्रेस नेता महबूब अली व मुर्सलीन खान के साथ ही मुशाहिद, मुदस्सिर और डॉ सादिक समेत अन्य नेताओं के साथ पैदल ही जामा मस्जिद से इंदिरा चौक, भूड़ा का चौराहा, ईदगाह होते हुए पूरे रूट और उस पर की गई व्यवस्था का जायजा लिया। इस दौरान उन्होंने लोगों से मिलकर बातचीत की। अमृत विचार टीम से बातचीत के दौरान उन्होंने बताया कि राहुल गांधी की यात्रा को बहुत सपोर्ट मिल रहा है। सपा से गठबंधन के बाद इंडिया गठबंधन और मजबूत हुआ है। उन्होंने लोगों से न्याय यात्रा में भाग लेकर इसे सफल बनाने की अपील भी की। बाद में यात्रा शुरू होने से पहले वह अमरोहा के लिए रवाना हो गए।



यात्रा में शामिल प्रदेश अध्यक्ष अजय राय, पूनम पंडित व अन्य कांग्रेसी। ● अमृत विचार

## भारत जोड़ो न्याय यात्रा में शामिल रहे ये कांग्रेसी नेता

**मुरादाबाद, अमृत विचार :** कांग्रेस की भारत जोड़ो न्याय यात्रा में राहुल गांधी और प्रियंका गांधी के अलावा कई कांग्रेसी नेता शामिल हुए। जिसमें कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष अजय राय, पूर्व अध्यक्ष अजय लल्लू, राष्ट्रीय महासचिव व यूपी प्रभारी अविनाश पांडे, सह प्रभारी प्रदीप नरवाल, संजय कपूर, सांसद प्रमोद तिवारी, राशिद अल्वी, पूर्व सांसद बेगम नूरबानो, मुति-उर रहमान, विधायक आराधना मिश्रा, अलका लांबा, इमरान मसूद, विदित चौधरी, मिथुन त्यागी के अलावा हाजी रिजवान कुरैशी, पूर्व विधायक हाजी इकराम कुरैशी, जिलाध्यक्ष असलम खुर्शीद, महानगर अध्यक्ष अनुभव मेहरोत्रा, विनोद गुंबर, असद मौलाई, सुधीर पाठक, अनूप दुबे, शकील चौधरी, मोहतशीम मुख्तार, आनंद मोहन गुप्ता, राजेन्द्र वाल्मीकि, आजम अंसारी, नवनीत मिश्रा, विजय राज सैनी, पार्षद नदीम अंसारी, अफजल साबरी, कमर सलीम आदि कांग्रेसी शामिल रहे।

### कांग्रेस ने लोकसभा सीट पर किया दावा

**मुरादाबाद, अमृत विचार :** वैसे तो मुरादाबाद सपा का गढ़ माना जाता है, लेकिन शनिवार को राहुल गांधी की भारत जोड़ो न्याय यात्रा में जुटी कांग्रेसियों और आम जनता की भीड़ से कांग्रेस ने मुरादाबाद लोकसभा सीट से अपना दावा दिखाया है। इस दौरान कांग्रेस नेताओं ने कोई कोर कसर नहीं छोड़ी। यात्रा में भीड़ पूरे रास्ते में कहीं भी कम नहीं हुई। सपा और कांग्रेस के बीच हुए गठबंधन के बाद मुरादाबाद लोकसभा सीट समाजवादी पार्टी के खाते में चली गई है। जिससे चुनाव की तैयारी कर रहे कांग्रेसियों में मायूसी छा गई है। लेकिन न्याय यात्रा के बहाने कांग्रेसियों ने सीट पर एक बार फिर दावा जताया। न्याय यात्रा की सफलता से सीट पर दावेदारों के हौंसले भी बुलंद हो गए हैं। माना जा रहा है कि इस यात्रा के बाद चुनावी तालमेल पर दोबारा मंथन किया जा सकता है।

# अस्थाई कैंप के वॉच टावर में करंट से मौत

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

**अमृत विचार:** कटघर थाना क्षेत्र के अंतर्गत राहुल गांधी के भारत जोड़ो यात्रा न्याय यात्रा के लिए बनाए गए अस्थाई कैंप में लगाए गए सीआरपीएफ के वॉच टावर को खोलते समय अचानक करंट दौड़ पड़ा। जिसमें आठ मजदूर झुलस गए। सभी को निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया। जिसमें एक मजदूर की मौत हो गई। जबकि अन्य मजदूरों का इलाज चल रहा है।

शनिवार को महानगर में कांग्रेस की भारत जोड़ो न्याया यात्रा निकली थी। जिसमें राहुल गांधी और प्रियंका गांधी भी शामिल हुए। जिसके लिए कटघर थाना क्षेत्र के जीरो प्वाइंट पर अस्थाई कैंप बनाया गया था। जिसमें राहुल गांधी को विश्राम करना था। शनिवार को दोपहर राहुल गांधी की यात्रा समाप्त होने के बाद रात जीरो प्वाइंट पर झारखंड के मजदूर अस्थाई कैंप हटा रहे थे। कैंप हटाते समय सीआरपीएफ वॉच टावर की लोहे की रॉड वहां से गुजर रही बिजली लाइन से टकरा गई। जिससे अचानक कैंप में करंट उतर गया, जिससे भगदड़ मच गई। इस हादसे में आठ मजदूर झुलस गए। जबकि कुछ मजदूर बाल बाल बच गए। इस हादसे के बाद मौके पर भीड़ जुट गई और बिजली सप्लाई बंद करने के बाद नरेश तुरी, छोटू तुरी, अशोक यादव, लक्ष्मी कुमार सिंह, लालूतुरी, धनश्याम कुमार तुरी, सकलदीप तुरी झुलस गए। सभी मजदूर झारखंड के चतरा जनपद के सिमरिया थाना क्षेत्र के शीला गांव निवासी हैं। इन्हें काशीपुर तिराहा स्थित निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया। इसकी जानकारी मिलने पर काशीपुर तिराहा चौकी इंचार्ज ओम शुक्ला अस्पताल पहुंच गए। हालत गंभीर होने पर नरेश तुरी और छोटू तुरी को दूसरे निजी अस्पताल भेज दिया, जहां चिकित्सकों ने नरेश को मृत घोषित कर दिया है। हादसे की जानकारी मिलने पर कांग्रेस नेता भी अस्पताल पहुंचे और उन्होंने घायलों को हालचाल जाना। एसपी सिटी अखिलेश भदौरिया ने बताया कि अस्थाई कैंप हटाते समय हादसा हुआ था। करंट लगने से एक व्यक्ति की मौत हुई है, जबकि सात झुलस गए हैं। झुलसे लोगों को अस्पताल में भर्ती कराया गया है। सभी के परिजनों को जानकारी दे दी गई है।



घायल से जानकारी करती पुलिस।

### छावनी बना रहा यात्रा मार्ग, मुस्तैद रहे जवान

**मुरादाबाद, अमृत विचार:** महानगर में निकली भारत जोड़ो न्याय यात्रा में शामिल हुए राहुल गांधी और प्रियंका गांधी वाड्रा की सुरक्षा के लिए यात्रा मार्ग पूरी तरह से छावनी बना हुआ था। सुबह आठ बजे से जामा मस्जिद चौराहा से लेकर इंदिरा चौक, गलशहीद चौराहा, भूड़ा का चौराहा, ईदगाह चौराहा, संभल चौराहा व डबल फाटक पुल होते हुए कोहिनूर तिराहे तक पुलिस फोर्स तैनात कर दी गई थी। इसके अलावा सादे कपड़ों में भी पुलिसकर्मी यात्रा मार्ग पर ड्यूटी देते नजर आए। भारत जोड़ो न्याय यात्रा के मार्ग पर पड़ने वाली ऊंची-ऊंची इमारतों पर पुलिस की रूफटॉप ड्यूटी लगाई गई थी। जिसमें सशस्त्र जवान तैनात रहे। साथ ही तीन एएसपी, आठ सीओ और 12 एसएचओ के नेतृत्व में 400 पुलिसकर्मियों की टीम सुरक्षा व्यवस्था बनाने में जुटी रही।

**रिश्तों की दुहाई** — बहू को देखने उमड़े लोग, किसी को दुलारा, किसी को पुचकारा, बोलीं प्रियंका– इस बार दीजिए कांग्रेस का साथ

# राहुल–प्रियंका ने भरा उत्साह, बहन की ससुराल में मांगा समर्थन

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

**अमृत विचार :** भारत जोड़ो न्याय यात्रा लेकर आए राहुल गांधी ने भाजपा पर नफरत और बांटने का आरोप मढ़कर लोगों को मोहब्बत का पैगाम दिया। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की कार्यशैली पर तंज कसकर जहां लोगों को आगाह किया, वहीं यात्रा में उमड़ी भीड़ की नब्ज पकड़कर बहन प्रियंका की ससुराल वालों से कांग्रेस का साथ देने की अपील की।

डेढ़ दशक से लोकसभा चुनाव में जीत की भूखी कांग्रेस को मजबूत करने के लिए मुरादाबाद में राहुल गांधी भारत जोड़ो न्याय यात्रा में कई रूप में दिखे। एक तरफ प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पर हमलावर होते हुए जनता का असल मुद्दों से ध्यान भटकाने की बात कहकर अडाणी और अंबानी की जेब भरने का आरोप लगाकर जनता से नजदीकी बढ़ाई। तो अपनी बहन प्रियंका गांधी वाड्रा की ससुराल में रिश्तों की दुहाई देकर इस बार लोकसभा चुनाव में कांग्रेस के लिए समर्थन मांगा। कहा कि नफरत करने वालों की दुकान बंद कर मोहब्बत का पैगाम लेकर आया हूं। इसे स्वीकार कीजिए। जनता के हित की अनदेखी कर केंद्र और प्रदेश सरकार लूट में जुटी है। गरीबों का हक मारकर उद्योगपतियों के खजाने भरे जा रहे हैं। खुली गाड़ी में बैठे राहुल-प्रियंका ने रास्ते में हाथ हिलाकर लोगों से नजदीकी दिखाई तो किसी बच्चे को पुचकार कर और किसी को अपनी गाड़ी के बोनट पर चढ़ाकर जनता के सामने सरकार की खिल्ली उड़ाई। लंबे समय से किसी चुनाव में जीत का स्वाद न चखने से कांग्रेसियों के टूटते मनोबल को संबल देते हुए कहा कि भाजपा को जनता इस बार सबक सिखाएगी।

बस आप लोग वोट देते समय गलती न करें। आपके हक की बात कौन करता है उसे वोट दीजिए न कि वोटों के सौदागरों को। वहीं अपने महानगर की बहू गांधी परिवार की लाडली प्रियंका को अपने बीच में पाकर लोग भी गदगद रहे। भीड़ के अलावा यात्रा के रूट पर जामा मस्जिद से लेकर कोहिनूर तिराहे तक दोनों ओर घरों और दुकानों की छत पर खड़े होकर लोगों ने काफी देर तक दोनों को देखने के लिए धूप में पसीना बहाया। प्रियंका ने ससुराल में देवर-भाभी के रिश्ते की दुहाई देकर संबंधों की गांठ और मजबूत करने में कोई कसर नहीं छोड़ी। राहुल और प्रियंका के समर्थन में लग रहे नारे से भाई बहन भी ऊर्जा से भर गए। दोनों अपील कर अगले पड़ाव के लिए बढ़ गए कि इस बार लोकसभा चुनाव में कांग्रेस का साथ दीजिए।



यात्रा में शामिल प्रियंका गांधी वाड्रा का स्वागत करता युवक। ● अमृत विचार

# ...तो उनके घरों पर नहीं चला बुलडोजर

▸▸ किसानों को कार से कुचलने वालों पर नहीं होती कार्रवाई: प्रियंका

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

**अमृत विचार:** भारत जोड़ो न्याय यात्रा में शामिल हुई कांग्रेस की राष्ट्रीय महासचिव और महानगर की बहू प्रियंका गांधी वाड्रा ने भी यात्रा के दौरान संभल चौराहे पर राहुल गांधी से पहले जनता को संबोधित किया। उन्होंने ससुराल वालों कहकर अपने संबोधन की शुरूआत की।

उन्होंने कहा कि ससुराल में आकर बहुत खुशी हो रही है। उन्होंने कहा कि दो साल पहले मैं विधानसभा चुनाव में मुरादाबाद आई थी। अब मैं आपसे पूछना चाहती हूं कि तब से अब तक कुछ हुआ है। आपने योगी जी को जिताया। पहले भी उनकी सरकार थी। अब दो साल और होने वाले हैं। लेकिन योगी जी अभी तक आपकी समस्याओं का समाधान नहीं करा पाए तो ऐसे लोगों को वोट देते समय अबकी बार जरूर सोचे।

प्रियंका गांधी ने कहा कि यहां पीतल का कारोबार है। सरकार कारीगरों की कोई मदद नहीं कर रही। ऊपर से कारोबारियों पर जीएसटी टेंशन है। जिससे काम भी आधा हो गया है। उस समय मैंने पूछा था। तब भी समस्याएं थीं। आज उससे भी बुरा हाल है। फिर से देश और प्रदेश में भाजपा की सरकारें बन रही हैं। भारत जोड़ो यात्रा में राहुल गांधी क्यों चार हजार किलोमीटर चले कि सबको साथ लेकर चलना है। जिसमें न्याय शब्द इसलिए जोड़ा कि किसी को न्याय नहीं मिल रहा है। पुलिस में भर्ती होने के लिए सुबह चार बजे दौड़ लगाते हैं। ट्यूशन पर भी परिजन धनराशि खर्च करते हैं। उन्होंने कहा कि उत्तर प्रदेश के 28 लाख बच्चों ने पुलिस भर्ती की परीक्षा दी थी। मतलब हर गांव से दो से तीन बच्चे परीक्षा देने वाले हैं। हर बार परीक्षा लीक हो जाती है। जब मैं आई थी बताया था कि हमारी सरकार में कोई परीक्षा लीक नहीं होगी। इसके लिए कमीशन बनेगा। 10 मुद्दों को लेकर पूरा प्लान बनाया था। मैं आपको बता दू कि चुनाव फिर से आ रहा है। इसमें आपको अपना मत डालना है। सोच समझकर वोट डाले। किसानों की समस्याओं का समाधान नहीं हो रहा है। पिछली बार किसान सर्दी में आंदोलन कर रहे थे। अब फिर किसान दिल्ली में धरना पर बैठे हैं। किसानों को कार से कुचलने वालों के घरों पर बुलडोजर नहीं चलता। कमजोरों के घरों को बुलडोजर से तोड़ दिया जाता है। इसलिए आप वोट डालने से पहले सोचे कि किसे वोट देना है।

## एक नजर

### वाल्मीकि धर्म सभा ने स्थापना दिवस मनाया

**बिलारी, अमृत विचार** : शनिवार को नगर में गांधी मूर्ति पार्क में भारतीय वाल्मीकि धर्म सभा के पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं ने संगठन का स्थापना दिवस मनाया। सभी ने रविदास जयंती भी मनाई। कार्यक्रम में संगठन के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष गजम सिंह वाल्मीकि ने कहा कि सभा का एक वर्ष पूरा होने पर समाज को हार्दिक शुभकामनाएं दीं। कहा कि हमें एक मंच पर आकर अपनी आवाज बुलंद करनी चाहिए। इसी से समाज को एकता और मजबूती मिलेगी। कार्यक्रम की अध्यक्षता राजू सिंह ने एवं संचालन राजीव ने किया। इस दौरान बैठक में कपिल राज, गंगा सहाय, सुभाष, प्रवेश, बृजनंदन, शिवा, बनवारी, रविराज, नन्हे, विक्की आदि समाज के लोग रहे।

### बनवीर सिंह ने डिस्कस थ्रो में जीता गोल्ड मेडल

**छजलैट, अमृत विचार** : खेल विभाग उत्तर प्रदेश तथा एथलेटिक्स संघ के तहत 21 से 24 फरवरी तक लखनऊ में आयोजित सीनियर एथलेटिक्स प्रतियोगिता में छजलैट क्षेत्र के ग्राम शेखूपुरा निवासी बनवीर सिंह पुत्र होमपाल सिंह ने डिस्कस थ्रो में प्रथम स्थान प्राप्त किया। बनवीर ने बताया कि वह अपना अभ्यास जारी रखेंगे ताकि वह आने वाली प्रतियोगिता में और अच्छा प्रदर्शन कर अपने क्षेत्र तथा रेजिमेंट का नाम रोशन कर सके।

### थाना समाधान दिवस में पांच शिकायतें निस्तारित

**भोजपुर, अमृत विचार** : शनिवार को थाने में थाना समाधान दिवस में 11 शिकायतें दर्ज की गई। नायब तहसीलदार के आदेश पर मौके पर पहुंचकर लेखपाल और पुलिस ने पांच शिकायतों का निस्तारण कर दिया। पुलिस ने बताया कि 11 शिकायतें दर्ज की गईं थीं। जिसमें पांच शिकायतों का मौके पर जाकर निस्तारण कर दिया। शेष का भी जल्द ही निस्तारण किया जाएगा।

### तमंचा बरामद, एक आरोपी को गिरफ्तार कर जेल भेजा

**डिलारी, अमृत विचार** : थाना पुलिस ने तमंचे के साथ एक आरोपी को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश कर दिया। भोजपुर के गुलाब बाड़ी निवासी राशिद तमंचा लेकर गांव मानपुर साबित के पास घूम रहा था। तभी गस्त कर रही पुलिस ने उसे पकड़ लिया और तलाशी में उसके पास से तमंचा बरामद किया। पुलिस ने रशीद को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया।

# संत रविदास ने कुरीतियां दूर करने का काम किया

## क्षेत्र में धूमधाम से निकाली गईं संत शिरोमणि रविदास की शोभायात्रा, झांकियों से दिया संदेश

संवाददाता, कांठ

**अमृत विचार** : संत शिरोमणि रविदास के जन्मोत्सव पर क्षेत्र में जगह-जगह शोभायात्रा एवं विभिन्न धार्मिक अनुष्ठान हुए।

शनिवार को संत रविदास जन्मोत्सव पर विभिन्न धार्मिक अनुष्ठान हुए। सुबह हवन एवं पूजन किया गया। इसके बाद संत रविदास धर्मशाला में विचार गोष्ठी हुई। इसका आरंभ मुख्य अतिथि राजवीर सिंह ने किया। कार्यक्रम में वक्ताओं ने कहा कि संत रविदास ने संसार को भाईचारा और एकता का संदेश दिया। उन्होंने संसार को बताया कि परिश्रम कभी व्यर्थ नहीं जाता इसलिए सदैव परिश्रमी बने रहो। उन्होंने मन चंगा तो कठौती में गंगा को चरितार्थ किया। उन्होंने सामाजिक कुरितियों को दूर करने के लिए काम किया। सर्वप्रथम ग्राम महमूदपुर माफी की शोभायात्रा कांठ के रविदास धर्मशाला पहुंची, जहां से कांठ एवं महमूदपुर माफी की शोभायात्रा संयुक्त रूप से निकली। दोनों शोभायात्रा रविदास मंदिर से मोहल्ला पट्टी वाला, उपदेश नेता का चौराहा, मुख्य बाजार, वैश्य


कांठ में शोभायात्रा में शामिल झांकी। ● अमृत विचार

विश्नोई धर्मशाला, मुख्य हाइवे होते हुए गंतव्य स्थल पर पहुंची। सुरक्षा की दृष्टि से थाना प्रभारी निरीक्षक योगेंद्र कुमार सिंह भारी पुलिस बल के साथ मौजूद रहे। गोष्ठी में कमेटी के अध्यक्ष ओमप्रकाश बौद्ध, बैंक मैनेजर केपी सिंह, मनीराम सिंह, विजयपाल सिंह, रतन सिंह, परितोष भारती, कृष्ण कुमार आदि का सहयोग रहा। विशिष्ट अतिथि के रूप में कादर आफाक आदि मौजूद रहे। **ग्राम भीकनपुर में मनाई संत रविदास जयंती: छजलैट** : थाना क्षेत्र के ग्राम भीकनपुर में संत शिरोमणि रविदास जयंती मनाई। इस दौरान गांव में शोभायात्रा निकाली तथा गुरु रविदास मंदिर में हवन कीर्तन एवं धार्मिक अनुष्ठान हुए। कार्यक्रम का आरंभ मुख्य अतिथि अंतर्राष्ट्रीय हिंदू परिषद मुरादाबाद के जिला अध्यक्ष चौधरी बृजेश कुमार सिंह ने किया। उन्होंने कहा कि संत रविदास ने हमेशा भेदभाव को भुलाकर आपसी सौहार्द बनाने का प्रयास किया।

उन्होंने कहा कि हमें गुरु रविदास के जीवन से प्रेरणा लेते हुए उनके बताए मार्ग पर चलना चाहिए। इस अवसर पर मुकुंदी सिंह, हरपाल सिंह, बाबू सिंह, लालमन सहित बड़ी संख्या में श्रद्धालु मौजूद रहे।

### झांकियां निकालीं

**डिलारी, अमृत विचार** : शनिवार को क्षेत्र में रविदास जयंती मनाई गई। क्षेत्र के गांव दौलतपुर तिगरी, मलकपुर सेमली, सुल्तानपुर खादर में रविदास जयंती पर जुलूस निकाले गए। जुलूस में मनमोहक झांकियों और धार्मिक जयकारों की गूंज रही।


बिलारी में संत रविदास के चित्र पर पुष्प अर्पित करते लोग। ● अमृत विचार

### संत शिरोमणि रविदास की जयंती मनाई

**बिलारी, अमृत विचार** : भाजपा महिला मोर्चा की प्रदेश कार्य समिति सदस्य डॉ. गीता शर्मा के स्टेशन रोड स्थित कैंप कार्यालय पर संत शिरोमणि रविदास जयंती मनाई। शनिवार को रविदास जयंती पर उनके चित्र के समक्ष दीप प्रज्ज्वलित कर, पुष्प अर्पित कर जयंती मनाई। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के जिला अध्यक्ष पंडित विनोद कुमार मिश्रा ने संत शिरोमणि के जीवन के कई संस्मरण सुनाए और बताया कि शनिवार को प्रधानमंत्री ने अपने संसदीय क्षेत्र वाराणसी में गांव सील गोवर्धनपुर में प्रतिमा का अनावरण भी किया। इस दौरान देवेंद्र कुमार सागर, सलीम खान, ईशा, प्रिया, निकिता एवं पूजा ने भाग लिया।

# संत रविदास की जयंती पर झांकियों ने लोगों का मनमोहा

संवाददाता, ठाकुरद्वारा

**अमृत विचार** : संत शिरोमणि रविदास जयंती पर निकाली गईं झांकियों ने सभी का मन मोह लिया। शरीफनगर में भी संत रविदास जयंती पर शोभायात्रा निकाली गई।

जिसका आरंभ बसपा नेता मुजाहिद अली ने किया। झांकियां झंडा चौक से सीताराम चौक, बस स्टैंड, कृषक इंटर कालेज, भायपुर चौराहा, चामुंडा होकर वापस पानूवाला रोड से वापस झंडा चौक पर समापन हो गया। इसमें संत रविदास, डॉ. भीमराव आंबेडकर, गौरा पार्वती की झांकियां थीं और युवाओं ने अखाड़ा किया। इसमें फकीर चंद, महेंद्र सिंह, ओमप्रकाश सिंह, शिवा, राजपाल सागर, पंकज कुमार आदि थे। ग्राम पानूवाला में संत शिरोमणि रविदास जयंती का जुलूस निकाला गया। जिसका आरंभ दिलशाद प्रधान पानूवाला एवं सोनू कुमार प्रधान राजूपुर कलां ने किया। आयोजक शिवलाल सिंह, मल्लू सिंह, भोपाल सिंह, दिनेश कुमार, जगराज सिंह, चंद्रपाल सिंह आदि ग्रामवासी उपस्थित रहे। गांव भगियावाला में भंडारा हुआ। इस दौरान डॉ. रामपाल सिंह गौतम ने गुरु रविदास के जीवन चरित्र पर विस्तार से प्रकाश डाला। कार्यक्रम में उमेश कुमार, आरज़ू, अर्जुन चेतन, शेर सिंह, महिपाल सिंह, भूपेंद्र सिंह, सतपाल सिंह, रोहतास सिंह, सुरेंद्र सिंह, पंकज सिंह, अजय कुमार, बाबूराम आदि मौजूद रहे।


ग्राम राजूपुर पानूवाला में कलाकारों के साथ मौजूद लोग। ● अमृत विचार


न्याय यात्रा के लिए रवाना होते कांग्रेसी। ● अमृत विचार

# भारत जोड़ो न्याय यात्रा में शामिल हुए कांग्रेसी

संवाददाता, कांठ

**अमृत विचार** : मुरादाबाद पहुंची भारत जोड़ो न्याय यात्रा में नगर से बड़ी संख्या में कांग्रेस पार्टी के पदाधिकारी और कार्यकर्ता शामिल हुए।

शनिवार को राहुल गांधी की भारत जोड़ो न्याय यात्रा मुरादाबाद पहुंची थी। इसमें नगर से बड़ी संख्या में कांग्रेसी शामिल हुए। भारत जोड़ो न्याय यात्रा जामा मस्जिद चौराहा मुरादाबाद से होते हुए इंदिरा चौक, गलशहीद चौक, ईदगाह रोड, संभल रोड होते हुए कोहिनूर तिराहे पर पहुंची थी। इसके उपरांत यात्रा संभल जिले के लिए रवाना हुई। यात्रा में शामिल होने वालों में जिला कांग्रेस कमेटी के महासचिव फिरोज अनवर, ठाकुर जयप्रकाश, सलीम अंसारी, शहाबुद्दीन अंसारी, राशिद अल्वी, जुनैद अंसारी, इवराज सलमानी, ऋषिपाल सिंह, तस्लीम अल्वी, फहीम सलमानी आदि रहे।

# सिलेंडर लीक कर किया आत्महत्या का प्रयास

**छजलैट, अमृत विचार** : पत्नी से कहासुनी को लेकर एक व्यक्ति ने रसोई गैस का सिलेंडर लीक कर आत्महत्या का प्रयास किया। झुलसने पर उसे मुरादाबाद में भर्ती कराया। जहां से उसे दिल्ली रेफर कर दिया है।

ग्राम पुल की मढ़ैय्यो निवासी पिंटू पुत्र खचेडू सिंह का विवाह पांच वर्ष पहले राजा का ताजपुर बिजनौर निवासी रूपा से हुआ था। किसी बात को लेकर उसकी पत्नी से कहासुनी हो गई। शुक्रवार शाम उसने रसोई गैस का सिलेंडर लीक कर दिया। जिससे सिलेंडर ने आग पकड़ ली। धुआं और लपटें देख आसपास के ग्रामीण घटना स्थल की ओर दौड़े और आग पर काबू पाया। तब तक पिंटू झुलस चुका था। उपचार के लिए उसे मुरादाबाद निजी चिकित्सालय में भर्ती कराया। जहां उसकी हालत को देखते हुए दिल्ली रेफर कर दिया है, जहां उसकी हालत चिंताजनक बनी हुई है।

# शत प्रतिशत पूरा हो टीकाकरण का लक्ष्य

संवाददाता, कांठ

**अमृत विचार** : सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में एएनएम समीक्षा बैठक में डिप्टी सीएमओ ने टीकाकरण पूरा न होने पर वेतन रोकने के निर्देश दिए। सर्विस बुक में एंट्री की चेतावनी दी।

शनिवार को एएनएम की बैठक में डिप्टी सीएमओ डॉ. संजीव बेलवाल ने कहा कि सभी केंद्रों पर लॉजिस्टिक बीपी मशीन, वेट मशीन, यूरिन स्तरीय एचबी किट होनी चाहिए। उन्होंने कहा कि जिनके वेतन रोके गए हैं। वह सही तरीके से अपना कार्य पूरा करें। सभी केंद्रों पर शत प्रतिशत टीकाकरण होना चाहिए। उन्होंने कहा कि आरओएच रजिस्टर सभी का अपडेट होना चाहिए। टीकाकरण 76 प्रतिशत है जो कि कम है। टीकाकरण 100 फीसदी होना चाहिए। उन्होंने कहा कि जिन बीएचडब्लू का तीन माह तक फीडबैक ठीक आएगा तो उनका वेतन निकाल दिया जाएगा। अगर तीन माह तक लगातार बार-बार फीडबैक खराब आएगा तो उनकी सर्विस बुक में प्रतिकूल प्रविष्टि की एंट्री दर्ज कर दी जाएगी। चिकित्सा अधीक्षक डॉ. राजीव चौधरी ने कहा कि सभी एएनएम अपने-अपने केन्द्रों पर समय से पहुंचे और शत प्रतिशत टीकाकरण कराकर रिपोर्ट सीएचसी में दाखिल करें। इसमें किसी तरह की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। इस अवसर पर बीपीएम चंद्रशेखर, बीएमसी यूनिसेफ रेखा पटेल, मोहसिन एवं सभी एएनएम उपस्थित रहे।


बैठक में निर्देश देते डिप्टी सीएमओ डॉ. संजीव बेलवाल। ● अमृत विचार

# कुश्ती प्रतियोगिता में जीता गोल्ड मेडल

**कांठ, अमृत विचार** : ऑल इंडिया ग्रेपलिंग कुश्ती यूनिवर्सिटी की प्रतियोगिता में श्री गुरु हनुमान अखाड़ा के पहलवान ने रुहेलखंड यूनिवर्सिटी का नेतृत्व करते हुए गोल्ड मेडल जीता है।

15 से 19 फरवरी तक प्रतियोगिता जेजेटी यूनिवर्सिटी झुंझुंनू राजस्थान में हुई थी। प्रतियोगिता में श्री गुरु हनुमान अखाड़े के पहलवान जतिन सिंह धारीवाल ने रोहिलखंड विश्वविद्यालय बरेली का प्रतिनिधित्व करते हुए 74 किलो भार वर्ग में गोल्ड मेडल जीता। शनिवार को जतिन सिंह धारीवाल के अखाड़ा पहुंचने पर अखाड़ा संचालक अनुज विश्नोई, हर्ष ढाका, प्रीत विश्नोई, दीपांशु पवार और अनंत विश्नोई ने स्वागत किया। इस अवसर पर कुंवर सुरेंद्र सिंह, रजत प्रभाकर, अभिषेक विश्नोई, निरुपम विश्नोई, पंकज भदौरिया रहे।


सास-बहू सम्मेलन में मौजूद चिकित्सक व लाभार्थी। ● अमृत विचार

# सास-बहू सम्मेलन में परिवार कल्याण की योजनाएं बताईं

संवाददाता, बिलारी

**अमृत विचार** : सीएचसी के तहत सरथल स्वास्थ्य केंद्र पर सास-बहू का सम्मेलन हुआ। जिसमें चिकित्सा अधीक्षक ने आशा एवं उपस्थित लाभार्थियों को परिवार कल्याण की योजनाओं के बारे में बताया।

शनिवार को सरथल स्वास्थ्य केंद्र पर सास-बहू सम्मेलन में सीएचसी के चिकित्सा अधीक्षक डॉ. प्रवीण श्रीवास्तव ने उपस्थित लाभार्थियों को परिवार कल्याण की योजनाओं के विषय में जानकारी दी। सम्मेलन में ब्लाक कार्यक्रम प्रबंधक ने समस्त आशा एवं आशा संगीनियों को स्वास्थ्य विभाग की योजनाओं का लाभ उठाने को कहा। सम्मेलन में लाभार्थियों को उपहार देकर सम्मानित किया। सम्मेलन में सीएचओ उजमा, कणिका, सालोम आदि आशा उपस्थिति रही।

# गंदे पानी में खड़े होकर की नारेबाजी

संवाददाता, कुंदरकी

**अमतृ विचार** : शनिवार को ब्लॉक क्षेत्र के ग्राम सीलपुर में प्राचीन शिव मंदिर के रास्ते पर जलभराव से छुटकारा दिलाने को राजस्व विभाग की टीम ने पुलिस-प्रशासन की मौजूदगी में मौके पर पहुंच कर जांच पड़ताल की। इस दौरान दलित समाज की महिलाओं और पुरुषों ने मंदिर के रास्ते में भरे पानी में खड़े होकर नारेबाजी।

बीते तहसील दिवस में ग्राम वासियों ने प्रार्थना पत्र देकर कहा था कि गांव के नालों का गंदा पानी प्राचीन शिव मंदिर के जाने वाले रास्ते पर भरा है। यहां दलित समाज के लोग रहते हैं। जिसके चलते वह पूजा नहीं कर पा रहे हैं। आरोप है कि गांव के ही एक व्यक्ति ने सरकारी सड़क को काटकर पानी के रास्ते को बंद कर रखा है। ग्राम पंचायत ने यहां कई बार नाला बनवाकर पानी निकासी की कोशिश की गई थी। लेकिन आरोपी ने इसे रुकवा दिया। शनिवार को राजस्व विभाग की टीम ने मौके पर पहुंचकर जांच पड़ताल की। ग्राम वासियों ने मांग की कि पहले काटी सरकारी सड़क का रकबा पूरा किया जाए। इसके बाद नाला निर्माण हो। इस दौरान ग्राम वासियों और दूसरे पक्ष के लोगों में कहा सुनी भी हुई। वहीं दूसरा पक्ष इसमें कोर्ट का स्टे बता रहा है। ग्राम वासियों का कहना है कि सड़क का रकबा इतना है कि उसी में नाला भी निकाला जा सकता है। इस दौरान राजस्व विभाग की टीम से नायब तहसीलदार अनिल कुमार मिश्रा, लेखपाल अतुल चंद्र शर्मा, बीडीओ कुंदरकी, पुलिस टीम से उप निरीक्षक यशवीर मलिक उपस्थित रहे। प्रदर्शन करने वालों में शकुंतला, छोटी मुन्नी, माया देवी, बड़ी मुन्नी, रज्जो, पूजा, रीना, सोनू आदि रहे।


गंदे पानी में खड़े होकर नारेबाजी करते ग्रामीण। ● अमृत विचार

### स्काउट-गाइड शिविर में बच्चों को दिया प्रशिक्षण

**ठाकुरद्वारा, अमृत विचार** : भारत स्काउट गाइड का एस एजूकेशन तिकोनिया पर शिविर लगा। इसमें प्रशिक्षक आकाश दिवाकर ने गांठ बांधना, मार्च पास्ट, सैल्यूट की जानकारी दी। इसमें टोली एक ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। टोली में शिदरा, महक, शहरीन, जीशान, अलशिफा ने हिस्सा लिया। प्रबंधक शाहिद हुसैन सलमानी, सुहेल सलमानी ने निरीक्षण किया। इसमें नाजुक जहां, मोहम्मद मोबीन, तैयब, खुर्शीद सलमानी, मनोज कुमार, गौरव चौहान, सलीम सिद्दीकि रहे।




बोर्ड बैठक | सर्वसम्मति से सभी प्रस्ताव स्वीकृत, वाटर कूलरों की जल्द होगी मरम्मत

# अवैध कालोनियों के ध्वस्तीकरण का प्रस्ताव हुआ पारित

संवाददाता, ठाकुरद्वारा

**अमृत विचार** : नगर पालिका बोर्ड ने आय बढ़ाने के लिए कई प्रस्तावों पर मुहर लगाई है। इसमें अवैध कालोनियों के खिलाफ कार्रवाई और पालिका भूमि पर बहुमंजिला भवन बनाकर लीज पर देने के प्रस्ताव है।

नगर पालिका सभागार में शनिवार को चेयरमैन मोहम्मद इरफान सैफी की अध्यक्षता में बोर्ड की बैठक हुई। इसमें ईओ ललित कुमार आर्य ने पहले बैठक की कार्रवाई को पढ़कर सुनाया। इसके बाद नगर पालिका गेट के दोनों तरफ बनीं दुकानों को ध्वस्त कर तीन मंजिला दुकानों का निर्माण कराने एवं वर्तमान किरायेदारों को प्राथमिकता के आधार पर दुकान आवंटित करने, रजिस्टी कार्यालय के पास पालिका के स्वामित्व की भमि पर दुकानों का निर्माण कर पहले दुकानदारों को आवंटन करने, नगर की अवैध कालोनियों के खिलाफ कार्रवाई करने, पूर्व में स्थापित वाटर कूलरों की मरम्मत करने के साथ आवश्यक स्थानों पर हैंडपम्प लगाने, तिकोनिया पार्क में स्थित सार्वजनिक शौचालय को ध्वस्त कर पीपीपी माडल पर शौचालय निर्मित करने, नगर पालिका परिसर एवं सीमा क्षेत्र में स्वच्छ सर्वेक्षण 2024 के लिए वाल पेंटिंग कराने का प्रस्ताव पढ़कर सुनाया। सभी प्रस्तावों को सभासदों ने सर्वसम्मति से पारित कर दिया। सभासद राकेश व अन्य सभासदों ने प्रस्ताव के बाद कहा कि अभी तक नगर के विकास कार्य रुके हैं। बैठक में मोहम्मद आसिफ, जायसमीन जहां, अंकित शर्मा, साहिल खान, मोहम्मद वसीम, मुजीबुर्रहमान, मोहम्मद इरफान, राकेश दानव, राजेंद्र सिंह, राकेश कुमार, श्योराज सिंह, रूपाली बिंदल, कलीमुद्दीन आदि थे।


बोर्ड की बैठक में चर्चा करते चेयरमैन एवं अधिशासी अधिकारी। ● अमृत विचार

### दुकानें तोड़ने के प्रस्ताव पर भड़के दुकानदार

**ठाकुरद्वारा, अमृत विचार** : बोर्ड बैठक में पालिका गेट के दोनों ओर बनीं दुकानों को तोड़कर तीन मंजिला दुकानों के निर्माण का प्रस्ताव पास हुआ। इसकी भनक लगते ही दुकानदारों ने ईओ ललित आर्य और एसडीएम अजय कुमार मिश्रा को ज्ञापन देकर कहा कि दुकानदार पहले जसपुर बस स्टैंड का संचालन बंद होने एवं तहसील का गेट बदलने की वजह से रोजगार को लेकर परेशान हैं। अब पालिका तीन मंजिला दुकानों का निर्माण करने का प्रस्ताव ले आई है। इससे रोजगार पूरी तरह चौपट हो जाएगा। दुकानदारों ने नगर पालिका के प्रस्ताव को निरस्त करने की मांग की। इसमें राजेंद्र चंद्र पांडेय, भगत सिंह, सुनील कुमार, कौसर खान, नेहा सागर, मुकेश चंद्र, संदीप कुमार थे। बैठक समापन पर नाश्ता कराने को लेकर सफाई कर्मियों की ड्यूटी लगी थी। इसमें स्थायी सफाईकर्मी सरफराज और संविदा कर्मचारी जावेद के बीच प्लेट उठाने को लेकर कहासुनी हो गई। पहले तो मीटिंग हाल के बाहर विवाद चलता रहा। बाद में दोनों अधिकारियों के समक्ष पहुंच गए। जहां पर सरफराज और जावेद के बीच मारपीट हो गई। ईओ ललित आर्य और अध्यक्ष इरफान सैफी ने कार्रवाई का निर्णय लिया। सरफराज को निलंबित कर दिया, जावेद का अनुबंध समाप्त कर दिया।

"नगर पालिका बोर्ड के दुकानों को ध्वस्त कर तीन मंजिला दुकानें बनाने के प्रस्ताव का दुकानदारों ने विरोध किया है। पूरे प्रकरण को समझकर उचित निर्णय लिया जाएगा।
–अजय कुमार मिश्रा, उपजिलाधिकारी

"नगर पालिका बोर्ड ने नगर के सौंदर्यीकरण के लिए प्रस्ताव पारित किया है। दुकानदारों को कोई नोटिस नहीं दिया है। बेवजह दुकानदारों ने मुद्दा बना लिया। –इरफान सैफी, अध्यक्ष, नगर पालिका ठाकुरद्वारा

**एक नजर**

### शहर कोतवाल बने राजेश तिवारी, सनोज गए हसनपुर

**अमरोहा, अमृत विचार :** एसपी ने शहर कोतवाली की जिम्मेदारी राजेश कुमार तिवारी को दी है। जबकि सनोज प्रताप सिंह को हसनपुर कोतवाल बनाया है। एसपी कुंवर अनुपम सिंह ने शनिवार देर रात तीन थाना प्रभारियों के कार्यक्षेत्र में फेरबदल किया। शहर कोतवाली की कमान इंस्पेक्टर राजेश कुमार तिवारी को दी है। जबकि यहां तैनात सनोज प्रताप सिंह को हसनपुर का प्रभारी निरीक्षक बनाया है। यहां तैनात विनय कुमार सिंह को पीआरओ नियुक्त किया है। इसके अलावा अमरोहा देहात में वरिष्ठ उप निरीक्षक रमेश शहरावत को थाना रहरा की कमान दी है। जबकि एसओ रहरा संदीप कुमार को थाना अमरोहा देहात में वरिष्ठ उप निरीक्षक बनाया गया किया है।

### व्यापारी सुरक्षा फोरम ने किया शोभायात्रा का स्वागत

**अमरोहा, अमृत विचार :** व्यापारी सुरक्षा फोरम के पदाधिकारियों ने जट बाजार में रविदास जयंती शोभायात्रा का स्वागत किया। शोभायात्रा में चल रही झांकियों पर पुष्प वर्षा की। इस दौरान जिला अध्यक्ष रमेश कलाल, नितिन रस्तौगी, मनोज बाल्मीकि, हरीशवीर सिंह, मनोज वर्मा, मरगूब सिद्दीकी, मुजाहिद अली, रचित शर्मा, हर्षित शर्मा आदि मौजूद रहे।

# भारत जोड़ो न्याय यात्रा से राहुल-प्रियंका गांधी ने रखी लोस चुनाव की नींव

## खुली जीप में बैठकर राहुल और प्रियंका ने स्वीकार किया लोगों का अभिवादन

कार्यालय संवाददाता, अमरोहा

**अमृत विचार :** कांग्रेस की भारत जोड़ो न्याय यात्रा में राहुल गांधी और प्रियंका गांधी ने खुली जीप में बैठकर लोगों का अभिवादन स्वीकार किया। इस दौरान राहुल और प्रियंका ने सरकार पर हमला बोला। यात्रा के बीच में ही राहुल गांधी ने एक्स पर लिखा, छात्र शक्ति और युवा एकता की बड़ी जीत की वजह से उत्तर प्रदेश पुलिस परीक्षा आखिरकार निरस्त कर दी गई। इससे संदेश साफ है कि सरकार कितना भी सच को दबाने की कोशिश करे, एकजुट होकर लड़ने से ही अपना हक जीता जा सकता है। जो जुड़ेंगे वो जीतेंगे, जो बटेंगे वो कुचल दिए जाएंगे।



भारत जोड़ो न्याय यात्रा में जीप में सवार राहुल व प्रियंका गांधी। ● अमृत विचार



सुरक्षा के लिए तैरान सीओ व पुलिसकर्मी। ● अमृत विचार

कांग्रेस की भारत जोड़ो न्याय यात्रा को लेकर शनिवार की सुबह से ही कार्यकर्ताओं में उत्साह दिखा। सुबह से ही कार्यकर्ता मुख्य चौराहों पर खड़े हो गए। गांधी मूर्ति चौराहे पर जिला कांग्रेस कमेटी के पदाधिकारी, नायाब अब्बास डिग्री कॉलेज पर कांग्रेस नेता फिरोज कमाल अब्बासी के नेतृत्व में कार्यकर्ता व अन्य लोग राहुल व प्रियंका के स्वागत के लिए तैयार थे। इस दौरान सुरक्षा के कड़े इंतजाम किए गए थे। चप्पे-चप्पे पर पुलिस व सीआरपीएफ के जवान लगाए गए थे। शनिवार दोपहर करीब दो बजे यात्रा कैलसा बाईपास पहुंची। यहां पाकबड़ा से होते हुए जिले की सीमा पर स्थित गांव पायंती कला में प्रवेश किया। सैकड़ों गाड़ियों का काफिला जैसे ही अमरोहा पहुंचा तो लोगों ने राहुल और प्रियंका गांधी के नारे लगाने शुरू कर दिए। यहां से राहुल गांधी का काफिला बाईपास स्थित संत रविदास चौक पहुंचा। यहां उन्होंने प्रतिमा पर माल्यार्पण किया। इसके बाद यात्रा संभल के लिए रवाना हो गई। कार्यकर्ताओं को उम्मीद थी कि राहुल और प्रियंका गांधी मूर्ति पर जनसभा करेंगे लेकिन वह बिना रुके ही आगे बढ़ गए। जिला कांग्रेस कमेटी के पदाधिकारी राहुल गांधी से बार-बार गुजारिश करते रहे कि गांधी प्रतिमा पर माल्यार्पण करें और दो शब्द बोलें। लेकिन राहुल गांधी यहां नहीं रुके और काफिला आगे बढ़ता गया। दोपहर करीब 3 बजे के बाद यह यात्रा संभल रवाना हो गई। इस दौरान सांसद दानिश अली व पूर्व लोकसभा प्रत्याशी सचिन चौधरी राहुल गांधी की जीप पर रहे सवार। यात्रा में झंडे भी लहराए गए। कार्यकर्ताओं ने राहुल गांधी जिंदाबाद व प्रियंका गांधी जिंदाबाद के नारे लगाए।



संत रविदास की मूर्ति पर माल्यार्पण करते राहुल गांधी। ● अमृत विचार




सांसद दानिश अली के विरोध में पोस्टर दिखाते लोग। ● अमृत विचार

### लोगों ने दिखाए राहुल तुमसे प्यार है, दानिश पांच साल से फरार है लिखे पोस्टर दिखाए

**अमरोहा, अमृत विचार :** जिले में राहुल व प्रियंका गांधी की भारत जोड़ो न्याय यात्रा का स्वागत किया गया। यात्रा में शामिल होने के लिए बसपा से निलंबित सांसद दानिश अली का विरोध दिखाई दिय। यात्रा के बीच में ही कुछ लोगों ने सांसद दानिश अली का विरोध करना शुरू कर दिया। उन्होंने राहुल तुमसे प्यार है, दानिश पांच साल से फरार है स्लोगन लिखे बैनर लहराए। इससे कार्यकर्ताओं में हड़कंप मच गया। कांग्रेस की भारत जोड़ो न्याय यात्रा को लेकर सांसद दानिश अली ने पूरी तैयारी की थी। इसका नजारा भी यात्रा के दौरान देखने को मिला। वह पूरे समय राहुल गांधी की गाड़ी में मौजूद रहे। इस बीच किसी तरह की घोषणा नहीं की गई। जिस अंदाज से वह गाड़ी में सवार थे उससे जाहिर हो रहा था कि वह जल्द ही कांग्रेस में शामिल होने के साथ अपनी दावेदारी को मजबूती देंगे। इस बीच अचानक कुछ लोगों ने सांसद दानिश अली का विरोध करना शुरू कर दिया। उन्होंने राहुल तुमसे प्यार है, दानिश पांच साल से फरार है लिखे बैनर लहरा दिए। इससे कार्यकर्ताओं में हड़कंप मच गया। आनन-फानन सभी को पीछे की तरफ धकेला गया। लोग हाथों में तख्ती लिए हुए खड़े रहे। इससे अंदाजा लगाया जा रहा है कि लोकसभा चुनाव से पहले ही सांसद दानिश अली का जिले में विरोध शुरू हो गया है।

# बर्दाश्त नहीं होगा परिषदीय शिक्षकों का शोषण

संवाददाता, हसनपुर

**अमृत विचार :** शनिवार को उत्तर प्रदेशीय प्राथमिक शिक्षक संघ की जिला स्तरीय बैठक का आयोजन राजपूत कालोनी में किया गया। बैठक में बोर्ड परीक्षा के केंद्र व्यवस्थापक, अतिकेन्द्र व्यवस्थापक आदर्श इंटर कॉलेज कुटी दौलतपुर ने तीन शिक्षकों पर की गई कार्यवाही को गलत बताते हुए निरस्त करने की मांग की।



प्रदर्शन करते शिक्षक। ● अमृत विचार

कहा कि बोर्ड परीक्षा में लगे किसी भी परिषदीय शिक्षक के खिलाफ अगर कोई कार्यवाही की जाती हैं तो शिक्षक बोर्ड परीक्षा का बहिष्कार करेंगे। जिलाध्यक्ष यशपाल सिंह ने कहा संगठन द्वारा मांग की जाती है कि जब तक तीनों शिक्षक साथियों के खिलाफ निर्गत पत्र निरस्त नहीं किया जाता और केंद्र व्यवस्थापक रामकिशोर सिंह प्रधानाचार्य, अतिरिक्त केंद्र व्यवस्थापक महीपाल सिंह परीक्षा केंद्र आदर्श इंटर कालेज कुटी दौलतपुर को परिवर्तित नहीं किया जाता तब तक परिषदीय शिक्षक परीक्षा ड्यूटी नहीं करेंगे। किसी भी सूरत में शिक्षकों का शोषण बर्दाश्त नहीं किया जायेगा।

जिला मंत्री मुकेश चौधरी ने बताया कि बेसिक के शिक्षक परीक्षा केंद्र पर एक दिन पूर्व अपनी उपस्थिति दर्ज कराते हैं। उसी दिन संबंधित अध्यापक के विषय परीक्षा प्रभारी द्वारा नोट कर लिए जाते हैं। संभावित ड्यूटी चार्ट अध्यापकों को उपलब्ध कराया जाता है। संज्ञान में आया है कि अभी तक परीक्षा में लगे किसी भी शिक्षक को ड्यूटी चार्ट उपलब्ध नहीं कराया है। यह शोषण करने का नया तरीका है। इस अवसर पर ब्लॉक अध्यक्ष होमपाल सिंह चौहान, ब्लॉक अध्यक्ष गंगेश्वरी रामवीर सिंह, ब्लॉक मंत्री जोया हीरा सिंह, शिक्षामित्र संघ के जिलाध्यक्ष सुधीर पोसवाल, देवेंद्र शर्मा, अरविंद चौधरी, राजीव कुमार, अमित गुप्ता, सतवीर सिंह, गजेंद्र सिंह ढाका, लख्मी सिंह, विक्रम सिंह, अरुण कुमार आदि मौजूद रहे।

# कल होगी सुहेलदेव भारतीय समाज पार्टी की जनसभा

संवाददाता, सैदनगली

**अमृत विचार :** सुहेलदेव भारतीय समाज पार्टी की बैठक ढक्का में अफ्फान चौधरी के आवास पर हुई। इसमें 26 फरवरी को ढक्का में होने वाली जनसभा को लेकर रणनीति बनाई। जनसभा को प्रदेशाध्यक्ष प्रेम चंद कश्यप सम्बोधित करेंगे।

जनसभा को सफल बनाने को लेकर जिला अध्यक्ष सत्यपाल तोमर ने ग्राम वासियों कहा कि ओमप्रकाश राजभर ऐसे नेता हैं जो दबे, कुचले, शोषित, वंचितों व अल्पसंख्यकों की आवाज सड़क से सदन तक उठा रहे हैं। अल्पसंख्यकों को सुहेलदेव भारतीय समाज पार्टी के साथ जुड़ जाना चाहिए। बैठक में मोहम्मद यूनुस, पंडित राम अवतार शर्मा मंडल उपाध्यक्ष, अफ्फान चौधरी, डॉ. चन्द्रपाल सिंह सैनी विधान सभा अध्यक्ष हसनपुर, अमरपाल सिंह आदि रहे।



बैठक में मौजूद सुहेलदेव भारतीय समाज पार्टी के कार्यकर्ता। ● अमृत विचार

# रिसाइकिलिंग प्लांट के विरोध में उतरी भाकियू

संवाददाता, हसनपुर

**अमृत विचार :** भारतीय किसान यूनियन शंकर की मासिक पंचायत में किसानों ने क्षेत्र में लग रहे रिसाइकिलिंग प्लांट का विरोध किया। मांग की कि यह प्लांट आबादी में नहीं लगना चाहिए। इसके विरोध में भाकियू शंकर के कार्यकर्ता 27 फरवरी को धरना-प्रदर्शन करेंगे।

नगर के अमरोहा मार्ग स्थित मंडी समिति प्रांगण में भारतीय किसान यूनियन शंकर की मासिक पंचायत हुई। इसमें प्रदेश संरक्षक स्वामी हर मनोज दास ने कहा कि तहसील क्षेत्र के ग्राम फिरोजपुर गढ़ावली में मैनर्स बिन मैनेजमेंट प्राइवेट लिमिटेड के नाम से रिसाइकिलिंग प्लांट लग रहा है। इससे क्षेत्र का पर्यावरण एवं जलवायु प्रदूषित हो जाएगी। फल, सब्जी आदि की फसलों को भी हानि होनी निश्चित है। इस प्लांट का इंसान पर भी अनेक प्रकार से असर पड़ेगा। नियमानुसार ऐसे प्लांट 200 किलोमीटर के दायरे में दो नहीं लग सकते।



पंचायत में बोलते भाकियू शंकर के वक्ता। ● अमृत विचार

**▸▸ 27 फरवरी को धरना-प्रदर्शन करने का किया ऐलान**

जबकि एक प्लांट 80 किलोमीटर की दूरी पर गाजियाबाद में है। भाकियू शंकर इसका विरोध करती है। अध्यक्षता प्रदेश संरक्षक मनोज दास महाराज तथा संचालन उदयवीर ने किया। पंचायत में ब्लॉक अध्यक्ष धीरज सिंह, मायाराम सिंह, नेतराम सिंह सैनी, सीताराम, हिमांशु सैनी, हरकेश सिंह, राजू चौहान, राजकुमार, लोकेश आदि किसान मौजूद रहे।



कार्यक्रम में प्रस्तुति देते बच्चे। ● अमृत विचार

# सांस्कृतिक कार्यक्रम से मन मोहा

संवाददाता, हसनपुर

**अमृत विचार :** सरस्वती शिशु मंदिर जूनियर हाई स्कूल के वार्षिक उत्सव कार्यक्रम में बच्चों ने सांस्कृतिक एवं शारीरिक कार्यक्रमों ने उपस्थित लोगों का मन मोह लिया।

शुक्रवार को सरस्वती शिशु मंदिर जूनियर हाई स्कूल में वार्षिक उत्सव का आयोजन किया गया। मुख्य अतिथि विधायक के पुत्र महेंद्र खड़गवंशी एवं विशिष्ट अतिथि ईशान अग्रवाल गजरौला, संगीता अग्रवाल अध्यक्ष महिला अग्रवाल सभा हसनपुर व विभाग प्रचारक सम्भल अतुल कुमार रहे। कार्यक्रम का शुभारंभ अतिथियों ने मां शारदा के चित्र के सम्मुख दीप प्रज्वलित कर किया। बच्चों ने सर्वप्रथम मां शारदा वन्दना, स्वागत गीत, पूजा के फूल नामक नाटक, समूह ज्ञान,त, डांडिया गीत, मल युद्ध, योगासन प्रस्तुत किया। बच्चों की प्रस्तुति ने लोगों का मन जीत लिया। विधायक के पुत्र ने कहा कि सरस्वती शिशु मंदिर में शिक्षा के साथ संस्कार भी सिखाए जाते हैं। कार्यक्रम की अध्यक्षता आलोक गर्ग तथा संचालन विद्यालय के अध्यापक ने किया।

# करियर विकल्पों के लिए किया मार्गदर्शन

संवाददाता, गजरौला

**अमृत विचार :** श्री वेंक्टेश्वरा विश्वविद्यालय में शनिवार को विकसित भारत संकल्प-2047 के तहत साठ दिन से गरीब मेधावी बोर्ड परीक्षार्थियों के लिए चलाई जा रही निःशुल्क कोचिंग एवं करियर गाइडेन्स योजना ऑपरेशन स्माइल-2024 का समापन हो गया।

24 दिसम्बर 2023 से चली आ रही इस योजना के तहत वेंक्टेश्वरा के 500 से अधिक शिक्षकों ने शनिवार एवं रविवार को मुरादाबाद एवं मेरठ मण्डल के चयनित 101 गांवों में जाकर बोर्ड परीक्षार्थियों को निःशुल्क कोचिंग के साथ उनके कैरियर विकल्पों के लिए मार्गदर्शन किया। समूह चेयरमैन डॉ. सुधीर गिरि ने प्रतिकुलाधिपति डॉ. राजीव त्यागी के साथ मिलकर योजना में लगे शिक्षकों को सम्मानित किया। कहा कि भारत को 2047 तक विकसित राष्ट्र बनाने की संकल्प यात्रा अकेले प्रधानमंत्री की ही जिम्मेदारी नहीं है। बल्कि हर जिम्मेदार नागरिक को अपने क्षेत्रों में शानदार काम करते हुए राष्ट्र विकास के इस महायज्ञ में आहुति देनी होगी। डॉ. राजीव त्यागी ने बताया कि विकसित भारत संकल्प-2047 के तहत अन्त्योदय तक शिक्षा की पहुंच सुनिश्चित हो सके। इसी क्रम में 24 दिसम्बर 2023 को विश्वविद्यालय ने पश्चिमी यूपी के गरीब मेधावी बोर्ड परीक्षार्थियों के लिए ऑपरेशन स्माइल की शुरूआत की थी। समापन में प्रधान सलाहकार प्रो. वीपीएस अरोड़ा, सलाहकार आरएस शर्मा, सीईओ अजय श्रीवास्तव, अश्विन कुमार सक्सेना आदि रहे।



बच्चों का मार्गदर्शन करते शिक्षक। ● अमृत विचार

**▸▸ ऑपरेशन स्माइल 2024 का हुआ समापन**

### पटाखे की आवाज निकालने वाली बुलेट को पुलिस ने किया सीज

**गजरौला, अमृत विचार :** पटाखे की आवाज निकालने वाली बुलेट को पुलिस ने पकड़कर कार्रवाई करते हुए दो युवकों को हिरासत में लिया है। प्रभारी निरीक्षक हरीश वर्धन ने बताया कि पकड़े गए अभिषेक निवासी दौराला व मुकुल कुमार निवासी भगवानपुर थाना सिम्भावली जिला हापुड़ के खिलाफ कार्रवाई की गई है। बाइक को सीज कर दिया गया है।




**आस्था** | परिवार और समाज में सुख-शांति व समृद्धि की कामना की

# बृजघाट व तिगरी धाम में श्रद्धालुओं ने लगाई डुबकी

संवाददाता, गजरौला

**अमृत विचार :** शनिवार को माघ पूर्णिमा पर हजारों श्रद्धालुओं ने गंगा में आस्था की डुबकी लगाई। बृजघाट व तिगरी गंगा तट पर श्रद्धालुओं की भारी भीड़ रही। गंगा स्नान कर परिवार और समाज में सुख-शांति एवं समृद्धि की कामना की गई।

शनिवार सुबह से ठंड के बावजूद गंगा घाटों पर हजारों की संख्या में श्रद्धालुओं की भीड़ जुटनी शुरू हो गई। हर-हर गंगे के उद्घोष संग स्नान किया। बहुत से श्रद्धालुओं ने शुक्रवार रात ही गंगा तटों पर डेरा जमा लिया था। भोर की पहली किरण के साथ निजी वाहनों के अलावा रोडवेज अन्य साधनों से भी श्रद्धालुओं का बृजघाट व तिगरी धाम पहुंचना शुरू हो गया। गंगा स्नान के बाद श्रद्धालुओं ने सूर्य को अर्ध्य देकर पूजा-अर्चना की। जरुरतमंदों को दान कर पुण्य लाभ कमाया, मंदिरों में पूजा की। हर-हर गंगे के जयकारे गंगा तट पर गूंजते रहे। अमरोहा के अलावा आसपास के जनपदों रामपुर, मुरादाबाद, संभल, बिजनौर, मेरठ, हापुड़, बुलंदशहर आदि से पहुंचे श्रद्धालुओं ने भी गंगा स्नान किया।



बृजघाट स्थित गंगा में स्नान करते श्रद्धालु। ● अमृत विचार

### पुराने विवाद में सास बहू को पीटा, रिपोर्ट

**गजरौला, अमृत विचार :** पुराने विवाद के चलते सास बहू को मारपीट कर घायल कर दिया गया। दोनों को सीएचसी में भर्ती कराया गया। मामले में पुलिस ने आरोपी दंपती के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

क्षेत्र के गांव चकनवाला निवासी कोशिंद्र की पत्नी संगीता गुरुवार की रात घर के पास ही एक दुकान पर सामान खरीदने जा रही थी। आरोप है कि रास्ते में मूलचंद ने उसके साथ गाली-गलौज की। विरोध पर मूलचंद व उसकी पत्नी ने मारपीट भी की। जानकारी पर संगीत की सास माया देवी उसे बचाने पहुंची तो आरोपी दंपती ने उनके साथ भी मारपीट की। पीड़ित पक्ष ने आरोपियों के खिलाफ कार्रवाई की मांग को लेकर पुलिस को तहरीर दी। प्रभारी निरीक्षक हरीश वर्धन ने मूलचंद व उसकी पत्नी गजो के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू करने की बात कही है।

## एक नजर

### बालाजी महाराज की मूर्ति स्थापना के बाद हुआ भंडारा

**रहरा/मुबारिजपुर, अमृत विचार :** ब्लाक गंगेश्वरी क्षेत्र के रहरई गांव में बालाजी महाराज आश्रम पर 21 दिन अखंड ज्योत हुई। आश्रम पर कई मूर्तियां स्थापित की गई। कार्यक्रम समापन पर जागरण में पहुंचे ब्लॉक प्रमुख राजेंद्र सिंह खड़गवंशी ने बालाजी दरबार में अर्जी देकर आशीर्वाद लिया। इसके बाद भंडारे का आयोजन किया गया। इसमें गांव समेत दूर-दराज के भक्तों ने प्रसाद ग्रहण किया। भंडारे का सिलसिला शाम तक चलता रहा। इस मौके पर महंत जगवीर सिंह, राकेश, अजयपाल, गिरीश, विजेंद्र, सुभाष, कुमार, सोनपाल, राजकुमार, योगेश, यादवेंद्र, देवकुमार, सुनीता भारती लाखन सिंह, पप्पू आदि उपस्थित रहे।

### रेत के अवैध खनन में छह बुग्गी पकड़ीं, सीज

**हसनपुर, अमृत विचार :** प्रशासन ने पुलिस बल को साथ लेकर रहरा चौराहे पर रेत के अवैध खनन पर छापामारी की। इस दौरान टीम ने अवैध रेत से भरी छह बुग्गियों को पकड़ कर सीज कर दिया। शनिवार की सुबह छह बजे नायब तहसीलदार रूपेश कुमार ने पुलिस बल के साथ रहरा चौराहे पर रेत के अवैध खनन के विरुद्ध अभियान चलाया। इस दौरान टीम ने रेत से भरी छह भैंसा बुग्गियों को पकड़ कर सीज कर दिया। नायब तहसीलदार ने बताया कि छह बुग्गी पकड़ीं है। इसकी उच्चाधिकारियों को रिपोर्ट भेजी जाएगी।

# धूमधाम से मनाई संत शिरोमणि रविदास की जयंती

## विधायक ने संत रविदास के पदचिन्हों पर चलने का किया आह्वान

संवाददाता, गजरौला

**अमृत विचार :** पूज्य संत शिरोमणि रविदास की जयंती के अवसर पर विधायक राजीव तरारा ने उनके पदचिन्हों और उनके बताए रास्ते पर चलने का आह्वान किया। कहा कि संत रविदास के दोहे व पद हमें जातिगत भेदभाव को दूर करने और सामाजिक एकता को मजबूत करने की सीख देते हैं।

शनिवार को आयोजित कार्यक्रम में विधायक ने संत रविदास के चित्र पर माल्यार्पण किया। कहा कि संत रविदास जी ने अपने दोहों व पदों के माध्यम से समाज में जातिगत भेदभाव को दूर कर सामाजिक एकता पर जो बल दिया और मानवतावादी मूल्यों की नींव रखी, वह जनमानस के लिए सदैव प्रेरणादायी है। वह कहते थे कि मन चंगा तो कठौती में गंगा। कहा कि हमें संत रविदास के साहित्य को पढ़ना चाहिए और जीवन में सीख लेनी चाहिये।

कार्यक्रम के समापन पर प्रसाद का वितरण भी किया गया।


संत रविदास के चित्र पर माल्यार्पण करते विधायक राजीव तरारा। ● अमृत विचार

इस अवसर पर निहार त्यागी, सचिन त्यागी, सीताराम कश्यप, सत्यपाल पाल, सूरज पाल, प्रधान उधम सिंह, अनुसूचित मोर्चा के जिलाध्यक्ष रामरतन सिंह जाटव, विशाल शर्मा, सतवीर सिंह आदि लोग मौजूद रहे। विधायक ने कार्यक्रम के उपरांत अपने आवास पर आए क्षेत्र के लोगों की समस्याएं सुनकर संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए और समस्याओं का तत्काल निराकरण कराया।

### जंयती पर संत रविदास को किया गया नमन

**हसनपुर, अमृत विचार :** संत शिरोमणि रविदास की जयंती के अवसर पर विद्यालय में छात्र-छात्राओं एवं शिक्षकों ने उनके चित्र पर पुष्प अर्पित कर नमन किया। मोहल्ला राजपूत कॉलोनी स्थित रामसरन एवं सुशीला आनंद हाई स्कूल के प्रांगण में कार्यक्रम का आयोजन किया गया। छात्र-छात्राओं एवं विद्यालय के शिक्षकों व कर्मचारियों ने संत शिरोमणि के चित्र के सम्मुख दीप प्रज्वलित कर पुष्प अर्पित किए और उन्हें नमन किया। विद्यालय के अध्यक्ष पंडित रवि शंकर शर्मा ने कहा कि संत रविदास ने अपने जीवन काल में समाज में फैली कई बुराइयों और भेदभाव के खिलाफ आवाज उठाई थी। 15वीं शताब्दी में संत शिरोमणि द्वारा लिखे गए दोहे आज भी लोगों को प्रेरणा देते हैं। इस अवसर पर विद्यालय के प्रबंधक सुशील चंद्र सक्सेना, राहुल शर्मा, निशांत त्यागी, सोमवती कश्यप, सोहनलाल, राजीव शर्मा, अंकित चौहान, सुनील यादव, भावना, चरण सिंह, मंजरी दीक्षित, समीर, निकिता अग्रवाल आदि मौजूद रहे।

### रविदास जी ने छुआछूत मिटाने को किया संघर्ष

**हसनपुर, अमृत विचार :** संत शिरोमणि रविदास की जयंती के अवसर पर उनके अनुयायियों ने नगर के मुख्य मार्गों पर धूमधाम एवं हर्षोल्लास के साथ शोभायात्रा निकाली। इसका शुभारंभ नगर पालिका परिषद के अध्यक्ष राजपाल सैनी ने फीता काटकर किया। संत शिरोमणि रविदास के 653वें जन्मदिवस के अवसर पर उनके अनुयायियों ने नगर में शोभायात्रा निकाली। शोभायात्रा नगर के मोहल्ला खेवान से प्रारंभ होकर पूठ रोड, शिवाजी मार्ग, घास मंडी, दरबार, जनकपुरी, पंसारा बाजार, इंदिरा चौक, वर्मा मार्केट होते हुए आंबेडकर पार्क पर संपन्न हुई। इसमें संत रविदास से संबंधित झांकियां नगर वासियों को शिक्षा दे रही थीं। पालिकाध्यक्ष ने कहा कि संत रविदास ने छुआछूत को मिटाने के लिए संघर्ष किया था। उनके जीवन से हमें भाईचारे को कायम रखने का उपदेश मिलता है। सुरक्षा के मद्देनजर क्राइम इंस्पेक्टर जितेंद्र बालियान भारी पुलिस बल के साथ तैनात रहे। शोभायात्रा में मयंक अग्रवाल, प्रशांत सैनी, लता सागर, शिव कुमार, मनोज कुमार, आसाराम, पवन राज, अरविंद अन्ना, मुखिया जाटव, रामवीर सिंह, महेंद्र सिंह आर्य, अतर सिंह आदि मौजूद रहे।



संत रविदास की शोभायात्रा में शामिल अनुयायी। ● अमृत विचार


शोभायात्रा में शामिल झांकी। ● अमृत विचार


संत शिरोमणि रविदास के चित्र पर पुष्प अर्पित करते शिक्षक। ● अमृत विचार

# वादकारियों को मिलेगा त्वरित न्याय : भगत सिंह

संवाददाता, अमरोहा/नौगावां सादात

**अमृत विचार :** तहसील बार एसोसिएशन द्वारा उपसंचालक चकबंदी सुरेश जायसवाल एवं नवागंतुक उप जिलाधिकारी (न्यायिक) भगत सिंह के साथ परिचयात्मक बैठक की गई।

उपसंचालक चकबंदी ने कहा कि बार एवं बेंच का स्थायी माधुर्य संबंध एवं सामंजस्य वादकारियों को न्याय दिलाने हेतु अधिवक्ता महत्वपूर्ण कड़ी होते हैं। अधिवक्ताओं को अपने मुवक्किल के पक्ष में समस्त कानूनी पहलुओं को रखना चाहिए। सभी साक्ष्यों से न्यायालय को अवगत कराया जाना चाहिए। नवागंतुक उप जिलाधिकारी (न्यायिक) ने कहा कि सुलभ, त्वरित न्याय न्यायालय में शीर्घ ही वादकारियों को दिखाई भी देगा। इसके लिए बार को आश्वस्त करते हैं। बार अध्यक्ष गंगासरन ने कहा कि वादकारियों को शीघ्र सुलभ एवं त्वरित न्याय मिलना भी चाहिए। अधिवक्ताओं ने दिवंगत दो राजस्व निरीक्षकों की आत्मा की शांति के लिए दो मिनट का मौन रखा। इस मौके पर बार एसोसिएशन के महासचिव सुरमित कुमार गुप्ता, एल्डर कमेटी के सदस्य श्योराज सिंह, पूर्व अध्यक्ष गजेन्द्र चौधरी, नरेशपाल सिंह, डॉ. इसरार खां, आफताब आलम, फतेह सिंह, धीरेन्द्र सिंह, केशव राव प्रजापति, रमेश चंद्र, अरविंद शर्मा, चरन सिंह चौहान, विनोद कुमार त्यागी, संजीव कुमार, सोहेल अब्बास, राजेन्द्र सिंह, केदारनाथ, जयप्रकाश सैनी आदि मौजूद रहे।


बैठक में मौजूद उपसंचालक चकबंदी, एसडीएम न्यायिक व अधिवक्ता। ● अमृत विचार

## पेड़ लगाने के विवाद में फायरिंग, दी तहरीर

**अमरोहा/नौगावां सादात, अमृत विचार :** गांव सुल्तानपुर में खेत की मेड़ पर पॉपुलर के पेड़ लगाने को लेकर विवाद हो गया। देखते देखते ही फायरिंग हो गई। इससे भगदड़ मच गई। फायरिंग की सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची और मामले की जांच की। तहरीर दे दी गई है।

मामला थाना नौगावां सादात क्षेत्र के गांव सुल्तानपुर का है। यहां के निवासी रिवाजुद्दीन व गांव में ही रहने वाले व्यक्ति के खेत आसपास हैं। शनिवार को रिवाजुद्दीन ने अपने खेत की मेड़ पर पॉपुलर के पेड़ लगा दिए। इसका पड़ोसी खेत स्वामी ने विरोध किया तो दोनों पक्षों में कहा सुनी हो गई। इसके बाद पड़ोसी ने गुस्से में आकर हवाई फायरिंग कर दी। रिवाजुद्दीन ने गांव के नजदीक ईदगाह पर खड़ी डायल 112 को फायरिंग की सूचना दी।

# विवादित जमीन पर कब्र खोदने को लेकर मारपीट

संवाददाता, अमरोहा/नौगावां सादात

**अमृत विचार :** विवादित जमीन पर कब्र खोदने को लेकर दो पक्ष आमने-सामने आ गए। देखते ही देखते मारपीट हो गई। इसमें तीन लोग घायल हो गए। पुलिस ने दोनों पक्षों में फैसला करा दिया।

मामला नौगावां सादात कस्बे का है। शुक्रवार की रात मोहल्ला बेल का तालाब निवासी मौजिज हुसैन की मौत हो गई थी। दफिने को लेकर परिजनों ने विवादित जमीन पर कब्र खोदना शुरू कर दिया। शादाब रजा ने परिजनों के साथ मौके पर पहुंचकर कब्र खोदने से मना कर दिया। इसी को लेकर मोहम्मद अली, जॉनी, पप्पू, जीशान व राजा में मारपीट शुरू हो गई। इसमें शादाब रजा, निसार हुसैन, सिब्ते असगर गंभीर रूप से घायल हो गए। मोहल्ले वालों ने जैसे तैसे बीच बचाव किया और पुलिस को सूचना दी। सूचना पर प्रभारी निरीक्षक पंकज तोमर मौके पर पहुंचे। तहसील प्रशासन भी आ गया। पुलिस-प्रशासन ने दोनों पक्षों को समझाकर किसी तरह जनाजे की नमाज अदा कराकर दफीना कराया। इसके बाद दोनों पक्षों से शांति बनाए रखने की अपील करते हुए जमीन के कागजात लेकर तहसील में प्रस्तुत होने के लिए कहा।

सीओ अंजलि कटारिया ने बताया कि विवादित जमीन होने के कारण कब्र खोदने से रोक दी गई थी। घायलों को अस्पताल में भर्ती कराया गया है। तहरीर मिलने पर मारपीट करने वालों पर मामला दर्ज किया जाएगा। फिलहाल दोनों पक्षों को समझाकर दफिना करा दिया गया है।


मारपीट के बाद मौके पर मौजूद भीड़। ● अमृत विचार

## ई-रिक्शा की टक्कर से बाइक सवार दो लोग घायल

**गजरौला, अमृत विचार :** ई-रिक्शा की टक्कर से बाइक सवार दो लोग घायल हो गए। घायलों को सीएचसी में भर्ती कराया गया। दोनों की हालत गंभीर देख चिकित्सक ने प्राथमिक उपचार के बाद हायर सेंटर रेफर कर दिया।

क्षेत्र के धनौरी माफी गांव निवासी ऋतिक व नाजरपुर गांव निवासी मनदीप शनिवार की दोपहर किसी काम से गजरौला आए थे। रेलवे मार्ग पर ई-रिक्शा ने उनकी बाइक को टक्कर मार दी। इसमें दोनों लोग घायल हो गए। हादसे के बाद मौके पर पहुंचे आसपास के लोगों ने दोनों घायलों को सीएचसी में भर्ती कराया। सूचना मिलने पर घायलों के परिवार वाले भी पहुंच गए। प्रभारी निरीक्षक हरीश वर्धन ने तहरीर मिलने पर कार्रवाई करने की बात कही है।


भाकियू टिकैत की बैठक में शामिल कार्यकर्ता। ● अमृत विचार

# गोशाला भेजे जाएं छुट्टा पशु

संवाददाता, मुबारिजपुर

**अमृत विचार :** ब्लाक गंगेश्वरी क्षेत्र के गांव बहादुरपुर मिश्र में भारतीय किसान यूनियन टिकैत की बैठक हुई। इसमें क्षेत्र की समस्याओं को लेकर वक्ताओं ने कहा कि किसान आंदोलन जारी है। सरकार किसानों की तरफ ध्यान नहीं दे रही है। सरकार किसानों पर जुल्म ढा रही है। जिससे किसानों में रोष है।

बताया कि क्षेत्र की प्रत्येक ग्राम पंचायत में सैकड़ों छुट्टा पशुओं ने आतंक मचा रखा है। लोगों पर भी हमला करने को तैयार रहते हैं। कई लोगों को मौत के घाट भी उतार चुके हैं। इनसे किसानों को निजात दिलाई जाए। इन्हें पकड़कर गोशाला भिजवाया जाए। बिजली का भी संकट रहता है। गांव में जर्जर तारों से चिंगारियां उठती हैं। इसे हादसे होने की आशंका बनी रहती है। सरकार किसानों की समस्याओं को नहीं सुनेगी तो आंदोलन जारी रहेगा। किसान जगह-जगह धरना प्रदर्शन करने को बाध्य होगा। इस मौके पर सेवाराम, फूलसिंह, डा.सुरेंद्र कुमार शर्मा, महावीर सिंह, रामशरण सिंह, हरिओम आदि मौजूद रहे।

## दो राजस्व निरीक्षकों की मौत से विभाग में शोक

**हसनपुर, अमृत विचार :** तहसील कार्यालय में तैनात दो राजस्व निरीक्षकों की मौत से विभाग में गम का माहौल है। अधिकारियों ने मृतकों के घर पहुंच कर सांत्वना दी।

तहसील कार्यालय में तैनात राजस्व निरीक्षक हरपाल सिंह ठाकुरद्वारा के रहने वाले थे। वह राजपूत कॉलोनी में किराए के मकान में रह रहे थे। शुक्रवार की शाम मकान में कोई आहट नहीं हुई तो मोहल्ले वालों ने पुलिस को सूचना दी। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर कमरा खोला तो हरपाल सिंह मृत पड़े थे। पुलिस ने उनके परिजनों को सूचना दी और शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। माना जा रहा है कि राजस्व निरीक्षक हरपाल की मृत्यु हार्ट अटैक के कारण हुई है। वहीं तहसील कार्यालय में तैनात दूसरे राजस्व निरीक्षक देशराज की लंबी बीमारी के चलते अमरोहा स्थित अपने आवास पर मृत्यु हो गई।


बैठक को संबोधित करते संगठन के वक्ता। ● अमृत विचार

# चोरी की घटनाओं पर रोक लगाए पुलिस : भाकियू

संवाददाता, मंडी धनौरा

**अमृत विचार :** शनिवार को ब्लॉक परिसर में भारतीय किसान यूनियन असली की मासिक बैठक हुई। इस दौरान किसानों ने कहा कि संयुक्त किसान मोर्चा अराजनैतिक के नेतृत्व में चल रहे किसान आंदोलन में शहीद हुए शुभकरण को केंडल मार्च निकालकर श्रद्धांजलि दी जाएगी। किसान मोर्चा अराजनैतिक का जो भी कार्यक्रम मिलेगा भाकियू असली उसमें हिस्सा लेगी।

कार्यकर्ताओं ने पुलिस से क्षेत्र में बढ़ रही चोरी की घटनाओं पर अंकुश लगाने की मांग की। 29 फरवरी को चंडीगढ़ में किसान मोर्चा अराजनैतिक की होने वाली बैठक को लेकर भाकियू असली भी अलर्ट रहेगी। जो भी आदेश होगा उसका पालन किया जायेगा। बैठक में मंडल अध्यक्ष डूंगर सिंह, नरेश कुमार, जसपाल सिंह, रमेश प्रधान, आसिफ अली, मेहर सिंह, राजकुमार, दिनेश कुमार, अशोक वर्मा आदि मौजूद रहे।

# बाजारों में जाम से परेशान, जिम्मेदार चुप

संवाददाता, हसनपुर

**अमृत विचार :** ई-रिक्शाओं के संचालन के कारण नगर के बाजारों में जाम लगना आम बात हो गई है। जाम नगर वासियों एवं व्यापारियों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ता है। जिम्मेदार मौन हैं।

नगर में काफी संख्या में ई-रिक्शाओं का संचालन हो रहा है। इनके संचालन से जाम की समस्या उत्पन्न हुई है। शनिवार की दोपहर इंदिरा चौक से वर्मा मार्केट तक जाम लगा रहा है। जहां दोनों तरफ से रिक्शाओं के आने के कारण वाहनों की लंबी लाइन लग गई। चौराहे पर तैनात पुलिसकर्मी ने किसी तरह जाम खुलवाया। व्यापारी संगठन की ओर से कई बार जाम की समस्या से निजात दिलाने की एवं ई-रिक्शाओं के संचालन का मार्ग निर्धारित करने की मांग की गई है। लेकिन अधिकारियों द्वारा इस ओर ध्यान नहीं दिया जाता।


नगर में लगा जाम। ● अमृत विचार

### शहर वासियों का सिरदर्द बना शेरपुर चुंगी में लगा जाम

**धनौरा, अमृत विचार :** शेरपुर चुंगी पर लगने वाला जाम लोगों के लिए परेशानी का सबब बना हुआ है। क्षेत्रवासियों व व्यापारी सुरक्षा फोरम ने चौराहे पर ट्रैफिक पुलिस की तैनाती की मांग की है। वेव शुगर इंडस्ट्रीज पर गन्ना आपूर्ति के लिए टैक्टर-ट्राली एवं ट्रकों का आवागमन होता है। शेरपुर चुंगी अतिव्यस्त चौराहा है। यहां हर वक्त जाम लगा रहता है। ऐसे में लोगों को परेशानी का सामना करना पड़ता है। डग्गामार वाहन आग में घी का काम करते हैं। इनके चालक चौराहे पर ही वाहन खड़ा करके सवारी बैठाते हैं। दुकानदारों ने भी अतिक्रमण कर रखा है। हालांकि यहां दो होमगार्ड तैनात रहते हैं मगर उन्हें वाहन चालक तवज्जो नहीं देते। इस कारण स्थिति जस की तस है। व्यापारी सुरक्षा फोरम ने पुलिस अधीक्षक से चौराहे पर ट्रैफिक पुलिसकर्मी की तैनाती की मांग की है। पत्र पर व्यापारी सुरक्षा फोरम के नगर अध्यक्ष श्याम गर्ग, गितेश अग्रवाल, असरफ अली, आयुष रस्तोगी, सौरभ सैनी, देशराज सैनी, अभिषेक गोयल, कपिल गोयल, हर्षित गर्ग आदि के हस्ताक्षर हैं।

**दिक्कत** — अधिकारियों और जनप्रतिनिधियों की अनदेखी का खामियाजा उठा रहे क्षेत्रवासी

# जर्जर सड़क पर आवागमन को मजबूर हैं लोग

संवाददाता, मुबारिजपुर

**अमृत विचार :** जिले में बदहाल सड़कें लोगों के लिए परेशानी का सबब बनी हैं। बजट के अभाव में मुख्यमंत्री द्वारा सड़कों को गड्ढामुक्त करने का आदेश भी बेअसर है। जिले के ग्रामीण क्षेत्रों की अधिकांश सड़कों की हालत काफी खराब है। यहां वर्षों से लोग जर्जर सड़क पर ही आवागमन कर रहे हैं।

गंगेश्वरी क्षेत्र में गंगा तटबंध के किनारे दर्जनों गांवों को जोड़ने वाली सड़क की हालत खराब है। सड़क पर गड्ढे ही गड्ढे हैं। इस सड़क से प्रतिदिन क्षेत्र के हजारों लोगों का आवागमन होता है। इसके बावजूद इस पर ध्यान नहीं दिया जा रहा है। इसे लेकर क्षेत्रवासियों में रोष है। क्षेत्र के योगेश कुमार, मनोहर, शीशपाल, नरेश, वीरवल आदि ने बताया कि करीब आठ वर्ष पहले इस सड़क का निर्माण कराया गया था। इसके बाद इसकी मरम्मत तक नहीं कराई गई। इससे लोगों को परेशानी का सामना करना पड़ता है।

मार्ग जर्जर होने के चलते अक्सर राहगीर दुर्घटना का शिकार हो जाते हैं। इसमें कुछ लोगों को जान भी गंवानी पड़ी है। इस संबंध में कई बार विधायक, सांसद व जिलाधिकारी समेत कई अधिकारियों से शिकायत की, लेकिन कोई लाभ नहीं हुआ। किसी ने भी सड़क निर्माण कराने की जहमत नहीं उठाई। अधिकारियों व जनप्रतिनिधियों की अनदेखी के चलते लोग जर्जर सड़क पर आवागमन करने को मजबूर हैं। बरसात में तो स्थित और भी दयनीय हो जाती है।

इसी तरह गुरैठा खादर के बाईपास होते हुए मुबारिजपुर की रहरा-हसनपुर-अलीगढ़ हाईवे को जोड़ने वाली मुख्य सड़क भी कई वर्ष से उपेक्षा की शिकार है। बरसात के मौसम में तो इस मार्ग पर आवागमन पूरी तरह बंद हो जाता है। ग्रामीणों को ब्लॉक मुख्यालय पहुंचने के लिए कई किलोमीटर लंबा रास्ता तय करना पड़ता है। उन्होंने इस समस्या का जल्द समाधान कराने की मांग की है।


ऐसी है ग्रामीण क्षेत्रों की सड़कों की हालत। ● अमृत विचार

▸▸ कई बार शिकायत के बावजूद नहीं हो रहा समाधान

## माघ पूर्णिमा पर हजारों श्रद्धालुओं ने लगाई आस्था की डुबकी

**मुबारिजपुर, अमृत विचार :** माघ पूर्णिमा पर शनिवार को ब्लॉक गंगेश्वरी क्षेत्र के मुबारिजपुर गंगा तट पर स्नान करने के लिए आस्थावानों की भीड़ उमड़ पड़ी।

भोर से ही हर-हर गंगे, नमामि गंगे व हर-हर महादेव के उद्घोष से माहौल भक्तिमय हो गया। दूरदराज से आए हजारों श्रद्धालुओं ने आस्था की डुबकी लगाई। सूर्यदेव को जल अर्पित कर परिवार की सुख-शांति एवं समृद्धि की कामना की। तट स्थित विभिन्न मंदिरों में पूजा-अर्चना करके पुण्य कमाया। क्षेत्र के पौरारा, पथरा, विरामपुर आदि घाटों पर सुबह से ही स्नान दान का सिलसिला जारी रहा। माघ पूर्णिमा का विशेष महत्व माना जाता है। मान्यता है कि गंगा में स्नान दान, पुण्य करने वालों के कष्टों को मां गंगा हर लेती हैं।


लोगों की शिकायत सुनते प्रभारी निरीक्षक। ● अमृत विचार

# तीन शिकायतों में एक का मौके पर निस्तारण हुआ

संवाददाता, हसनपुर

**अमृत विचार :** कोतवाली में आयोजित थाना समाधान दिवस में प्रभारी निरीक्षक विनय कुमार ने लोगों की फरियाद सुनीं। इस दौरान मात्र तीन शिकायतें दर्ज हुई। इनमें से एक का मौके पर निस्तारण कर दिया गया। बाकी दो शिकायतों के निस्तारण के लिए राजस्व एवं पुलिस टीम मौके पर भेजी गई।

प्रभारी निरीक्षक ने बताया कि थाना समाधान दिवस में तीन शिकायत दर्ज हुईं। इनमें से एक शिकायत का मौके पर निस्तारण कर दिया गया। थाना समाधान दिवस में राजस्व एवं पुलिस विभाग के अधिकारी व कर्मचारी मौजूद रहे।

## युवती को बरामद कर परिजनों को सौंपा

**हसनपुर, अमृत विचार :** परिजनों की डांट से नाराज युवती नाराज होकर घर से चली गई। काफी तलाशने के बाद भी जब उसका पता नहीं चला तो परिजनों ने थाने में गुमशुदगी दर्ज करा दी। पुलिस ने शनिवार को युवती को सकुशल बरामद कर परिजनों के हवाले कर दिया।

नगर के मोहल्ला रहरा लालबाग चौक निवासी महबूब हुसैन की 28 वर्षीया पुत्री नाजमीन को किसी बात को लेकर परिजनों ने डांट दिया था। इसी से नाराज होकर वह घर से चली गई थी। इसका पता चलने पर परिजनों ने उसे काफी तलाश किया मगर उसका पता नहीं चला। तब परिजनों की तहरीर पर पुलिस ने सात दिसंबर को गुमशुदगी दर्ज की थी। प्रभारी निरीक्षक ने पुलिस टीम का गठन कर युवती की बरामदगी के निर्देश दिए थे। पुलिस ने जयपुर से नाजमीन को बरामद करके परिजनों को सौंप दिया।

## एक नजर

### ट्रक की टक्कर से फल विक्रेता घायल

**गुन्नौर अमृत विचार** : नेहरू चौराहे पर सड़क पार करते समय फल विक्रेता वृद्ध ट्रक की टक्कर से गंभीर रूप से घायल हो गया। घायल वृद्ध को सीएचसी लाया गया। नगर निवासी बाबू ( 70 वर्ष ) पुत्र अब्दुल कय्यूम ठेले पर फल बेचता है। शनिवार दोपहर नेहरू चौराहे पर सड़क पार करते समय बबराला की ओर से आ रहे ट्रक ने बाबू को टक्कर मार दी। जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया। गंभीर घायल बाबू को सीएचसी से हायर सेंटर रेफर कर दिया गया।

### गंगा स्नान कर लौटे श्रद्धालु, हुआ भंडारा

**बबराला, अमृत विचार** : निकटवर्ती गांव बाघऊ में माघ माह प्रभातफेरी के समापन अवसर पर तमाम श्रद्धालु सामूहिक रूप से गंगा स्नान करने राजघाट गए। गंगा स्नान करके लौटने के बाद भंडारा किया। इससे पूर्व श्रद्धालुओं ने भजन कीर्तन करते हुए प्रभात फेरी निकाली।

### तलवार व तमंचे के साथ दो लोग गिरफ्तार

**संभल, अमृत विचार** : हयातनगर थाना क्षेत्र में अलग अलग जगहों से दो आरोपियों को गिरफ्तार कर पुलिस ने उनके पास से तमंचा व तलवार बरामद की। थाना क्षेत्र में सरायतरीन के मुहल्ला कोटला तिराहे से संभल की ओर जाने वाले मार्ग पर शनिवार को मुहल्ला भूड़ा निवासी सारिक हाथ में तलवार लेकर खड़ा था। पुलिस ने सारिक को गिरफ्तार कर लिया। दूसरी ओर हयातनगर के मुहल्ला अंबेडकर गेट निवासी अनिकेत दतावली मार्ग पर हनुमान मंदिर के पास खड़ा हुआ था। पुलिस ने तमंचा बरामद कर अनिकेत को हिरासत में ले लिया। दोनों का चालान कर दिया।

### ट्रैक्टर ट्राली ने छात्र को रौंदा, हालत गंभीर

**बबराला अमृत विचार** : गांव नूरपुर में खेत में खेल रहे दस वर्षीय छात्र को मिट्टी ढुलाई कर रही ट्रैक्टर ट्राली ने रौंद दिया। ट्रैक्टर के मडगार्ड में उलझ कर गंभीर रूप से घायल हुए छात्र को अलीगढ़ मेडिकल कॉलेज में भर्ती कराया गया है। गांव नूरपुर निवासी करूं का दस वर्षीय बेटा जितेंद्र प्राथमिक विद्यालय में कक्षा तीन का छात्र है। शनिवार दोपहर को जितेंद्र परिजनों के साथ खेत में गया था। वहां वह खेल रहा था, तभी मिट्टी ले जा रहे ट्रैक्टर ट्राली ने जितेंद्र को रौंद दिया।

# लोगों से रोजगार छीन रही है भाजपा : राहुल गांधी

## देश नफरत से नहीं बल्कि मुहब्बत और भाईचारे से आगे बढ़ सकता है, भारत जोड़ो न्याय यात्रा संभल पहुंची

कार्यालय संवाददाता,संभल

**अमृत विचारः** कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने भारत जोड़ो न्याय यात्रा के संभल पहुंचने पर लोगों को संबोधित कर बेरोजगारी का मुद्दा उठाते हुए कहा कि सरकार का सबसे अहम काम लोगों को रोजगार देने का है लेकिन भाजपा सरकार रोजगार छीनने का काम कर रही है। इसके साथ ही राहुल गांधी ने कहा कि देश नफरत से नहीं बल्कि मुहब्बत और भाईचारे से आगे बढ़ सकता है।

भारत जोड़ो न्याय यात्रा संभल शहर में दाखिल हुई तो लोगों ने उत्साह के साथ राहुल गांधी व प्रियंका गांधी का स्वागत किया। चन्दौसी चौराहा व चौधरी सराय चौराहा पर भीड़ को संबोधित करते हुए राहुल गांधी ने प्रश्नपत्र लीक



संभल के चन्दौसी चौराहा पर युवक से मुखातिब राहुल गांधी। ● अमृत विचार

मामले में आरोप लगाया कि ये जानबूझकर पेपर लीक कराते हैं। ये लोग रोजगार नहीं दिलाना चाहते, न दिलवा सकते हैं। यह सीधी सी बात है यह सभी सेक्टर को प्राइवेट करना चाहते हैं, अडाणी को दिलाना चाहते हैं। राहुल गांधी ने दलित व पिछड़ों का जिक्र करते हुए कहा कि आप कोई भी बड़ी कंपनी की लिस्ट निकालो,उसके मालिकों की लिस्ट निकालो उसमें आपको एक पिछड़ा नहीं मिलेगा,एक भी दलित नहीं मिलेगा।

प्राइवेट यूनिवर्सिटी और हाईकोर्ट जज की लिस्ट निकालो तो भी 90 प्रतिशत वाला कोई नहीं मिलेगा। राहुल गांधी ने भाजपा व आरएसएस पर नफरत फैलाने का आरोप लगाते हुए कहा कि यह नफरत का बाजार है इसमें सबको मुहब्बत की दुकानें खोलनी हैं।

प्रियंका गांधी ने कहा कि हम आपके लिए लड़ने के लिए खड़े हैं।आप हमारा साथ दोगे कि नहीं,बदलाव लाना है। आपके साथ अन्याय हो रहा है, 48 लाख ने परीक्षा दी वह पेपर लीक हो गया। आपकी मेहनत पर पानी फेर दिया।

# प्रियंका को साथ लाकर आरोप लगाने वालों का मुंह बंद कर गये राहुल गांधी

भीष्म सिंह देवल,संभल

- बिना मुंह खोले आचार्य प्रमोद के आरोपों का जवाब दे गये राहुल
- कांग्रेस से निष्कासन के बाद आचार्य प्रमोद ने कहा था राहुल से नाराज हैं प्रियंका इसलिए नहीं हो रहीं भारत जोड़ो यात्रा में शामिल

**अमृत विचारः** बहन प्रियंका गांधी की मौजूदगी ने मुरादाबाद मंडल में राहुल गांधी की भारत जोड़ो न्याय यात्रा को कई मायनों में खास बना दिया। एक तरफ जहां ससुराल मुरादाबाद में प्रियंका गांधी को राहुल के साथ देख कांग्रेस कार्यकर्ताओं का उत्साह दोगुना हुआ वहीं बहन भाई के बीच नाराजगी की बातें करने वालों के मुंह भी बंद हो गये।

राहुल गांधी की भारत जोड़ो न्याय यात्रा को शुरु हुए एक माह से ज्यादा का समय हो गया लेकिन इस बार बहन प्रियंका गांधी उनके साथ यात्रा में नजर नहीं आईं तो चर्चाऐं शुरु हो गई। 10 फरवरी को कांग्रेस ने आचार्य प्रमोद कृष्णम को पार्टी से छह साल के लिए निष्कासित किया तो अगले दिन 11 फरवरी को आचार्य प्रमोद कृष्णम ने पत्रकार वार्ता में कहा था कि कांग्रेस में प्रियंका गांधी की भी बहुत तौहीन हो रही है। पत्रकारों से कहा था कि प्रियंका गांधी से पूछो क्या वह खुश हैं,और राहुल गांधी की भारत जोड़ो यात्रा में क्यों नहीं जा रही हैं। आचार्य प्रमोद के इन आरोपों पर कांग्रेस ने उस समय कोई जवाब नहीं दिया था। अब शनिवार को मुरादाबाद मंडल में दाखिल हुई भारत जोड़ो न्याय यात्रा में राहुल गांधी के साथ बहन प्रियंका गांधी साथ खड़ी नजर आईं तो बहन-भाई के बीच नाराजगी का दावा करने वालों के मुंह बंद हो गये। बड़ी बात यह कि राहुल गांधी यात्रा लेकर आचार्य प्रमोद कृष्णम के गांव से महज 6 किलोमीटर दूर से गुजरते हुए संभल पहुंचे। अपने गांव में ही आचार्य प्रमोद कृष्णम ने पत्रकार वार्ता कर प्रियंका गांधी के नाराज होने का दावा किया था।

# मेड इन संभल और मेड इन मुरादाबाद हो स्मार्टफोन

कार्यालय संवाददाता, संभल

**अमृत विचारः** राहुल गांधी ने चंदौसी चौराहा पर युवाओं से कनेक्ट होने के लिए खास अंदाज अपनाया। बोले- भईया एक सेलफोन दो मुझे,यह देखो यह सेलफोन है,यह मेड इन चाइना है इसे यहां किसने बेचा। इसे अंबानी जी ने बेचा,तो फायदा किसे हुआ अंबानी को हुआ। देश के युवा का इसमें एक रोजगार नहीं है। आपका पैसा इसे खरीदने में जा रहा है मगर इसके बनने से एक को भी रोजगार नहीं मिला। चाइना के लोगों को और अंबानी अडानी को फायदा मिल रहा है। फोन मेड इन संभल हो,मेड इन मुरादाबाद हो,मेड इन यूपी हो।

**बेरोजगार हो इसलिए 12 घंटे देखते हो रील:**राहुल गांधी ने कहा कि हिंदुस्तान के युवाओ बात समझ जाओ,आपको भूखा मारा जा रहा है। आपको खत्म किया जा रहा है। एक युवक को बुलाकर पूछा- बताओ मोबाइल फोन दिन में कितने घंटे चलाते हो। युवक ने कहा 12 घंटे देखता हूं। इस पर राहुल बोले कि सभी 12 घंटे देखते हैं। जब रोजगार ही नहीं है तो 12 घंटे रील देख रहे हो। आपको पता है अंबानी का बेटा,अमित शाह का बेटा रील नहीं देखता,24 घंटा अपना काम देखता है।

### मीडिया नहीं रखती थी हमारी बात

**संभल।** राहुल गांधी ने कहा कि बीजेपी आरएसएस देश में चारों कोनों में नफरत और हिंसा फैला रही थी और जब भी हम मीडिया में अपनी बात रखते थे मीडिया हमारी बात ही नहीं रखती थी। आपको किसानों,मजदूरों की मेहनत,बेरोजगारी,महंगाई,के बारे में मीडिया में नहीं दिखने वाला।

## आरती में श्रद्धालुओं ने लिया हिस्सा,गंगा चालीसा का पाठ किया

**बबराला, अमृत विचार** :माघ पूर्णिमा के अवसर पर राजघाट में गंगा तट पर शनिवार को शाम भव्य गंगा आरती का आयोजन हुआ। इससे पहले दिन में श्रद्धालुओं ने गंगा चालीसा का पाठ किया।

गंगा घाट पर वाराणसी से शिक्षित पुरोहित पं. पुष्पेन्द्र शर्मा, सूरज शर्मा और विशाल शर्मा ने आरती गायन किया। शंख, घंटी की ध्वनि के बीच मां गंगा की आरती और घाट पर जलते दीपकों की रोशनी अद्भुत छटा बिखेर रही थी मां गंगा जनकल्याण समिति के अध्यक्ष अतुल गोयल उर्फ भोला ने कहा कि काशी की तर्ज पर राजघाट गंगा घाट पर निरंतर चल रही गंगा आरती के चार वर्ष बीत चुके हैं। इस दौरान उमेश वार्ष्णेय, पंकज मामा, विजय वार्ष्णेय, योगेंद्र यादव, डिंपल वार्ष्णेय, मुनीष बीमा, प्रवीण गोयल आदि रहे।

# भीड़ देखकर राहुल और प्रियंका गदगद ,छतों से बरसाए गए फूल

कार्यालय संवाददाता,संभल

**अमृत विचारः**कांग्रेस की भारत जोड़ो न्याय यात्रा में राहुल व प्रियंका गांधी की झलक पाने के लिए भारी जनसैलाब उमड़ा। सड़क के दोनों तरफ यात्रा के स्वागत को लोग खड़े नजर आये तो शहर में मकान की छतों से फूल बरसाकर लोगों ने राहुल गांधी व प्रियंका गांधी का स्वागत किया।

अमरोहा के बाद संभल जोया मार्ग पर मातीपुर गांव से राहुल गांधी की यात्रा ने संभल जनपद में प्रवेश किया। ग्रामीण इलाके में राहुल गांधी रुके नहीं बल्कि कार धीमी कर लोगों का अभिवादन स्वीकार करते हुए आगे बढ़ गये। यहां उमड़ी भीड़ को देख राहुल गांधी और उनकी बहन प्रियंका गांधी गदगद नजर आये। इसके बाद राहुल गांधी का काफिला चौधरी सराय चौराहा पर रुका। यहां अनुरोध किया गया तो यहां भी राहुल गांधी ने भीड़ को संबोधित किया। इस दौरान कांग्रेस जिलाध्यक्ष विजय शर्मा,शहर अध्यक्ष तौकीर अहमद,हाजी आरिफ तुर्की,मुशीर खान तरीन,सपा नेता फिरोज खां आदि मौजूद रहे।

### रजी अहमद ने बताई सांसद बर्क की बीमारी की बात

**संभल, अमृत विचार** : राहुल गांधी की भारत जोड़ो न्याय यात्रा संभल पहुंची तो सपा नेता मोहम्मद रजी ने कांग्रेस नेता राहुल गांधी से मिलकर उन्हें सांसद डा. शफीकुर्रहमान बर्क की बीमारी और अस्पताल में भर्ती होने की बात बताई। कहा कि सांसद अस्पताल में हैं लेकिन उनके तमाम समर्थक यात्रा के स्वागत के लिए मौजूद हैं। वहीं सपा नेता फिरोज खां ने भी राहुल गांधी से बात की।

### राहुल गांधी के स्वागत के लिए मंगाए ऊंट व घोड़े

**संभल, अमृत विचार** : कांग्रेस नेताओं ने राहुल गांधी व प्रियंका गांधी के स्वागत के लिए खास इंतजाम किये थे। चौधरी सराय में कई ऊंट सजाकर खड़े किये गये थे तो आधा दर्जन घोड़े भी मंगाये गये थे। ढोज ताशों का भी इंतजाम किया गया था। हालांकि जब यात्रा पहुंची तो इतनी भीड़ थी कि ऊंट घोड़ों को हटाकर पीछे करना पड़ा।

### भारत जोड़ो न्याय यात्रा के निकलने पर लगा जाम

**संभल अमृत विचार** : शहर में शनिवार को निकली भारत जोड़ो न्याय यात्रा के चलते जाम लगा। घंटों तक वाहन जाम में फंसे रहे । यात्रा को लेकर यातायात पुलिस ने रूट डायवर्ट किया था। शनिवार को सुबह से ही कांग्रेसी जगह-जगह जुटने लगे। वाहनों की आवाजाही बढ़ी तो चंदौसी चौराहा पर जाम के हालात बन गए।

## कार के पहिये नीचे आया शहर अध्यक्ष का पैर

**संभल, अमृत विचार** : भारत जोड़ो न्याय यात्रा में संभल मुरादाबाद मार्ग पर कार के आगे से भीड़ को हटाते समय कांग्रेस शहर अध्यक्ष का पैर राहुल गांधी की कार के पहिये के नीचे आ गया। शनिवार को संभल में कांग्रेस नेता राहुल गांधी सैकड़ों कार्यकर्ताओं के साथ भारत जोड़ो न्याय यात्रा निकाल रहे थे। भारत जोड़ो न्याय यात्रा संभल मुरादाबाद मार्ग पर सदर कोतवाली क्षेत्र के मुहल्ला चौधरी सराय में पहुंची।

यहां राहुल गांधी की एक झलक पाने के लिए कार के आसपास दर्जनों लोग पहुंच गए। शहर अध्यक्ष तौकीर अहमद काफिले को आगे बढ़ने के लिए कार के आगे से लोगों को हटाने लगे। चालक ने जैसे ही कार को आगे बढ़ाया तो शहर अध्यक्ष का पैर राहुल गांधी की कार के पहिये के नीचे आ गया। जिससे शहर अध्यक्ष चोटिल हो गए। शहर अध्यक्ष की चीख निकली तो राहुल गांधी ने चालक से कार रुकवाई।

# आधी आबादी सक्रिय रहकर भूमिका निभाए

संवाददाता, बहजोई

**अमृत विचार** :पीडी टंडन सीएससी बाल विद्यालय में अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस की श्रृंखला में हुए कार्यक्रम में महिला सशक्तिकरण को लेकर कार्य किए जाने का आह्वान किया गया। महिलाओं को अपनी सुरक्षा को लेकर जागरूक रहने की बात कही।

कार्यक्रम का आरंभ मुख्य अतिथि चंदौसी की चेयरमैन लता वार्ष्णेय व बहजोई चेयरमैन राजेश शंकर राजू ने मां सरस्वती के चित्र के समक्ष दीप प्रज्जवलित कर किया। इसके बाद बच्चों ने सरस्वती वंदना से कार्यक्रम को आगे बढ़ाया। चेयरमैन लता वार्ष्णेय ने कहा कि विकसित भारत का सपना बिना महिलाओं की सक्रिय भूमिका के नहीं पूरा हो सकता। आधी आबादी को सक्रिय रहकर अपनी भूमिका निभानी चाहिए। बहजोई चेयरमैन राजेश शंकर राजू ने कहा कि 2047 तक प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने भारत को विकसित देश की पंक्ति में खड़ा करने का सपना देखा है।



कार्यक्रम को संबोधित करतीं चेयरमैन लता वार्ष्णेय। ● अमृत विचार

- महिला सशक्तिकरण को लेकर कार्य किए जाने का आह्वान

इसे साकार करने के लिए महिलाएं आगे आकर अपनी भूमिका निभाएं। उप निरीक्षक अर्पण बंसल ने बेटियों की सुरक्षा को लेकर सरकार द्वारा चलाई जा रही योजनाओं की जानकारी दी। सुरक्षा को लेकर हेल्पलाइन नंबर भी बताए।

इस दौरान जिला क्रीडा अधिकारी प्रमिला, संभव जैन, सचिव अर्चना टंडन, प्रबंध निदेशक हेमंत बाबू, डॉ. रश्मि वार्ष्णेय, यामिनी वार्ष्णेय, आशा चौहान, अंजू श्रोत्रिय, मोनिका वार्ष्णेय, अर्चना मित्तल, शोभा वार्ष्णेय, प्रीति कठेरिया, चेष्टा वार्ष्णेय आदि मौजूद रहीं।

### रविवार को लगेगी सब्जी मंडी, मिलेगी सहूलियत

**बबराला अमृत विचार** : नगर वासियों को सब्जी खरीदने के लिए मंगलवार, शुक्रवार का इंतजार नहीं करना पड़ेगा। नगर पंचायत ने पुलिस चौकी के पीछे रविवार को साप्ताहिक सब्जी मंडी लगाने का निर्णय लिया है। रविवार को हवन पूजन के बाद सब्जी मंडी लगना शुरू हो जाएगी। ईओ अमरेश तिवारी ने बताया कि अब प्रत्येक रविवार को मंडी लगेगी। इससे नागरिकों को सुविधा होगी। चेयरमैन हर्ष वर्धन वार्ष्णेय ने बताया कि फिलहाल किसी दुकानदार से कोई शुल्क नहीं वसूला जाएगा, बल्कि लगातार दुकान लगाने वाले विक्रेताओं को लकी ड्रॉ से चयनित कर पुरस्कृत किया जाएगा। बता दें कि नगर सहित आसपास के लोग शुक्रवार और मंगलवार को लगने वाले पैंठ बाजार से सब्जी खरीदते थे। यह बाजार नगर के अंतिम छोर अनूपशहर रोड पर लाइन पार लगती है। अब रविवार को पुलिस चौकी के पीछे सब्जी मंडी लगने से नागरिकों को सहूलियत होगी।

### धूमधाम से निकली भगवान शिव की शोभायात्रा

**बहजोई, अमृत विचार** : शिव कीर्तन मंडल के तत्वावधान में प्रभात फेरी के समापन के उपलक्ष्य में भगवान शिव की शोभायात्रा धूमधाम से निकाली गई। जिसमें भगवान शिव की झांकी श्रद्धालुओं के आकर्षण का केंद्र रही। नगर के लक्ष्मी नारायण मंदिर से भगवान शिव की शोभायात्रा का शुभारंभ पूजा अर्चना कर किया गया। शोभायात्रा में सबसे आगे भगवान शिव की झांकी श्रद्धालुओं को आकर्षित कर रही थी। वहीं बाहर से आए कलाकारों ने शिव पार्वती स्वरूप में प्रस्तुति देकर झूमने पर मजबूर किया। शोभायात्रा मुहल्ला नारायण टोला से शुरू होकर विभिन्न मार्गों से होती हुई वापस मंदिर पर संपन्न हुई। जहां महा आरती के साथ प्रसाद वितरण किया गया। इस दौरान काका वार्ष्णेय, सुमित कुमार, राजीव कुमार, आकाश कुमार सहित आदि व्यवस्था बनाए रहे। उधर, भगवान शंकर पार्वती कीर्तन मंडल कुमार गली से भगवान शिव की शोभायात्रा निकाली गई। शोभायात्रा में भगवान शिव की झांकी ने मन मोह लिया। इस दौरान सुंदरलाल प्रजापति, राजवीर, राजू प्रजापति सहित आदि रहे।

# भड़के पंचायत सहायक, प्रदर्शन कर उठाई मांगें

कार्यालय संवाददाता, संभल

**अमृत विचार** : विकास खंड संभल के सभागार में क्राप सर्वे को लेकर बैठक में समस्याओं को लेकर पंचायत सहायक भड़क गए। पंचायत सहायकों ने सभागार से बाहर आकर प्रदर्शन करते हुए मांगें उठाईं। बाद में डीपीआरओ ने वार्ता कर समस्याओं के समाधान का आश्वासन दिया।

जनपद की ग्राम पंचायतों में क्राप सर्वे किया जाना है। यह सर्वे 28 फरवरी तक पूर्ण होना है। शनिवार को डीपीआरओ उपेंद्र कुमार पांडेय ने संभल ब्लॉक सभागार में पंवासा और संभल के एडीओ पंचायत एवं पंचायत सहायकों के साथ क्राप सर्वे को लेकर बैठक की।

कहा गया कि पंचायत सहायकों को खेतों पर जाकर फसल का सर्वे करना है। यह का र्य निर्धारित समय तक पूर्ण किया जाना है। इस बीच पंचायत सहायकों ने अपनी समस्या रखी तो सही जवाब नहीं मिला। जिससे भड़के पंचायत सहायक बैठक छोड़कर सभागार से बाहर आ गए और समस्याओं को लेकर प्रदर्शन किया।

कहा कि उनके लिए फोन की व्यवस्था नहीं की गई है। सुरक्षा का कोई प्रावधान नहीं है।




धर्म | जिले के गंगा घाटों पर उमड़े श्रद्धालु, सुरक्षा के रहे इंतजाम

# माघ पूर्णिमा पर श्रद्धालुओं ने गंगा में लगाई आस्था की डुबकी

कार्यालय संवाददाता, संभल/ बबराला

**अमृत विचार** :माघ पूर्णिमा पर संभल जिले के गंगा घाटों पर हजारों श्रद्धालुओं ने गंगा में आस्था की डुबकी लगाई। श्रद्धालुओं ने प्रसाद चढ़ाकर मनौती मांगी। इस बीच हर-हर गंगे के जयकारे गूंजे

शनिवार को राजघाट, सिसौना डांडा और हरि बांध के समीप गंगा घाटों पर बड़ी संख्या में श्रद्धालु पहुंचे। श्रद्धालुओं ने गंगा में स्नान करने के बाद सूर्यदेव को प्रणाम कर अर्घ्य दिया। श्रद्धालुओं ने निराश्रितों को तिल, गुड़, कंबल व वस्त्र दान किए। राजघाट में गंगा स्नान करने के लिए अलीगढ़, चंदौसी, बिसौली, बहजोई समेत आसपास क्षेत्र के श्रद्धालु पहुंचे। तमाम श्रद्धालुओं ने भगवान विष्णु व माता लक्ष्मी की पूजा कर मनौती मांगी। गंगा घाटों पर श्रद्धालुओं की सुरक्षा में पुलिस बल मुस्तैद रहा।



माघ पूर्णिमा पर राजघाट गंगा घाट पर स्नान करते श्रद्धालु। ● अमृत विचार

### एसपी ने लिया सुरक्षा इंतजामों का जायजा

**बबराला , अमृत विचार** : माघ पूर्णिमा पर गंगा स्नान के चलते श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ी तो दिनभर जाम जैसे हालात रहे। इंदिरा चौक पर यातायात पुलिस ने मोर्चा संभाला। गंगा घाट और रास्तों में पुलिस की निगरानी रही। पुलिस अधीक्षक कुलदीप सिंह गुनावत, अपर पुलिस अधीक्षक अनुकृति शर्मा और सीओ आलोक सिद्धू ने घाट पर पहुंच कर सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया। पुलिस ने वाहनों को घाट से काफी पहले ही रोका ताकि अव्यवस्था न फैले। गंगा घाट पर श्रद्धालुओं को गंगा में गहराई वाले संभावित स्थानों पर जाने से रोकने के लिए बैरिकेडिंग कराने के साथ ही स्थानीय गोताखोरों को मुस्तैद रखा गया। कोतवाल संजीव बालियान ने लगातार भ्रमण कर सुरक्षा व्यवस्था पर नजर रखी।

### आहुति देकर ब्राह्मणों को कराया भोजन

**संभल/जुनावई अमृत विचार** : जुनावई क्षेत्र में माघ पूर्णिमा पर श्रद्धालुओं ने गंगा घाटों पर गंगा स्नान किया। श्रद्धालुओं ने गंगा घाट पर हवन में आहुति दी और गंगा आरती करके ब्राह्मणों को भोजन कराया।असदपुर, साधुमढ़ी और सांकरा गंगा घाट पर हजारों की संख्या में श्रद्धालुओं ने गंगा में डुबकी लगाई। श्री साईं गंगा सिद्ध आश्रम दबथरा के तत्वावधान में असदपुर गंगा घाट पर 17वां विशाल भंडारा हुआ। जिसमें श्रद्धालुओं में प्रसाद ग्रहण किया। इस दौरान आश्रम के कार्यकर्ताओं ने सेवा की।

## माघ पूर्णिमा पर हुआ कल्पवास का समापन

**गुन्नौर, अमृत विचार** :क्षेत्र के प्रसिद्ध साधु मढ़ी आश्रम के पास गंगा किनारे बसी झोपड़ियों की अस्थाई राम नगरिया में एक महीने से चल रहे आस्था के पर्व कल्पवास का माघ पूर्णिमा पर विधिवत समापन हो गया। वहीं माघ पूर्णिमा पर साधु मढ़ी के पास गंगा घाट पर हजारों श्रद्धालुओं ने गंगा में डुबकी लगाकर पुण्य कमाया।

साधु मढ़ी के महंत स्वामी रामानंद गिरि महाराज ने बताया कि पौराणिक मान्यता है कि माघ पूर्णिमा पर देवता भी रूप बदलकर गंगा स्नान के लिए आते हैं। इसलिए इस तिथि का विशेष महत्व है। कल्पवास बहुत ही मुश्किल साधना है। कल्पवास समापन अवसर पर आश्रम में विधि विधान से धार्मिक अनुष्ठान हुए और कल्पवासी साधु संतों सहित हजारों श्रद्धालुओं ने भंडारे में प्रसाद ग्रहण किया। प्रवासी कल्प वासियों ने पतित पावनी गंगा की आरती पूजन करके साधु सन्यासियों को भोजन कराया।

# भारत की प्रज्ञा में ऋषि का सम्मान

अयोध्या अंतर्राष्ट्रीय चर्चा में है। श्रीराम जन्मभूमि मंदिर विश्व आकर्षण है। लाखों श्रद्धालु दर्शनार्थ आ रहे हैं। अयोध्या में दर्शनार्थियों का मेला है। प्रसन्नता का विषय है कि यहीं सप्त ऋषियों का मंदिर भी बनाने की तैयारी है। श्रीराम जन्मभूमि मंदिर ट्रस्ट के अध्यक्ष नृपेंद्र मिश्र ने यह घोषणा की है। सप्त ऋषि मंदिर का निर्माण मार्च से शुरू होना है। भारत के अंतःकरण में ऋषियों के प्रति श्रद्धा है। ऋषि अनूठे हैं। वे प्रकृति की प्रत्येक गतिविधि के द्रष्टा हैं। सो उन्हें ऋषि कहा गया-ऋषयो मंत्र द्रष्टारः। जो मंत्र देखता है वही ऋषि है। वैदिक साहित्य के कवि ऋषि कहे जाते हैं। वे संन्यासी नहीं हैं। साधारण गृहस्थ हैं। वे परिवार चलाते हैं। खेती सहित जीविका के अन्य काम भी करते हैं लेकिन मंत्र सृजन भी करते हैं। वे प्रकृति के प्रति आत्मीय हैं। वे मधु प्रिय हैं। मधु और आनंद पर्यायवाची हैं। अस्तित्व के कण कण व हरेक रूप पर उनकी दृष्टि है। वे आश्चर्यजनक द्रष्टा हैं। जल, अग्नि, वायु, पृथ्वी के साथ ही आकाश तक देखते हैं। सूर्य के निराधार लटके होने पर भी उनके मन में प्रश्न थे। भारतीय परंपरा में आनंद प्राप्ति की अनेक साधनाएं थीं। साधनारत लोग साधु कहे गए। साधना में सिद्ध जन मुनि बताए गए लेकिन ऋषि की बात ही दूसरी है। राजा को बड़ा बताना हो तो राजर्षि कहा गया। प्राचीन साहित्य में ब्रह्मवेत्ता की बड़ी प्रशंसा है लेकिन उसे भी और बड़ा बताना हो तो ब्रह्म ऋषि कहने की जरूरत पड़ी। ऋषि पूरी सृष्टि को आत्मीयता से देखते हैं और पूरी आत्मीयता से मंत्र भी गाते हैं।

भारत की प्रज्ञा में बहुत गहरे तक ऋषि का सम्मान है। नारद को ही लीजिए। नारद जैसी क्षमता वाला दूसरा पात्र परंपरा में नहीं है। उनके लिए भौगोलिक दूरी का कोई मतलब नहीं। वे सभी लोकों में घूमते हैं। वाद्य यंत्र लेकर समय का अतिक्रमण करते हैं। एक पल में इस लोक में अगले पल दूसरे लोक में। वे वैदिक मंत्रों में मिलते हैं और पुराण काल की कथाओं में भी। महाभारत और रामायण की भी तमाम कथाओं में उनके विवरण हैं। उन्हें देव कहकर भारत का मन नहीं अघाया। सो देव के साथ ऋषि जोड़ा गया। वे देवर्षि कहे गए। जान पड़ता है कि परंपरा में ऋषि होना ही बड़ा होना है, बिना ऋषि हुए क्या होना? लेकिन ऋषि धरती पर ही थे। भारत के मन को लगा होगा कि कुछ प्रतिष्ठित ऋषियों को आकाश में भी देखा जाए। तब सात ऋषियों को आकाश में प्रतिष्ठित करने का अभिनव आयोजन हुआ होगा। कब हुआ? कैसे हुआ? इसके भौतिक प्रमाण नहीं। लेकिन यह हुआ। इसीलिए आकाश में तारों की एक विशेष आकृति को सप्त ऋषि कहा गया। आधुनिक काल में भी आकाश में तारों से बनी एक विशेष आकृति को सप्त ऋषि मंडल कहा जाता है। उन्हें प्रणाम भी किया जाता है।



**हृदय नारायण दीक्षित**
पूर्व विधानसभा अध्यक्ष उ.प्र.

> विकास का क्रम सूक्ष्म से स्थूल की ओर हुआ है। भारतीय चिंतन के पांच महाभूतों- आकाश, वायु, अग्नि, जल और पृथ्वी में आकाश पहला है। आकाश का गुण शब्द बताया गया है। ऋग्वैदिक पूर्वजों के अनुसार "ऋचाएं या कविताएं परम व्योम" में रहती हैं और वहीं से चलकर जागृत मनुष्यों के चित्त में उतर जाती हैं।"

भारत का मन ऊर्ध्व प्रिय है। सूर्य ऊपर और ऊंचे है। सो स्तुतियां पाते हैं। चंद्र ऊपर है, हम उन्हें ब्रह्मांड का मन कहते हैं। हमारी प्रार्थना का ईश्वर कण-कण व्यापी है लेकिन हम उसे 'ऊपर वाला' कहते हैं। स्वर्ग है या नहीं? अब तक सिद्ध नहीं लेकिन हम स्वर्ग को भी ऊपर या आकाश स्थित सुनते आए हैं। समृद्धि संसारी है। हम 'समृद्धि' को ऊपर उठना बताते हैं। यश कीर्ति भी संसारी है, हम यशस्वी को ऊंचा या ऊपर बताते हैं। मेरे जैसे लोगों को ऊंचाई से डर लगता है। लेकिन ऊंचाई की प्रतिष्ठा है। अग्नि प्रत्यक्ष है, इसकी लौ-लपट ऊपर जाती है। जल हमेशा ऊपर से नीचे को बहता है। लेकिन इस बहाव को भी बादल के रूप में ऊपर जाते देखकर हम प्रसन्न होते हैं। मनुष्य धरती पर है, अन्य ग्रहों में है या नहीं? पता नहीं। लेकिन देवताओं का निवास बहुत ऊपर परमव्योम में बताया जाता है। आकाश तक पहुंचना हमारी प्यास है। इसीलिए हमारे प्रिय सात ऋषि आकाश में चमकते हैं।

विकास का क्रम सूक्ष्म से स्थूल की ओर हुआ है। भारतीय चिंतन के पांच महाभूतों-आकाश, वायु, अग्नि, जल और पृथ्वी में आकाश पहला है। आकाश का गुण शब्द बताया गया है। ऋग्वैदिक पूर्वजों के अनुसार "ऋचाएं या कविताएं परम व्योम" में रहती हैं और वहीं से चलकर जागृत मनुष्यों के चित्त में उतर जाती हैं।" सप्त ऋषि आकाश में हैं। अयोध्या में उन्हें धरती पर भी प्रतिष्ठित करने की योजना है। आकाश में तारे हैं। तारों के विशेष प्रकार के प्राकृतिक आकर्षक संयोजन भी हैं। रात्रि में आकाश में तारों से बना एक बड़ा मार्ग-हाईवे भी दिखाई पड़ता है। अंग्रेजी में इसे 'मिल्की वे' कहा जाता है। यह दूधिया मार्ग जैसा दिखाई पड़ता है। लेकिन हम सब इसे 'आकाश गंगा' कहते हैं। गंगा भौगोलिक दृष्टि से उत्तरांचल, उ.प्र., बिहार और प. बंगाल राज्यों से होकर समुद्र में बहती है लेकिन गंगा जल में भारत की प्रीति अथाह है। वे ऋग्वेद में स्तुतियां पाती हैं। आदि कवि वाल्मीकि (रामायण बालकाण्ड) गंगा के प्रवाह में सहस्त्रों सूर्यों की दीप्ति देखते हैं। प्रकृति की दिव्य शक्तियां देवता हैं। ऋग्वेद में देवता अमृत बंधु बताए गए हैं।

आचार्य वराह मिहिर ने 560 ई. के आसपास ज्योतिर्विज्ञान पर वृहत संहिता लिखी थी। डॉ. सुरेश चन्द्र ने इस की व्याख्या की है। आकाश गंगा या सप्त ऋषियों को आकाश में बैठाना भारत का भावरस हो सकता है। वैसे भी हमारे पूर्वजों की दृष्टि आकाश की ओर रही है। कालिदास की रचना 'मेघदूत' में आकाश मार्ग की रम्यता का ललित वर्णन है। वराह मिहिर ज्योतिर्विज्ञानी थे। उन्होंने भी सप्त ऋषियों को आकाश में विशेष प्रतिष्ठित किया। लिखते हैं, "सप्त ऋषियों से उत्तर दिशा सौभाग्यशाली नायिका की तरह सुशोभित होती है।" बताया है कि पश्चिमी यूनानी ज्योतिष में इन तारों में एक भालू के आकार की कल्पना की गई है।" ये सप्त ऋषि ध्रुव तारे की परिक्रमा करते हैं। मरिचि, वशिष्ठ, अंगिरा, अग्नि, पुलस्त्य, पुलह और क्रेतु ये सात नाम उन्हें दिए गये हैं।" तारों में ऋषि देखना विज्ञान का विषय नहीं है। ऋषि वैदिक परंपरा में कवि हैं। मनुष्य हैं। तारे मनुष्य नहीं हैं। भारतीय भावबोध ने उन्हें आकाश में बैठाया है।

ऋग्वेद सहित चार वेदों में अनेक ऋषियों के लगभग बीस हजार मंत्र हैं। सभी ऋषि आदरणीय हैं। वराह मिहिर ज्योतिर्विज्ञानी ने अपनी सूची दी है। महाभारत में सप्त ऋषियों की दो सूचियां हैं। अलग-अलग संदर्भ में। ऋग्वेद में दस मण्डल या खण्ड हैं। दूसरे से लेकर सातवे मण्डल तक 6 मंडलों को 'वंश मंडल' कहा जाता है। 6 मंडलों में 6 ऋषि कुलों के मंत्रों के संकलन हैं। यह सूची स्थायी है। दूसरा मंडल गृत्समद वंश कुल का है और तीसरा है विश्वामित्र वंश का। चौथा वामदेव का, पांचवा अत्रि का, छठा भरद्वाज और सातवां वशिष्ठ कुल का। बताते हैं कि गृत्समद ने बाद में स्वयं को शौनक कुल घोषित कर दिया था इसलिए उन्हें शौनक कुल भी कहा जाता है। कण्व कुल के भी तमाम मंत्र हैं। ये सात ऋषि ऋग्वेद के मुख्य द्रष्टा हैं। मूल बात है इन्हें 'नभ-मण्डल' में प्रतिष्ठित करना। सृष्टि जब तक रहेगी, तब तक सूर्योदय व सूर्यास्त भी होंगे। आने वाले हरेक सूर्यास्त के बाद आकाश में दिखाई पड़ेंगे विश्वामित्र, वशिष्ठ, अत्रि और भरद्वाज सहित सात ऋषि। हमारे प्रतिभाशाली पूर्वज। क्या हम उन्हें भुला सकते हैं? वे आकाश में बैठे हुए भूलने की कोशिश असफल कर देंगे।

# साहित्यकार और भैंस

कवियों और साहित्यकारों पर यदि मैं कोई तीखी टिप्पणी करूं, तो इस वर्ग के लोग हमें आड़े हाथों ले लेंगे, किंतु यदि मैं किसी बड़े की आड़ ले लूं, तो आक्रमण से बच जाऊंगा। आचार्य महावीर प्रसाद द्विवेदी ने अपने एक विचारोत्तेजक लेख "कवियों में उर्मिला विषयक उदासीनता" में कहा है कि 'कवि स्वभाव से ही उच्छृंखल होते हैं, जी में आये तो राई को पर्वत बना दें और कभी कहो पर्वत पर भी ध्यान न दें'। बात सही है। अब देखिए दुधारू पशुओं में गाय के गीत तो सबने गाये। हिंदुओं की तो वह माता भी हैं। भगवान भी अवतार लेते समय गाय और ब्राह्मण के ही हितकारी (गो द्विज हितकारी, जै असुरारी, सिंधु सुता प्रिय कंता) होते हैं। मुंशी प्रेमचंद ने भी 'गोदान' ही लिखा 'भैंसदान" नहीं। चलिए मान लिया कि गाय का महत्व बहुत है। पर बकरी तो छोटा पशु है। दूध भी कम ही देती है, किंतु पुराने से लेकर नए साहित्यकारों ने इसका नामोल्लेख किया है। संस्कृत के नीति शास्त्रज्ञों ने इसके गले के थन को उपमा के लिए प्रयुक्त किया।' अजा गलस्तनस्तैव तस्य जन्म निरर्थकम्'। तुलसी बाबा को भी बकरी का खुर-चिह्न ही उपमा के लिए याद आया' "जे सुमिरे गिरि मेरु सिला कन होत अजा खुर बारिधि बाढ़े'(कवितावली)। रही सही कमी गांधी जी ने पूरी कर दी, क्योंकि उन्हें बकरी का दूध ही पसंद था। फतेहपुर जिले की बिंदकी तहसील में 'टिकरी' और 'बकरी' नाम के गांव हैं। पूरा नाम तो 'पैगम्बरपुर बकरी' है, किंतु रोजमर्रा में 'बकरी' ही कहते हैं। किसी ने भैंस की सुधि नहीं ली, जब कि वह सबसे ज्यादा दूध देती है और बहुत सीधी होती है। बस रंग रूप काला है। इसे पक्षपात नहीं तो क्या कहेंगे? साहित्यकारों ने यह भी नहीं सोचा कि अंत समय में इन्हीं के पुत्र (भैंसा) की सवारी वाले यमराज से सामना होना है। कुछ तो डरते। इस मामले में नामचीन उपन्यासकार बाबू

> मुंशी प्रेमचंद ने भी 'गोदान' ही लिखा 'भैंसदान" नहीं। चलिए मान लिया कि गाय का महत्व बहुत है। पर बकरी तो छोटा पशु है।



**रघोत्तम शुक्ला**
सेवानिवृत्त पीसीएस

भगवतीचरण वर्मा होशियार निकले। उन्होंने भैंस को तो इग्नोर किया, किंतु भैंसा को डाइरेक्ट साध लिया और "भैंसा गाड़ी" शीर्षक एक लंबी कविता लिख दीः-

चरमर चरमर चूं चरर मरर जा रही चली भैंसा गाड़ी। भर भर कर फिर मिटने का स्वर, कॅंप कॅंप उठते जिसके स्तर स्तर। हिलती डुलती हंफती कॅंपती, कुछ रुक रुक कर कुछ सिहर सिहर।।

चरमर चरमर चूं चरर मरर-।

विद्वान साहित्यकारों द्वारा किए गए इस अन्याय की काफी कुछ भरपाई गांव गिरांव के सीधे-साधे कम पढ़े लिखे लोगों ने जरूर कर दी है। उन्होंने भैंस पर तमाम लोकोक्तियां बनाई हैं, जिनका धड़ल्ले से प्रयोग होता है जैसे- गई भैंस पानी में, भैंस के आगे बीन बजावै भैंस खड़ी पगुराय, खइबे दूध चरइबे भैंसी, पढ़ैं लिखैं की ऐसी तैसी, माठा रोटी घर मा खइबे झबरेन भैंस चरइबे जाय, जोण्डी की रोटी भैंस का दूध, मानो रन जीतो रजपूत। इत्यादि।

हमारी जन्मभूमि के जिले कानपुर ने भी भैंसे का ध्यान रखकर एक गांव का नाम "भैंसऊ'रक्खा है और कर्मभूमि के नगर लखनऊ में श्मशान घाट को "भैंसाकुंड" कहते हैं। हालांकि यहां अब इस मरघट को "बैकुंठ धाम" कहने लगे हैं। कुछ बड़ों ने साहित्य क्षेत्र में 'वाद' चलाए हैं, जैसे 'छायावाद', 'रहस्यवाद' आदि। अब अगर हमारे लेख से प्रेरित हो कलम के सिपाहियों ने भैंस के साथ न्याय कर दिया, तो हम एक नये वाद "भैंसवाद" के प्रवर्तक माने जाएंगे।

# आंदोलन से उपजी समस्याओं की कौन लेगा सुध

एक बार फिर किसान आंदोलन चर्चा में है। जिस प्रकार पिछले किसान आंदोलन में तांडव हुआ था उसको देखते हुए पंजाब हरियाणा बॉर्डर और दिल्ली की ओर आने वाले सभी राजमार्ग सुरक्षा के घेरे में है। किसान अपनी मांगों पर अड़े हैं जबकि सरकार उनकी मुख्य मांग को मानने में अपनी मजबूरी बता रही है और इन दोनों के बीच दिल्ली और आसपास के प्रदेशों की जनता पिस रही हैं। इस समय बच्चों की परीक्षा चल रही है। अभिभावक बच्चों की पढ़ाई को लेकर चिंतित है लेकिन पक्ष-विपक्ष राजनीति में व्यस्त हैं। बॉर्डर पर जिस तरह की स्थिति है उसे देख कर यह कतई नहीं लगता कि आंदोलनकारी शांतिपूर्ण आंदोलन की राह पर हैं पर सरकार बल प्रयोग करके अपनी सत्ता खतरे में नही डालना चाहती और दूसरी ओर सरकार को किसानों की मुख्य मांगें मानने में देश की आर्थिक अव्यवस्था डगमगाने का डर भी है।

संवैधानिक रूप से और नैतिक रूप से भी देश पर सभी नागरिकों का बराबर अधिकार है जो भी नागरिक अपनी क्षमता और समर्पण से अपना कार्य कर रह हैं। वह उस रूप में अपने व्यवसाय के माध्यम से देश की भी सेवा कर रहा है। मजदूर से लेकर किसान और नौकरीपेशा सभी का देश की प्रगति में योगदान है। संविधान ने हमें अभिव्यक्ति और स्वतंत्रता का अधिकार दिया है जिसमें



**अजय कुमार मिश्र**
मुख्य सतर्कता अधिकारी इफको, बरेली

> संवैधानिक रूप से और नैतिक रूप से भी देश पर सभी नागरिकों का बराबर अधिकार है जो भी नागरिक अपनी क्षमता और समर्पण से अपना कार्य कर रह हैं।

हम अपनी बात और अपनी मांग लोकतांत्रिक व्यवस्था के माध्यम से शांतिपूर्ण ढंग से चुनी हुई सरकार के सामने रख सकते हैं लेकिन लोकतंत्र की आड़ में अराजकता फैलाना और अव्यवथा फैलाना स्वीकार नहीं किया जा सकता। जिस तरह पिछला किसान आंदोलन चला था और यह आंदोलन चल रहा है यह सोची समझी रणनीति के तहत राजनीति से प्रेरित उग्र और अराजक आंदोलन है जिसमे पूरे देश के 10 प्रतिशत किसान भी वैचारिक रूप से शामिल नहीं है।

आंदोलनकारियों को न तो आम जनता को हो रही परेशानियों से मतलब है और न ही इस प्रकार की मांग जबरन थोपने पर देश में होने वाले असर से मतलब है, उन्हें तो बस सरकार को घुटनों पर लाना है। मजेदार बात यह है कि किसानों की एक मुख्य मांग डब्लूटीओ से देश को अलग करने की भी है जबकि डब्लूटीओ में देश को शामिल करने वाली तत्कालीन सरकार वाली कांग्रेस और किसान आंदोलनकारी आज साथ-साथ है। आंदोलन को प्रत्यक्ष और परोक्ष समर्थन कर रही विपक्षी पार्टियां सत्ता में रहते हुए किसानों के लिए क्या करती रही हैं। वह सबके सामने है। मेरे विचार से पिछले किसान आंदोलन में सरकार के ढुलमुल रवैए ने ही एक बार फिर यह विषम स्थिति सामने खड़ी की है। अगर सरकार सत्ता लोभ से दूर होकर पिछले किसान आंदोलन में हुई अराजकता को सबक सिखाती और बलप्रयोग करके कानून व्यवस्था को प्राथमिकता देती जो कि सरकार का दायित्व भी था तो शायद आज यह बुरी स्थिति सामने न आती।

हमारा समाज कृतज्ञ समाज है। सबको सम्मान देना हमारी संस्कृति है। इसी के चलते हम डॉक्टर को ईश्वर के रूप में, शिक्षक/ गुरु को ईश्वर से भी बड़ा और किसानों को अन्न दाता कहकर सम्मानित करते है लेकिन वर्तमान स्थितियां अलग हैं। ऐसे परिपेक्ष्य में जब समाज में अधिक से अधिक लाभ कमाने की होड़ है, जहां डॉक्टर और शिक्षक की प्राथमिकता ही व्यावसायिक हो चुकी है जहां अनैतिक लाभ के लिए इंजेक्शन वाली लौकी और अन्य सामान खेतों से सीधे बाजार में आता हो और आम जनता धोखे में यूरिया मिला नकली दूध लेने को विवश हो, वहां किसी को अन्न दाता या ईश्वर के रूप में सम्मानित करना बेमानी है। सब अपने अपने लाभ के लिए अपने विवेक और अपनी व्यक्तिगत नैतिकता के आधार पर काम कर रहे हैं। इसलिए किसी को अतिरिक्त सम्मान देना अनावश्यक है। एक और बात जिसका मैं स्वयं गवाह हूंः बुंदेलखंड और मध्यप्रदेश में होने वाले कठिया गेहूं की कीमत खुले बाजार में 40/50 रुपए प्रतिकिलो है। इस दाम पर भी बमुश्किल ही यह गेहूं लोगों को मिल पाता है। आपने भी देखा होगा कि पिसे हुए आटे का प्रचार किया जाता है कि राजस्थान और मध्यप्रदेश के गेहूं से बना हुआ आटा है। कभी यह नहीं प्रचारित किया जाता कि यह पंजाब के गेहूं का आटा है। अगर आमजनता में जिसके पास आर्थिक विकल्प उपलब्ध है, वह पंजाब के गेहूं को कतई उपयोग नहीं करना चाहता क्यों कि सबको पता है कि वहां का गेहूं अनेक प्रकार के अंधाधुंध कीटनाशकों और रसायनों से पैदा हुआ है। पंजाब की जमीन वहां का पानी घोर प्रदूषण का शिकार है वहां की पराली केवल पंजाब ही नहीं दिल्ली तक को प्रदूषित कर रही है आखिर इसका जिम्मेदार कौन है?

## भारतीय-संस्कृति

भारतीय-संस्कृति को केवल किताबों में पढ़ कर तो जाना नहीं जा सकेगा। संस्कृति प्रवाह की तरह है, गतिशील है। भारत की सांस्कृतिक-धाराओं, उपधाराओं, अन्तर्वर्ती-धाराओं को लोकजीवन में उतर कर ही जाना जा सकेगा। ये धाराएं किस प्रकार मिलती हैं और बिछुड़ती भी हैं।

लोकधारा में आपको शैव और शाक्त धारा भी मिलेंगी और वैष्णव-धारा भी। बौद्ध-धारा कहीं चली नहीं गई, लोकधारा में उनकी भी पहचान की जा सकती है। विभिन्न जनपदीय, जनजातीय, प्रदेशीय संस्कृतियों का संगम होता है और उस संगम से नई अवधारणाओं का जन्म होता है। नए विचारों का जन्म होता है। नए सौंदर्यशास्त्र का जन्म होता है। सांस्कृतिक-प्रवाह को हम किसी संप्रदाय में बांध कर नहीं समझ सकते। उदाहरण के लिए हम भक्ति-आंदोलन को ही लें, भक्ति-आंदोलन में लोकमानस का तत्त्व बहुत प्रबल है। इस आंदोलन का स्रोत केवल वेद-वेदान्त, उपनिषद ही नहीं है, इसमें आगम-परंपरा भी है, आलवार भी हैं, सिद्ध भी हैं, सहजिया-वैष्णव भी हैं, सहजयानी और वज्रयानी भी हैं। योग-परंपरा न होती तो समाधि की बात कैसे आ जाती, आउ समाधि भीतर। लोकधारा किसी से परहेज नहीं करती। इस्लाम का प्रभाव भी भाषा के रूप में देखा जा सकता है। सचाई तो यह है कि सभी सांस्कृतिक-धाराओं का स्रोत लोक में है। सभी दर्शनों का जन्म और विकास लोक की धरती पर ही होता है, लोक के लिए होता है। जो लोकातीत है, वह भी लोक के लिए ही है। लोक जीवन का सत्य दायरों में कैसे समा सकता है?



**डॉ. राजेंद्र रंजन चतुर्वेदी**
सेवानिवृत्त प्रोफेसर

## ब्रह्मविद्या -गुरु एवं शिष्य

निष्कलं निष्क्रियं शान्तं निरवद्यम् निरञ्जनम्।/ अमृतस्य परं सेतुं/ दग्धेन्धनमिवानलम्।।-निर्गुण निराकार ब्रह्म के ध्यान की विधि बताते हुए श्रुति कहती है कि जो सोलह कलाओं अर्थात् संसार के सभी संबंधों से रहित, सर्वथा क्रियाहीन अर्थात् कूटस्थ, परमशांत और सब प्रकार के दोषों से रहित है, जो अमृत स्वरूप मोक्ष के परम सेतु हैं, जिनका आश्रय लेकर मनुष्य अत्यंत सुगमता पूर्वक इस संसार समुद्र से पार हो सकता है, जो लकड़ी का पार्थिव अंश जल जाने के बाद धधकते हुए अंगारों वाली अग्नि की भांति सर्वथा निर्विकार, निर्मल, प्रकाश स्वरूप हैं, निर्विशेष, निर्गुण निराकार परमात्मा को तत्व से जानने के लिए उन्हीं देव की मैं शरण लेता हूं। जिस प्रकार आकाश को चमड़े की भांति लपेटना मनुष्य के लिए सर्वथा असंभव है, उसी प्रकार परमात्मा को जाने बिना कोई भी जीव इस दुख समुद्र से पार नहीं हो सकता। यह बात प्रसिद्ध है कि श्वेताश्वतर नामक ऋषि ने तप के प्रभाव से उन परमदेव परमेश्वर को उन्हीं की दया से जान लिया था और ऋषि परंपरा से सेवित इस परम पवित्र ब्रह्मतत्व का उपदेश परमहंस संन्यासियों को दिया। इस परम गुह्यविद्या के ज्ञान का वर्णन पूर्वकल्प मे भी उपनिषदों मे किया गया था अर्थात् यह ब्रह्मविद्या परंपरागत रही है। पुत्र व शिष्य को इस विद्या का अधिकारी बनाना आचार्य का दायित्व है। भाव यह है कि शिष्य के गुणों को जानकर ही उसे ब्रह्मविद्या का उपदेश दिया जाना चाहिए। जिसकी परमेश्वर में अत्यंत भक्ति है और जैसी परमेश्वर में है, वैसी ही भक्ति गुरु में भी है ऐसे श्रद्धावान महात्मा के हृदय मे ही इन उपदेशों का गूढ़ अर्थ प्रकाशित होता है।



**ओमप्रकाश त्रिपाठी**
सेवानिवृत्त पुलिस महानिरीक्षक

## कुरीतियों के सुधारक संत रविदास

सद्गुरु रविदास भक्तिकालीन संत परंपरा में बहुत सम्मानीय कवि हैं। उनकी रचनाओं में समतामूलक समाज की परिकल्पना, चेतना, जन आंदोलन हैं, पाखंड का विरोध है। समतामूलक की कल्पना में वे कहते हैं- रविदास जन्म के कारने, होत न कोई नींच।/नर कुं नींच करि डारि है, ओछे कर्म की कींच।/ न जच्चा बसलों होति, न जच्चा होति ब्राहमणों।/ कामन्ना बसलों होती, कामन्ना होति ब्राहमणों। -आशय यह है मानव जाति एक है सभी मनुष्य एक जैसे ही जन्मते हैं, मानव को जाति के आधार पर पशुवत जीवन जीने को बाध्य करना कुकर्म की श्रेणी में आता है। मैं रूखी सूखी खाऊं, औरन की भूख मिटाऊं। का संदेश देते हैं खुद भी खाओ और भूखे प्राणियों पर भी दया करो। मन्दिर-मस्जिद एक हैं, इन महं अंतर नाहिं।/रैदास राम रहमान का, झगड़ऊ कोऊ नाहिं।।/ एक माटी के सभै भांडे, सबका का एकै सिरजनहार।/रैदास व्यापै एकौ घट भीतर, सभ को गढ़े कुम्हार।

धर्मनिरपेक्षता का संदेश देते हैं जो आज भी प्रासंगिक है हिंदू मुस्लिम एकता पर बल है। मन चंगा तो कठौती में गंगा का संदेश है आपके विचार पवित्र हैं तो कहीं तीर्थ या गंगा में जाने की जरूरत नहीं। कर्मकांड और आडंबर के कभी नहीं, जो गए थे पास। सदा याद रखेगा उनको, भारत का इतिहास। दुखियों का दुख हारन हारा, मानवता के दास। सभी जन नमन करें हैं उनको, जो हैं संत रविदास।



**सुरेन्द्र सोनकर**
सामाजिक चिंतक

# मयकदे का सीधा रिश्ता शराफत से

मयखाने गए हैं कभी आप? ना गए हों तो बदनसीबी आपकी। ये दुनिया की उन बेहतरीन जगहों में शामिल है जहां कदम रखते ही आदमी अपनी सारी दुश्वारियां भूल जाता है। दुनिया की तमाम आफ़तें, मिलकर भी मयकदे की सीढ़ियां चढ़ने की हिम्मत नहीं कर पाती। यहां की आबो-हवा आपको खुद पर यक़ीन दिलाएगी। हौसला बढ़ाएगी आपका। सुकून महसूस करेंगे आप। यदि ऐसा न होता तो अब्दुल हमीद अदम जैसे शायर भला ये क्यों कहते।

मय-कदा है यहां सुकूं से बैठ
कोई आफ़त इधर नहीं आती।

आदमी को चाहिए क्या? बस चैन चाहिए। और जो ऐसा चाहते हैं उनके लिए मयकदे से बेहतर कोई दूसरी जगह तलाशना मुश्किल है।

यहां की आबोहवा आने वाले को पलक झपकते एक खुशमिजाज, ज़िंदादिल और मिलनसार इंसान में बदल देती है। यदि आपको सच्चे दोस्तों की तलाश है तो इससे मुफ़ीद जगह कोई दूसरी नहीं। यहां बने दोस्त बचपन के लंगोटियां दोस्तों को मात कर सकते है। ऐसे दिलदार और हाज़िरजवाब लोग जो बिना जान पहचान के आपके गले लग जाएं, अपनी जेब की आखरी पाई तक आप पर लुटा दें, आपके दुख दर्द बांट लें, आपके लड़खड़ाने पर सहारा दे और आपको घर छोड़ जाने की ज़िम्मेदारी भी उठा लें। ऐसे मददगार लोग जो अपनी कहने के साथ-साथ आपकी भी सुनते है, मशविरा देते हैं और मदद करते हैं।



**मुकेश नेमा**
वरिष्ठ लेखक

> ज़ाहिर है ये सच्चे होशमंद लोगों का घर है और जहां सच का बोलबाला हो वहां जाने से परहेज़ वहीं कर सकते है जो परले दर्जे के झूठे और बेईमान हो, और मुझे पता है कि आप ऐसे नहीं हैं।

और फिर मयखाने में जाने वाले रोज़ जाते हैं वहां। वही बने रहना चाहते हैं और उसके प्रति वफ़ादार होते है। ज़ाहिर है ऐसे लोग भरोसेमंद है, अमीर मीनाई तस्दीक़ करते हैं इसकी।

मस्जिद में बुलाते हैं हमें ज़ाहिद-ए-ना-फ़हम!
होता कुछ अगर होश तो मय-ख़ाने न जाते।

और फिर पीने वाला और कहीं जाए भी क्यों? मयकदे तो पुण्यात्माओं की पनाहगाह है। अहमद हुसैन माइल कहते हैं।

तौबा खड़ी है दर पे जो फ़रियाद के लिए
ये मय-कदा भी क्या किसी क़ाज़ी का घर हुआ।

मयकदे का सीधा रिश्ता शराफत से है। ये नेकदिलों की बस्ती है। सो इसकी बुराई वही करते हैं जो इससे नावाक़िफ़ या नासमझ हैं।

दुनियादारी है फरेब। अहम के नशे में धुत्त लोग बसते है इस दुनिया में। ऐसे में बस मयखाना ही वह जगह है जहां ईमान पर कायम सच्चे लोग रहते हैं। मयखाना वो इकलौती जगह है जहां आकर इंसान एकदम पाक साफ हो जाता है। दरअसल ये नीम बेहोशी से बाहर आने की जगह है। बशीर बद्र गवाही देते है इस बात की।

न तुम होश में हो न हम होश में हैं
चलो मय-कदे में वहीं बात होगी।

ज़ाहिर है ये सच्चे होशमंद लोगों का घर है और जहां सच का बोलबाला हो वहां जाने से परहेज़ वहीं कर सकते है जो परले दर्जे के झूठे और बेईमान हो, और मुझे पता है कि आप ऐसे नहीं हैं।

आबेहयात मिलती है मयखाने में। ज़ाहिर है जन्नत है ये। जन्नत जाना सभी चाहते हैं पर मरना कोई नहीं चाहता। और फिर सवाल यह भी कि जन्नत देखी किसने है? देखने वाले वापस आकर बयान कहां करते हैं उसके बारे में? किताबों में यह ज़रूर लिखा है कि आबेहयात की नदियां बहती हैं वहां। ये बताने वाले बिना मयखाने गये ये लिख सके होंगे यकीन करना मुश्किल है। दुनिया के छल कपट से बाहर निकल आना। सच्चे होने की निशानी है। ऐसे बंदे बस मयखाने में मिलते हैं। खुदा सच्चे लोगों की क़द्र ना करे ऐसा हो ही नहीं सकता। यदि जन्नत है तो मेरा मानना है कि मयखाने के पीछे का दरवाजा सीधे जन्नत मे खुलता है।

नितांत समाजवादी और सभी की जेब बर्दाश्त कर सके ऐसी जगह है मयखाना। यहां दिमाग़ का भी इलाज होता है और मन का भी। मयकदे न होते तो हमें हजार गुना ज्यादा मानसिक अस्पतालों की ज़रूरत होती। ऐसा न होता तो लोग जाते ही नहीं। यहां पहुंचा आदमी बहुत जल्दी हल्का हो जाता है, ख़ुशियों से भरपूर, तरोताज़ा हवा में तैरता है वो। गहरी नींद जैसा सूकून मिलता है उसे। यहां आकर फ़क़ीर भी ऐसे सपने देखता है, जहां वो बादशाह होता है, ऐसे सपने जहां उसे किसी चीज़ की कमी नहीं होती और मनचाहा करने की आज़ादी होती है। आजाद होने से अच्छा और हो तो आप मुझे बता सकते हैं।

दुनिया भर के बेहतरीन उस्ताद, विचारक, शायर, दार्शनिक, और हकीम मिलेंगे यहां आपको। ऐसे तपे तपाये अनुभवी लोग जो ज़िंदगी के बेशक़ीमती पाठ मुफ्त में पढ़ा सकते हैं। दुनिया के सारे सच्चे, नेक, भले और ईमान पर भरोसा रखने वाले लोग भी यहीं मौजूद है। बड़े दिलवाले, खरे कुंदन से दमकते बंदे। हमेशा सच बोलने वाले ऐसे लोग जिनकी संगत आपको बहुत कुछ सिखा सकती है। आप यहां आये और बेहतर हुए बिना लौट जाएं ये मुमकिन ही नहीं। ऐसा न होता तो ज़ौक़ जैसा मशहूर शायर ऐसा कभी ना कहता।

'ज़ौक़' जो हैं मदरसे के बिगड़े हुए मुल्ला!
उन को मय-ख़ाने में ले आओ संवर जाएंगे।

संवरना चाहते हैं? ज़ाहिर है हां ही कहेंगे आप ,तो आईए मयखाने चलते हैं। संवरने निखरने, दमकने के लिए उससे मुफ़ीद जगह इस धरती पर और कोई दूसरी है नही।

## संस्कृति की विशिष्ट परंपरा

भारतीय संस्कृति की परम विशिष्ट परंपरा सनातन काल से यह रही है कि इसके सभी पर्व और त्योहार सूर्य और चंद्रमा की गति और स्थिति से जुड़े रहे हैं। यज्ञोपवीत संस्कार और विवाह जैसे मांगलिक कार्यों में देवगुरु बृहस्पति और दैत्य गुरु शुक्राचार्य को भी यथोचित सम्मान दिया गया है। यह प्रसंग इसलिए है कि गंगा स्नान के माघ मास का पुण्य प्राप्त करने का इस वर्ष का अंतिम दिन माघ पूर्णिमा आ गई है। इस साल यह कम से कम दस दिन के विलंब से है। बैशाख, ज्येष्ठ, आषाढ़, श्रावण और भादो इन पांच महीनों में तीन साल बाद किसी एक महीने में अधिमास हो जाता है। इसका कारण सामान्य रूप से यह समझ लीजिए कि सूर्य का राशि परिवर्तन लगभग निश्चित है और पृथ्वी 365.24- दिन में परिभ्रमण करती एक साल बाद उसीबिंदु पर आ जाती है। सूर्य के सापेक्ष, वैसे तो अनन्त ब्रह्मांड में तो सूर्य नारायण के साथ करोड़ों मील दौड़ गई होती है। हमारा जीवन तो सूर्य से ही जुड़ा है इसलिए हमें क्या कि सूर्य कितना दौड़ चुके हैं। यह बिल्कुल उसी तरह है जैसे कि आपके बालों के अन्दर एक छोटी सी जूं बैठी है और आप मुंबई से न्यूयॉर्क पहुंच गए हैं लेकिन जूं की सीमा तो वहीं तक है जहां तक सिर में बाल हैं। चन्द्रमा शीघ्र गति होने के कारण इस परिपथ को लगभग दस दिन अग्रगामी हो जाता है, इसलिए इस अवधि को सौरमास के साथ सामंजस्य स्थापित करने के लिए भारतीय पंचांग में अधिमास की गणना की जाती है।

यह गणित कैसे किया जाता है की क्लिष्टता में पड़ने की हमें जरूरत नहीं है। इस बार श्रावण मास में अधिमास आने से पूर्णिमा दस दिन आगे बढ़ गई है। जिस वर्ष भाद्रपद में अधिमास पड़ेगा उस साल यह बारह दिन आगे बढ़ जाएगी।



**रमेश चंद्र पाठक**
सेवानिवृत्त आईएएस

# चालक की हालत बिगड़ी, खम्भे से टकराई बस

## चन्दौसी से मुरादाबाद जा रही थी पीतली नगरी की रोडवेज से अनुबंधित बस

कार्यालय संवाददाता, चन्दौसी

**अमृत विचार:** पीतल नगरी की रोडवेज से अनुबंधित बस स्टैंड से सुबह 11 बजे 25 यात्रियों को लेकर मुरादाबाद के लिए रवाना हुई। बस जब मुरादाबाद रोड स्थित सिंचाई विभाग कार्यालय के सामने पहुंची तो अचानक चालक की हालत बिगड़ गई और वह स्टीयरिंग पर बेहोश हो गया। जिससे बस अनियंत्रित होकर सड़क के दूसरी ओर बिजली के खम्भे से टकराकर रुक गई। हादसे के समय यात्रियों में चीख-पुकार मच गई। गनीमत रही कि कोई जनहानि नहीं हुई। परिचालक ने यात्रियों को दूसरी बस में शिफ्ट किया।

मुरादाबाद के गोविंद नगर निवासी जीतू पीतल नगरी डिपो की अनुबंधित बस चलाता है। वह शनिवार की सुबह परिचालक गुल्लेज के साथ मुरादाबाद से यात्री लेकर चन्दौसी आया था। सुबह 11 बजे चालक व परिचालक रोडवेज बस स्टैंड से 25 यात्री लेकर मुरादाबाद को रवाना हुए। आगे जाकर बदायूं चुंगी पर चालक ने पानी पीया। बदायूं चुंगी से 100 मीटर चलने पर चालक की हालत बिगड़ गई और वह स्टीयरिंग पर बेहोश हो गया। जिससे बस अनियंत्रित होकर सड़क के दूसरी ओर लगे स्ट्रीट लाइट के पोल को तोड़कर रुक गई। यह देख बस में सवार यात्रियों में चीख-पुकार मच गई। बस रुकने पर यात्री दौड़कर बस से बाहर निकल गए। इसके बाद परिचालक ने कुछ यात्रियों की मदद से स्टीयरिंग से अचेत अवस्था में चालक को उठाकर किनारे किया। होश आने पर चालक ने बताया कि उसकी आंखों के सामने अंधेरा छा गया और वह बेहोशी गया। गनीमत यह रही कि बस पोल से टकराने के बाद भी किसी प्रकार की जनहानि नहीं हुई।


खम्भे से टकराने के बाद मुरादाबाद रोड पर खड़ी रोडवेज बस। ● अमृत विचार

▸▸ मुरादाबाद रोड पर सिंचाई विभाग कार्यालय से सामने हादसा


बस में लेटा चालक जीतू।

### चार दिन से चालक की खराब थी तबियत

**चन्दौसी, अमृत विचार:** चन्दौसी, पीतल नगरी की अनुबंधित बस लेकर जा रहे चालक जीतू ने बताया कि कुछ तीन-चार दिन से तबियत ठीक नहीं थी। वह छुट्टी पर था। शनिवार को ही काम पर आया था। सुबह जब मुरादाबाद से बस लेकर आया, तो हालत ठीक नहीं थी। इससे पहले कभी भी ऐसा नहीं हुआ।

### गनीमत रही कि सामने नहीं था कोई वाहन

**चन्दौसी, अमृत विचार:** शनिवार की सुबह 11 बजे रोडवेज बस स्टैंड से पीतल नगरी की अनुबंधित बस मुरादाबाद के लिए रवाना हुई। बस में 25 यात्री सवार थे। बस में परिचालक गुल्लेज यात्रियों के टिकट बना रहा था। तभी अचानक मुरादाबाद रोड पर बस अनियंत्रित होकर सड़क के दूसरी ओर खम्भे से टकरा गई। धमाके जैसे आवाज सुनकर यात्रियों के रोंगटे खड़े हो गए। बस में देखा तो चालक स्टेयरिंग पर अचेत पड़ा था। बस रुकते ही यात्री तेजी से नीचे उतरे और स्वयं को सुरक्षित देख भगवान का शुक्रिया अदा किया। मुरादाबाद-फरुर्खाबाद मार्ग व्यस्त मार्गों में एक है। यहां दिन-रात वाहनों का आवागमन रहता है। शनिवार को भी वाहनों के आने-जाने का सिलसिला बना हुआ था। ऐसे में यदि बस किसी वाहन से टकरा जाती तो बड़ा हादसा हो सकता था। हाइवे होने के कारण वाहनों की रफ्तार भी ज्यादा रहती है।

## एक नजर

### संदिग्ध परिस्थिति में युवती की मौत

**चन्दौसी, अमृत विचार:** बनियाठेर थाना क्षेत्र के एक गांव में 22 वर्षीय युवती की संदिग्ध परिस्थिति में मौत हो गई। परिजनों ने युवती के शव का अंतिम संस्कार कर दिया। घटना की सूचना पुलिस को नहीं दी गई है। शुक्रवार को थाना क्षेत्र के एक गांव में 22 वर्षीय युवती कमरे में पंखे पर फंदे पर लटकी मिली। इसके बाद परिजनों ने पुलिस को सूचना दिए बगैर ही युवती के शव का अंतिम संस्कार कर दिया। युवती ने ऐसा कदम क्यों उठाया इसकी जानकारी नहीं हो सकी। परिजन भी कुछ भी कहने से बचते नजर आए।

### तालाब में उतराता मिला 55 वर्षीय व्यक्ति शव

**चन्दौसी, अमृत विचार:** कुढ़फतेहगढ़ थाना क्षेत्र के गांव छाबड़ा के तालाब में 55 वर्षीय व्यक्ति का शव उतराता मिला। बच्चों ने शव उतराता देखा तो इसकी सूचना गांव में दी। कुढ़फतेहगढ़ थाना के गांव छाबड़ा के इंद्रपाल की शादी नहीं हुई थी। वह गांव में इधर-उधर घूमता रहता था। किसान सम्मान निधि के रुपयों से वह अपना गुजारा करता था। शनिवार की दोपहर गांव के कुछ बच्चे स्नान करने पहुंचे तो व्यक्ति का शव तालाब में उतराता दिखा। बच्चों ने घटना की सूचना गांव में दी। मौके पर पहुंचे ग्रामीणों ने तालाब से शव को बाहर निकाला। जिसकी पहचान इंद्रपाल के रूप में हुई। मौके पर पहुंच पुलिस ने जानकारी की। बताया जाता है कि इंद्रपाल के दो भतीजे बाहर रहकर मेहनत मजदूरी करते हैं। मृतक के भतीजे रूपेश की ओर से थाने में तहरीर दी गई है। जिसमें पैर फिसलने से तालाब में गिरने से चाचा की मौत होना बताई गई है।

### लाइब्रेरी से छात्र का लैपटाप चोरी

**चन्दौसी, अमृत विचार:** मुंसिफ रोड स्थित लाइब्रेरी से छात्र का लैवटॉप चोरी हो गया। घटना की तहरीर कोतवाली में दी गई है। घटना सीसीटीवी कैमरे में कैद हुई है।सीता रोड स्थित नितेश उपाध्याय मुंसिफ रोड स्थित एक लाइब्रेरी में रोजाना पढ़ने आते हैं। वह रोजाना रात आठ बजे पहुंचते हैं और दूसरी दिन सुबह आठ बजे अपने घर चले जाते हैं। शुक्रवार की सुबह सवा सात बजे नितेश कुछ देर के लिए लाइब्रेरी से बाहर गए और उनका लैपटाप लाइब्रेरी में रखा था। जब वह करीब दस मिनट बाद लौटकर आए तो उनका लैपटाप नहीं था।

## सार-संक्षेप

### शिव-पार्वती विवाह व शुकदेव जन्म की कथा सुनाई

**चन्दौसी, अमृत विचार:** भोलेनाथ वाटिका में श्रीमद भागवत कथा का आयोजन किया जा रहा था। शनिवार को कथा के दूसरे दिन कथा वाचक मनीष भारद्वाज ने शिव-पार्वती विवाह व शुकदेव जन्म की कथा सुनाई। उन्होंने कहा कि हिमालय राज की कन्या पार्वती बड़ी होने लगी हैं। पार्वती ने मन में प्रण लिया कि वह शिव को पति के रूप में प्राप्त करेंगी। देवता भी शिव को मनाते हैं कि वह पार्वती से विवाह कर लें, लेकिन शिव तैयार नहीं हुए। तब माता पार्वती शिव को प्राप्त करने के लिए कठिन तपस्या करती हैं। भगवान शिव प्रसन्न होकर विवाह के लिए तैयार हो जाते हैं। कथा के दौरान भजनों का आयोजन किया गया। अंत में आरती के पश्चात प्रसाद का वितरण किया गया। इस दौरान सुशील भोलेनाथ, डॉ. टीएस पाल, सुभाष चंद्र, दुर्गेश्वरी, महिमा वार्ष्णेय, नम्रता गुप्ता, अपूर्वा, प्रीति, सरिता, सीता, वंदना, अंजना, हिना, बविता, शोभा, गुलशन कुमार, मुनीश वार्ष्णेय, मुकेश, शकुंतला देवी, आदि मौजूद रहे।


कथा सुनाते मनीष भारद्वाज।

### अधिष्ठापन समारोह को लेकर हुई बैठक

**चन्दौसी, अमृत विचार:** जायन्ट्स ग्रुप ऑफ सखी सहेली की ओर से लायंस कॉलोनी में अधिष्ठापन समारोह की तैयारी को लेकर बैठक का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का आरंभ दीप प्रज्ज्वलित करके किया गया। ग्रुप अध्यक्ष रीता बुदियाल ने बताया कि 25 फरवरी को ग्रुप का अधिष्ठापन समारोह धूमधाम से मनाया जाएगा। जिसको लेकर ग्रुप सदस्यों को जिम्मेदारी सौंपी गई। बताया गया कि ग्रुप में अच्छे कार्य करने वाली सदस्यों को सम्मानित किया जाएगा। इस दौरान सीमा वर्मा, अंजू राजपूत, सरोज शर्मा, दीप्ति दुबे, पुष्पा वर्मा, मधु तोमर, संगीता अग्रवाल, गीता ग्रोवर, राजेश्वरी श्रीवास्तव, करुणा दुआ, लक्ष्मी सिंधी, मुन्नी देवी, सरस्वती देवी, रेनू अग्रवाल, साधना आदि मौजूद रहे।

### संकल्प यात्रा में दी योजनाओं की जानकारी

**चन्दौसी, अमृत विचार:** नगर पालिका की ओर से विकसित भारत संकल्प यात्रा के तहत कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें वैन के माध्यम के केंद्र व प्रदेश सरकार द्वारा संचालित योजनाओं की जानकारी दी। मुख्य अतिथि व नगर पालिकाध्यक्ष लता वार्ष्णेय ने कहा कि विकसित भारत संकल्प यात्रा कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य सरकार द्वारा चलाई जा रही जनकल्याणकारी योजनाएं की जानकारी जनमानस को देनी है। जिससे नागरिक योजनाओं का ज्यादा से ज्यादा लाभ प्राप्त कर सके। सीएचसी प्रभारी डॉ. हरवेन्द्र सिंह ने सरकार की नीतियों की जानकारी दी। उन्होंने कहा कि लोगों को अपने घर के अलावा आस-पास सफाई रखनी चाहिए। बीमार होने पर तुरंत चिकित्सक से संपर्क करे। सरकार द्वारा चलायी जा रही लाभकारी नीतियों का फायदा उठाये। कार्यक्रम के दौरान कई स्टाल भी लगाए गए, जिसमें रोगियों का उपचार कर दवा का वितरण भी किया गया। इस अवसर नगर पालिका के जेई अनुज कुमार, खाद्य निरीक्षक प्रियंका सिंह, सुनील कुमार, प्रभाकर गुप्ता, ऋषभ कुमार, सभासद अमन कोरी, लवित वार्ष्णेय आदि मौजूद रहे।

### अनियंत्रित होकर पलटी कार, बचे दो लोग

**संभल, अमृत विचार:** असमोली थाना क्षेत्र के गांव मदाला फत्तेहपुर निवासी तथीर शनिवार को रात साढ़े आठ बजे अपने तहेरे भाई फिरोज अनवर के साथ कार से हयातनगर थाना क्षेत्र के गांव हसनपुर मुंजब्ता से घर जा रहा था। तथीर कार लेकर जैसे ही संभल मुरादाबाद मार्ग पर सदर कोतवाली क्षेत्र में मुहल्ला बरेली सराय में पहुंचा तो अचानक से अनियंत्रित होकर कार डिवाइडर से टकराकर सड़क पर पलट गई। मार्ग से गुजर रहे कोतवाली प्रभारी पवन कुमार ने आनन फानन में पुलिस जीप से उतरकर कार को सीधा कर तथीर व फिरोज अनवर को बाहर निकाला। गनीमत रही कि तथीर व फिरोज अनवर बाल बाल बच गए। वहीं हादसे में कार क्षतिग्रस्त हो गई।

### शबद कीर्तन सुनकर निहाल हुईं संगतें

**संभल, अमृत विचार:** गुरुद्वारा श्री गुरुनानक दरबार में भगत रविदास की जयंती श्रद्धा, उत्साह और भक्ति भावना से मनाई गई। संत रविदास की वाणी शबद सुनकर संगतें निहाल हो गईं।गुरुद्वारा में शनिवार को सुबह सुखमनी साहिब के पाठ के बाद महान कीर्तन दरबार सजाया गया। जिसमें बाजपुर उत्तराखंड से कुलदीप, गुरजीत सिंह ने हाजिरी लगाई। उन्होंने संत रविदास की वाणी शबद और कथा कीर्तन कर संगतों को निहाल किया। महिला सुखमनी सोसाइटी की ओर से जगजीत कौर, सुखविन्दर कौर, सुरेंद्र कौर ने गुरुवाणी कीर्तन सुनाकर मंत्रमुग्ध किया। दीवान समाप्ति के बाद अरदास हेड ग्रंथी ज्ञानी गुरजीत सिंह ने की। गुरुद्वारा प्रबंध कमेटी की ओर से सेवादारों को सरोपा, भगत रविदास का चित्र और स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया। दीवान समाप्ति के बाद गुरु का अटूट लंगर हुआ। जिसमें ग्रामीण क्षेत्रों से संगतों ने बढ़चढ़ कर हिस्सा लिया। मान कौर को भी सम्मानित किया गया। सेवादारों में हरदीप सिंह, हरज्ञान सिंह, मुन्नालाल, विनोद, अजय गौतम, कुलवीर सिंह, गुरविन्दर सिंह, विपिन, श्यामलाल, सुरेंद्र सिंह, धर्म सिंह, सुरजीत सिंह, दौलतराम, रंजीत सिंह, सतपाल सिंह, जसमीत सिंह, सागर, अभीत, जसजीव, महिला सुखमनी सोसाइटी की ओर से मोहन कौर, सुरेंद्र कौर, सोनिया मदान, रितु गांधी, करमजीत कौर, जगजीत कौर, नरेंद्र कौर, मंजीत कौर, मिनी कौर और वीर खालसा सेवादल के सदस्य रहे।

### फर्जी आईडी बनाकर की जा रही रुपयों की मांग

**चन्दौसी, अमृत विचार:** बनियाठेर थाना क्षेत्र की आटा पुलिस चौकी प्रभारी के फर्जी व्हाट्सएप आई बनाकर रुपयों की मांग की जा रही है। चौकी प्रभारी ने अपने अधिकारियों को घटना से अवगत कराया है। थाना बनियाठेर थाना क्षेत्र की आटा पुलिस चौकी में राधे श्याम शर्मा की तैनाती है। बताया कि साइबर ठगों ने उनकी फर्जी व्हाट्सएप आई बनाकर उसमें उनका फोटो लगा दिया है। आरोपी उनकी फर्जी आईडी से मैसेज कर रुपयों की मांग कर रहे हैं। घटना की जानकारी होने पर चौकी प्रभारी अपने परिचित व रिश्तेदारों से रुपयों देने से इंकार किया है तथा घटना से अपने उच्चाधिकारियों को अवगत कराया गया है। साइबर ठगों की पहचान की जा रही है।

# अरिल नदी में गेंद ढूंढते बच्चों को मिले बाइक के पुर्जे

कार्यालय संवाददाता, संभल/ओबरी

**अमृत विचार:** असमोली थाना क्षेत्र में झारखंडी शिव मंदिर के पास क्रिकेट मैच खेल रहे बच्चों को अरिल नदी में गेंद तलाशते समय बाइक के पार्ट्स मिले। सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और बाइक के पार्टस बोरी में बंद कर अपने साथ लेकर थाने आ गई। बताते चलें कि एक वर्ष पहले भी अरिल नदी में दो बाइकों के पार्टस मिले थे।

थाना क्षेत्र के गांव गुमसानी में स्थित झारखंडी शिव मंदिर के पास खाली मैदान में शनिवार की दोपहर में बच्चे क्रिकेट मैच खेल रहे थे। खेलते समय बच्चों की गेंद पास में अरिल नदी के अंदर चली गई। अरिल नदी के पानी में गेंद की तलाश करते समय बच्चों का हाथ अचानक से किसी लोहे की किसी चीज से टकरा गया। बच्चों ने लोहे की चीज को पानी से निकालकर देखा तो वहां किसी बाइक के अलग अलग कई पार्ट्स थे। पार्टस मिलने की सूचना बच्चों ने अपने परिजनों व ग्राम प्रधान को दी। जानकारी मिलने पर दर्जनों ग्रामीण व ग्राम प्रधान पुत्र राहुल मौके पर पहुंचे गए। सूचना मिलने पर मौके पर पहुंची पुलिस बोरी में बंद कर बाइक के पार्टस अपने साथ ले गई।


नदी से मिले बाइक के पार्ट्स देखते ग्रामीण।

▸▸ पुलिस मौके पर पहुंची और बाइक के पार्टस थाने ले आई

# ई-रिक्शा की टक्कर से बाइक सवार घायल

कार्यालय संवाददाता, चन्दौसी

**अमृत विचार:** कुढ़फतेहगढ़ थाना क्षेत्र के बिलारी-आसफपुर मार्ग पर गांव खटेटा के पास ई-रिक्शा ने बाइक को टक्कर मार दी। हादसे में बाइक सवार युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। उसे उपचार के लिए सीएचसी में भर्ती कराया। हालत गंभीर होने पर हायर सेंटर रेफर कर दिया गया। घटना के बाद चालक ई-रिक्शा लेकर फरार हो गया।

कुढ़फतेहगढ़ थाना क्षेत्र के गांव अटवा निवासी कमल सिंह पुत्र राजेश कुमार शनिवार की सुबह पूर्णिमा पर राजघाट पर गंगा में स्नान करने गया था। स्नान करके युवक बाइक से अपने गांव लौट रहा था। जब सात बजे युवक थाना क्षेत्र के बिलारी-आसफपुर मार्ग पर गांव खटेटा के पास पहुंचा तो सामने से आ रहे ई-रिक्शा ने बाइक को टक्कर मार दी।

हादसे में बाइक सवार गिर गया और गंभीर रूप से घायल हो गया। उधर से गुजर रहे लोगों ने घटना की सूचना पुलिस को दी।

मौके पर पहुंची पुलिस ने युवक को उपचार के लिए सीएचसी में भर्ती कराया।

हालत गंभीर होने पर चिकित्सक ने प्राथमिक उपचार के बाद युवक को हायर सेंटर रेफर कर दिया। घटना की सूचना मिलने पर युवक की पत्नी विमलेश व अन्य परिजन सीएचसी पहुंच गए। घटना की तहरीर अभी नहीं दी गई है।


घायल का उपचार करता स्वास्थ्यकर्मी।

▸▸ थाना कुढ़फतेहगढ़ थाना क्षेत्र के खटेटा के निकट हादसा

### बाइकों की आमने-सामने भिड़ंत में दो युवक घायल

**चन्दौसी, अमृत विचार:** कोतवाली क्षेत्र के मुरादाबाद रोड स्थित विद्युत वितरण खंड कार्यालय के सामने दो बाइकों की आमने-सामने की भिड़ंत हो गई। हादसे में दोनों बाइक पर सवार दो युवक घायल हो गए। जिन्हें उपचार के लिए सीएचसी में भर्ती कराया गया। जहां हालत गंभीर होने पर एक युवक को हायर सेंटर रेफर कर दिया। बनियाठेर थाना क्षेत्र के गांव गोपालपुर निवासी विकास पुत्र हरद्वारी के छोटे भाई मोनू की शादी 29 फरवरी की है। शुक्रवार की शाम वह अपने छोटे भाई की शादी के कार्ड बांटने कोतवाली क्षेत्र के गांव पतरौआ गया था। देर शाम साढ़े सात बजे युवक कार्ड बांटकर घर जा रहा था कि मुरादाबाद रोड स्थित विद्युत वितरण कार्यालय के पास सामने से आ रही बाइक से टक्कर हो गई। हादसे में विकास और दूसरी बाइक पर सवार मनोज पुत्र बबलू निवासी गांव भैतरी थाना बनियाठेर घायल हो गए।


संत रविदास बस्ती में यज्ञ में शामिल लोग। ● अमृत विचार


संत रविदास की जयंती मनाते समिति के पदाधिकारी। ● अमृत विचार

# संत रविदास के आदर्शों पर चलने का लिया संकल्प

संवाददाता, बबराला

**अमृत विचार:** संत शिरोमणि रविदास की 647 वीं जयंती पर श्रद्धासुमन अर्पित कर उनके बताए मार्ग पर चलने का संकल्प लिया गया।

नगर के मोहल्ला संत रविदास बस्ती वार्ड नंबर दो में यज्ञ, भजन, सत्संग कार्यक्रम का हुआ। संत रविदास के चित्र पर पुष्प अर्पित करने के बाद चेयरमैन हर्ष वर्धन वार्ष्णेय ने कहा कि जातिवाद के खिलाफ किए गए प्रयासों के कारण उन्हें आध्यात्मिक व्यक्ति के साथ एक समाज सुधारक के रूप में भी याद किया जाता है। संत रविदास के विचार समतामूलक समाज के लिए प्रेरणास्रोत हैं। लोगों ने संत रविदास के आदर्शों पर चलने का संकल्प लिया।

### समारोह पूर्वक मनाई संत रविदास जयंती

**चन्दौसी, अमृत विचार:** महापुरुष स्मारक समिति व सर्वसमाज जागरुकता अभियान की ओर से महान समाज सुधारक संत रविदास की जयंती विनायक कॉलोनी में समारोह पूर्वक मनाई गई। दोनों संगठनों के पदाधिकारियों ने उनके चित्र के समक्ष पुष्प अर्पित किए। मुख्य वक्ता व अखिल भारतीय ब्राह्मण महासभा के राष्ट्रीय अध्यक्ष कवि माधव मिश्र ने कहा कि संत रविदास ने दोहों के माध्यम से समाज में जातिगत भेदभाव को दूर कर सामाजिक एकता पर बल दिया और मानवतावादी मूल्यों की नींव रखी। स्वामी रामानंद इनके गुरु और इनकी शिष्या मीराबाई थी। इस दौरान रश्मि शर्मा, सृष्टि सिंह, सत्यप्रिया मिश्रा, पीयूष, पवन सिंह, अमन सिंह, आर्यन आदि मौजूद रहे।

### संत रविदास के जीवन से शिक्षा लेने का आह्वान

**संभल, अमृत विचार:** राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय संभल में राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई के शिविर के मौके पर संत शिरोमणि रविदास की जयंती का कार्यक्रम प्राचार्य डॉ .प्रभा शर्मा के मार्गदर्शन एवं कार्यक्रम अधिकारी प्रमोद कुमार व सचिन कुमार के निर्देशन में हुआ। स्वयंसेवकों ने महाविद्यालय में श्रमदान कर साफ सफाई की।

# झांकियां निकालकर धूमधाम से मनाई संत रविदास जयंती

कार्यालय संवाददाता, संभल

**अमृत विचार:** नखासा थाना क्षेत्र में ग्रामीणों ने संत रविदास जयंती के मौके पर राधा कृष्ण, मीराबाई और संत रविदास की झांकियां निकाली। डीजे की धुन पर राधा कृष्ण के रूप में कलाकारों ने नृत्य किया।

गांव लखौरी जलालपुर के ग्रामीणों ने शनिवार को गांव में स्थित अंबेडकर धर्मशाला में संत रविदास का झंडा लगाकर मंत्रों का उच्चारण कर पूजन किया। धर्मशाला से ग्रामीणों ने संत रविदास का हाथों में झंडा लेकर संत रविदास, मीराबाई, राधा कृष्ण की झांकियां निकाली। इस दौरान किशनलाल, रामचरण सिह, मनोहर, जयसिंह, अमरीश, देशवीर, सोनू, नेपाल सिंह, मुकेश फौजी, मुकेश कुमार, मदनपाल सिंह, प्रिंस कुमार, आदि रहे।

### संत रविदास जयंती पर निकाली शोभायात्रा

**चन्दौसी, अमृत विचार:** कोतवाली क्षेत्र के गांव तारापुर पथरा में संत रविदास जयंती के उपलक्ष्य में जय भोले बाबा युवा कमेटी की ओर से शोभायात्रा निकाली गई। शोभायात्रा गांव के प्रमुख मार्गों से निकाली गई। शोभायात्रा का आरंभ पूर्व एमएलसी चन्द्रपाल सिंह पप्पू चौधरी ने फीता काटकर किया। इसके बाद गांव के प्रमुख मार्गो में शोभायात्रा का भ्रमण कराया गया। संत रविदास की झांकी सहित अन्य झांकियों ने ग्रामीणों का मनमोह लिया। इस दौरान लखपत सिंह, सुबरन सिंह, चरन सिंह, बीनू सागर, अनुज कुमार, छत्रपाल सिंह, अनिल कुमार, प्रदीप कुमार, योगराज आदि मौजूद रहे।

### बाइक सवार घायल

**संभल, अमृत विचार:** असमोली लोधीपुर मार्ग पर गांव दुगावर के मोड़ पर ई रिक्शा ने बाइक में टक्कर मार दी। जिससे नेतराम घायल हो गया।

# शादी से पहले ही टूटने के कगार पर पहुंचा रिश्ता

संवाददाता, बहजोई

**अमृत विचार:** प्री वेडिंग (फोटो वीडियो शूट) के लिए गए युवक युवती एक-दूसरे से मिले और घूमे लेकिन कुछ ऐसा हुआ कि युवक ने युवती से शादी करने से इनकार कर दिया और रिश्ता टूटने के कगार पर पहुंच गया। मामला पुलिस परिवार परामर्श समझौता केंद्र पहुंचा तो सभी हैरत में पड़ गए।

जनपद के एक थाना क्षेत्र के युवक युवती की परिजनों ने शादी तय की। शादी से पहले दोनों प्रीवेडिंग के तहत घूमने के लिए गए। इस बीच शादी का दिन नजदीक आने से पूर्व ही युवक ने शादी करने से इंकार कर दिया। अब मामला पुलिस परिवार परामर्श सुलह समझौता केंद्र में जा पहुंचा। जहां दोनों ओर से उनके माता-पिता आए। युवक ने बताया कि वह युवती से किसी भी कीमत पर शादी नहीं करेगा। कारण जानने का काउंसलरों ने बहुत प्रयास किया गया मगर युवक उसका कोई भी उचित कारण नहीं बताया। हालांकि युवती जिद करते हुए युवक से ही शादी करने के लिए अड़ी रही।

▸▸ प्री-वेडिंग के बाद युवक ने युवती से शादी करने से किया इनकार

### सात परिवारों ने एक बार फिर साथ रहने का लिया फैसला

**बहजोई, अमृत विचार:** पुलिस परिवार परामर्श सुबह समझौता केंद्र पर विवाद के कारण टूटे परिवारों की 47 पत्रावली सुनकर 13 पत्रावली का निस्तारण किया गया। जिसमें सात परिवारों ने अपना विवाद समाप्त किया। साथ-साथ रहने के फैसले के साथ वह पुलिस लाइन से ही अपने घर लौट गए। इस दौरान काउंसलर अखिलेश अग्रवाल, लव मोहन वार्ष्णेय, पूनम अरोरा, बबीता शर्मा, श्वेत गुप्ता, कंचन माहेश्वरी, सीमा आर्य आदि का सहयोग रहा।

# सड़क हादसों में दो लोगों की जान गई

**संभल/असमोली, अमृत विचार:** बाइक सवार बुजुर्ग की मुरादाबाद में ट्रैक्टर ट्राली की टक्कर से जबकि बस में सवार व्यक्ति की मेरठ जाते समय सड़क हादसे में मौत हो गई।

थाना क्षेत्र के गांव शहबाजपुर कला निवासी कादिर (50 वर्ष) शनिवार को पिता कल्लू के साथ मुरादाबाद जिले के गांव भोजपुर से घर वापस आ रहा था। मुरादाबाद में सिरसवां दोराहा पर बाइक में ट्रैक्टर ट्राली ने सामने से टक्कर मार दी। जिसमें कादिर की मौके पर ही मौत हो गई।

दूसरी ओर थाना क्षेत्र के गांव दबोई कला निवासी शीशपाल का बेटा सुनील (29 वर्ष) पत्नी बच्चों सहित दिल्ली में रहकर काम करता था। शनिवार की सुबह दोस्तों के साथ सुनील किसी काम से बस में सवार होकर मेरठ जा रहा था। रास्ते में बस दुर्घटना का शिकार हो गई। जिसमें सुनील गंभीर रूप से घायल हो गया। घायल सुनील को उपचार के लिए मेरठ के सरकारी अस्पताल में पहुंचाया। यहां डॉक्टर ने देखते ही सुनील को मृत घोषित कर दिया।

# पन्ना प्रमुख होंगे लोकसभा चुनाव में जीत का आधार

संवाददाता, बहजोई

**अमृत विचार:** भारतीय जनता पार्टी मंडल नरौली की बैठक में लोकसभा की तैयारी को लेकर चर्चा की गई। लोकसभा सह संयोजक भुवनेश राघव ने पन्ना प्रमुखों को जीत का मंत्र दिया। उन्हें उनकी ताकत बताते हुए लोकसभा चुनाव की तैयारी में पूरी ताकत से जुट जाने का आह्वान किया।

गांव रफीपुर के पंचायत घर में आयोजित बैठक में शक्ति केंद्र प्रमुखों, शक्ति केंद्र प्रभारी व मंडल के पदाधिकारी को संबोधित करते हुए संभल लोकसभा के सहसंयोजक भुवनेश राघव ने कहा कि पन्ना प्रमुख सक्रिय होकर अपने अपने साथ वोटरों से निरंतर संपर्क करते रहें। पन्ना प्रमुख ही भाजपा की जीत का मुख्य आधार हैं। इस दौरान डॉ देवेंद्र सिंह, सतीश अरोड़ा, सुखवीर पाल, उमेश दिवाकर आदि रहे।

### पुलिया और नाला तोड़ने का आरोप

**संभल/ओबरी अमृत विचार:** विकास खंड असमोली के गांव अहरौला माफी के ग्राम प्रधान मारूफ हुसैन ने बहजोई में जिलाधिकारी मनीष बंसल को शिकायती पत्र दिया। जिसमें कहा कि गांव में पानी की निकासी के लिए पुलिया व नाले का दो वर्ष पहले निर्माण कराते समय कई लोगों ने विरोध किया था। जिसकी शिकायत जिम्मेदारों के साथ साथ मुख्यमंत्री से भी की थी लेकिन कोई कार्रवाई नहीं हुई। आरोप लगाया कि गांव के लोगों ने शुक्रवार की सुबह पुलिया व नाले को तोड़ दिया। जिससे घरों से निकलने वाला गंदा पानी तालाब तक नहीं पहुंचकर गांव में रास्तों पर इकट्ठा हो रहा है। दो लोगों ने टूटे नाले पर अतिक्रमण कर लिया है। ग्राम प्रधान ने ग्रामीणों के खिलाफ जिलाधिकारी से कार्रवाई करने की मांग की है।

### शहीद किसानों को दी श्रद्धांजलि

**संभल अमृत विचार:** भारतीय किसान यूनियन असली के बैनर तले किसानों का धरना 33वें दिन भी जारी रहा। किसानों ने गांव हिसामपुर और भटोला के बीच अंडरपास निर्माण शुरू कराने की मांग उठाई। वहीं भाकियू असली कार्यकर्ताओं ने हरियाणा बार्डर पर शहीद हुए किसानों को कैंडल मार्च निकालकर श्रद्धांजलि दी।

**सम्बन्ध विच्छेद**

मैने अपने पुत्र ज़ैद खां व उसकी पत्नी निस्बा से उनके गलत चाल-चलन व गलत संगत में पड़ जाने के कारण अपनी समस्त चल-अचल सम्पत्ति से बेदखल कर दिया है एंव सभी सामाजिक सबंध समाप्त कर लिये हैं। भविष्य में इनके कृत्यों के स्वंय जिम्मेदार होंगे, मेरा व मेरे परिवार की कोई जिम्मेदारी नहीं होगी। फारूख अहमद पुत्र अजीज अहमद निवासी निकट अनवर भाई चक्की, लाल मस्जिद, थाना कोतवाली, तहसील सदर, जिला रामपुर।

**नाम परिवर्तन**

मैंने अपना नाम GUL MOHAMMED से बदलकर GUL MOHAMMAD रख लिया है। गुल मोहम्मद पुत्र वहीद उस्मान निवासी 84 पीला तालाब रोड, दरख्त कैथ, रामपुर।

**आवश्यकता है**

**डी.एल.एड.(बी.टी.सी.), बी.एड.**
पाठ्यक्रम में निम्न पदों पर शिक्षण हेतु आवेदन करें
1. प्राचार्य / विभागाध्यक्ष
2. शिक्षा के परिप्रेक्ष्य
3. शिक्षण विषय- गणित, विज्ञान, सा.वि., हिन्दी, अंग्रेजी, संस्कृत, उर्दू
4. स्वास्थ्य तथा शारीरिक शिक्षा
5. ललित कलाएं
6. निष्पादन कलाएं (संगीत/नृत्य/रंगमंच)

योग्यता एवं वेतनमान SCERT/NCTE एवं राज्य सरकार के मानकानुसार। अपना आवेदन अतिशीघ्र पूर्ण करके समस्त मूल प्रमाण पत्रों की छायाप्रति सहित आधार कार्ड एवं पेन कार्ड 10 कार्य दिवस में रजिस्टर्ड डाक द्वारा निम्न पते पर प्रेषित करें।

**श्री गोविन्द डिग्री कॉलेज (शिक्षा विभाग)**
पो. कुन्दरकी, तह. बिलारी, मुरादाबाद उ0प्र0- 244413
मो. 8923398305, 9411606828

**कार्यालय, जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी, रामपुर**

पत्रांकः- एस०एस०ए०/पाठय पुस्तक जेम बिड/15332-36/2023-24 दिनॉकः- 24.02.2024

**जेम निविदा**

राज्य परियोजना निदेशक समय शिक्षा, उत्तर प्रदेश लखनऊ कार्यालय के पत्रांक बी/ 7108-7458/2023-24 दिनांक 10-01-2024 में दिये गये निर्देशानुसार शैक्षिक सत्र 2023-24 में निशुल्क पाठय पुस्तकों की भण्डार गृह (नगर संसाधन केन्द्र, सराय गेट निकट रामलीला ग्राउण्ड स्वार रोड रामपुर) से जनपद के समस्त बी०आर०सी० केन्द्रो से परिषदीय, राजकीय, माध्यमिक अशासकीय सहायता प्राप्त विद्यालयों एवं सहायता प्राप्त मदरसों तक निःशुल्क पाठ्य पुस्तको की ढुलाई कराने के लिए फर्म का चयन करने हेतु जेम पोर्टल के माध्यम से किये जाने हेतु निविदा/ जेम बिड सन्दर्भ संख्या- GEM/2024/B/4673160 दिनांक 04-03-2024 को समय 11:00 बजे तक आमंत्रित की गयी है। अन्य नियम व शर्तें जेम बिड के साथ संलग्न है, जिनका पालन करना अनिवार्य है।

(संजीव कुमार)
जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी
रामपुर।

# संत रविदास के जीवन चरित्र से प्रेरणा लेने का आह्वान

## जयंती पर निकाली गई शोभायात्रा में शामिल झांकियों ने मन मोहा, पुष्प वर्षा से किया स्वागत

संवाददाता, नगीना

**अमृत विचार :** संत शिरोमणी गुरु रविदास जयन्ती नगर व क्षेत्र में हर्षोल्लास के साथ मनाई गई। इस अवसर पर नगर में बैंड-बाजों, अखाड़ों व मनोहारी झांकियों के साथ शोभायात्रा निकाली गई।

शनिवार की दोपहर को मोहल्ला चौधराना देवता मन्दिर से विधि-विधान से हवन-पूजन के उपरांत एक दर्जन से अधिक मनोहारी व आकर्षक झांकियों तथा कई अखाड़ों के साथ शुरू हुई शोभायात्रा नगर के बाजार पहाड़ी दरवाजा, थाना गेट, बड़ा मंदिर सहित सभी मुख्य बाजारों व गांधी मूर्ति तिराहा से होते हुए देर शाम स्टेशन रोड स्थित आम्बेडकर स्मारक पार्क पर पहुंचकर सभा में परिवर्तित हो गई। सभा में वक्ताओं ने संत रविदास को सच्चा समाज सेवी व ईश्वर भक्त बताते हुये उनके जीवन चरित्र से प्रेरणा लेने का आह्वान किया। शोभायात्रा का नेतृत्व रविदास सभा के पदाधिकारी राजकुमार, धर्मेंद्र, चंद्रपाल सिंह, अशोक कुमार आदि ने किया। मार्ग में कई स्थानों पर समाजसेवी संस्थाओं, भाजपा नेताओं ने शोभा यात्रा में शामिल लोगों का स्वागत किया।


हल्दौर में शोभायात्रा में शामिल झांकी। ● अमृत विचार

शोभायात्रा में पूर्व सांसद डा.यशवंत सिंह, पूर्व विधायक सतीश कुमार, शशिकांत, भूरे सिंह, अशोक कुमार, दीपक कुमार, रामगोपाल, अवनीश कुमार, आदि सिंह, विधायक ओम कुमार, पूर्व विधायक लव कुश कुमार, भाजपा नेता प्रमोद चौहान, अजीत अग्रवाल, रोशनलाल, नीरज विश्नोई, सुरेश राठौर, चंद्र शेखर, धर्मेंद्र पारस, अक्षेष पारस, पारस, चंद्रपाल सिंह, रामदयाल, क्षेत्रीय मंत्री अनूप बाल्मीकि, प्रभात चंद, सौरभ मित्तल, लवी मित्तल सहित बडी संख्या में समाज के गणमान्य लोग शामिल रहे। शांति व्यवस्था व सुरक्षा की दृष्टि से एसडीएम अविनाश त्यागी, क्षेत्राधिकारी देश दीपक व थाना प्रभारी सुनिल कुमार पुलिस बल के साथ शोभायात्रा में मौजूद रहे।

उधर नहटौर के ग्राम करीमपुर मुबारक, रुखडयो, मानकपुर, सराय काजियान, चक्र गोवर्धन, बल्ला शेरपुर, खेतापुर, नवादा चौहान, बेगराजपुर, महमूदपुर, मंडोरा आदि में संत शिरोमणि गुरु रविदास की जयंती धूमधाम से मनाई गई। इस अवसर पर शोभायात्रा में शामिल झांकियां व अखाड़े आकर्षण का केंद्र रहे। कार्यक्रम में उनके जीवन आदर्शों पर चलने का आह्वान किया।


शोभायात्रा में शामिल चंद्रशेखर आजाद। ● अमृत विचार

### अचानक शोभायात्रा में पहुंचे चंद्रशेखर आजाद

**नगीना, अमृत विचार :** रविदास जयंती की शोभायात्रा में उस समय हड़कंप मच गया जब नगीना लोकसभा सुरक्षित सीट से आजाद समाज पार्टी के संभावित दावेदार चंद्रशेखर आजाद समर्थकों के साथ पहुंच गए। उनके समर्थक करीब 45 मिनट तक शोभायात्रा में शामिल रहे। इस दौरान उन्होंने शोभायात्रा में शामिल लोगों से मुलाकात की। उनके जाने के बाद प्रशासन ने राहत की सांस ली। उनके अचानक पहुंचने से राजनीतिक खेमे में चर्चा तेज हो गईं।

### संतों के बताए मार्ग पर चलें : गायत्री

**नजीबाबाद, अमृत विचार :** नजीबाबाद के आदर्शनगर लालूवाला सई एनक्लेव कॉलोनी में संत शिरोमणि गुरु रविदास जयंती पर झांकी का आयोजन हुआ। मुख्य अतिथि भाजपा नेत्री गायत्री निराला जिला मंत्री (अनुसूचित मोर्चा) ने फीता काटकर झांकियों को रवाना किया। गायत्री निराला ने समाज के लोगों से संतों के बताए मार्ग पर चलने का आह्वान किया। उन्होंने बच्चों को समाज की आधार शिला बताते हुए कहा कि हमें बच्चों को पढ़ा-लिखा कर शिक्षित बनाना है। ताकि वह भविष्य में कामयाब आदमी बन सकें। इस दौरान सई एनक्लेव कॉलोनी के अध्यक्ष मिथुन भारती व महामंत्री जोगेंद्र कुमार सहित सैकड़ों लोग मौजूद रहे।

उधर हल्दौर में भी रविदास जी की जयंती के अवसर पर तीन मोहल्लों में शोभायात्रा निकाली गई। इसमें दर्जनों झलकियां आकर्षण का केंद्र रहीं। नवयुवकों ने लाठी, तलवार, मूंगरी, भाला आदि से हैरतअंगेज करतब दिखाए। सुरक्षा की दृष्टि से भारी पुलिस बल तैनात रहा।

## संत रविदास ने रखी स्वस्थ समाज की नींव

**बिजनौर, अमृत विचार :** संत शिरोमणि गुरु रविदास की जयंती पर ग्राम भरैरा व मोहल्ला अंबेडकर नगर की शोभा यात्रा का उद्घाटन पर मुख्य अतिथि अटेवा के प्रदेश उपाध्यक्ष चंद्रहास सिंह ने किया। उन्होंने ने कहा कि रविदास जी के जन्म का उद्देश्य सम्पूर्ण जगत को धर्म के मार्ग पर चलाने की पूर्ति हेतु हुआ था। संत रविदास ने कुरीतियों से समाज को उबारा और स्वस्थ समाज की नींव रखी। इस अवसर पर रजत कुमार, राहुल कुमार, पिंटू कुमार, संजीव कुमार, जीत, ललित कुमार, राजेश कुमार, विरेन्द्र राज, अरविंद कुमार आदि मौजूद रहे।

इसके अलावा लोकसभा क्षेत्र की चांदपुर विधानसभा क्षेत्र में लोकदल के पश्चिम उत्तर प्रदेश मीडिया प्रभारी चौधरी नरेश पाल सिंह ने रविदास जयंती पर रविदास मंदिर में कार्यक्रम उद्घाटन किया।

संत रविदास जी की मूर्ति पर नमन करते हुए माल्यार्पण व पुष्पांजलि अर्पित की। इस अवसर पर अमरजीत त्यागी, दीप कुमार त्यागी, अजय कुमार, मोहित कुमार कश्यप, रुम पूर्व सभासद, राजू, विनम्र पाल, शिवा कश्यप आदि उपस्थित रहे ।

## एक नजर

### इंजन फेल होने से तीन घंटे खड़ी रही पैसेंजर ट्रेन

**धामपुर, अमृत विचार :** दुर्गा विहार रेलवे फाटक के पास रेलवे ट्रैक पर सहारनपुर से मुरादाबाद की ओर जा रही मुरादाबाद स्पेशल पैंसेजर ट्रेन अचानक रुक गयी। यात्री काफी देर तक यही सोचते रहे कि शायद सिगनल न होने की वजह से ट्रेन खड़ी है। काफी समय बीतने पर भी ट्रेन नहीं चली। तब यात्रियों को पता चला कि ट्रेन का इंजन फेल हो गया। इसके चलते पैसेंजर ट्रेन करीब तीन घंटे तक ट्रैक पर खड़ी रही।

### छेड़छाड़ व मारपीट में होमगार्ड को जेल भेजा

**किरतपुर, अमृत विचार :** पुत्री के साथ छेडछाड़ व मारपीट को लेकर पिता ने होमगार्ड के खिलाफ थाना प्रभारी को तहरीर दी। पुलिस ने आरोपी होमगार्ड पर रिपोर्ट दर्ज कर जेल भेज दिया। क्षेत्र के गांव निवासी नौबहार थाने में होमगार्ड है। उसकी ड्यूटी जैन चौराहे पर लगी थी। शुक्रवार को उसके गांव निवासी अधेड़ ने नौबहार के खिलाफ अपनी पुत्री के साथ छेडछाड करने की शिकायत पुलिस से की। इस पर होमगार्ड ने वर्दी का रोब दिखाते हुए उसे चौराहे पर ही लाठी-डंडों से बुरी तरह पीटा। थानाध्यक्ष उदयप्रताप सिंह ने बताया कि होमगार्ड के खिलाफ मामला दर्ज कर जेल भेज दिया है।

## हैरो खड़ी करने के विवाद में मारपीट, दो पर रिपोर्ट

**किरतपुर, अमृत विचार :** घर के पीछे हैरो खड़ी करने गए युवक के साथ गांव के ही दो युवकों ने गाली-गलौज करते हुए मारपीट की। पीड़ित की तहरीर पर पुलिस ने दोनों युवकों के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है।

क्षेत्र के ग्राम रसूलपुर शहाबुद्दीन उर्फ शेरपुर निवासी मोहित कुमार व अर्जुन सिंह शुक्रवार की रात अपने घर के पीछे खाली जगह में हैरो खड़ी करने गए थे। वहां पहले से खड़े गोपी व घसीटा ने हैरो खड़ी करने को मना करते हुए उनके साथ गाली-गलौच करते हुए मारपीट की। मोहित के शोर मचाने पर उसके ताऊ का लड़का अर्जुन बीच-बचाव कराने लगा। गोपी व घसीटा दोनों युवकों को जान से मारने की धमकी देते हुए मौके से फरार हो गए।

घटना की जानकारी मोहित ने परिजनों को दी। मोहित ने थाना प्रभारी को नामजद शिकायती पत्र देकर कार्रवाई की मांग की।

## युवक ने हैंडपंप के हत्थे से वार कर ससुर को मौत के घाट उतारा

संवाददाता, नगीना

▸▸ **बेटी को पीटने की शिकायत पर दामाद को समझाने आया था वृद्ध**

**अमृत विचार :** घर आये ससुर की हैंडपंप के हत्थे से वार करके दामाद ने हत्या कर दी और मौके से फरार हो गया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर कार्रवाई शुरू कर दी है। वृद्ध की मौत से परिजनों में कोहराम मचा है।

बढ़ापुर थानाक्षेत्र के ग्राम नाईवाला निवासी टीकम सिंह ने कुछ वर्ष पूर्व अपनी पुत्री गीता का विवाह नगीना थानाक्षेत्र के ग्राम फतेहपुर निवासी मोनू पुत्र नाथे सिंह के साथ किया था। बताया जाता है कि मोनू गीता के साथ आये दिन मारपीट करता था। शनिवार को भी मोनू ने उसके साथ मारपीट की थी। इसकी सूचना मिलने पर टीकम अपनी पत्नी व पुत्र विपिन के साथ पुत्री गीता के घर दामाद को समझाने आया था। बताया जाता है कि जब टीकम दामाद मोनू को समझा रहा था तभी वह आग-बबूला हो गया और हैंडपंप का हत्था उठाकर ससुराल वालों के साथ मारपीट शुरू कर दी। इस दौरान नल का हत्था टीकम के सिर में लगने से वह लहूलुहान होकर गिर गए और मौके पर ही उसकी मौत हो गई। घटना के बाद मोनू अपने परिवार के सभी लोगों के साथ गांव से फरार हो गया। सूचना मिलते ही मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए जिला अस्पताल भेज दिया। प्रभारी निरीक्षक सुनील कुमार ने बताया कि कार्रवाई शुरू कर दी गई है। हत्यारोपी दामाद की तलाश की जा रही है।

## अज्ञात वाहन की टक्कर से युवक गंभीर घायल

**नगीना, अमृत विचार :** संत रविदास जयंती की शोभायात्रा देखने आ रहे युवक को अज्ञात वाहन ने टक्कर मारकर गंभीर रूप से घायल कर दिया। घायल को उपचार के लिए सीएचसी लाया गया। जहां से प्राथमिक उपचार के बाद जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया।

थाना क्षेत्र के गांव काजी वाला निवासी सचिन कुमार शनिवार की दोपहर रविदास की शोभायात्रा देखने आ रहा था। गांव नंदपुर के पास किसी वाहन ने सचिन को पीछे से टक्कर मार कर गंभीर रूप से घायल कर दिया। घटना की सूचना मिलने पर परिजन मौके पर पहुंचे और घायल को सीएचसी में भर्ती कराया। प्राथमिक उपचार के बाद घायल को जिला चिकित्सालय रेफर कर दिया गया। हादसे के बाद चालक वाहन समेत फरार हो गया।

## किसानों को गन्ने के उन्नतशील बीजों के बारे में दी जानकारी

संवाददाता, नगीना

**अमृत विचार :** सहकारी गन्ना विकास समिति की साधारण सभा में 2024-25 का वार्षिक बजट प्रस्तुत किया गया। निर्माण में बाधक समिति परिसर में खड़े वृक्षों के कटान व नगीना समिति के अन्य राष्ट्रीय स्तर की बहुराज्य सहकारी समितियों की सदस्यता लेने का अनुमोदन किया गया।

शनिवार को हुई सभा में 2024-25 का वार्षिक बजट प्रस्तुत करते हुए गन्ना समिति के सचिव विजयपाल व लेखाकार राजवीर सिंह ने बताया कि समिति की अनुमानित आय करीब 6 करोड़ 52 हजार व व्यय करीब 5.52 करोड़ रुपये है। बजट का अनुमानित लाभ करीब 38 लाख 12 हजार है। अगस्त 2023 से जनवरी 2024 तक के व्यय का अनुमोदन किया गया। ज्येष्ठ गन्ना विकास निरीक्षक अविनाश चंद्र तिवारी व समिति सचिव विजयपाल ने गन्ना विकास के लिए गन्ना विकास परिषद व समिति के कार्यों की जानकारी दी। द्वारिकेश चीनी मिल बुंदकी के उप महाप्रबंधक गन्ना लवकुश सिंह चौहान, बहादरपुर चीनी मिल अफजलगढ़ के महाप्रबंधक गन्ना अजय कुमार ढाका ने गन्ना प्रजाति कोशा 0238 में चल रहे लाल सड़न के रोग और किसानों को दूसरे राज्य से मंगाकर उपलब्ध कराए जा रहे उन्नतशील बीजों के संबंध में बताया। इस दौरान गन्ना समिति के पूर्व अध्यक्ष चौधरी दिग्विजय सिंह, डायरेक्टर हेमराज सिंह, शकील अहमद, राजवीर सिंह, देवेंद्र सिंह, रईस अहमद व अशोक कुमार ने विचार व्यक्त किए।

## सार संक्षेप

### पालिका प्रशासन पर लगाया हठधर्मिता का आरोप

**नहटौर, अमृत विचार :** पालिका प्रशासन ने अतिक्रमण हटाओ अभियान के तहत नगर में मुनादी कराकर व नोटिस जारी कर 25 फरवरी तक सभी अतिक्रमणकारियों को अतिक्रमण हटाने का आदेश दिया था। इससे घबराकर वह सामाजिक कार्यकर्ता जावेद सैफी के प्रतिष्ठान पर एकत्र हुए। यहां पहुंचे चेयरमैन के प्रतिनिधि ने उनकी समस्या के समाधान का आश्वासन दिया। करीब 10 दिन पूर्व पालिका प्रशासन ने अतिक्रमणकारियों को नोटिस जारी कर अतिक्रमण हटाने के आदेश दिए थे। पालिका प्रशासन ने पुन: नोटिस जारी कर तक अतिक्रमण हटाने तथा न हटाने पर कार्रवाई की चेतावनी दी थी। इससे घबराये फड़, ठेला स्वामी सामाजिक कार्यकर्ता जावेद सैफी के प्रतिष्ठान पर एकत्र हुए। उन्होंने पालिका प्रशासन पर हठधर्मिता का आरोप लगाया। मौके पर पहुंचे चेयरपर्सन के प्रतिनिधि ने आश्वासन दिया कि उनके साथ अन्याय नहीं होने दिया जाएगा। इस अवसर पर फड़ ठेला यूनियन के प्रतिनिधि जावेद सैफी, गुड्डू, मोहम्मद फैजान, मनीराम सिंह, शाहनवाज, हाफिज खलील, महेश सैनी, हीरा सिंह, नईम अहमद, रोशन लाल आदि मौजूद रहे।

### 386 किलोमीटर लंबी शारदा नहर का सर्वे शुरू

**बिजनौर, अमृत विचार :** नदी जोड़ो योजना के तहत 386 किलोमीटर लंबी शारदा नहर का निर्माण कराने को लेकर नेशनल वाटर डेवलपमेंट एजेंसी के अधिकारियों ने नांगल के गंगा खादर में ड्रोन उड़ाकर भूमि का सर्वे शुरू कर दिया है। नहर निर्माण में राष्ट्रीय जल विकास अभिकरण (नेशनल वाटर डेवलपमेंट एजेंसी) लखनऊ के एग्जीक्यूटिव इंजीनियर राजीव कन्नूजा ने बताया कि गहराते जल संकट को देखते हुए इस नहर का निर्माण किया जा रहा है। इसके लिए उत्तराखंड के टनकपुर से शामली के कैराना यमुना नदी तक भूमि चयन के लिए सर्वे किया जा रहा है। लगभग 80 मीटर चौड़ी और 386 किलोमीटर लंबी इस नहर के निर्माण के लिए बिजनौर, हरिद्वार, मुजफ्फरनगर और शामली जनपद में 600 मीटर चौड़ी भूमि का सर्वे किया जा रहा है। लगभग 20 वर्ष में नहर का निर्माण पूरा हो पाएगा।

### साइबर ठगों ने युवक के खाते से 50,000 रुपये उड़ाए

**किरतपुर, अमृत विचार :** साइबर ठगों ने युवक के खाते से 50,000 रुपये निकाल लिए। पुलिस ने पीड़ित की तहरीर पर मामला दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी है। मोहल्ला चौहानान निवासी नीरज कुमार ने पुलिस को दी तहरीर में कहा है कि उसके पास अनजान व्यक्ति का फोन आया। उसने उसके क्रेडिट कार्ड की लिमिट बढ़ाने हेतु एक लिंक भेजकर कुछ प्रोसेस कराये। तभी दूसरे नम्बर से आये फोनकर्ता ने उससे लिंक पर जो करने को बोला उसने कर दिया। जब तक वह कुछ समझ पाता तब तक खाते से 49,862.40 रुपये साफ हो गए। तब उसे ठगी का अहसास हुआ। पुलिस ने तहरीर के आधार पर मामला दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी है।

# संत रविदास की शोभायात्रा रोकने पर भड़के भाजपाई

कार्यालय संवाददाता, अमरोहा

**अमृत विचार :** भारत जोड़ो न्याय यात्रा के साथ ही संत रविदास शोभायात्रा निकाली गई। गांधी मूर्ति चौराहे से आगे जैसे ही दोनों यात्रा पहुंची तो विवाद हो गया। पुलिस ने भारत जोड़ो यात्रा को निकालते हुए शोभायात्रा रोक दी। इससे गुस्साए भाजपा नेताओं ने हंगामा किया। एएसपी-सीओ के साथ हुई झड़प के बाद बड़ी मुश्किल से हालात को काबू किया जा सका। इस दौरान भाजपा नगर अध्यक्ष ने पुलिस प्रशासन हाय-हाय के नारे लगाए।

शनिवार को शहर में संत रविदास जयंती पर शोभायात्रा का आयोजन मोहल्ला छेबड़ा से परंपरागत मार्गों पर पूर्व से ही प्रस्तावित था। इसी बीच अचानक जिला प्रशासन को मिले राहुल गांधी की भारत जोड़ो न्याय यात्रा का रूट भी शोभायात्रा मार्ग पर प्रस्तावित किया गया।


पुलिस से नोकझोक करते भाजपाई । ● अमृत विचार

शनिवार दोपहर करीब एक बजे संत रविदास शोभायात्रा का शुभारंभ कर दिया गया। इसी बीच भारत जोड़ो यात्रा भी जिले की सीमा में पहुंच गई। करीब दो बजे संत रविदास शोभायात्रा गांधी मूर्ति तिराहे से गुजर रही थी, तभी पीछे से भारत जोड़ो यात्रा का काफिला आ गया। आनन-फानन में पुलिस-प्रशासनिक अफसरों ने शोभायात्रा को कुछ समय के लिए रोकते हुए भारत जोड़ो यात्रा को निकाल दिया। शोभायात्रा में शामिल नगर पालिका अध्यक्ष के पुत्र निखिल जैन, भाजपा नगर अध्यक्ष प्रेम सिंह सैनी आदि भाजपा नेताओं ने इसका विरोध किया। सीओ अरुण कुमार से भाजपा नगर अध्यक्ष की नोंकझोंक भी हो गई। भाजपा नगर अध्यक्ष ने पुलिस प्रशासन हाय हाय के नारे लगाने शुरू कर दिए। हालात बिगड़ते देख एएसपी राजीव कुमार सिंह ने मोर्चा संभाला और भाजपाईयों को शांत किया। मामला शांत होने पर शोभायात्रा का संचालन भी परंपरागत मार्ग से शुरू करा दिया गया। इसके बाद डीएम राजेश कुमार त्यागी और एसपी कुंवर अनुपम सिंह भी टीपी नगर चौराहे पर पहुंच गए और हालात का जायजा लिया।

### न्याय यात्रा के दौरान शहर में लगा जाम

**अमरोहा, अमृत विचार :** भारत जोड़ो न्याय यात्रा के दौरान शहर में जाम लग गया। टीपी नगर चौराहे पर वाहनों की लंबी कतार लग गई। लोग राहुल व प्रियंका गांधी को देखने के लिए तब तक वहां डटे रहे जब कि उनका पूरा काफिला वहां से न गुजर गया। करीब दो घंटे तक वाहन चालक जाम में फंसे रहे।

## शोभायात्रा में मारपीट, महिला समेत आठ घायल

**किरतपुर, अमृत विचार :** संत रविदास जयंती पर निकाली जा रही शोभायात्रा के दौरान डीजे पर गाना बजाने को लेकर दो पक्षों में हुए विवाद में लाठी-डंडे चल गए। इसमें महिला सहित आठ लोग घायल हो गए। पुलिस ने दोनों पक्षों के कई लोगों को हिरासत में लेकर घायलों को सीएचसी में भर्ती कराया है। शनिवार शाम गांव गोविंदपुर में रविदास जयंती की शोभायात्रा के दौरान डीजे पर मनपसंद गाना बजाने व डांस करने को लेकर दो पक्ष भिड़ गए। उनके बीच चले लाठी-डंडों में एक पक्ष के मोतीलाल, चिरंजीव, मोनू कुमार, नितिन, गुड्डी देवी तथा दूसरे पक्ष के हंस, सुनील कुमार, विशाल कुमार गंभीर रूप से घायल हो गए। थाना प्रभारी उदय प्रताप ने बताया कि मामले की जांच कर कार्रवाई की जाएगी।

## कथक में चमकी रामपुर की बेटी श्रीया अग्रवाल

**रामपुर, अमृत विचार :** कथक नृत्य में रामपुर की बेटी श्रीया अग्रवाल चमकी हैं। उन्होंने मध्यप्रदेश में आयोजित खजुराहो नृत्य समारोह में सामूहिक कथक नृत्य में प्रतिभाग किया। यह सामूहिक नृत्य गिनीज बुक ऑफ वर्ल्ड रिकार्ड में दर्ज किया गया है। इसमें 1500 कलाकारों ने एक साथ नृत्य किया।

शहर के मोहल्ला बाजार मिस्टन गंज निवासी मनोज कुमार अग्रवाल की बेटी श्रीया अग्रवाल मेरठ की सुभारती यूनिवर्सिटी से मास्टर ऑफ परफामिंग आर्ट के अंतिम वर्ष की छात्रा हैं। शुरूआत से ही उनका रुझान नृत्य व कला के क्षेत्र में था। उन्होंने इस क्षेत्र में महारत हासिल करने के लिए शिक्षा शुरू दी। व्हाइट हॉल पब्लिक स्कूल से स्कूली शिक्षा हासिल करने के बाद वह मेरठ चली गईं। इस बीच उन्हें जानकारी मिली कि मध्यप्रदेश में खजुराहो नृत्य समारोह आयोजित हो रहा है। उन्होंने इस समारोह में प्रतिभाग करने का निर्णय लिया।

## सड़क हादसे में फतेहगंज के सत्संग प्रमुख की मौत

संवाददाता, मिलक (रामपुर)

**अमृत विचार :** मिलक क्षेत्र में सड़क हादसे में मीरगंज निवासी सत्संग प्रमुख की मौत ही गई। मौत से संत्संगियों में शोक व्याप्त है। सूचना के बाद सीएचसी में सत्संगियों की भीड़ जमा हो गई। पुलिस ने शव पोस्टमार्टम के लिए भिजवा दिया।



जिला बरेली में मीरगंज थाना क्षेत्र के गांव मुगलपुर निवासी अंगनलाल शर्मा (60) शनिवार दोपहर 12 बजे बाइक से रामपुर जा रहे थे। गांव क्योरार बाईपास पर किसी अज्ञात वाहन ने उनकी बाइक में टक्कर मार दी। जिससे अंगनलाल की मौके पर ही मौत हो गई। सड़क पर पड़े शव को देख राहगीरों की भीड़ जमा हो गई।

घटना स्थल पर पड़े मोबाइल से किसी ने आए हुए नंबर पर फोन कर घटना की जानकारी दी। हालांकि हादसे के बाद अज्ञात वाहन चालक मौका पाकर फरार हो गया था। सत्संग प्रमुख की मौत की सूचना के बाद कुछ स्थानीय सत्संगी घटना स्थल पर पहुंचे। शव सरकारी अस्पताल लाया गया। इस बीच अस्पताल में लोगों की भीड़ जमा हो गई। सूचना पर मृतक की पुत्री अस्पताल पहुंची।

पिता के शव को देखकर वह बिलखने लगी। कुछ ही देर में वह बेहोश हो गई। किसी तरह सत्संगी महिलाओं ने मृतक की पुत्री को संभाला। सत्संग प्रमुख की मौत से सत्संगियों में शोक व्याप्त है। अंगनलाल शर्मा संत निरंकारी सत्संग के फतेहगंज शाखा के प्रमुख थे।

## सफाई सही नहीं मिलने पर दो सफाईकर्मी निलंबित

**रामपुर, अमृत विचार :** विकास खंड, स्वार की ग्राम पंचायतों में सफाई नहीं करने पर दो-दो सफाईकर्मियों के खिलाफ कार्रवाई की गई है। दो सफाईकर्मियों को कारण बताओ नोटिस जारी किए गए हैं। जिला पंचायत राज अधिकारी जाहिद हुसैन की इस कार्रवाई से अन्य सफाईकर्मियों में खलबली मची हुई है।

जिला पंचायत राज अधिकारी ने शनिवार को विकासखंड सैदनगर और स्वार की ग्राम पंचायतों का औचक निरीक्षण किया। ग्राम पंचायत कुम्हरिया, विकासखंड-सैदनगर में निरीक्षण के समय सफाईकर्मियों द्वारा ठीक प्रकार से कार्य नहीं किया जा रहा है। इसके लिए सफाई कर्मचारी आनंदपाल एवं राजपाल को कारण बताओ नोटिस जारी किया गया है। ग्राम पंचायत कुचैटा, विकासखंड सैदनगर में सफाई कर्मचारी अनुपस्थित पाए गए और गांव में बेहद गंदगी मिली।


# कार्यालय विकास खण्ड किरतपुर (बिजनौर)

पत्रांक 1907/क्षेत्र पंचायत-15वी/राजवित्त/विज्ञप्ति/2023-24 दिनांक 24-01-2024

अल्पकालीन निविदा सूचना

मान्यता प्राप्त पंजीकृत ठेकेदारों से 15वी/राज्य वित्त (क्षे0 प0) विकास खण्ड - किरतपुर में वर्ष - 2023-24 में निम्नलिखित कार्यो को कराये जाने हेतु सील बंद निविदायें आमंत्रित की जाती है। निविदा प्रपत्र दिनांक 24.02.2024 से दिनांक 11.03.2024 तक किसी भी कार्य दिवस में कार्यालय से प्राप्त किये जा सकते हैं। निविदा दिनांक 11.02.2024 तक अपरान्ह- 1 बजे तक पेटिका में डाली जा सकेगी। जो उसी दिन अधोहस्ताक्षरी की अध्यक्षता में समिति के द्वारा निविदा दाताओं के समक्ष खोली जायेगी। इस संबंध में विस्तृत नियम व शर्ते / अन्य जानकारीकार्यालय में / नोटिस बोर्ड पर देखी जा सकती हैं।

| क्र0 सं0 | परियोजना का नाम (कहाँ से कहाँ तक) | मद का नाम | अनुमानित माप (मी0 xसं0) | अनुमानित लागत (लागत लाख रू0 में) | धरोहर धनराशि 2 प्रति0 | निविदा+जी0 एस0टी0+ टेशनरी मुल्य |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1. | भोजपुर में पंचायत घर व रविदास मंदीर मे इंटरलाकिंग निर्माण कार्य | 15वावित्त(अ0) | 55x22 | 9.97 | 19,938.00 | 1676.342 |
| 2. | फतेपुर राजाराम में लालू के घर से त्रक्षी के घर तक सी सी रोड निर्माण कार्य | 15वावित्त(अ0) | 170x4 | 8.44 | 16,876.00 | 1495.684 |
| 3. | शाहाबपुर रतन में धर्मशाला मे इंटरलाकिंग निर्माण कार्य | 15वावित्त(अ0) | 37x4.33 | 9.56 | 19,126.00 | 1628.434 |
| 4. | आजमाबाद मे पदम के घर से सीताराम के घर तक सी सी रोड निर्माण | 15वावित्त(अ0) | 75x3.20 | 3.83 | 7,666.00 | 952.294 |
| 5. | हिंदूपुर मे रशीद के घर से महबूब के घर तक सी सी रोड निर्माण कार्य | 15वावित्त(अ0) | 120x4.20 | 7.79 | 15,584.00 | 1419.456 |
| 6. | इस्लामपुर साहू में आसाराम के घर से योगेंद्र के खेत तक सी सी रोड | राज्यवित्त | 100x4 | 6.89 | 13,776.00 | 1312.784 |
| 7. | गनौरा मे जगदीश के घर से तुलाराम के घर तक सी सी रोड निर्माण कार्य | राज्यवित्त | 107x2.55 | 3.75 | 7,500.00 | 942.5 |
| 8. | ब्रहमजीतपुर चंदा मे समसू के घर से मंजूर के घर तक ब्रहमजीतपुर चंदा सी सी रोड निर्माण कार्य | राज्यवित्त | 42x4.15 | 2.67 | 5,348.00 | 815.532 |
| 9. | मिर्जापुर सुरेश के घर से मुंदर के घर तक सी सी रोड निर्माण कार्य | राज्यवित्त | 100x3 | 4.12 | 8,248.00 | 986.632 |
| 10. | वेगमपुर शादी में किरतपुर अकबराबाद मार्ग पर गन्ना क्रेशर के सामने खाद के गोदाम वाले मार्ग पर महेश कुमार के घर से क्रपाल सिंघा के घर तक सी सी रोड निर्माण कार्य | राज्यवित्त | 90x5.90 | 9.41 | 18,822.00 | 1610.498 |
| 11. | अल्हेयारपुर में माता रानी के मन्दिर के सामने वाली तक सी सी रोड निर्माण | राज्यवित्त | 125x4.08 | 5.21 | 10,416.00 | 1114.544 |
| 12. | दयालपुर ज्ञानपुर में अंबेडकर पार्क मे वोंडरी कार्य | राज्यवित्त | 114x2 | 8.20 | 16,400.00 | 1467.6 |
| 13. | भरेका मे रतन सिंह के घर से सोनू पुत्र मंगु के घर व तालाव तक सी सी रोड | राज्यवित्त | 190x3 | 7.75 | 15,492.00 | 1632.8 |
| 14. | बहादारपुर स सरफुददीन हुसैन में दरगोपुर पी०डब्लू डी० रोड से महादेव मंदिर तक खड़जा व मिट्टी कार्य | राज्यवित्त | 420x3.32 | 8.02 | 16,040.00 | 1656.4 |
|  | योग- |  |  | 95.62 | 1,91,232.00 | 18711.5 |

**नोटः- शर्ते निम्न प्रकार हैं**

1:- उक्त टेन्डरो के कार्य आदेश बजट प्राप्त होने पर ही जारी किये जा सकेगे।

1:- निविदा जमा करने वाले ठेकेदार / कान्ट्रेक्टर का आयकर, जी०एस०टी०एवं लेबर सैस में 1 पंजीकृत होना अनिवार्य हैं।

2:- निविदा के साथ कुल लागत का 2 प्रतिशत धरोहर राशि एफ०डी०आर०/एन०एस०सी० के साथ खण्ड विकास अधिकारी किरतपुर के पक्ष में बंधक कर संलग्न कर जमा कराना अनिवार्य होगा। साथ ही 8 प्रतिशत धरोहर राशि अनुबंध के समय जमा करानी होगी।

3:- निविदा बिना कारण बताये निरस्त की जा सकती हैं।

**खण्ड विकास अधिकारी किरतपुर**

केंद्रीय संस्कृत विश्वविद्यालय में आयोजित हुए अंतर्राष्ट्रीय ज्योतिष सेमिनार में शामिल ज्योतिषियों ने पंचांग को लेकर की चर्चा

# सटीक गणना के बिना बनाए जा रहे पंचांग, फैला रहे भ्रम

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचार :** पंचांग अब व्यापार बन गया है। इसमें वैदिक और सामाजिक जरूरतों का ध्यान नहीं रखा जा रहा है। इसके कारण व्रत, त्योहार व अन्य गणनाएं आमजन को भ्रमित कर रही हैं। सभी पंचांग के अलग-अलग मत हो रहे हैं। सटीक गणना के बिना पंचांग बनाए जा रहे हैं। ऐसी दुविधा वाली स्थिति में संस्कृत विश्वविद्यालय से प्रकाशित पंचांग पर भरोसा करें। यह चंद्रमा की स्थिति का सही आकलन कर बनाए जाते हैं। इसके निर्माण में खगोल विज्ञान का विशेष महत्व होता है। ये बातें केंद्रीय संस्कृत विश्वविद्यालय के निदेशक प्रो. सर्वनारायण झा ने कही।



अंतर्राष्ट्रीय ज्योतिष सेमीनार में शामिल ज्योतिष। ● अमृत विचार

वे शनिवार को विश्वविद्यालय परिसर में आयोजित अंतर्राष्ट्रीय ज्योतिष सेमीनार को संबोधित कर रहे थे। सेमीनार में नेपाल और मॉरीशस के ज्योतिष शामिल हुए। प्रो. सर्वनारायण झा ने कहा कि भारतीय व्रत, पर्व, त्योहार, सूर्य, चंद्रमा एवं अन्य ग्रह नक्षत्रों की स्थिति के आधार पर मनाये जाते हैं। सूर्य, चन्द्र व अन्य ग्रह -नक्षत्र सम्पूर्ण विश्व के लिए एक हैं। इनकी चाल की स्थिति पर व्रत, पर्व, त्योहार एक ही तारीख व दिन को होना स्वाभाविक है। इसमें अतिसूक्ष्म अंतर मात्र अक्षांश, देशांतर के कारण या विभिन्न ऋषि परंपरा के कारण हो सकते हैं। पर, यह बिल्कुल अलग नहीं हो सकते। इसे एक रूप बनाने के लिये केंद्रीय संस्कृत विश्वविद्यालय कार्य कर रहा है। इसमें विश्व के ज्योतिषियों को एक साथ आना चाहिए और इसके लिए काम करना चाहिए। ताकि व्रत, पर्व, त्योहार की तिथियों में विसंगतियां न हों।

**भारत-नेपाल में एक पंचांग पर आधारित हो पर्व :** नेपाल पंचांग निर्णायक विकास समिति के अध्यक्ष प्रो. श्रीकृष्ण अधिकारी ने कहा कि भारत और नेपाल की संस्कृति और सभ्यता व्रत, पर्व और धर्माचरण एक जैसे हैं। इसीलिए दोनों देशों के पंचांग निर्माण का आधार ग्रन्थ और उनके अनुसार व्रत, पर्व समान तिथियों में होना चाहिए और इसके लिए दोनों देशों को सम्मिलित प्रयास करना चाहिए। प्रो. अधिकारी के साथ नेपाल संस्कृत विश्वविद्यालय के वाल्मीकि विद्यापीठ ज्योतिष विभाग के अध्यक्ष प्रो. धनेश्वर नेपाल और दक्षिण एशियाई ज्योतिष महासंघ के अध्यक्ष लक्ष्मण पन्थी ने भी विचार साझा किया।

### ज्योतिष गणना के लिए प्रेरित करना समय की मांगः आचार्य पीवीबी सुब्रह्मण्यम्

केंद्रीय संस्कृत विश्वविद्यालय के उत्तराखण्ड स्थित देवप्रयाग परिसर के निदेशक आचार्य पीवीबी सुब्रह्मण्यम् ने कहा कि आलोचकों को आमंत्रित करना चाहिये। जिज्ञासुओं अथवा आम जनता के लिये संवेदीकरण कार्यक्रम करना तथा ज्योतिष के तथ्यों के प्रति गणना हेतु उनको प्रेरित करना समय की मांग है। उत्तराखण्ड संस्कृत विश्वविद्यालय के पूर्व कुलपति प्रो. देवी प्रसाद त्रिपाठी ने कहा कि आवश्यकता है कि भारतीय परंपरा के सिद्धांत ज्योतिष के ग्रन्थों को परिष्कृत किया जाय और सम्पूर्ण देश में पंचांग की परंपरा अलग-अलग हो किन्तु गणित तो एक ही है।

### भारतीय गणित व खगोल विज्ञान आज भी पूर्व की तरह तर्क संगतः डॉ. चन्द्रगुप्त

कमिन्स महाविद्यालय, पुणे के पूर्व प्राचार्य डॉ. चन्द्रगुप्त श्रीधर वर्णेकर ने कहा कि भारतीय गणित और खगोल विज्ञान आज भी पूर्व की तरह तर्क संगत है। इसे आधुनिक तकनीकी द्वारा समाज में प्रचारित-प्रसारित करने की जरूरत है। प्रो. मदनमोहन पाठक ने कहा कि आज सन्तानोत्पत्ति में बाधा और प्राकृतिक प्रसव नहीं होने में वैवाहिक विलम्ब कारण है। इसलिए उपयुक्त समय पर विवाह करना चाहिए और उसमें ज्योतिष शास्त्र अत्यन्त सहायक हो सकता है।

## सार-संक्षेप

### पांच साल के छात्र ने शराब की दुकान के विरुद्ध लगाई जनहित याचिका

**कानपुर, अमृत विचार :** आजाद नगर स्थित एमआर जयपुरिया स्कूल के एक छात्र ने हाईकोर्ट प्रयागराज में याचिका दायर कर स्कूल के बगल से शराब की दुकान हटवाने का आग्रह किया है। पांच साल के अर्थव ने शराब की दुकान होने होने वाली समस्या से भी अवगत कराया है। इस जनहित याचिका पर शुक्रवार को सुनवाई करते हुए अदालत ने राज्य सरकार के वकील से पूछा कि कानपुर में वह स्कूल अस्तित्व में आने के बाद शराब की दुकान के लाइसेंस का नवीकरण क्यों किया जा रहा है। अथर्व द्वारा दायर इस जनहित याचिका पर सुनवाई करते हुए न्यायमूर्ति मनोज कुमार गुप्ता और न्यायमूर्ति क्षितिज शैलेन्द्र की खंडपीठ ने इस मामले की अगली सुनवाई की तिथि 13 मार्च, 2024 तय की है।

### जातिवादी लोगों से सावधान रहने की जरूरतः माया



**लखनऊ, अमृत विचार :** बहुजन समाज पार्टी की प्रमुख मायावती ने कहा कि बहुजन समाज को जातिवादी ताकतों से सावधान रहने की जरूरत है। संत रविदास की जयंती पर उन्हें श्रद्धांजलि देते हुए बसपा प्रमुख ने उनके उपदेशों को अपनाकर जीवन संवारने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि बसपा शासनकाल में भदोही जिले का नाम बदलकर संत रविदासनगर रखा गया, पर तत्कालीन सपा सरकार ने जातिवादी व राजनीतिक द्वेष के कारण बदल दिया, पर प्रदेश की भाजपा सरकार ने नाम बहाल नहीं है। यह साबित करता है कि दोनों पार्टियों की सोच एक जैसी जातिवादी है। उन्होंने कहा कि संत रविदास ने अपना सारा जीवन इंसानियत का संदेश देने में गुजारा। उन्होंने जातिभेद व द्वेष के खिलाफ आजीवन संघर्ष किया।

### छह डिप्टी एसपी का तबादला

लखनऊ,अमृत विचार :उप्र शासन ने शनिवार को छह पीपीएस अफसरों का तबादला किया है। डिप्टी एसपी स्तर के इन अफसरों की विभिन्न एडीजी जोन के स्टाफ अफसर के रुप में तैनाती दी गई है। 26वीं वाहिनी पीएसी गोरखपुर के सहायक सेनानायक संजय कुमार सिंह को एडीजी जोन गोरखपुर का स्टाफ अफसर बनाया गया है, जबकि राकेश प्रताप सिंह को पीएसी लखनऊ से एडीजी जोन लखनऊ का स्टाफ अफसर और परमानंद पाण्डेय को पीएसी मिर्जापुर से एडीजी जोन वाराणसी का स्टाफ अफसर के पद पर तैनाती दी गई है। ओजस्वी चावला को डिप्टी एसपी एसटीएफ से एडीजी जोन आगरा का स्टाफ अफसर, कुशल पाल सिंह पीएसी प्रयागराज से एडीजी जोन प्रयागराज का स्टाफ अफसर तथा सूक्ष्म प्रकाश को एलआईयू कानपुर नगर से एडीजी जोन मेरठ का स्टाफ अफसर बनाया गया है।

### जिला होम्योपैथिक अधिकारी निलंबित

**अयोध्या, अमृत विचार :** जिला होम्योपैथिक अधिकारी को निलंबित कर दिया गया है। सीएमएस डॉ. संगीता भाटिया ने बताया किआदेश आ गया है। ऑफिस में रखा है। अभी बाहर हूं इसके बारे में अधिक नहीं बता सकती। जिला होम्योपैथिक अधिकारी डॉ. घनश्याम चौधरी पर चिकित्सकों ने आरोप लगाया था कि शासन की तरफ से बैठकों में प्रतिभाग करने के लिए मिलने वाले यात्रा भत्ता को पास करने के लिए डॉ.घनश्याम ने 40 प्रतिशत कमीशन की मांग की थी। जब चिकित्सकों ने कमीशन देने से मना कर दिया तो बताया गया कि अभी बजट नहीं है। आरोप है कि इसके बावजूद जिला होम्योपैथिक अधिकारी ने अपना यात्रा भत्ता पास करा लिया था। इसकी जानकारी होने पर चिकित्सकों ने उच्चाधिकारियों को शिकायत की थी। मामले की जांच अयोध्या मंडलाधिकारी सीएमएस ने की थी और रिपोर्ट निदेशक होम्योपैथिक को भेज दी थी। इसके बाद निदेशक ने अपनी रिपोर्ट प्रमुख सचिव आयुष लीना जौहरी को भेजी थी। इस बीच डॉ. घनश्याम चौधरी को निदेशक मुख्यालय से संबद्ध कर दिया गया था। अब प्रमुख सचिव ने आरोपों से घिरे डॉ. घनश्याम चौधरी को निलंबित कर दिया।

# पूर्व रजिस्ट्रार पर फर्जी शिकायत करा वसूली करने का आरोप

## फर्जी प्रमाण पत्र पर नौकरी करने वालों को बचाने में हुए थे निलंबित

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

● **जगमोहन सिंह पर मदरसा संचालकों पर दबाव बना करोड़ों की वसूली का है आरोप**

**अमृत विचार :** मदरसा बोर्ड के निलंबित पूर्व रजिस्ट्रार व अल्पसंख्यक कल्याण के डिप्टी डायरेक्टर प्रयागराज जगमोहन सिंह पर गंभीर आरोप लगा है। उनके खिलाफ शिकायत करने वालों की संख्या बढ़ती जा रही है। आरोप है कि मदरसा संचालकों के खिलाफ फर्जी शिकायती पत्र बनाकर जांच करते थे। इसके नाम पर मोटी रकम वसूलते थे। वसूली के रकम से उन्होंने पश्चिमी उत्तर प्रदेश व उत्तराखंड में होटल व प्रॉपर्टी का कारोबार भी करीबी लोगों के साथ मिलकर शुरू किया है।

प्रदेश सरकार के अल्पसंख्यक कल्याण मंत्री धर्मपाल सिंह हलफनाम के साथ एक शिकायती पत्र भेजा गया। गोरखपुर के उर्दू बाजार निवासी एजाज अहमद ने यह शिकायती पत्र भेजा है। इसमें आरोप लगाया कि मदरसा शिक्षा बोर्ड पूर्व रजिस्ट्रार व अल्पसंख्यक विभाग के उपनिदेशक प्रयागराज जगमोहन सिंह एक अन्य अधिकारी सहित तीन लोगों के साथ मिलकर अवैध वसूली की। हलफनामे पर एजाज अहमद ने लिखा कि अल्पसंख्यक विभाग के निलंबित उपनिदेशक प्रयागराज भ्रष्ट अधिकारी हैं। उन्होंने झूठ बोलकर दो-दो शादियां कर रखी हैं और बतौर मदरसा बोर्ड के रजिस्ट्रार कथिततौर पर 20 करोड़ से ज्यादा की अवैध कमाई की है।

एजाज अहमद के शिकायत पत्र में लिखा कि डिप्टी डायरेक्टर ने मेरे नाम से कोई जाली चिट्ठी तैयार करके खुद बलरामपुर के किसी मदरसे की कोई जांच कर रहे हैं। डिप्टी डायरेक्टर जांच के नाम पर कथिततौर पर धन उगाही कर रहे हैं। एजाज के इस शिकायती हलफनामे के साथ कैबिनेट मंत्री को सम्बोधित एक पत्र भी लिखा है। इसमें कहा गया है कि फर्जी पत्र को तैयार कर दो करीबी कर्मचारी मुख्य वक्फ निरीक्षक अफजल फरीद खान तथा अमरेंद्र वर्मा के माध्यम से जांच के नाम पर बलरामपुर के मदरसा प्रबंधकों से भारी धन उगाही के लिए दबाव बनाया। उनसे रुपये न मिलने पर फर्जी मुकदमें में फंसाने की धमकी दी। इसके अलावा वर्तमान में ग्राम्य विकास विभाग में समीक्षा अधिकारी के रूप में सेवा दे रहे सुधीर वर्मा की संदिग्ध भूमिका है। जो पूर्व में अल्पसंख्यक कल्याण विभाग में समीक्षा अधिकारी के रूप में तैनात रहे। शिकायतकर्ता ने इस मामले की गंभीरता से जांच कर कार्रवाई की मांग की है।

## इंजीनियर हत्याकांड में शेखर तिवारी जमानत पर रिहा

**उरई, अमृत विचार :** इंजीनियर हत्याकांड में सजा पाए बसपा के दिबियापुर क्षेत्र से विधायक रहे शेखर तिवारी की शनिवार को जालौन के जिला कारागार से शनिवार को रिहाई हुई। वह इंजीनियर हत्याकांड में जेल में बंद थे। बसपा शासनकाल के दौरान दिबियापुर के एक सरकारी गेस्ट हाउस में अधिशासी अभियंता मनोज गुप्ता की 2008 में पीट-पीट कर हत्या कर देने के मामले में उन्हें अदालत ने उम्रकैद की सजा सुनाई थी। वह जालौन के जिला जेल में सजा काट रहे थे। करीब 15 वर्ष बाद उन्हें इलाहाबाद हाईकोर्ट से जमानत मिल सकी। ज्ञात हो कि इंजीनियर हत्याकांड में साक्ष्य छिपाने के आरोप में दिबियापुर नगर पालिका की पूर्व अध्यक्ष व शेखर तिवारी की पत्नी विभा तिवारी को भी चार साल साल की सजा सुनाई गई थी। इंजीनियर हत्याकांड की रिपोर्ट दिबियापुर थाने में दर्ज हुई था।



# कक्षा 9 से 12 तक समय से मिलेंगी सस्ती किताबें

कार्यालय संवाददाता लखनऊ

**अमृत विचार :** माध्यमिक शिक्षा परिषद की ओर से संचालित हाईस्कूल व इंटर के विद्यालयों में में पढ़ने वाले बच्चों को समय से एनीसीईआरटी की किताबें सस्ती दरों पर मिल सके इसके लिए विभाग ने अभी से तैयारी शुरू कर दी है। बोर्ड परीक्षा समाप्त होते ही सस्ती दरों पर किताबें मुहैया कराने वाले प्रकाशकों के साथ अधिकारियों की बैठक आयोजित की जायेगी। विभाग के अधिकारियों ने बताया कि नया सत्र शुरू होने के बाद बच्चों की पढ़ाई बधित न हो और बाहर से मंहगी किताबें न खरीदने पड़े इसके लिए विभाग ने अभी से अपनी तैयारियां शुरू कर दी है। बोर्ड परीक्षा की बैठक के बाद उन प्रकाशकों की सूची भी फाइनल होगी जो सस्ती दरो में किताबें मुहैया करायेंगे। विभाग की ओर से इन प्रकाशकों की सूची जारी की जायेगी। सूची जारी होने के बाद जिले स्तर पर पाठ्य पुस्तक विक्रेताओं की अधिकृत दुकान का भी पता दिया जायेगा। इन दुकानों पर निधारित दरों पर किताबें बच्चों को मिल सकेंगी। इसी के साथ ही कोई दुकानदार मंहगी दामों में किताबें बेचने का प्रयास करता हे तो उसके खिलाफ कार्रवाई भी भी जायेगी। बता दें कि यूपी बोर्ड में हर साल कक्षा 9 से लेकर 12 तक 1 करोड़ से अधिक बच्चे रेगुलर पढ़ाई करते हैं। इसमें निजी और सरकारी दोनो ही विद्यालयों के बच्चें शामिल हैं।

**हर साल सस्ती किताबों में देरी के चलते निजी प्रकाशकों को फायदा :** माध्यमिक शिक्षा परिषद के विद्यालयों में पढ़ने वाले बच्चों के लिए हर साल देरी से सस्ती दरों पर किताबें मिलती थी। कई बार ऐसा होता था कि सत्र अप्रैल में ही शुरू हो जाता है और किताबें अगस्त सितंबर तक आ पाती थी।

# देश के एक लाख स्थानों पर होगा विहिप के संगठन का विस्तार : परांडे

अयोध्या कार्यालय

● **बैठक में होगी जनसंख्या असंतुलन समेत लव जिहाद, घुसपैठ और अवैध धर्मान्तरण पर गहन चर्चा**

**अमृत विचार :** विश्व हिन्दू परिषद के अतंरराष्ट्रीय महामंत्री मिलिंद परांडे ने शनिवार को यहां कहा कि विहिप अपने षष्ठी पूर्ति वर्ष के अंतर्गत देश के एक लाख स्थानों पर संगठन को विस्तार देगी। इसके अलावा कारसेवकपुरम् में विहिप प्रन्यासी मंडल की बैठक में हिंदू समाज को संगठित करने तथा देश में चल रहे जनसंख्या असंतुलन, लव जिहाद, विदेशी मुस्लिम घुसपैठ, गुपचुप तरीके से ईसाई मिश्नरियों द्वारा चलाये जा रहे अवैध धर्मांतरण जैसे गंभीर विषयों पर चिंतन करेगी।

वो श्रीराम जन्मभूमि मंदिर निर्माण कार्यशाला में आयोजित पत्रकार वार्ता में बोल रहे थे। उन्होंने कहा विहिप की यह प्रन्यासी मंडल की बैठक विलंब से और श्रीराम जन्मभूमि मंदिर में विराजमान श्रीराम लला के प्राणप्रतिष्ठा कार्यक्रम के उपरांत होने जा रही है। उन्होंने कहा प्रत्येक वर्षों की भांति ही इस वर्ष भी विश्व हिंदू परिषद सहित उसके अनुसांगिक संगठनों बजरंग दल, दुर्गावाहिनी और मातृशक्ति के प्रशिक्षण वर्गों का आयोजन भी होगा। कहा कि सीएए कानून का लाभ पाकिस्तान अफगानिस्तान और बांग्लादेश से आये हुये निर्वासित हिन्दू, जैन, बौद्ध सिक्ख समाज के लोगों को भारत की नागरिकता दिलाने के लिये विहिप पूरी निष्ठा के साथ आगे रहेगी। बैठक में विश्व हिन्दू परिषद के केंद्रीय अध्यक्ष आरएन सिंह (पद्मश्री), कार्याध्यक्ष व वरिष्ठ अधिवक्ता आलोक कुमार और विश्व हिन्दू परिषद के उपाध्यक्ष चम्पत राय भी मौजूद रहेंगे।

अखिलेश ने पुलिस भर्ती परीक्षा निरस्त होने पर साधा निशाना

# हार से बचने को सरकार झुकने पर मजबूर

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार :** समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव ने पुलिस भर्ती परीक्षा निरस्त किए जाने के मामले को लेकर राज्य सरकार पर निशाना साधा है। अखिलेश ने कहा कि सरकार की नौकरी देने की नियत ही नहीं थी। सुरक्षा का दावा करने वाली सरकार इतनी लापरवाह निकली जिसकी वजह से पेपर लीक हुआ है। अगर इनकी नियत साफ होती तो, जिस समय पहला पेपर लीक हुआ था उसी समय सख्ती से कार्रवाई होती तो, इस तरह आज करोड़ों परिवार प्रभावित न होता।

सपा मुखिया अखिलेश यादव ने पुलिस भर्ती परीक्षा निरस्त किए जाने को लेकर एक्स पर पोस्ट किया है। यूपी पुलिस आरक्षी परीक्षा का निरस्त होना युवाओं की जीत है और भाजपा सरकार के प्रपंचों की हार। पहले तो भाजपाई कह रहे थे पेपर लीक ही नहीं हुए तो अब कैसे मान लिया। इसका मतलब अधिकारी और अपराधी मिले हुए थे और सरकार भी पीछे से अपना हाथ उनके सिर पर रखे हुई थी लेकिन तमाम सबूतों के आगे चुनाव में ऐतिहासिक हार से बचने के लिए सरकार झुकने पर मजबूर हुई है। भाजपा सरकार नौकरियों के नाम पर जो खेल बेरोजगार युवक-युवतियों से खेल रही है, उसका सच अब सब समझने लगे हैं। दिखावे के लिए नौकरियां निकालना, अरबों रुपये की फीस ले लेना, पेपर लीक होने देना फिर निरस्त करने का नाटक करना..., ये खेल भाजपा को इस बार बहुत महंगा पड़ेगा। इस बार युवाओं ने ठान लिया है कि न बहकावे में आएंगे न किसी भाजपाई झांसे में। युवा अगले हर चुनाव में भाजपा को बुरी तरह हराएंगे और हमेशा के लिए हटाएंगे।

### नकल माफिया को संरक्षण का परिणामः कांग्रेस

**लखनऊ, अमृत विचार :** प्रदेश कांग्रेस ने प्रदेश पुलिस भर्ती परीक्षा पेपर लीक होने पर राज्य सरकार को आड़े हाथों लेते हुए कहा कि यह प्रदेश सरकार का नकल माफिया को संरक्षण का परिणाम है।पार्टी के प्रदेश प्रवक्ता अंशू अवस्थी ने कहा कि हर बार की तरह इस बार भी प्रदेश में भर्ती परीक्षा का पेपर लीक हुआ और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ सिर्फ मंचों से भाषणों में नकल को रोकने की बात करते रहे। प्रदेश के 50 लाख परिवारों ने अपने पेट काट-काट कर अपने बच्चों को परीक्षा की तैयारी कराई, अपनी आजीविका से पैसे बचाकर कोचिंग कराई, नौजवान सुबह चार बजे उठकर दौड़ लगा रहे थे कि उनको नौकरी मिलेगी, लेकिन प्रदेश सरकार ने नौकरी देने के बजाय प्रदेश में नकल माफिया के राज को बढ़ावा दिया, इसीलिए प्रदेश में अधिकांश भर्ती परीक्षाओं के पेपर लीक हो गए।

## वर्ग पहेली-353

**बाएं से दाएं**

1. शुक्रवार।

2. 1. जो योनि से उत्पन्न न हुआ हो, जो गर्भ से पैदा न हुआ हो, अजन्मा 2. नित्य।

5. वायुमंडल के जल के हिम बनने के कारण बरफ़ का धरती पर गिरना, ओले गिरना, पाले का पड़ना।

7. 1. दुर्गा, पार्वती 2. तांत्रिकों के अनुसार एक देवी 3. चामुंडा नामक देवी 4. संगीत में एक रागिनी।, भैरव संबंधी।

8. 1. कली का फूल के रूप में विकसित होना 2. भला या सुंदर लगना, फबना 3. भूनने पर चावल का फूल या फट जाना (खील या मुरमुरा बनना) 4. किसी सुखद समाचार से प्रसन्न होना।

**ऊपर से नीचे**

1. 1. पलाश की लकड़ी का बना हुआ एक प्रकार का अर्धचंद्राकार यज्ञ-पात्र 2. पूर्व दिशा।

2. 1. निरंतर या बिना रुके चलने वाला पाठ 2. अनुष्ठानपूर्वक चलने वाला चौबीस घंटे का पाठ।

3. 1. जिसमें किसी के प्रति दया या प्रेम न हो 2. निष्ठुर, निर्दय।

4. 1. एक विश्वप्रसिद्ध हीरा जो भारत की मुगल सल्तनत से नादिरशाह के पास गया और अब ब्रिटिश सम्राट के ताज में जड़ा है, कोहेनूर, कोहिनूर 2. आभा या रोशनी का पर्वत।

6. 1. आंख की पलकों का बंद होना, समाप्त होना 2. बंद होना 3. तिरोहित होना, छिपना।



### वर्ग पहेली - 352 का हल

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| ■ | 1 नी | ■ | 2 दा | ■ | 3 नो |
| 4 त | र | हे | ल | ■ | ब |
| ■ | स | ■ | द | ■ | त |
| ■ | ता | ■ | लि | ■ | ख़ा |
| ■ | ■ | 5 भ | या | व | ना |
| 6 डं | ब | र | ■ | ■ | ■ |
| ■ | ■ | 7 म | न | मो | ला |

## सुडोकू -70

सुडोकू एक तरह का तर्क वाला खेल है, जो एक वर्ग पहेली की तरह होता है। जब आप इस खेल को खेलना सीख जाते हैं तो यह बहुत ही सरलता से खेला जा सकता है। सुडोकू खेल में बॉक्स में 1 नंबर से 9 नंबर तक आने वाले अंक दिए हैं। इसमें कुछ बॉक्स खाली हैं, जिन्हें आपको भरना है। कोई भी अंक दोबारा नहीं आना चाहिए। एक सीधी लाइन और एक खड़ी लाइन तथा बॉक्स में नंबर रिपीट नहीं होना चाहिए।

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | 8 | | | 7 | 3 | 1 | |
| | | | 1 | | | | 5 | |
| 6 | | 1 | | | | 4 | | |
| | 1 | | 5 | | 3 | | 8 | 4 |
| | 8 | | | | | | 3 | |
| 7 | | | 2 | | 4 | | | |
| | | 4 | | | | 5 | | 2 |
| | 5 | | | | 6 | | | |
| | | 3 | 9 | | | 1 | | |

### सुडोकू - 69 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 9 | 1 | 5 | 6 | 8 | 4 | 7 | 2 | 3 |
| 4 | 3 | 2 | 7 | 1 | 5 | 8 | 9 | 6 |
| 7 | 8 | 6 | 2 | 9 | 3 | 4 | 1 | 5 |
| 8 | 5 | 3 | 1 | 2 | 6 | 9 | 4 | 7 |
| 6 | 4 | 1 | 9 | 5 | 7 | 3 | 8 | 2 |
| 2 | 9 | 7 | 3 | 4 | 8 | 5 | 6 | 1 |
| 3 | 2 | 4 | 5 | 6 | 9 | 1 | 7 | 8 |
| 5 | 6 | 9 | 8 | 7 | 1 | 2 | 3 | 4 |
| 1 | 7 | 8 | 4 | 3 | 2 | 6 | 5 | 9 |

## आज का भविष्यफल

-पं.डॉ. ज्ञानेन्द्र शर्मा

आज की ग्रह स्थिति : 25 फरवरी, रविवार 2024 संवत-2080, शक संवत 1945 मास-फाल्गुन, पक्ष-कृष्ण पक्ष,तिथि-प्रतिपदा 20.35 तक तत्पश्चात द्वितीया।

### आज का पंचांग




**दिशाशूल**- पश्चिम। **ऋतु**-वसंत।
चन्द्रबल-मिथुन, सिंह, तुला, वृश्चिक, कुंभ, मीन।
ताराबल-अश्विनी, भरणी, कृत्तिका, रोहिणी, आर्द्रा, पुष्य, मघा, पूर्वा फाल्गुनी, उत्तरा फाल्गुनी, हस्त, स्वाति, अनुराधा, मूल, पूर्वाषाढ़ा, उत्तराषाढ़ा, श्रवण, शतभिषा, उत्तराभाद्रपद।
नक्षत्र-पूर्वाफाल्गुनी 26 फरवरी 01.24 तक तत्पश्चात उत्तरा फाल्गुनी।

**मेष** – आज नई योजनाओं के विषय में मित्रों से चर्चा करेंगे। आलस्य और प्रमाद से आपको बचना चाहिए। किसी भी चलते कार्य को अधूरा छोड़ने की प्रवृत्ति से बचें। व्यवसाय में लाभ की स्थितियां बढ़ेंगी। आज आपको परिवार के साथ समय अवश्य व्यतीत करना चाहिए।

**वृष** – आज पैतृक संपत्ति के विवादों को लेकर आज शान्ति बनाए रखें। मन में कुछ नकारात्मक विचार जन्म लेंगे। आपकी सामाजिक प्रतिष्ठा में कमी आ सकती है। हृदय रोगियों को तनाव से बचना चाहिए। सिर्फ अपने काम पर ध्यान रखें।

**मिथुन** – आज व्यापार में नए अनुबंध हो सकते हैं। घर का वातावरण काफी अच्छा रहने वाला है। धार्मिक कार्यों में आपका मन लगेगा। कारोबार को लेकर की गई यात्राओं से काफी अच्छा लाभ मिलेगा। आप अपने खर्चों पर नियंत्रण पाने का प्रयास करेंगे।

**कर्क** – आज धन के अभाव के कारण जो काम रुके थे, वे शुरू हो सकते हैं। रचनात्मक कार्यों में आप काफी सक्रिय रहेंगे। कानूनी विवादों का समाधान निकल सकता है। परिवार की जिम्मेदारियों का निष्ठापूर्वक निर्वाह करें। प्रेम संबंधों में आ रही गलतफहमियां दूर होंगी।

**सिंह** – आज आपके मन में परोपकार की भावना रहेगी। आकस्मिक धन लाभ होने की संभावना बन रही है। व्यावसायिक परेशानियों का निपटारा होगा। साझेदारी में नया काम शुरू कर सकते हैं। मेडिकल संबंधी कार्यों से जुड़े लोगों के लिए दिन अच्छा है।

**कन्या** – आज संतान के व्यवहार के कारण मन दुखी हो सकता है। जल्दबाजी में आपको निर्णय लेने से बचना चाहिए। समाज में सम्मानित लोगों को अपनी प्रतिष्ठा को लेकर कुछ समस्या हो सकती है। आलस्य के कारण आपके प्रदर्शन में कमी आयेगी।

**तुला** – आज अपने विचारों में स्पष्टता रखें। व्यापार में नए साझेदार जुड़ सकते हैं। अविवाहित लोगों का विवाह तय हो सकता है। कड़ी मेहनत का सार्थक परिणाम प्राप्त होगा। राजनीति से जुड़े लोगों को उच्च पद मिल सकता है।

**वृश्चिक** – आज व्यवसाय में कड़ी प्रतिस्पर्धा का सामना करना पड़ेगा। संतान पर अनावश्यक दबाव न बनाएं। धन के लेन-देन को लेकर समझदारी रखें। आज आप कारोबारी यात्रा पर जा सकते हैं। अविवाहित लोगों के विवाह को लेकर संभावना बन सकती है।

**धनु** – आज समाज के उच्च वर्ग के लोगों से आपका मेल-मिलाप बढ़ेगा। आपकी दिनचर्या संयमित रहेगी। परिजनों का व्यवहार आपके प्रति कुछ रूखा सा हो सकता है। बच्चे पढ़ाई में काफी अच्छा प्रदर्शन करेंगे। आज आपको उधार लेने से बचना चाहिए।

**मकर** – आज स्वार्थवश काम करने के कारण आपकी आलोचना हो सकती है। किसी की भावनाओं का तिरस्कार न करें। यदि तनाव आपकी कार्यक्षमता को प्रभावित कर रहा है, तो मोटिवेशनल वीडियोज़ से आपको काफी सहायता मिल सकती है।

**कुंभ** – आज अजनबी लोगों पर ज्यादा विश्वास करना हानिकर हो सकता है। लड़कियों के विवाह को लेकर आ रही अड़चनें दूर होंगी। मनोरञ्जन के लिए वेबसीरीज़ और सिनेमा का आनंद उठायेंगे। उच्च अधिकारी आपकी प्रशंसा करेंगे।

**मीन** – आज उतावले व्यवहार से आपको बचना चाहिए। जॉब में आपका वर्चस्व काफी अच्छा रहेगा। योजनाबद्ध तरीके से किए गए कार्यों में सफलता मिलेगी। दूसरों के उलझे मामलों को आपको सुलझाना पड़ेगा। घरेलू खर्चों को लेकर थोड़ा तनाव उभर सकता है।

## आज की फिल्में

**B4U Movies**
विश्वासघात – सुबह : 10.00
अनाड़ी – रात : 07.00

**Sony Max**
अतरंगी रे – सुबह : 09.53
टाइगर जिंदा है – रात : 10.06

**Sony Pix**
होटल ट्रांसिल्वेनिया 2 – सुबह : 11.13
द मैन फ्रॉम टोरंटो – रात : 09.00

**Zee Cinema**
जजमेंटल है क्या – सुबह : 10.30
मदारी – रात : 07.30

**Colors Cineplex**
छलांग – सुबह : 10.29
दृश्यम 2 – रात : 09.06

### आज की सुपरहिट फिल्म




कलर्स सिनेप्लेक्स पर रात-09.06 बजे

## जोक्स ऑफ द डे

बालक अपने पड़ोस में जाता और महिला दरवाजा खोलती है।
महिला- बेटा क्या हुआ?
बालक- आंटी मम्मी ने एक कटोरी चीनी मंगाई है।
महिला (मुस्कुरा कर उसका सिर सहलाते हुए कहती है) -"अच्छा और क्या कहा है तेरी मम्मी ने ?
बालक-कहा है कि अगर वो डायन न दे तो सामने वाली चुड़ैल से ले आना।

पत्नी-मैं रोज पूजा करती हूं
काश एक दिन श्रीकृष्ण के दर्शन हो जाए।
पति- एक बार मीराबाई बन कर जहर पी ले फिर देख श्रीकृष्ण तो क्या तुझे सारे भगवान नजर आ जाएंगे।

### मैंथा बाजार भाव

**रामपुर**-शिवालिक 985 फ्लैग 1095 डीएमओ 865 बोल्ड 1130, **सम्भल-चन्दौसी**-शिवालिक 1005 फ्लैग 1120 बोल्ड 1150 डीएमओ 905।

### मुरादाबाद मंडी

दालों का भाव : दाल चना : 75 से 76 रुपये, मसूर : 88 से 90 रुपये, मलका : 82 से 85 रुपये, अरहर : 118 से 125 रुपये, उड़द : 95 से 101 रुपये, धोआ उड़द : 110 से 120 रुपये, मूंग धोआ : 104-106 रुपये, मूंग छिलका : 102 रुपये, मूंग साबुत : 100 रुपये, चना देसी : 80 रुपये, चना काबुली : 145 से 160 रुपये, राजमा लाल : 155 रुपये, राजमा चित्ता : 145 रुपये, लोबिया लाल 94 रुपये, लोबिया सफेद 98 रुपये।

### बरेली मंडी

**वनस्पति तेल तिलहन :** तुलसी 1835, राज श्री 1335, फ़ॉर्चून कि. 1710, रविन्द्रा 1750, फॉर्चुन ली0 1555, जय जवान 1405, सचिन 1455, सूरज 1430, अवसर 1560, राग गोल्ड 1535, गृहणी 1445, क्लासिक (किलो) 1655, मोर 1550, चक्र टिन 1650, ब्लू 1555, आशीर्वाद मस्टर्ड 1660, स्वास्तिक 1805। किराना-(प्रतिकु.) हल्दी निजामाबाद 14700, जीरा 41000, लाल मिर्च 20000-24000, धनिया 9000-10000, अजवायान 16000-24000, मेथी 8600, सौंफ 15000-20000, सोंठ 41500, (प्रतिकि0) लौंग 920-1000, बादाम 580-680, काजू 2 पीस 600, किसमिस पीली 140-180, मखाना 650-950। चावल-(प्रति कु0)डबल चाबी सेला 10300, स्पाइस 7700, शरबती कच्ची 5200, शर्बती स्टीम 5600, डायमंड मंसूरी 4300, महबूब सेला 4650, गौरी रॉयल 9500, राजभोग 7450, हरी पत्ती (1 किलो,5 किलो) 10600, हरी पत्ति नेचुरल नया 10500, जेनिथ 10700, गलैक्सी 7400, सूमो 3900।

# प्रधानमंत्री मोदी ने लॉन्च की दुनिया की सबसे बड़ी खाद्यान्न भंडारण योजना

नई दिल्ली, एजेंसी

• योजना के तहत 1.25 लाख करोड़ रुपये से अधिक का निवेश



प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने शनिवार को 11 राज्यों में प्राथमिक कृषि ऋण समितियों (पैक्स) में अनाज भंडारण के लिए 11 गोदामों का उद्घाटन किया। ये गोदाम सहकारी क्षेत्र में सरकार की दुनिया की सबसे बड़ी अनाज भंडारण योजना का हिस्सा हैं। इस योजना में 1.25 लाख करोड़ रुपये से अधिक का निवेश शामिल है।

मोदी ने गोदामों और अन्य कृषि बुनियादी ढांचे के निर्माण के लिए देश भर में अतिरिक्त 500 पैक्स की आधारशिला भी रखी। इन पहलों का मकसद नाबार्ड और राष्ट्रीय सहकारी विकास निगम (एनसीडीसी) की मदद से पैक्स गोदामों को खाद्यान्न आपूर्ति श्रृंखला के साथ निर्बाध रूप से जोड़ना है। प्रधानमंत्री ने कहा कि सहकारी क्षेत्र एक लचीली अर्थव्यवस्था को आकार देने और ग्रामीण क्षेत्रों के विकास को गति देने में सहायक है। उन्होंने कहा, 'आज हमने किसानों के लिए दुनिया की सबसे बड़ी भंडारण योजना शुरू की है। इसके तहत देश भर में हजारों वेयरहाउस और गोदाम बनाए जाएंगे।' उन्होंने कहा कि इसके तहत 700 लाख टन भंडारण क्षमता बनाई जाएगी।

मोदी ने सहकारी क्षेत्र से आग्रह किया कि वे खाद्य तेलों व उर्वरकों सहित कृषि उत्पादों के लिए आयात निर्भरता कम करने में मदद करें। उन्होंने अफसोस जताया कि देश में भंडारण बुनियादी ढांचे की कमी के कारण किसानों को भारी नुकसान उठाना पड़ रहा है। प्रधानमंत्री ने कहा, 'पिछली सरकारों ने इस समस्या पर कभी ध्यान नहीं दिया, लेकिन आज पैक्स के जरिए इस समस्या का समाधान किया जा रहा है।'

### विकसित भारत के लिए विकसित कृषि जरूरी: मोदी

नई दिल्ली। प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि विकसित भारत के लक्ष्य को हासिल करने के लिए कृषि क्षेत्र का विकसित और आधुनिक होना आवश्यक है। प्रधानमंत्री ने प्रगति मैदान के भारत मंडपम में सहकारिता मंत्रालय द्वारा आयोजित कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा, "कृषि प्रणालियों का आधुनिकीकरण भी विकसित भारत के निर्माण के लिए बराबरी का महत्व रखता है।" उन्होंने कहाकि कृषि और खेती-बाड़ी की नींव को मजबूत करने में सहकारिता व सहयोग की शक्ति की बहुत बड़ी भूमिका है। इसीलिए उनकी सरकार ने सहकारिता के लिए एक अलग मंत्रालय बन गया है।

## अब भी सीईओ हूं, बर्खास्तगी की खबर अफवाह: रविंद्रन

**नई दिल्ली।** संकट से जूझ रही शिक्षा प्रौद्योगिकी कंपनी बायजू के संस्थापक बायजू रवींद्रन ने कर्मचारियों को एक पत्र लिखकर कहा है कि वह सीईओ बने रहेंगे और प्रबंधन में कोई बदलाव नहीं होगा। निवेशकों द्वारा नेतृत्व परिवर्तन के लिए मतदान करने के एक दिन बाद उन्होंने पत्र में शुक्रवार की ईजीएम को तमाशा करार दिया।

कर्मचारियों के लिए यह पत्र महत्वपूर्ण है, क्योंकि बायजू के शेयरधारकों ने शुक्रवार को शिक्षा प्रौद्योगिकी स्टार्टअप में कथित 'कुप्रबंधन और विफलताओं' के चलते संस्थापक-सीईओ रवींद्रन और उनके परिवार को बोर्ड से हटाने के लिए मतदान किया था। रवींद्रन ने कंपनी संस्थापकों की अनुपस्थिति में की गई वोटिंग को अमान्य और अप्रभावी बताया है।

## अडाणी समूह उबर के साथ कर सकता है कारोबारी करार

नई दिल्ली, एजेंसी

• गौतम अडाणी ने उबर के सीईओ से मुलाकात के बाद दिए संकेत

अरबपति गौतम अडाणी ने शनिवार को उबर के सीईओ दारा खोसरोशाही से मुलाकात की, जो इस समय भारत के दौरे पर हैं। इसके साथ ही उन्होंने अपने समूह और उबर के बीच भविष्य में सहयोग की संभावना के संकेत भी दिए। सोशल मीडिया मंच एक्स पर दोनों व्यापारिक नेताओं ने भारत की वृद्धि गाथा और उपमहाद्वीप के लिए उनके नजरिए पर चर्चा की।

अडाणी ने एक्स पर एक पोस्ट पर कहा, 'उबर के सीईओ दारा खोसरोशाही के साथ बेहद दिलचस्प बातचीत हुई। भारत में उबर के विस्तार के लिए उनका दृष्टिकोण वास्तव में प्रेरणादायक है, विशेष रूप से भारतीय ड्राइवरों और उनकी गरिमा बढ़ाने के लिए उनकी प्रतिबद्धता। दारा और उनकी टीम के साथ भविष्य में सहयोग के लिए उत्साहित हूं।' उबर के सीईओ ने कहा कि उन्होंने 'बेहद शानदार बातचीत'' के लिए नाश्ते पर अडाणी समूह के प्रमुख से मुलाकात की। उन्होंने भारत में ईवी रूपांतरण में तेजी लाने के लिए अपनी कंपनी की प्रतिबद्धता का भी जिक्र किया।

अडाणी ने मुलाकात की तस्वीरें भी पोस्ट कीं, लेकिन यह नहीं बताया कि मुलाकात कहां हुई। तस्वीरों से ऐसा लग रहा है कि बैठक अहमदाबाद में हुई थी। दारा ने अडाणी की पोस्ट का जवाब देते हुए लिखा, 'स्वादिष्ट नाश्ते के साथ भारत की अभूतपूर्व वृद्धि और बढ़ती उद्यमशीलता के बारे में गौतम अडाणी के साथ एक बहुत ही शानदार बातचीत हुई।'

### सर्राफा

| | |
|---|---|
| **कानपुर** | |
| चांदी 999 (प्रति किलो) | 72,300 |
| चांदी सिक्का (प्रति सैकड़ा) | 82,500 |
| चांदी सिक्का (सैकड़ा) बिकवाल | 87,500 |
| सोना बिस्कुट (दस ग्राम) | 64,000 |
| गिन्नी (प्रति नग) | 47,650-47,850 |
| **लखनऊ** | |
| सोना स्टैंडड (प्रति 10 ग्राम) | 64,200 |
| सोना रवा (प्रति 10 ग्राम) | 64,050 |
| गिन्नी (प्रति 10 नग) | 42,500 |
| चांदी (999) | 72,500 |
| चांदी तैयार | 72,600 |
| चांदी का सिक्का (प्रति सैकड़ा) | 80, 000 |
| **बरेली** | |
| सोना जेवरात पक्के | 64,000 |
| सोना जेवरात गिन्नी | 63,000 |
| चांदी पक्की | 714 (अनुमानित) |
| **मुरादाबाद** | |
| सोना 24 कैरेट | 64,050 |
| चांदी आभूषण | 72,100। |

## जेमिनी संकेतों का जवाब देने में हमेशा भरोसेमंद नहीं: गूगल

नई दिल्ली, एजेंसी

• प्रधानमंत्री मोदी पर चैटबॉट की प्रतिक्रिया के बाद दी सफाई

सूचना प्रौद्योगिकी क्षेत्र की प्रमुख कंपनी गूगल ने कहा है कि उसका एआई चैटबॉट वर्तमान घटनाओं और राजनीतिक विषयों से संबंधित कुछ संकेतों का जवाब देने में हमेशा भरोसेमंद नहीं हो सकता है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पर एक सवाल के जवाब में एआई टूल 'जेमिनी' की आपत्तिजनक प्रतिक्रिया और पूर्वाग्रह को लेकर गूगल को आलोचनाओं का सामना करना पड़ रहा है।

गूगल ने शनिवार को कहा कि उसने इस मुद्दे का समाधान करने के लिए तेजी से काम किया है। केंद्रीय मंत्री राजीव चंद्रशेखर ने चेतावनी दी थी कि प्रधानमंत्री से जुड़े एक सवाल पर गूगल के एआई टूल जेमिनी की प्रतिक्रिया आईटी नियमों के साथ ही आपराधिक संहिता के कई प्रावधानों का सीधा उल्लंघन है। एक पत्रकार के सत्यापित खाते से लिखा गया था कि मोदी पर एक सवाल के जवाब में गूगल जेमिनी की प्रतिक्रिया पक्षपात से भरी है। इस पर संज्ञान लेते हुए चंद्रशेखर ने यह बात कही। जेमिनी से जब इसी तरह का सवाल ट्रंप या जेलेंस्की के बारे में पूछा गया, तो उसने कोई स्पष्ट जवाब नहीं दिया।

## एमईएनए देशों को स्वास्थ्यकर्मी भेजने में केरल सबसे आगे: रिपोर्ट

**मुंबई।** भारत से पश्चिम एशिया और उत्तरी अफ्रीकी (एमईएनए) देशों को स्वास्थ्यकर्मी भेजने के मामले में केरल सबसे आगे हैं। विशेष रूप से संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) में ऐसा हैं, जहां पिछले साल मांग 3.3 गुना बढ़ी। नौकरी दिलाने में मदद करने वाले मंच हंटर के आंकड़ों के अनुसार केरल, तमिलनाडु और आंध्र प्रदेश एमईएनए देशों में नर्सों, डॉक्टरों और प्रयोगशाला तकनीशियनों सहित स्वास्थ्यकर्मियों को भेजने के लिहाज से अग्रणी हैं। रिपोर्ट में कहा गया कि केरल से यूएई को स्वास्थ्यकर्मियों का प्रवासन 2023 में बढ़कर 3.3 गुना हो गया।

## भारत एकमात्र अर्थव्यवस्था, जो तेजी से बढ़ रही आगे

मुंबई, एजेंसी

• 16वें वित्त आयोग के अध्यक्ष डॉ. अरविंद पनगढ़िया ने एक कार्यक्रम को किया संबोधित



सोलहवें वित्त आयोग के अध्यक्ष डॉ. अरविंद पनगढ़िया ने शनिवार को कहा कि दुनिया में तूफान लाने के लिए भारत की परिस्थितियां बिल्कुल सही हैं और भारत अब एकमात्र ऐसी अर्थव्यवस्था है, जो मजबूती से आगे बढ़ रही है।

डॉ. पनगढ़िया ने यहां एक निजी टेलीविजन चैनल के आइडियाज ऑफ इंडिया समिट 3.0 में 'द इकोनॉमिक व्हिस्पररः हाउ टू फ्यूल ग्रोथ विद जॉब्स' विषय पर अपने विचार साझा करते हुये भारत और नए भारत के बारे कहा, "1980 के दशक में मैं भारत को लेकर बहुत निराशावादी हुआ करता था। 1991 में हालात बदल गए। रुझान उदारीकरण की ओर हो गया। यदि हम कोविड काल को हटा दें, तो पिछले 20 वर्षों में वास्तविक डॉलर में लगभग 8.8 प्रतिशत की वृद्धि हुई है, जिसकी हम 1980 के दशक में कल्पना भी नहीं कर सकते थे।' उन्होंने कहा कि बेरोजगारी वास्तव में भारत के लिए कोई समस्या नहीं है। अल्परोजगार है, चुनौती अच्छी तनख्वाह वाली, उच्च उत्पादकता वाली नौकरियां पैदा करने की है। जनसंख्या बड़ी है और जनसंख्या युवा है। यह हमारी मदद करेगा। हमारे पास उस तरह का निर्भरता अनुपात नहीं है, जैसा चीन के पास है।

डॉ. पनगढ़िया ने कहा, "हम एक श्रम प्रचुर देश और पूंजी की कमी वाला देश हैं। हमने अपनी अधिकांश पूंजी कुछ चुनिंदा पूंजी-गहन क्षेत्रों में लगाई है। बहुत सारे कर्मचारी कृषि और एमएसएमई जैसे क्षेत्रों में काम कर रहे हैं, जिनमें बहुत कम पूंजी है।"

## राष्ट्रीय

# मंदिरों पर टैक्स लगाने का विधेयक विधान परिषद में गिरा

### कर्नाटक में सत्तारूढ़ कांग्रेस को झटका, विपक्षी भाजपा-जद (एस) गठबंधन ने विरोध में किया मतदान

बेंगलुरु, एजेंसी



कर्नाटक में 10 लाख से अधिक वार्षिक आय वाले मंदिरों से कोष एकत्र करने संबंधी कांग्रेस सरकार का एक विधेयक विधान परिषद में विपक्षी भाजपा-जद (एस) गठबंधन के चलते गिर गया।

कर्नाटक हिंदू धार्मिक संस्थान और धर्मार्थ बंदोबस्ती (संशोधन) विधेयक 2024 को इस सप्ताह की शुरुआत में विधानसभा से मंजूरी मिल गई थी। शुक्रवार को उच्च सदन में ध्वनिमत से विधेयक गिर गया, जहां विपक्षी दलों के पास बहुमत है।

विधेयक में 10 लाख रुपये से एक करोड़ रुपये के बीच वार्षिक आय वाले मंदिरों से पांच प्रतिशत और एक करोड़ रुपये से अधिक आय वाले मंदिरों से 10 प्रतिशत राशि एकत्रित करने का प्रस्ताव है। विधेयक में कहा गया है कि एकत्रित धन को 'राज्य धार्मिक परिषद' द्वारा प्रशासित एक साझा कोष में डाला जाएगा, जिसका उपयोग पांच लाख से कम आय वाले 'सी' श्रेणी के मंदिरों (राज्य नियंत्रित) के अर्चकों (पुजारियों) के कल्याण के लिए किया जाएगा।

विधान परिषद में नेता प्रतिपक्ष कोटा श्रीनिवास पुजारी ने पुजारियों को सामाजिक सुरक्षा प्रदान करने के कदम का स्वागत किया। हालांकि मंदिरों द्वारा अर्जित राजस्व के दुरुपयोग का विरोध किया। उन्होंने सवाल किया कि सरकार उनके कल्याण के लिए बजट के तहत धन क्यों नहीं दे सकती। विपक्ष ने विधेयक में मंदिर समिति के अध्यक्ष को सरकार द्वारा मनोनीत करने के प्रस्ताव का भी विरोध किया। 'मुजराई' मंत्री रामलिंगा रेड्डी ने विपक्ष को समझाने की कोशिश करते हुए सदन को आश्वासन दिया कि सरकार मंदिर समिति के अध्यक्ष के मनोनयन में हस्तक्षेप नहीं करेगी और मंदिरों से साझा कोष में दी जाने वाली प्रस्तावित राशि को भी कम करेगी।

विपक्ष ने विधेयक पारित करने से पहले इसमें संशोधन किए जाने पर जोर दिया, जिसको देखते हुए रेड्डी ने सोमवार तक का समय मांगा और कहा कि उन्हें मुख्यमंत्री सिद्धरमैया के साथ इस पर चर्चा करने की जरूरत है, क्योंकि इसमें वित्तीय निहितार्थ शामिल हैं।

हालांकि, सभापति के रूप में मौजूद उप सभापति एमके प्रणेश ने सोमवार तक का समय न देते हुए कहा कि ऐसा कोई प्रावधान नहीं है, क्योंकि सदन पहले ही विधेयक पर विचार कर चुका है। इसके बाद विधेयक पर मतदान हुआ और यह विपक्षी भाजपा-जद(एस) गठबंधन के संख्या बल की वजह से गिर गया। भाजपा ने इस विधेयक के बाद कांग्रेस पर हिंदू विरोधी होने के आरोप लगाए हैं, जबकि इन आरोपों को खारिज करते हुए कांग्रेस ने कहा है कि यह एक्ट पहली बार 2003 में ही लाया गया था। वहीं राज्य के स्वास्थ्य मंत्री दिनेश गुंडू राव ने कहा है कि भाजपा इस बारे में भ्रांति फैला रही है।

### विधान परिषद में राजग का संख्या बल ज्यादा

कर्नाटक विधान परिषद में राजग यानी भाजपा के गठबंधन के पास सत्ताधारी कांग्रेस से अधिक संख्या बल है। कांग्रेस के 30 एमएलसी हैं, जबकि भाजपा के 35 एमएलसी हैं। इसके अलावा 8 एमलसी भाजपा की गठबंधन सहयोगी जेडीएस के हैं। कर्नाटक में लाए जा रहे 'कर्नाटक हिंदू धार्मिक संस्थान और धर्मार्थ बंदोबस्ती संशोधन विधेयक 2024' कानून के तहत सरकार सालाना एक करोड़ से अधिक आय वाले मंदिरों से आय पर दस प्रतिशत टैक्स ले सकेगी, जबकि दस लाख से एक करोड़ तक की आय वाले मंदिरों से 5 प्रतिशत टैक्स लिया जा सकेगा।

## शरद पवार ने अपनी पार्टी के चुनाव चिह्न का किया अनावरण

**मुंबई।** राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (राकांपा) के संस्थापक शरद पवार ने अपने नेतृत्व वाले पार्टी के गुट के चुनाव चिह्न 'तुरहा (पारंपरिक तुरही) बजाते हुए आदमी' का शनिवार को अनावरण किया और इसे लोगों के कल्याण के लिए एक नया संघर्ष शुरू करने और उनके उत्थान के वास्ते काम करने वाली सरकार बनाने के लिए प्रेरणा बताया।

अजित पवार और आठ अन्य विधायकों के पिछले वर्ष जुलाई में मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे के नेतृत्व वाली सरकार में शामिल हो जाने के बाद शरद पवार नीत राकांपा विभाजित हो गई थी। बाद में निर्वाचन आयोग ने उपमुख्यमंत्री अजित पवार के नेतृत्व वाले गुट को असल राकांपा घोषित किया था और उसे पार्टी का चिह्न 'घड़ी' आवंटित किया था।

## भ्रष्टाचार छिपाने को आप ने कांग्रेस के सामने टेके घुटने

नई दिल्ली, एजेंसी

• भाजपा ने दोनों पार्टियों के गठजोड़ को भ्रष्टाचारियों का गठबंधन बताया



भाजपा ने कांग्रेस-आप गठजोड़ की आलोचना करते हुए शनिवार को इसे भ्रष्टाचारियों का गठबंधन करार दिया और कहा कि आप ने भ्रष्टाचार छिपाने के लिए कांग्रेस के सामने घुटने टेक दिए। यह (गठजोड़) प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व वाले सत्तारूढ़ राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन का किसी भी तरह से मुकाबला नहीं कर पाएगा।

केंद्रीय मंत्री मीनाक्षी लेखी और भाजपा की दिल्ली इकाई के प्रमुख वीरेंद्र सचदेवा ने यहां संवाददाता सम्मेलन में कहा कि जिन राज्यों में यह गठजोड़ किया गया है चाहे वह गुजरात, हरियाणा, चंडीगढ़, गोवा या दिल्ली हो, भाजपा को 2019 के लोकसभा चुनावों में 50 प्रतिशत से अधिक वोट मिले थे। लेखी ने अतीत में कांग्रेस के खिलाफ आम आदमी पार्टी (आप) के नेताओं द्वारा लगाए गए भ्रष्टाचार के कई आरोपों का हवाला देते हुए कहा कि यह भ्रष्ट गठबंधन उन लोगों के खिलाफ सफल नहीं होगा, जो जनता की सेवा करने के लिए जाने जाते हैं। लेखी ने कहा कि केजरीवाल न केवल 2004-14 के दौरान केंद्र में कांग्रेस के नेतृत्व वाली संप्रग सरकार के अधिकांश मंत्रियों पर भ्रष्ट होने का आरोप लगाते थे, बल्कि उन्होंने दिवंगत राजीव गांधी से भारत रत्न सम्मान वापस लेने की भी मांग की थी।

### एक नजर

#### तमिलनाडु में कांग्रेस की विधायक विजयधरानी भाजपा में शामिल

**नई दिल्ली।** तमिलनाडु में लगातार तीन बार से विधायक कांग्रेस की नेता एस. विजयधरानी शनिवार को भाजपा में शामिल हो गईं और कहा कि प्रधानमंत्री मोदी का नेतृत्व देश के लिए बहुत महत्वपूर्ण है। विजयधरानी के भाजपा में शामिल होने को पार्टी के लिए महत्वपूर्ण माना जा रहा है, क्योंकि वह राज्य में अपना जनाधार बनाने के लिए संघर्ष कर रही है। विजयधरानी कन्याकुमारी लोकसभा क्षेत्र की विलावनकोड सीट से विधायक हैं। भाजपा कन्याकुमारी से अतीत में लोकसभा चुनाव जीत चुकी हैं।

#### पहलवान से दुष्कर्म के आरोप में कोच गिरफ्तार

**जींद।** जिले में नाबालिग कुश्ती पहलवान के साथ दुष्कर्म करने के आरोप में एक कोच को गिरफ्तार किया गया है। पुलिस ने बताया कि आरोपी की पहचान सुनील के तौर पर हुई है। उन्होंने बताया कि पीड़िता ने 22 फरवरी को पुलिस को दी शिकायत में बताया था कि खेल अकादमी में कोच सुनील के पास कुश्ती का अभ्यास करती थी। गत 7 व 8 फरवरी को कोच उसे गांव मिर्चपुर में आयोजित प्रतियोगिता में ले गया। उसने 8 फरवरी को वापसी के दौरान कोच ने गाड़ी में उससे दुष्कर्म किया।

## प्रधानमंत्री 27 फरवरी को केरल की यात्रा पर आएंगे

**तिरुवनंतपुरम।** लोकसभा चुनाव से पहले केरल में राजनीतिक पैठ मजबूत करने की भाजपा की कोशिशों के बीच प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी 27 फरवरी को राज्य की यात्रा पर आ रहे हैं। यह इस साल राज्य की उनकी तीसरी यात्रा है। मोदी आधिकारिक कार्यक्रम के लिए मंगलवार को केरल राज्य की राजधानी तिरुवनंतपुरम पहुंचेंगे। वह भाजपा की राज्य इकाई द्वारा आयोजित 'पदयात्रा' के समापन समारोह में भाग लेंगे।

## बरकती व उसकी पत्नी के खिलाफ चार्जशीट

**श्रीनगर।** जम्मू-कश्मीर पुलिस की राज्य जांच एजेंसी (एसआईए) ने गैरकानूनी गतिविधियों और आतंकवादी वित्तपोषण के एक मामले में सरजन अहमद वागे उर्फ सरजन बरकती, उसकी पत्नी और अब पाकिस्तान में सक्रिय एक आतंकवादी के खिलाफ आरोप पत्र पेश किया। शोपियां के ज़ैनापोरा के निवासी सरजन बरकती और एक प्रमुख क्लर्क पर हिजबुल मुजाहिदीन कमांडर बुरहान वानी के निष्कासन के बाद 2016 की अशांति में बड़े पैमाने पर विरोध प्रदर्शन आयोजित करने का आरोप लगाया गया था। एसआईए की कश्मीर इकाई ने बरकती, उसकी पत्नी शबरोजा बानो और हिजबुल मुजाहिदीन के एक सक्रिय आतंकी अब्दुल हामिद लोन के खिलाफ कुलगाम में विशेष यूएपीए अदालत के समक्ष शुक्रवार को आरोप पत्र पेश किया, जो पाकिस्तान में स्थित है और फरार है।

## झारखंड में माओवादियों ने मुखबिरी के शक में एक शख्स की हत्या की

**चाईबासा।** झारखंड के पश्चिमी सिंहभूम जिले में माओवादियों ने पुलिस का मुखबिर होने के संदेह में 35 वर्षीय एक व्यक्ति की गोली मारकर हत्या कर दी। पुलिस के मुताबिक, यह घटना टोंटो थाना क्षेत्र के बंदाबेड़ा गांव में शुक्रवार देर रात घटी। पुलिस अधीक्षक आशुतोष शेखर ने बताया कि जितेन लागुरी नामक व्यक्ति के शुक्रवार शाम को घर लौटने के बाद नक्सलियों का एक समूह उनके घर पर पहुंचा और गोली मारकर उनकी हत्या कर दी।

## सिंघू और टीकरी बॉर्डर को खोला जाएगा

**नई दिल्ली।** किसानों के 'दिल्ली चलो' मार्च के मद्देनजर दिल्ली-हरियाणा सीमा पर सिंघू और टीकरी सीमा मार्गों को करीब दो सप्ताह तक बंद रखने के बाद प्रशासन ने शनिवार को उन्हें आंशिक रूप से खोलने की प्रक्रिया शुरू की। दिल्ली पुलिस के एक अधिकारी ने बताया कि सिंघू सीमा मार्ग के 'सर्विस लेन' और टीकरी सीमा मार्ग के एक लेन को खोला जा रहा है, ताकि वाहनों की आवाजाही हो सके। सिंघू और टीकरी सीमा मार्गों के खुलने से दिल्ली से हरियाणा जाने वाले वालों को बहुत राहत मिलेगी। इन दोनों सीमा मार्गों को 13 फरवरी को सील कर दिया गया था, क्योंकि पंजाब से प्रदर्शनकारी किसानों ने फसलों पर न्यूनतम समर्थन मूल्य की गारंटी तथा कृषि ऋण माफी समेत अपनी मांगों पर दबाव डालने के लिए अपना 'दिल्ली चलो' मार्च शुरू किया था।

### एडीआर ने विश्लेषण के बाद दी जानकारी

## राज्यसभा के 36% प्रत्याशियों पर आपराधिक मामले

नई दिल्ली, एजेंसी

राज्यसभा चुनाव के 36 फीसदी उम्मीदवारों ने अपने खिलाफ आपराधिक मामले घोषित किए हैं, जबकि विश्लेषण किए गए उम्मीदवारों की औसत संपत्ति 127.81 करोड़ रुपये है। चुनाव अधिकारों के लिए काम करने वाली संस्था 'एसोसिएशन फॉर डेमोक्रेटिक रिफॉर्म्स' (एडीआर) ने यह जानकारी दी।

एडीआर और 'नेशनल इलेक्शन वॉच' ने 15 राज्यों की 56 सीटों के लिए मैदान में उतरे 59 उम्मीदवारों में से 58 के हलफनामों का विश्लेषण किया। राज्यसभा चुनाव 27 फरवरी को होंगे। एडीआर के विश्लेषण के अनुसार, भाजपा के 30 उम्मीदवारों में से आठ (27 प्रतिशत), कांग्रेस के नौ उम्मीदवारों में से छह (67 प्रतिशत), तृणमूल कांग्रेस के चार उम्मीदवारों में से एक (25 प्रतिशत), सपा उम्मीदवारों में से एक (33 प्रतिशत), वाईएसआर कांग्रेस के तीन उम्मीदवारों में से एक (33 प्रतिशत) और राजद के दो उम्मीदवारों में से एक (50 प्रतिशत) प्रत्याशी के खिलाफ आपराधिक केस दर्ज है। इसके अलावा इनमें से 17 प्रतिशत उम्मीदवारों पर गंभीर आपराधिक आरोप हैं।

## वोटर्स को चुनावी वादों के पूरा होने के बारे में जानने का हक: सीईसी

**चेन्नई।** मुख्य निर्वाचन आयुक्त (सीईसी) राजीव कुमार ने शनिवार को कहा कि मतदाताओं को राजनीतिक दलों द्वारा किए गए चुनावी वादों को पूरा करने की व्यवहार्यता के बारे में जानने का अधिकार है। उन्होंने स्पष्ट किया कि यह मामला विचाराधीन है।

कुमार ने कहा कि राजनीतिक दलों को अपने चुनाव घोषणापत्रों में वादे करने का अधिकार है और मतदाताओं को यह जानने का अधिकार है कि क्या ये व्यावहारिक हैं और इन कार्यक्रमों को कैसे वित्त पोषित किया जा सकता है। राजीव कुमार ने कहा कि निर्वाचन आयोग ने पार्टियों को अपने चुनावी वादों को बताने के लिए एक 'प्रारूप' तैयार किया है।

# असम में मुस्लिम विवाह अधिनियम खत्म

गुवाहाटी, एजेंसी

• राज्य कैबिनेट ने दी मंजूरी दी, विपक्ष ने सरकार के फैसले को बताया मुस्लिम विरोधी



असम मंत्रिमंडल ने बाल विवाह को समाप्त करने के लिए असम मुस्लिम विवाह और तलाक पंजीकरण अधिनियम, 1935 को रद करने की मंजूरी दे दी है। राज्य के मुख्यमंत्री हिमंत विश्व शर्मा ने 'एक्स' पर लिखा, 'इस अधिनियम में ऐसी स्थिति में भी विवाह पंजीकरण की अनुमति दिए जाने के प्रावधान शामिल हैं, जब वर की आयु 21 वर्ष और वधू की आयु 18 वर्ष न हो, जो कि विवाह के लिए वैध आयु होती है। यह कदम (कानून को निरस्त किया जाना) राज्य में बाल विवाह पर रोक लगाने की दिशा में एक और महत्वपूर्ण कदम है।'

मुख्यमंत्री ने कहा कि इस कानून को निरस्त किए जाने पर जिला आयुक्तों और जिला रजिस्ट्रार को इस समय 94 मुस्लिम विवाह रजिस्ट्रार के पास मौजूद 'पंजीकरण रिकॉर्ड को अपने संरक्षण' में लेने के लिए अधिकृत किया जाएगा

### यह यूसीसी की ओर पहला कदम: अजमल



**गुवाहाटी।** एआईयूडीएफ अध्यक्ष बदरुद्दीन अजमल ने शनिवार को दावा किया कि असम मुस्लिम विवाह और तलाक पंजीकरण अधिनियम, 1935 को निरस्त करना समान नागरिक संहिता (यूसीसी) लाने की दिशा में पहला कदम है, लेकिन यह राज्य में भाजपा सरकार की ताबूत में आखिरी कील साबित होगा। अजमल ने कहा, 'वे मुसलमानों को भड़काने और मतदाताओं को ध्रुवीकृत करने की कोशिश कर रहे हैं।'

## मध्य प्रदेश में ट्रक से लहसुन की लूट, 11 बदमाश गिरफ्तार

**बड़वानी।** जिले के सेंधवा ग्रामीण थाना क्षेत्र में ट्रक से ले जा रहे लहसुन लूटने के मामले में पुलिस ने महाराष्ट्र के 11 आरोपियों को गिरफ्तार किया है। बड़वानी के पुलिस अधीक्षक पुनीत गहलोद ने लहसुन से भरे ट्रक की डकैती के मामले में अंतर्राज्यीय गैंग के 11 सदस्यों को गिरफ्तार कर लिया है। पुनीत ने बताया कि देर रात आगरा मुंबई हाईवे पर लहसुन से भरे वाहन को 15 हथियार बंद लोगों ने अपना ट्रक अड़ाकर रोका था। इसके बाद कांच तोड़ते हुए उसके ड्राइवर को उतार कर उसके हाथ पैर बांध दिए थे। उसे अपने वाहन में मारपीट करते हुए 2 घंटे तक घुमाते रहे। आरोपियों ने उससे 15 हजार रुपये छीन कर नेशनल हाईवे पर छोड़ दिया था।

## खेल डायरी

### सुमित नागल को दुबई चैंपियनशिप के मुख्य ड्रा के लिए वाइल्डकार्ड मिला



**दुबई, एजेंसी।** भारतीय टेनिस स्टार सुमित नागल को एटीपी 500 टूर्नामेंट दुबई चैंपियनशिप के मुख्य ड्रा के लिए वाइल्डकार्ड मिला है। टूर्नामेंट के क्वालीफायर शनिवार को शुरू हो गए और मुख्य ड्रा के मैच सोमवार से आरंभ होंगे। नागल का सामना पहले दौर में इटली के लोरेंजो सोनेगो से होगा, जिनकी मौजूदा विश्व रैंकिंग 49 है। इस 26 साल के भारतीय का यह साल शानदार रहा है, उन्होंने पिछले महीने आस्ट्रेलियाई ओपन के मुख्य ड्रा के लिए क्वालीफाई किया था, जिसमें वह कजाखस्तान के एलेक्जेंडर बुबलिक को हराकर दूसरे दौर में पहुंचे थे। वह 1989 के बाद ग्रैंडस्लैम में वरीय खिलाड़ी को हराने वाले पहले भारतीय बने थे। इस महीने नागल ने करियर की सर्वश्रेष्ठ 98 रैंकिंग हासिल की थी लेकिन पिछले हफ्ते एटीपी चैलेंजर टूर्नामेंट चेन्नई ओपन जीतने के बावजूद 101वें स्थान पर खिसक गये थे। दुबई चैम्पियनशिप में रूस के दानिल मेदवेदेव शीर्ष वरीय हैं।

### कैमरन नोरी रियो ओपन के सेमीफाइनल में

**रियो डी जनेरियो, एजेंसी।** गत चैंपियन कैमरन नोरी ने ब्राजील के थियागो सेबोथ वाइल्ड को तीन सेट तक चले कड़े मुकाबले में पराजित करके रियो ओपन टेनिस टूर्नामेंट के सेमीफाइनल में प्रवेश किया। दूसरी वरीयता प्राप्त नोरी ने वाइल्ड को हराया। सेमी फाइनल में उनका सामना अर्जेंटीना के मरियानो नवोन से होगा जिन्होंने ब्राजील के जोआओ फोंसेका को हराया। इससे पहले अर्जेंटीना के दो खिलाड़ियों ने क्वार्टर फाइनल में जीत दर्ज की और सेमीफाइनल में वह एक दूसरे के आमने-सामने होंगे। चौथी वरीयता प्राप्त फ्रांसिस्को सेरुंडोलो ने सर्बिया के दुसान लाजोविच को हराया। सेमीफाइनल में उनके प्रतिद्वंद्वी सेबेस्टियन बेज़ होंगे, जिन्होंने ब्राजील के थियागो मोंटेइरो को पराजित किया।

### कलिंस्काया दुबई ओपन के फाइनल में

**दुबई, एजेंसी।** क्वालीफायर अन्ना कलिंस्काया ने इगा स्वियातेक को उलटफेर का शिकार बनाकर दुबई ओपन टेनिस चैंपियनशिप के फाइनल में प्रवेश किया। कलिंस्काया ने स्वियातेक को सीधे सेटों में पराजित किया। यह एक वर्ष में पहला अवसर है जबकि स्वियातेक को सीधे सेटों में हार का सामना करना पड़ा। कलिंस्काया पहली क्वालीफायर हैं जिन्होंने शीर्ष 10 में शामिल तीन खिलाड़ियों को हराकर दुबई ओपन के फाइनल में प्रवेश किया। इससे पहले उन्होंने येलेना ओस्टापेंको और कोको गाफ को हराया था। कलिंस्काया फाइनल में इटली की विश्व में 26वें नंबर के खिलाड़ी जैसमीन पाओलिनी से भिड़ेगी। पाओलिनी ने सेमीफाइनल में सोराना क्रिस्टिया को हराया।

### जेडन शॉ के दो गोल, अमेरिका ने गोल्ड कप में अर्जेंटीना को 4-0 से रौंदा



**कार्सन (अमेरिका), एजेंसी।** जेडिन शॉ के दो गोल से अमेरिका ने शुक्रवार रात कोनकाकॉफ महिला गोल्ड कप फुटबॉल टूर्नामेंट में अर्जेंटीना को 4-0 से शिकस्त दी। अमेरिका ने पहले 20वें मिनट तक 3-0 से बढ़त बना ली थी। उसके लिए 19 साल की शॉ ने 10वें और 18वें मिनट में गोल दागे जबकि अनुभवी एलेक्स मोर्गन ने 19वें मिनट में हेडर के जरिए तीसरा गोल किया। टीम के लिए अंतिम गोल लिंडसे होरान ने 77वें मिनट में पेनल्टी किक पर दागा। अमेरिका अब ग्रुप चरण के अंतिम मैच में सोमवार को मेक्सिको के सामने होगा, जिसने डोमिनिक गणराज्य को 8-0 से मात दी।

# स्पिन में फंसा भारत, बढ़त के करीब इंग्लैंड

## चौथे टेस्ट के दूसरे दिन भारत की पहली पारी लड़खड़ाई, 219 रन पर गवांए 7 विकेट

**भारत-इंग्लैंड टेस्ट श्रृंखला**

रांची, एजेंसी





शोएब बशीर (84 रन देकर 4 विकेट) और टॉम हार्टली (47 रन देकर 2 विकेट) ने भारतीय बल्लेबाजों को अपने स्पिन में फंसाकर इंग्लैंड को चौथे टेस्ट के दूसरे दिन शनिवार को पहली पारी में बढ़त हासिल करने की तरफ अग्रसर किया। भारत ने इंग्लैंड के पहली पारी के 353 रन के जवाब में दूसरे दिन का खेल समाप्त होने तक 7 विकेट पर 219 रन बनाए।

भारत अभी इंग्लैंड से 134 रन पीछे है। यशस्वी जायसवाल को छोड़कर अन्य बल्लेबाजों को स्पिनरों के लिए सामंजस्य बिठाने में परेशानी हुई। जायसवाल ने 117 गेंद पर 73 रन बनाए, जिसमें 8 चौके और 1 छक्का है। वह 55 रन पर पहुंचते ही 1 टेस्ट श्रृंखला में 600 या इससे अधिक रन बनाने वाले पांचवें भारतीय बल्लेबाज बने। उन्होंने दो मैच में दोहरे शतक जमाए थे। भारत का स्कोर एक समय 7 विकेट पर 177 रन था, लेकिन इसके बाद विकेटकीपर बल्लेबाज ध्रुव जुरेल (58 गेंद पर नाबाद 30) और कुलदीप यादव (72 गेंद पर नाबाद 17) ने दिन के बाकी बचे 17.4 ओवर में कोई झटका नहीं लगने दिया। दोनों ने आठवें विकेट के लिए 42 रन की साझेदारी की है। भारत ने पहले सत्र में कप्तान रोहित शर्मा (02) तथा दूसरे सत्र में शुभमन गिल (38), रजत पाटीदार (17) और रविंद्र जडेजा (12) के विकेट गंवाए। इंग्लैंड की तरफ से दूसरे सत्र में तीनों विकेट बशीर ने लिए। जायसवाल, सरफराज खान (14) और रविचंद्रन अश्विन (01) तीसरे सत्र में पवेलियन लौटे। इससे पहले इंग्लैंड की पारी का आकर्षण जो रूट का शतक रहा। वह 274 गेंद पर 10 चौकों की मदद से 122 रन बनाकर नाबाद रहे।

उन्होंने ओली रॉबिंसन (96 गेंद पर 58 रन) के साथ आठवें विकेट के लिए 102 रन की साझेदारी की। भारत के जडेजा ने 67 रन देकर 4 विकेट लिए। भारत की शुरुआत अच्छी नहीं रही और उसने तीसरे ओवर में ही रोहित का विकेट गंवा दिया। जेम्स एंडरसन की ऑफ स्टंप से बाहर जाती गेंद रोहित के बल्ले का किनारा लेकर विकेटकीपर बेन फॉक्स के दस्तानों में समा गई। जायसवाल ने गिल के साथ दूसरे विकेट के लिए 82 रन की साझेदारी की लेकिन 44 रन के अंदर 3 विकेट गंवाने से भारत फिर बैकफुट पर चला गया।

गिल शुरू में सतर्कता बरतने के बाद जब अपने अंदाज में बल्लेबाजी कर रहे थे तब बशीर की गेंद पर अंपायर ने उन्हें पगबाधा आउट दे दिया। जायसवाल जब 40 रन पर थे तब कप्तान बेन स्टोक्स ने उन्हें जीवनदान दिया। इस बल्लेबाज ने इसके बाद रॉबिंसन के खिलाफ कदमों का अच्छा इस्तेमाल किया और बशीर पर छक्का भी जमाया। पाटीदार फिर से मौके का फायदा उठाने में असफल रहे। वह बशीर की गेंद पर पगबाधा आउट होने से पहले अपनी पारी के दौरान किसी भी समय सहज नहीं दिखे। जडेजा ने हार्टली पर लगातार दो छक्के लगाए लेकिन बशीर ने अगले ओवर में उन्हें ओली पोप के हाथों कैच करा दिया।

बशीर ने जायसवाल को बड़ी पारी नहीं खेलने दी और नीची रहती गेंद पर उन्हें बोल्ड करके भारत को करारा झटका दिया। अपने पदार्पण टेस्ट मैच की दोनों पारियों में अर्धशतक जड़ने वाले सरफराज को भी रन बनाने के लिए संघर्ष करना पड़ा। हार्टली की गेंद पर रूट ने स्लिप में उनका शानदार कैच लिया। हार्टली ने अश्विन को भी ज्यादा देर तक नहीं टिकने दिया। इंग्लैंड ने सुबह अपनी पहली पारी 7 विकेट पर 302 रन से आगे बढ़ाई।

जडेजा ने पहले सत्र में बाकी बचे तीन विकेट लेकर भारत को वापसी दिलाई। रूट के शतक और रॉबिंसन के अपने करियर के पहले अर्धशतक की मदद से इंग्लैंड पहले दिन लंच तक 112 रन पर 5 विकेट गंवाने के बावजूद चुनौतीपूर्ण स्कोर खड़ा करने में सफल रहा। इंग्लैंड ने इसके बाद 241 रन जोड़े।

## यशस्वी एक टेस्ट शृंखला में 600 से ज्यादा रन बनाने वाले 5वें भारतीय



रांची, एजेंसी

यशस्वी जायसवाल शनिवार को इंग्लैंड के खिलाफ चौथे मैच के दूसरे दिन एक टेस्ट श्रृंखला में 600 या इससे ज्यादा रन बनाने वाले पांचवें भारतीय बन गए। पिछले साल वेस्टइंडीज दौरे पर पदार्पण करने वाले बाएं हाथ के बल्लेबाज जायसवाल ने मौजूदा 5 मैच की टेस्ट श्रृंखला में अपनी सातवीं पारी के दौरान यह उपलब्धि अंतिम सत्र में शोएब बशीर पर एक रन लेकर नाबाद 55 रन तक पहुंचने के बाद हासिल की। जायसवाल ने मौजूदा श्रृंखला के दूसरे और तीसरे टेस्ट में दो दोहरे शतक जमाये हैं। इस तरह 22 साल का यह खिलाड़ी एक टेस्ट शृंखला में 600 से ज्यादा रन बनाने के कारनामे में भारत के महान बल्लेबाज सुनील गावस्कर, विराट कोहली, राहुल द्रविड़ और दिलीप सरदेसाई के साथ शामिल हो गया। पूर्व भारतीय कप्तान गावस्कर, कोहली और द्रविड़ ने अपने करियर में एक टेस्ट श्रृंखला में दो बार 600 से ज्यादा रन बनाए। वहीं सरदेसाई ने यह उपलब्धि 1970-71 में वेस्टइंडीज में हुई श्रृंखला में हासिल की थी। गावस्कर ने 1970-71 की इस श्रृंखला में ही 4 शतक और तीन अर्धशतकों से 774 रन जुटाकर एक टेस्ट श्रृंखला में किसी भारतीय बल्लेबाज का सर्वाधिक रन बनाने का रिकॉर्ड बनाया था। गावस्कर ही एकमात्र भारतीय हैं जो एक टेस्ट श्रृंखला में दो मौकों पर 700 से ज्यादा रन जुटा सके हैं। 'लिटिल मास्टर' ने 1978-79 में वेस्टइंडीज के भारत दौरे पर चार शतक और एक अर्धशतक से छह टेस्ट में 732 रन बनाये थे। एक टेस्ट श्रृंखला में सर्वाधिक रन बनाने का विश्व रिकॉर्ड आस्ट्रेलिया के महान बल्लेबाज डॉन ब्रैडमैन के नाम है जिन्होंने 1930 में इंग्लैंड के खिलाफ पांच टेस्ट में चार शतकों से 974 रन बनाए थे।

### स्कोर बोर्ड

| इंग्लैंड (पहली पारी) | 353/10 (104.5 ओवर) | | |
|---|---|---|---|
| खिलाड़ी | रन | गेंद | 4/6 |
| जाक क्रॉली बो आकाश दीप | 42 | 42 | 6/1 |
| बेन डकेट का जुरेल बो आकाश दीप | 11 | 21 | 1/0 |
| ओली पोप पगबाधा बो आकाश दीप | 00 | 02 | 0/0 |
| जो रूट नाबाद | 122 | 274 | 10/0 |
| जॉनी बेयरस्टो पगबाधा बो अश्विन | 38 | 35 | 4/1 |
| बेन स्टोक्स पगबाधा बो जडेजा | 03 | 06 | 0/0 |
| बेन फोक्स का जडेजा बो सिराज | 47 | 126 | 4/1 |
| टॉम हार्टली बो सिराज | 13 | 26 | 1/1 |
| ओली रॉबिनसन का जुरेल बो जडेजा | 58 | 96 | 9/1 |
| शोएब बशीर का पाटीदार बो जडेजा | 00 | 02 | 0/0 |
| जेम्स एंडरसन पगबाधा बो जडेजा | 00 | 04 | 0/0 |

**अतिरिक्त:** 19, **विकेट पतन:** 1-47, 2-47, 3-57, 4-109, 5-112, 6-225, 7-245, 8-347, 9-349, 10-353, **गेंदबाजी:** मोहम्मद सिराज 18-3 -78-2, आकाश दीप 19-0-83-3, रवीन्द्र जड़ेजा 32 .5-7-67-4, रविचंद्रन अश्विन 22-1-83-1, कुलदीप यादव 12-4 -22-0, यशस्वी जायसवाल 1-0 -6-0

| भारत (पहली पारी) | 219/7 (73 ओवर) | | |
|---|---|---|---|
| खिलाड़ी | रन | गेंद | 4/6 |
| यशस्वी जायसवाल बो बशीर | 73 | 117 | 8/1 |
| रोहित शर्मा का फोक्स बो एंडरसन | 02 | 09 | 0/0 |
| शुभमन गिल पगबाधा बो बशीर | 38 | 65 | 6/0 |
| रजत पाटीदार पगबाधा बो बशीर | 17 | 42 | 4/0 |
| रविंद्र जडेजा का पोप बो बशीर | 12 | 12 | 0/2 |
| सरफराज खान का रूट बो हार्टले | 14 | 53 | 1/0 |
| ध्रुव जुरेल खेल रहे हैं | 30 | 58 | 2/1 |
| रविचंद्रन अश्विन पगबाधा बो हार्टले | 01 | 13 | 0/0 |
| कुलदीप यादव खेल रहे हैं | 17 | 72 | 1/0 |

**अतिरिक्त:** 15, **विकेट पतन:** 1-4, 2-86, 3-112, 4-130, 5-161, 6-171, 7-177, **गेंदबाजी:** एंडरसन 12-4-36-1, रोबिन्सन 9-0-39-0, बशीर 32-4-84-4, हार्टले 19-5-47-2, रूट 1-0-1-0

### कुक ने 'बैजबॉल' शैली के विपरीत अंदाज में बल्लेबाजी करने के लिए रूट की प्रशंसा की

**लंदन, एजेंसी।** इंग्लैंड के पूर्व कप्तान एलिस्टर कुक ने 'बैजबॉल' शैली के विपरीत अंदाज में बल्लेबाजी करने के लिए जो रूट की प्रशंसा की। रूट पहले तीन मैच में अच्छा प्रदर्शन नहीं कर पाए थे लेकिन रांची में चल रहे चौथे टेस्ट की पहली पारी में उन्होंने नाबाद 122 रन बनाए, जिससे इंग्लैंड 5 विकेट पर 112 रन के स्कोर से उबरकर 353 रन बनाने में सफल रहा। कुक ने कहा कि जो रूट ने अपने बेसिक्स पर लौटकर बल्लेबाजी की। आप जो रूट जैसे बल्लेबाज से इसी तरह के शॉट की उम्मीद करते हैं। उनके रिवर्स स्कूप को लेकर काफी चर्चा हुई, लेकिन रूट ने यह पारी अपने विशिष्ट अंदाज में खेली। उन्होंने कहा कि यह सामान्य से थोड़ा धीमी पारी थी लेकिन वह अपनी पूरी लय में थे। जब वह लय में होते हैं तो फिर रोहित की तरह उनके लिए बल्लेबाजी करना आसान हो जाता है।

# आशा की स्पिन से यूपी चकराया, आरसी दो रन से जीता

बेंगलुरु, एजेंसी

विकेटकीपर बल्लेबाज ऋचा घोष (62) और सब्बीनेनी मेघना (53) के अर्धशतकों के बाद शोभना आशा के 5 विकेट से रॉयल चैलेंजर्स बेंगलोर (आरसीबी) महिला टीम ने शनिवार को लीग मैच में यूपी वारियर्स को 2 रन से मात दी। मेघना ने 44 गेंद की पारी के दौरान 7 चौके और 1 छक्का जबकि ऋचा ने 37 गेंद की पारी में 12 चौके मारे। दोनों ने तब चौथे विकेट के लिए 71 रन की सांझेदारी की। टीम ने बल्लेबाजी के न्योते के बाद 7.5 ओवर में 54 रन पर 3 विकेट गंवा दिए थे, जिससे आरसीबी ने 6 विकेट पर 157 रन बनाए। जवाब में यूपी वारियर्स की टीम 20 ओवर में 7 विकेट पर 155 रन ही बना सकी। श्रेयांका पाटिल ने 18वें ओवर में 14 रन लुटाए। इससे अंतिम दो ओवर में यूपी को जीत के लिए 12 गेंद में 16 रन बनाने थे, लेकिन 19वें ओवर में टीम ने एक विकेट गंवा दिया और 5 रन ही बना सकी। अब अंतिम ओवर में 11 रन की दरकार थी और 8 रन ही बन सके। ग्रेस हैरिस (38) शीर्ष स्कोरर रहीं। हैरिस और श्वेता सहरावत (31) ने चौथे विकेट के लिए 77 रन की सांझेदारी की। ये दोनों विकेट गिरते टीम की लय टूट गई। आरसीबी के लिए शोभना ने 22 रन देकर 5 विकेट लिए। सोफी मोलिनूक्स और जॉर्जिया वारेहम ने एक-एक विकेट झटके। मेघना और ऋचा दोनों ने हालात के अनुसार खेल जारी और क्रीज पर जमने के बाद टीम को संकट से निकाला। मेघना को 20 और 22 रन पर जीवनदान मिला। उन्होंने मैदान के चारों ओर शानदार शॉट लगाए। बाएं हाथ की स्पिनर राजेश्वरी गायकवाड़ पर उनका एक्स्ट्रा कवर में लगाया गया छक्का शानदार रहा। मेघना ने 40 गेंद में अर्धशतक बनाया। ऋचा ने साइमा ठाकोर पर 14वें ओवर में 16 रन जड़ दिए और तहलिया मैकग्रा पर चौके से 31 गेंद में पचासे तक पहुंच गईं। राजेश्वरी ने इस भागीदारी का अंत किया। उनकी गेंद पर मेघना को एलिसा हीली ने स्टंप आउट किया। इन दोनों के अलावा कप्तान स्मृति मंधाना (13 रन) ही दोहरे अंक तक पहुंच सकीं। सोफी डेविने और एलिसे पैरी कोई कमाल नहीं कर सकीं।





## जीत के लिए संघर्ष



फ्रांस के ल्योन में फ्रांस और जर्मनी के बीच शनिवार को खेले जा रहे नेशंस लीग महिला सेमीफाइनल फुटबॉल मैच के दौरान जर्मनी की मरीना हेगरिंग के साथ गेंद के लिए चुनौती पेश करतीं फ्रांसे की कादि दियातोउ डायनी।



## हर्ष और प्रणव का जय जय राम रिलीज



**मुंबई, एजेंसी।** भगवान श्रीराम चन्द्र की जय जयकार करता हुआ भजन जय जय राम रिलीज़ हो गया है। भजन जय जय राम प्रणव वत्स ने लिखा है और संगीत कम्पोजिशन हर्ष उपाध्याय ने दिया है। इस भजन का कोरस राहुल चिटनीस, विवेक नाइक, सन्तोष बोटे, और सागर लेले ने गाया है। इस भजन में प्रयुक्त अतिरिक्त पंक्तियों को श्रुति शुक्ला ने कलमबद्ध किया है। वाइब म्यूजिक और एंटरटेनमेंट प्रेजेंट्स हर्ष उपाध्याय और जय मवानी द्वारा निर्मित इस भजन का वोकल सुकृति भारद्वाज और जय मवानी ने डिजाइन किया है। भजन जय जय राम के यूट्यूब के रिलीज टॉपिक चैनल पर सुना जा सकता है।

### संजय लीला भंसाली ने मनाया 61वां जन्मदिन



**मुंबई, एजेंसी।** बॉलीवुड के जाने-माने फिल्मकार संजय लीला भंसाली आज 61 वर्ष के हो गए। 24 फरवरी 1963 को मुंबई में जन्में संजय लीला भंसाली ने अपने करियर की शुरुआत विदु विनोद चोपड़ा के सहायक के तौर पर की। भंसाली ने विदु विनोद चोपड़ा की फिल्म परिन्दा, 1942 अ लव स्टोरी और करीब में सहायक निर्देशक के तौर पर काम किया। बतौर स्वतंत्र निर्देशक संजय लीला भंसाली ने अपने करियर की शुरुआत 1996 में प्रदर्शित फिल्म खामोशी से की। इस फिल्म में नाना पाटेकर, सलमान खान और मनीषा कोइराला ने मुख्य भूमिकायें निभायी थी। यूं तो फिल्म टिकट खिड़की पर कोई खास कमाल नही दिखा सकी लेकिन संजय लीला भंसाली ने अपने बेहतरीन निर्देशन के जरिये दर्शकों के साथ हीं समीक्षकों का भी दिल जीत लिया। वर्ष 1999 में प्रदर्शित फिल्म हम दिल दे चुके सनम संजय लीला भंसाली के करियर की पहली सुपरहिट साबित हुयी। इस फिल्म में भी संजय लीला भंसाली ने सलमान खान का चुनाव किया। फिल्म में सलमान खान के अलावा ऐश्वर्या राय और अजय देवगन ने मुख्य भूमिका निभायी थी।

## दक्षिण भारतीय फिल्मों में डेब्यू करेंगी जाह्नवी



**मुंबई, एजेंसी।** बॉलीवुड अभिनेत्री जाह्नवी कपूर दक्षिण भारतीय फिल्मों में डेब्यू को लेकर उत्साहित है। जाह्नवी कपूर एनटीआर जूनियर की मुख्य भूमिका वाली फिल्म 'देवरा : भाग 1' के जरिए दक्षिण भारतीय फिल्मों में डेब्यू करने जा रही है। यह फिल्म कोराताला शिव द्वारा निर्देशित और युवासुधा आट्र्स और एनटीआर आट्र्स द्वारा संयुक्त रूप से निर्मित और नंदमुरी कल्याण राम द्वारा प्रस्तुत की गई है। जाह्नवी कपूर फिल्म 'देवरा : भाग 1' के जरिए दक्षिण भारतीय फिल्मों में डेब्यू को लेकर उत्साहित है। जाह्नवी कपूर ने बताया कि उन्हें बहुत खुशी है कि वह इस फिल्म का हिस्सा हैं क्योंकि इस फिल्म के जरिए वह केवल अपनी जड़ों के करीब आ रही हैं और तेलुगु सीख रही हैं।

### सनी संस्कारी की तुलसी कुमारी में नजर आएगी वरुण धवन-जाह्नवी कपूर की जोड़ी

**मुंबई, एजेंसी।** बॉलीवुड अभिनेता वरुण धवन और जाह्नवी कपूर की जोड़ी फिल्म सनी संस्कारी की तुलसी कुमारी में नजर आएगी। बॉलीवुड फिल्मकार करण जौहर ने अपनी अगली फिल्म सनी संस्कारी की तुलसी कुमारी की घोषणा कर दी है। इस फिल्म में वरुण धवन और जाह्नवी कपूर की मुख्य भूमिका होगी ।इस फिल्म में वरुण धवन 'सनी संस्कारी' के किरदार में नजर आएंगे। जाह्नवी कपूर फिल्म में 'तुलसी कुमारी' का किरदार अदा करेंगी। फिल्म का टाइटल शेयर करने के साथ ही मेकर्स ने कैप्शन में लिखा, अपनी कुमारी को लेने के लिए संस्कारी आ रहा है। ये लव स्टोरी आपका मनोरंजन करने के लिए जल्द ही स्क्रीन पर आ रही है। यह फिल्म 18 अप्रैल 2025 को रिलीज होगी।

## समीर ने दिए कई सुपरहिट फिल्मों में गीत



**मुंबई।** बॉलीवुड के गीतकार समीर आज 66 वर्ष के हो गये। शीतला पांडेय उर्फ समीर का जन्म 24 फरवरी 1958 को बनारस में हुआ। उनके पिता अंजान फिल्म जगत के मशहूर गीतकार थे। बचपन से ही समीर का रूझान अपने पिता के पेशे की ओर था। वह भी फिल्म इंडस्ट्री में गीतकार बनना चाहते थे लेकिन उनके पिता चाहते थे कि वह अलग क्षेत्र में अपना भविष्य बनायें। समीर ने बनारस हिंदु विश्वविद्यालय से स्नातकोत्तर की पढाई पूरी की। इसके बाद परिवार के जोर देने पर उन्होंने अपने कैरियर की शुरूआत बतौर बैंक ऑफिसर शुरू की। बैंक की नौकरी उनके स्वभाव के अनुकूल नहीं थी। कुछ दिनों के बाद उनका मन इस काम से उचट गया और उन्होंने नौकरी छोड़ दी। अस्सी के दशक में गीतकार बनने का सपना लिये समीर ने मुंबई की ओर रूख कर लिया। लगभग तीन वर्ष तक मुंबई में रहने के बाद वह गीतकार बनने के लिये संघर्ष करने लगे। आश्वासन तो सभी देते रहे लेकिन उन्हें काम करने का अवसर कोई नहीं देता था। अथक परिश्रम करने के बाद 1983 में उन्हें बतौर ..बेखबर ..फिल्म के लिये गीत लिखने का मौका मिला। इस बीच समीर को इंसाफ कौन करेगा, जवाब हम देगें, दो कैदी, रखवाला, महासंग्राम, बीबी हो तो ऐसी, बाप नंबरी बेटा दस नंबरी जैसी कई बड़े बजट की फिल्मों में काम करने का अवसर मिला लेकिन इन फिल्मों की असफलता से वह फिल्म इंडस्ट्री में अपनी पहचान बनाने में नाकामयाब रहे।

### पूजा भट्ट ने मनवाया था कभी अपने अभिनय का लोहा



**मुंबई, एजेंसी।** बॉलीवुड अभिनेत्री -फिल्मकार पूजा भट्ट 42 वर्ष की हो गई। 24 फरवरी 1972 को मुंबई में जन्मी पूजा भट्ट ने बतौर अभिनेत्री अपने कॅरियर की शुरूआत अपने पिता महेश भट्ट के निर्देशन में बनी फिल्म डैडी से की। इस फिल्म में पूजा भट्ट के पिता की भूमिका अनुपम खेर ने निभाई थी। अपनी पहली ही फिल्म के जरिए पूजा भट्ट ने दर्शकों के बीच अपने अभिनय का लोहा मनवा लिया। 1991 में प्रदर्शित फिल्म दिल है कि मानता नहीं पूजा भट्ट के कॅरियर की एक और सुपरहिट फिल्म साबित हुई। महेश भट्ट निर्देशित इस फिल्म में पूजा भट्ट के अपोजिट आमिर खान थे। फिल्म की कहानी हॉलीवुड फिल्म ..इट हैपेंड वन नाईट ..पर आधारित थी। फिल्म में पूजा भट्ट और आमिर खान ने अपने चुलबुले अंदाज से दर्शकों का दिल जीतकर फिल्म को सुपरहिट बना दिया। 1991 में पूजा भट्ट की एक और सुपरहिट पिल्म सड़क प्रदर्शित हुई। महेश भट्ट के निर्देशन में बनी इस फिल्म में पूजा भट्ट की जोड़ी संजय दत्त के साथ काफी पसंद की गई।


स्वामी-रुहेलखंड इंटरप्राइजेज के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक राज सागर द्वारा अमृत विचार प्रकाशन, नवादा जोगियान, चक रोड, रोहिलखंड मेडिकल कॉलेज के सामने, बरेली (उत्तर प्रदेश) से मुद्रित एवं एलआईजी 23, प्रथम तल, आशियाना फेस-1, कांठ रोड मुरादाबाद (उत्तर प्रदेश) से प्रकाशित।
**संपादक-शंभू दयाल वाजपेयी**, 0591-3551286 (कार्यालय), ईमेल-amritvichar.moradabad@gmail.com आर.एन.आई नं0-UPHIN/2020/79034 (नोट-सभी विवादों का न्याय क्षेत्र मुरादाबाद होगा)।

# ईडी की कार्रवाई से इतनी बेचैन क्यों तमिलनाडु सरकार: कोर्ट

नई दिल्ली, एजेंसी



● ईडी के खिलाफ तमिलनाडु सरकार की याचिका पर सुप्रीम कोर्ट ने उठाए सवाल

मनी लॉन्ड्रिंग मामले में प्रवर्तन निदेशालय की जांच के खिलाफ मद्रास हाईकोर्ट में याचिका दायर करने पर तमिलनाडु सरकार से सुप्रीम कोर्ट ने सवाल किए है। गौरतलब है कि केंद्रीय जांच एजेंसी ने अवैध रेत खनन मामले की जांच के सिलसिले में वेल्लोर, तिरुचिरापल्ली, करूर, तंजावुर और अरियालुर के जिला कलेक्टरों को तलब किया था।

राज्य सरकार ने अधिकारियों के साथ मद्रास हाईकोर्ट का रुख किया था, जिसने प्रवर्तन निदेशालय द्वारा जारी समन पर रोक लगा दी थी। इसको लेकर जांच एजेंसी ने आदेश के खिलाफ शीर्ष अदालत का रुख किया था। पीठ ने तमिलनाडु सरकार के वकील से पूछा कि राज्य यह रिट याचिका कैसे दायर कर सकता है। किस कानून के तहत। आप हमें बताएं कि राज्य की रुचि कैसे है और वह प्रवर्तन निदेशालय के खिलाफ यह रिट याचिका कैसे दायर कर सकता है।

पीठ ने कहा कि अधिकारियों को ईडी के साथ सहयोग करना चाहिए। सुप्रीम कोर्ट ने सरकार से नोटिस जारी तक तीन दिनों के भीतर जवाब मांगा है। कोर्ट ने 26 फरवरी को सुनवाई के लिए यह याचिका सूचीबद्ध करने का आदेश दिया है।

# शादी का झांसा देकर बलात्कार के आरोप में अभिनेता गिरफ्तार

**दुर्ग।** छत्तीसगढ़ के दुर्ग जिले में करीबी रिश्तेदार को शादी का झांसा देकर 13 साल से बलात्कार करने के आरोप में पुलिस ने क्षेत्रीय सिनेमा के अभिनेता को गिरफ्तार किया है।

पुलिस ने बताया कि छत्तीसगढ़ी फिल्म के अभिनेता मनोज राजपूत को 29 वर्षीय पीड़िता की शिकायत पर गिरफ्तार किया है। उन्होंने बताया कि पीड़िता ने रेलवे पुलिस थाने में शिकायत की है। पीड़िता ने बताया कि, मनोज 2011 से उसका यौन शोषण कर रहा है। पीड़िता ने शिकायत में कहा- मनोज अब शादी से इनकार कर रहा है। पुलिस ने बताया कि आरोपी पर भारतीय दंड संहिता के तहत मामला दर्ज किया गया है। पुलिस ने कहा- आरोपी मनोज को शुक्रवार को गिरफ्तार कर एक स्थानीय अदालत में पेश किया गया।

# रूस-यूक्रेन जंग के दो साल पूरे 4 लाख रूसी जवानों ने गंवाई जान

*कीव/न्यूयॉर्क। रूस-यूक्रेन युद्ध को दो साल पूरे हो गए। फरवरी 2022 में रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन की ओर से यूक्रेन में सैन्य अभियान शुरू किए जाने के बाद 40 लाख से ज्यादा यूक्रेनी नागरिकों को देश छोड़ना पड़ा और ये लोग अन्य देशों में रिफ्यूजी के रूप में रह रहे हैं। वहीं, 65 लाख से ज्यादा यूक्रेनी देश में ही विस्थापित हो गए हैं। यूक्रेन के 10 हजार आम नागरिकों की मौत हुई है, जबकि 18,500 लोग घायल हुए हैं। यूक्रेन का दावा है कि रूस के 3.92 लाख सैनिक गंवा चुका है। पुतिन ने फादरलैंड डे के अवसर पर कहा कि रूस के 95% रणनीतिक परमाणु बलों का आधुनिकीकरण किया गया है। रूसी वायुसेना ने हाल ही में 4 नए सुपरसोनिक परमाणु सक्षम बमवर्षकों की डिलीवरी ली है।*




## यूक्रेन ने रूसी कब्जे वाले 54% क्षेत्र पर वापस कब्जा किया



यूक्रेन ने जवाबी कार्रवाई करते हुए रूस के कब्जे वाले 54% क्षेत्र पर वापस कब्जा हासिल कर लिया है, जबकि 18% हिस्से पर अभी भी रूस का कब्जा है। करीब 4.30 करोड़ की आबादी वाले यूक्रेन के 1.76 करोड़ यूक्रेनी लोगों को राहत सामग्री के भरोसे रह रहे हैं। रूस और यूक्रेन दोनों देश सैनिकों के संकट से जूझ रहे हैं। यूक्रेन सरकार ने सेना में भर्ती होने की उम्र घटाने का प्रस्ताव रखा है। कई लोग इसका विरोध कर रहे हैं।

## परिवार को गंवाने वाले बच्चे यूएन में रखेंगे दर्द

युद्ध की त्रासदी झेलने वाले 2 बच्चे शनिवार को संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद को संबोधित करेंगे। कीरा और इल्या मारियुपूल के हैं। कीरा का कहना है कि जब मैं स्कूल बस का इंतजार कर रही थी, तभी धमाका सुनाई दिया। एक माह तक बेसमेंट में छिपती रही। हमले में उसके पिता की मौत हो गई, लेकिन परिवार को शव ऐसे ही छोड़कर भागना पड़ा। इल्या का कहना है कि उसका घर हमले में टूट गया। उसे रूसी सैनिकों ने पकड़ लिया।

## यूक्रेन के 30 हजार से ज्यादा युवा लापता

यूक्रेन में 30 हजार से ज्यादा यूक्रेनी अभी भी लापता है। उनके परिजन को उनकी रिहाई का इंतजार है। इरिना हमेशा फोन पर निगाह रखती है। करीब 19 माह पहले दोनेत्स्क में रूस से लड़ रहे उसके 25 वर्षीय बेटे व्लादिस्लाव से आखिरी बार बात हुई थी। वे कहती हैं कि बेटे की खोज के लिए उन्होंने सभी प्रयास कर लिए लेकिन अभी तक कोई खबर नहीं मिली है। मारियुपूल की एना उसेंको 2022 में युद्ध शुरू होने से पहले बिजनेस टूर के लिए घर से निकली थीं। उनके भाई हर्मन सिकोरस्की का कहना है कि मार्च 2022 के बाद एना से कोई संपर्क नहीं हो पाया है।

## एक नजर

### हरियाणा: पूर्व कुश्ती कोच को हत्या के जुर्म में सुनाई मौत की सजा

**चंडीगढ़।** रोहतक की एक अदालत ने फरवरी 2021 में चार वर्षीय लड़के समेत छह लोगों की हत्या के जुर्म में कुश्ती के पूर्व कोच को मौत की सजा सुनाई। अतिरिक्त जिला एवं सत्र न्यायाधीश गगन गीत कौर ने सुखविंदर को विभिन्न धाराओं में दोषी करार देते हुए 1.26 लाख रुपये का जुर्माना भी लगाया। पुलिस ने कहा- सोनीपत जिले के बड़ौदा गांव के निवासी सुखविंदर ने 12 फरवरी, 2021 को मनोज मलिक, उनकी पत्नी साक्षी मलिक और बेटे सरताज, कुश्ती कोच सतीश कुमार तथा प्रदीप मलिक और पहलवान पूजा की गोली मारकर हत्या कर दी थी। पुलिस ने तब कहा था सुखविंदर ने गुस्से में आकर यह अपराध किया था। कोर्ट ने दोषी करार देते हुए मौत की सजा सुनाई।

### मुंबई में अवैध तरीके से रह रहा अफगान नागरिक गिरफ्तार

**मुंबई।** क्राइम ब्रांच ने वडाला इलाके में अवैध तरीके से रह रहे 38 वर्षीय अफगान नागरिक को गिरफ्तार किया है। पूछताछ के दौरान उसने स्वीकार किया कि वह अफगान का नागरिक है और 2007 से ही मुंबई में रह रहा है। अफगान नागरिक की पहचान जहीर अली खान के तौर पर की गई है। पुलिस ने उसके पास से अफगान पासपोर्ट, पैनकार्ड और टीकाकरण प्रमाणपत्र जब्त कर लिया है। गिरफ्तार करने के बाद अफगान नागरिक को अदालत के समक्ष पेश किया गया। अदालत ने 26 फरवरी तक पुलिस हिरासत में भेज दिया है।

### कोलंबिया: रोबोट ढूंढ़ेगा 18वीं सदी का अरबों का डूबा खजाना

**बोगोटा।** कोलंबिया ने रोबोट की मदद से 316 साल पुराने सैन जोस गैलियन (नौकायन जहाज) के कैरेबियन सागर में डूबने से खोए हुए हीरा-जवाहरात के खजाने को खोजने की घोषणा की है। कोलंबिया के राष्ट्रपति गुस्तावो पेट्रो ने कहा-1708 में अंग्रेजों ने डूबा दिया था, उसे वर्ष 2026 से पहले सतह पर लाया जाए। 20 बिलियन डॉलर की कीमत की लूट का माल ले जा रहा स्पेन के गैलियन अगले तीन वर्षों के भीतर कैरेबियन सागर से बरामद किया जाएगा। अरबों रुपये का पन्ना, चांदी और सोने को ले जाने वाला स्पेन का गैलियन 1708 में ब्रिटिश नौसेना के हमले के कारण डूब गया था।

### इजराइल को अंतर्राष्ट्रीय कानून में छूट न दें आईसीजे : पाकिस्तान

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान ने अंतर्राष्ट्रीय न्यायालय (आईसीजे) से आग्रह किया है कि वह इजराइल को पूर्वी यरुशलेम सहित अधिकृत फिलिस्तीनी क्षेत्र में अंतर्राष्ट्रीय कानून के उल्लंघन की अनुमति न दे। पाकिस्तान के कार्यवाहक कानून एवं न्याय मंत्री अहमद इरफान असलम ने कहा, इजराइल का फिलीस्तीनी क्षेत्र पर कब्जा अवैध है। उसे इस तरह की कार्रवाइयों से लाभ उठाने की इजाजत देने से न्याय को बनाए रखने में आईसीजे की भूमिका कमजोर हो जाएगी और आईसीजे अपने न्यायिक कार्यों का निर्वहन करने में विफल हो जाएगा।

# वैश्विक व्यवस्था में बदलाव से प्रेरित 'क्वाड' में कोई वीटो नहीं कर सकता : जयशंकर

## उन्होंने कहा-बहुध्रुवीय व्यवस्था के विकास की सोच को दर्शाता है क्वाड का गठन

नई दिल्ली, एजेंसी



भारतीय विदेश मंत्री डॉ. एस जयशंकर ने शनिवार को नई दिल्ली में आयोजित रायसीना डायलॉग कार्यक्रम के दौरान बताया कि आज के समय में क्वाड का गठन बहुध्रुवीय व्यवस्था के विकास और शीत युद्ध के बाद की सोच को दर्शाता है। विदेश मंत्री ने कहा कि 'क्वाड क्यों अहम है? इसका सीधा सा जवाब है कि ये पूरी दुनिया के हित में है। क्वाड का गठन वैश्विक व्यवस्था में बदलाव से प्रेरित है, जो समान विचारधारा वाले देशों के बीच ज्यादा से ज्यादा समन्वय को प्रेरित करता है।

चीन की बढ़ती आक्रामकता पर वैश्विक चिंताओं के बीच जयशंकर ने कहा- क्वाड इस बात की अभिव्यक्ति है कि समान विचारधारा वाले देशों की पसंद पर कोई अन्य वीटो का इस्तेमाल नहीं कर सकता और यह संगठन टिके रहने, विकास करने और वैश्विक समृद्धि में योगदान देने के लिए किया गया है। विदेश मंत्री ने बताया कि 'क्वाड के प्रमुख तौर पर पांच संदेश हैं। जिनमें पहला बहुध्रुवीय व्यवस्था के विकास को दर्शाता है। दूसरा यह शीत युद्ध के बाद की सोच, तीसरा किसी देश पर दबाव बनाने की प्रवृत्ति के खिलाफ, चौथा लोकतंत्रीकरण और सहयोग के दृष्टिकोण को दर्शाने वाला और पांचवां आज कोई भी हमारी पसंद पर मनमर्जी से वीटो नहीं कर सकता। संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद में चीन ने कई बार भारत के प्रस्ताव पर वीटो किया है। ऐसे में विदेश मंत्री के बयान को चीन से जोड़कर देखा जा रहा है। विदेश मंत्री ने कहा कि क्वाड हिंद प्रशांत महासागर क्षेत्र की चुनौतियों और इसके मुद्दों पर फोकस है।

### भारत में महिला सशक्तिकरण से आया बदलाव: एंजेला रेनर



**नई दिल्ली।** ब्रिटेन की लेबर पार्टी की नेता और डिप्टी पीएम पद की दावेदार एंजेला रेनर भारत की तरक्की से काफी प्रभावित हैं। शनिवार को वे रायसीना डायलॉग सम्मेलन के सत्र में शामिल हुईं। सत्र से अलग मीडिया से बातचीत में उन्होंने कहा कि भारत ने बीते वर्षों में काफी तरक्की की है और भारत की तरक्की में महिला सशक्तिकरण की अहम भूमिका है। एंजेला रेनर ने कहा कि वह चाहती हैं कि ब्रिटेन और भारत के संबंध मजबूत होने चाहिए और दोनों देशों को व्यापार समझौते पर आगे बढ़ना चाहिए। एंजेला रेनर ने कहा कि 'मैं पहली बार भारत साल 2007 में आई थी और तब से अब तक भारत में काफी बदलाव आ गया है और भारत आज दुनिया की तीसरी बड़ी अर्थव्यवस्था बन चुका है। ये दिखाता है कि भारत ने कमाल की प्रगति की है।' रेनर ने कहा कि भारत सरकार ने ऐसी नीतियां बनाई हैं, जिनसे महिलाओं की भूमिका को न सिर्फ समाज में बल्कि अर्थव्यवस्था में भी पहचान मिली है। रेनर ने कहा कि अगर आपको आर्थिक रूप से मजबूत होना है तो महिलाओं को सशक्त करना होगा। लेबर पार्टी की नेता ने कहा कि ऐसे कानून बनाने की जरूरत हैं, जिससे महिलाओं को बढ़ावा मिल सके और कार्यस्थल, समाज और सत्ता के अन्य पदों पर उनकी सुरक्षा भी हो सके। एंजेला रेनर ने कहा कि हम ब्रिटेन में ऐसा ही कर रहे हैं। हमारे यहां ऐसे कानून हैं, जो महिलाओं को सुरक्षा देते हैं, उन्हें सशक्त करते हैं। हम ये सुनिश्चित भी करते हैं कि ये कानून ठीक से लागू भी हो।

# रूस: एक हफ्ते बाद मां को सौंपा विपक्षी नेता नवलनी का शव



**मॉस्को।** रूस के विपक्षी नेता एलेक्सी नवलनी का पार्थिव शव उनकी मां को सौंप दिया है। नवलनी के एक सहयोगी ने शनिवार को यह जानकारी दी। एलेक्सी नवलनी की मौत के लगभग एक हफ्ते बाद उनका शव परिवार के सुपुर्द किया गया है।

नवलनी के प्रवक्ता ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म- एक्स पर जारी एक बयान में कहा कि जेल में बंद नवलनी की मौत विवाद में इसलिए भी है क्योंकि जहर देकर उनकी हत्या की गई थी। शनिवार को जारी बयान के मुताबिक आर्कटिक जेल कॉलोनी में 16 फरवरी को उनकी मृत्यु हुई। नवलनी की मौत के एक सप्ताह से अधिक समय बाद नवलनी की प्रवक्ता किरा यर्मिश ने शनिवार को एक्स पर लिखा, पार्थिव देह मां को सौंप दी गई, इस अभियान में साथ देने के लिए समर्थकों का आभार। खबरों के मुताबिक पिछले हफ्ते रूसी अधिकारियों ने नवलनी की मां- ल्यूडमिला नवलन्या को शव सौंपने से इनकार कर दिया था। समर्थकों के विरोध प्रदर्शन के बाद शव सौंपा है।

# यमन में पोत पर ड्रोन से हमला भारतीय नौसेना ने की मदद

नई दिल्ली, एजेंसी

● व्यापारिक पोत के चालक दल का एक सदस्य घायल, बीते दिनों में भारत ने कई हमले किए विफल

व्यापारिक जहाजों पर अदन की खाड़ी में हमले कोई नई बात नहीं है। इजराइल-हमास के बीच जारी जंग से समुद्री लुटेरे अक्सर इन जहाजों को निशाना बना रहे हैं। समुद्र में बढ़ रहे जहाजों पर हमले दुनिया भर के देशों के लिए चिंता का विषय बन गया है। बीते कुछ दिन पहले भारतीय नौसेना ने कई अभियानों के तहत व्यापारिक जहाजों को लुटेरो से बचाया है।

एक बार फिर अदन की खाड़ी में एक संदिग्ध ड्रोन से व्यापारिक जहाज पर हमला किया गया, इस दौरान भारतीय युद्धपोत ने जहाज की मदद की। भारतीय नौसेना लगातार समुद्री लुटेरो के हमलों विफल कर रही है।

भारतीय सैन्य अधिकारियों ने शनिवार को मामले की जानकारी देते हुए कहा कि पलाऊ के झंडे वाले जहाज एमवी आइलैंडर पर गुरुवार को हमला किया गया। इस दौरान जहाज के चालक दल के एक सदस्य को चोटें आईं। उन्होंने कहा कि नौसेना की एक टीम जहाज पर चढ़ गई और वहां मौजूद चालक दल को बचाया। यह ताजा घटना हूती विद्रोहियों द्वारा लाल सागर में कई व्यापारिक जहाजों पर हमलों पर बढ़ती वैश्विक चिंताओं के बीच सामने आई है। उन्होंने बताया कि भारतीय नौसेना की एक चिकित्सा टीम ने एमवी आइलैंडर पर सवार होकर घायल चालक दल के सदस्य को चिकित्सा सहायता दी।



मामले की जानकारी देते हुए अधिकारी ने कहा कि जहाज से एक इमरजेंसी कॉल आया, जिस पर प्रतिक्रिया करते हुए भारतीय नौसेना के बलों ने मालवाहक जहाज को बहादुर से बचा लिया। भारतीय नौसेना के प्रवक्ता कमांडर विवेक मधवाल ने कहा कि भारतीय नौसेना के जहाजों के प्रयास, व्यापारी जहाजों और नाविकों की सुरक्षा के प्रति भारतीय नौसेना की दृढ़ प्रतिबद्धता की पुष्टि करते हैं।

## फिर बढ़ी ठंड...



**शिमला :** हिमाचल प्रदेश के लोकप्रिय पर्यटन स्थल मनाली और डलहौजी में शनिवार को ताजा बर्फबारी हुई। लाहौल-स्पीति में फिर बर्फबारी होने से प्रदेश में ठंड बढ़ी है। कुछ जगह पारा माइनस 7 तक नीचे गिर गया। वहीं, बर्फबारी के बाद मौसम खुलते ही मनाली में सैलानियों की खासी भीड़ उमड़ी है। पर्यटन व्यवसाय पूरी तरह से गति पकड़ चुका है। यहां बड़ी संख्या में सैलानी पहुंच रहे हैं। ● एजेंसी

# इमरान की पार्टी के नए अध्यक्ष होंगे अली जफर, गौहर को हटाया

**इस्लामाबाद।** बैरिस्टर गौहर अली खान को खराब प्रदर्शन के कारण इमरान खान की पार्टी पाकिस्तान तहरीक-ए-इंसाफ (पीटीआई) के अध्यक्ष पद से हटा दिया गया है। अगले अध्यक्ष पद के उम्मीदवार बैरिस्टर अली जफर हैं और पार्टी के आंतरिक चुनाव तीन मार्च को होंगे।

पीपीपी, पीएमएल-एन और अन्य सहयोगी दलों के नवनिर्वाचित सदस्यों ने शनिवार को विपक्षी दलों के बहिष्कार के बीच सिंध प्रांतीय विधानसभा में शपथ ग्रहण किया। नवनियुक्त विधानसभा अध्यक्ष आगा सिराज दुर्रानी ने समारोह का आयोजन किया था। इसमें इमरान खान की पार्टी और अन्य विपक्षी दलों द्वारा समर्थित विधायक अनुपस्थित थे।

# सुनक के खिलाफ बागी तेवर, इस्तीफा देंगे सांसद

● उपचुनाव में हार के बाद पीएम की पार्टी में नेतृत्व बदलने की मांग

लंदन, एजेंसी

ब्रिटेन में भारतवंशी पीएम ऋषि सुनक की कंजर्वेटिव पार्टी में सबकुछ ठीक नहीं चल रहा है। सरकारी नीतियों के विरोध और भ्रष्टाचार के मामलों के कारण कंजर्वेटिव पार्टी उपचुनावों में लगातार हार की परंपरा तोड़ नहीं पा रही है। हार के चलते कंजर्वेटिव पार्टी में नेतृत्व परिवर्तन की मांग शुरू हो गई है।

कंजर्वेटिव पार्टी के 100 सांसदों ने चुनाव से पहले इस्तीफा देने का फैसला किया है। रिपोर्ट के मुताबिक सांसदों को लगता है कि आगामी चुनावों में वे अपनी सीट खो देंगे। साथ ही, इनमें से कई सांसदों ने राजनीति से संन्यास लेने का फैसला लिया है। इसी माह हाउस ऑफ कॉमन्स की जस्टिस कमेटी के प्रमुख सर बॉब नेइल और पूर्व चांसलर क्वासी क्वार्तेंग और डिप्टी प्रमुख निक्की एइकेन ने घोषणा की है कि वे संसद छोड़ रहे हैं और इस साल होने वाले चुनाव नहीं लड़ेंगे। ब्रिटेन में 2019 के आम चुनावों में तत्कालीन पीएम जॉनसन ने पार्टी को पर्याप्त बहुमत दिलाया था, लेकिन उसके बाद एक ही कार्यकाल में 10 से ज्यादा उपचुनाव पार्टी हार चुकी है। हाल में, दो सीटों वेलिंगबर्ग और किंग्सवुड में हार से कंजर्वेटिव सांसद चिंता में पड़ गए हैं। कंजर्वेटिव सांसद पीटर बोन को हटाने के बाद चुनाव हुए थे। यहां लेबर पार्टी के सांसद जेन किचेन को 45.8% वोट मिले, जो पिछली बार से 28.5% ज्यादा थे।

### ब्रिटेन के हर क्षेत्र में हावी हो रहे मुस्लिम परस्त अतिवादी

**लंदन।** ब्रिटेन की पूर्व गृहमंत्री सुएला ब्रेवरमैन ने दावा किया है कि देश के हर क्षेत्र में मुस्लिमपरस्त अतिवादी हावी हो रहे हैं। उन्होंने कहा कि ब्रिटेन की पहचान ऐसे देश के रूप में रही है, जहां विभिन्न धर्मों और नस्लों के लोग मिलजुल कर रहते रहे हैं, लेकिन ब्रिटेन अब अपनी पहचान खो रहा है। ब्रेवरमैन ने शुक्रवार को 'द डेली टेलीग्राफ' में लिखे लेख में अपने विचार व्यक्त किए। उन्होंने अपने लेख में ब्रिटिश प्रधानमंत्री ऋषि सुनक पर भी इस्लामवादियों के तुष्टीकरण को लेकर हमला बोला। ब्रेवरमैन ने लिखा, "सच्चाई यह है कि इस्लामवादी, अतिवादी और यहूदी-विरोधी अब हावी हो रहे हैं। हम अपनी न्यायपालिका, अपने विश्वविद्यालयों में भी उनका प्रभाव देखते हैं।



# सीएम शिंदे और बेटे को धमकी देने वाला युवक पुणे से गिरफ्तार



**मुंबई।** मुंबई पुलिस की अपराध शाखा (क्राइम ब्रांच) ने पुणे से शनिवार को एक शख्स को गिरफ्तार किया। उस पर महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे और सांसद श्रीकांत शिंदे को धमकी देने का आरोप है। पुलिस ने बताया कि आरोपी ने सोशल मीडिया के जरिए धमकी दी थी और उसके खिलाफ भारतीय दंड संहिता (आईपीसी) की धारा 506 (2) और 505 (1) (बी) के तहत मामला दर्ज किया गया है। आगे की जांच जारी है।

# मणिपुर के डीएम विवि में विस्फोट, 1 की मौत, एक घायल

**इंफाल।** इंफाल में डीएम विश्वविद्यालय परिसर के पास शुक्रवार देर रात हुए विस्फोट में एक व्यक्ति की मौत हो गई, जबकि एक अन्य गंभीर रूप से घायल हो गया। इस घटना की जानकारी पुलिस ने शनिवार को दी।

पुलिस ने कहा कि इंफाल पश्चिम जिले में डीएम यूनिवर्सिटी परिसर के पास एक शक्तिशाली बम, जिसके इम्प्रोवाइज्ड एक्सप्लोसिव डिवाइस (आईईडी) होने का संदेह है, विस्फोट हो गया, जिसमें दो लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। उनमें से एक की बाद में चोटों के कारण मृत्यु हो गई। यह विस्फोट मणिपुर के प्रमुख छात्र संगठन ऑल मणिपुर स्टूडेंट्स यूनियन के कार्यालय के पास हुआ। पुलिस ने अभी तक इस बात की पुष्टि नहीं की है कि विस्फोट के लिए कौन सा संगठन या कौन जिम्मेदार है, जिसका प्रभाव शहर के कुछ हिस्सों से सुना या था।

विज्ञान — ताजा रिपोर्ट के अनुसार, बेशुमार धूल कणों से भरे क्षेत्र से धुंधला नजर आता है सूर्य

# हमारी कल्पना से बहुत बड़ा है कुइपर बेल्ट

नैनीताल कार्यालय

**अमृत विचार :** अनगिनत पिंडों से भरे हमारे सौर मंडल का कुइपर बेल्ट हमारी सोच से कहीं बड़ा है। ताजा रिपोर्ट के अनुसार यह बेशुमार धूल कणों से भरा हुआ है। इस क्षेत्र से सूरज धुंधला नजर आता है। नासा का न्यू होराइजन्स मिशन इन दिनों सौर मंडल के इस हिस्से की खाक छान रहा है।

नासा के अनुसार न्यू होराइजन्स मिशन ने 2015 में प्लूटो के सामने से गुजरा था। अब कुइपर बेल्ट की गहराई से गुजर रहा है। यह अंतरिक्ष यान बेशुमार ब्रह्मांडीय धूल भरी आंधी का सामना कर रहा है। अंतरिक्ष धूल से भरा यह हिस्सा माइक्रोन के एक मीटर के लाखवें हिस्से से भी छोटे कणों से भरा हुआ है। यह सौर मंडल में अधिकांश धूल ग्रहों के निर्माण से बचा हुआ अवशेष है। अब इसमें क्षुद्रग्रहों और धूमकेतुओं की सतहों से सूक्ष्म उल्कापिंड के प्रभाव से निकली ताजा धूल भी शामिल हो गई है।

कोलोराडो विश्वविद्यालय बोल्डर के खगोलशास्त्री एलेक्स डोनर ने अपने बयान में कहा है कि न्यू होराइजन्स नेप्च्यून और प्लूटो से परे अंतरग्रहीय धूल का पहला प्रत्यक्ष माप कर रहा है, इसलिए हर अवलोकन से एक खोज हो सकती है। जनवरी में कुइपर बेल्ट के बाहरी किनारे और सूर्य के बीच की दूरी 149.5 मिलियन किलोमीटर थी। वह निरंतर आगे बढ़ रहा है। जिसके चलते माना जा रहा है कि यह क्षेत्र बहुत बड़े हिस्से में फैला हो सकता है। न्यू होराइजन्स इन दिनों बाहरी सौर मंडल से होकर गुजर रहा है। डोनर के अनुसार हमने एक विस्तारित कुइपर बेल्ट का पता लगाया है। जिसमें छोटे पिंडों का बड़ा समूह टकराता रहता है। जिस कारण भारी मात्रा में धूल पैदा होती है। बड़ी बात यह है कि सौर मंडल के सबसे दूर के क्षेत्रों के रहस्यों को सुलझाने में यह खोज कई सुराग प्रदान करती है।

कुइपर बेल्ट का नाम खगोलविद जेरार्ड कुइपर और केनेथ एडगेवर्थ के नाम पर रखा गया है। उन्होंने स्वतंत्र रूप से इस क्षेत्र के अस्तित्व का प्रस्ताव इसकी खोज से भी पहले रखा था। यह हमसे बहुत दूर है और बर्फीला क्षेत्र है।



धूल से भरा कुइपर बेल्ट की तस्वीर।

### साल 2040 तक काम करेगा मिशन न्यू होराइजंस

न्यू होराइजन्स बहुत दूर अंतरिक्ष के खगोलीय पिंडों की खोज के लिए महत्वाकांक्षी योजना है। यह मिशन 2040 के दशक तक काम करेगा। इस अंतरिक्ष यान में अभी पर्याप्त ईंधन है। वैज्ञानिकों के अनुसार न्यू होराइजंस बाहरी सौर मंडल के मानचित्र को बनाने में मील का पत्थर साबित होगा।

# मेटा वॉट्सएप पर डीपफेक हेल्पलाइन शुरू करेगा

**नई दिल्ली।** भारत में एआई जनरेटेड डीपफेक वीडियों का शिकार आम-खास सभी लोग हो रहे हैं। अब इसे काबू में करने के लिए वॉट्स एप फैक्ट चेक हेल्पलाइन शुरू करेगा। टेक दिग्गज कंपनी मेटा और मिसइन्फॉर्मेशन कॉम्बैट एलायंस (एमसीए) ने एआई से उत्पन्न डीपफेक के खतरे से निपटने के लिए साझेदारी कर इस की घोषणा की है।

मेटा ने कहा कि वॉट्स एप चैटबॉट पर डीपफेक कंटेंट को मार्क करने में मददगार होगा। यह अंग्रेजी के साथ तीन क्षेत्रीय भाषाओं हिंदी, तमिल और तेलुगु में उपलब्ध होगा। इसकी शुरुआत अगले महीने मार्च से की जाएगी। यूजर्स चैटबॉट के जरिए टेक्स्ट मैसेज, इमेज और वीडियो भेजकर रिपोर्ट कर सकेंगे। एमसीए के चेयरमैन भरत गुप्ता ने कहा कि गलत सूचना रोकने के लिए यह जरूरी है।

# समुद्र के नीचे देश की पहली ट्यूब रेल टनल का काम शुरू



मुंबई, एजेंसी

देश में पहली बार कोई ट्रेन समुद्र के नीचे सुरंग से होकर गुजरेगी। मुंबई-अहमदाबाद हाई स्पीड कॉरिडोर पर बुलेट ट्रेन के लिए महाराष्ट्र में बांद्रा- कुर्ला कॉम्प्लेक्स और शिलफाटा के बीच सुरंग का निर्माण शुरू हो गया है। रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने खुदाई का शुभारंभ किया। वैष्णव ने कहा, प्रोजेक्ट में तेजी लाने के लिए खुदाई एक साथ चार स्थानों से शुरू की गई है। टनल में तीन तल होंगे। निचले तल से ट्रेन चलेगी। उन्होंने कहा, कॉरिडोर के सूरत-बलिमोरा सेक्शन पर अगस्त 2026 तक बुलेट ट्रेन दौड़ने लगेगी।

### ट्यूब में बिछेगी पटरी

समुद्र में 5 किमी की खुदाई न्यू ऑस्ट्रियन टनलिंग मेथड (एनएटीएम) तकनीक से होगी। अस्थाई दीवार से सुरंग बनने के बाद ट्यूब डाला जाएगा। फिर इसमें पटरी बिछेगी। ट्यूब को पानी के अंदर नीचे से जुड़े प्लेटफॉर्म पर फिक्स करेंगे। अस्थाई दीवार हटा ली जाएगी। फिर ट्यूब से ट्रेन गुजरेगी। 320 किमी/घंटा स्पीड टनल के अंदर ट्रेन की स्पीड 300 से 320 किमी प्रति घंटा होगी। 21 किलोमीटर की टनल में 7 किमी हिस्सा समुद्र के नीचे होगा।